सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 44.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-348 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 30 मई 2024
21 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




# प्रज्वल रेवन्ना को बड़ा झटका जमानत याचिका खारिज

**यौन उत्पीड़न**

- **31 मई प्रज्वल रेवन्ना लौट सकते हैं भारत**



**बेंगलुरु।** प्रज्वल रेवन्ना ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है और अपनी आसन्न गिरफ्तारी को रोकने के लिए अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की है। याचिका खारिज कर दी गई। सेक्स स्कैंडल में दागी निलंबित जद (एस) नेता के 31 मई को भारत आने की अटकलें हैं। कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि प्रज्वल आएंगे।

बेंगलुरु एयरपोर्ट पर पहुंचते ही गिरफ्तार कर लिया जाए। महिलाओं के यौन उत्पीड़न के कई वीडियो सामने आने के बाद उपजे विवाद के बीच प्रज्वल ने 26 अप्रैल को चुनाव के दूसरे चरण के तुरंत बाद देश छोड़ दिया - जिसमें उनके निर्वाचन क्षेत्र हसन ने भी मतदान किया था। कर्नाटक सरकार ने आरोपों की जांच के लिए एक एसआईटी का गठन किया और प्रज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने के अनुरोध के साथ केंद्र से संपर्क किया। अपने लापता होने के एक महीने बाद, प्रज्वल ने सोमवार को एक कथित वीडियो जारी कर घोषणा की कि वह जांच में शामिल होंगे और शुक्रवार, 31 मई को सुबह 10 बजे एसआईटी के सामने आएंगे। प्रज्वल ने कहा, मुझे न्यायपालिका पर भरोसा है और मुझे विश्वास है कि अदालत के माध्यम से मैं झूठे मामलों से बरी हो जाऊंगा।

> प्रज्वल ने 30 मई को म्यूनिख से बेंगलुरु के लिए वापसी की उड़ान का टिकट बुक किया और आधी रात के आसपास बेंगलुरु में उतरेंगे। प्रज्वल के खिलाफ पहले ही गिरफ्तारी वारंट जारी किया जा चुका है और इसलिए जरूरी समझे जाने पर उन्हें हवाईअड्डे पर ही गिरफ्तार किया जा सकता है। इस सेक्स स्कैंडल को लेकर कर्नाटक में बड़ी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, जिसमें उनके पिता की गिरफ्तारी, पार्टी से उनका निलंबन आदि शामिल था, विदेश मंत्रालय ने राज्य सरकार के अनुरोध पर कार्रवाई की।

# भीषण गर्मी से तपे 10 शहर

## दिल्ली में टूटे सारे रिकॉर्ड, मुंगेशपुर में 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ तापमान

**तपिश**

- **दिल्ली एनसीआर में बदला मौसम तेज हवा के साथ बूंदाबांदी**
- **30 मई को केरल में मानसून की दस्तक**



**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी ने प्रचंड रूप धारण कर लिया है। कई शहरों में पारा 50 डिग्री के पार चला गया है और लोग भीषण लू का सामना कर रहे हैं। उधर मौसम विभाग ने फिलहाल किसी राहत की उम्मीद नहीं जताई है। कई राज्यों में अत्यधिक गर्मी और लू चलने की चेतावनी भी जारी की गई है। देश की राजधानी दिल्ली भी भीषण गर्मी का कहर झेल रही है। दिल्ली के मुंगेशपुर में अब तक का सर्वोच्च तापमान दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिम दिल्ली स्थित मौसम निगरानी केंद्र ने बताया कि बुधवार 29 मई को मुंगेशपुर का तापमान 52.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, इसके बाद बारिश की वजह से लोगों को थोड़ी राहत मिल सकी। भारत में सबसे ज्यादा तापमान 10 शहरों में दर्ज किया गया। वहीं दिल्ली-एनसीआर में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच शाम होते-होते अचानक मौसम ने करवट बदली। सुबह से तेज धूप रही, लेकिन दोपहर के बाद अचानक अंधेरा छाया और तेज हवा चलने लगी। दिल्ली और इससे सटे नोएडा, गाजियाबाद समेत आसपास के कुछ इलाकों में हल्की बौछारें भी पड़ीं। वहीं भीषण गर्मी से जूझ रहे आधे से ज्यादा भारत को अब मानसून का इंतजार है। मानसून 29 मई से 30 मई के बीच मानसून कभी भी भारतीय सीमा में प्रवेश कर सकता है, यानी 24 घंटे के अंदर केरल में मानसून की दस्तक हो सकती है। अगले 24 घंटों के दौरान केरल में मानसून के आगमन के लिए परिस्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं।

**पूरा यूपी लू की चपेट में**

### प्रयागराज में 49 डिग्री पारा

उत्तर प्रदेश के ज्यादातर हिस्से बुधवार को भीषण लू की चपेट में रहे। जिन इलाकों में लू नहीं रही, वहां चल रही गर्म हवा लू का एहसास करा रही थी। बुधवार को प्रयागराज का अधिकतम तापमान 48.8 डिग्री पहुंच गया, जबकि कानपुर 48.4 डिग्री के साथ दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, छह जून 1979 को प्रयागराज में 48.8 डिग्री सेल्सियस पारा रिकार्ड हुआ था। बुधवार को अधिकतम तापमान ने इसी की बराबरी की है। जहां तक मई के अभी तक के सर्वाधिक तापमान की बात है तो 30 मई 1994 को 48.4 डिग्री पारा था। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक, इस सीजन में प्रयागराज पहली बार इतना गर्म हुआ, साथ ही मई में इतनी गर्मी का भी रिकार्ड टूटा है।

# हम चार सौ पार कर रहे हैं : योगी

## सीएम का विपक्ष पर हमला, देश पर्सनल लॉ से नहीं बाबा साहब के संविधान से चलता है

शकील अहमद



**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश पर्सनल ला से नहीं बाबा साहब डा. भीमराव आंबेडकर के संविधान से चलता है। जबकि कांग्रेस व समाजवादी पार्टी वर्ग विशेष को खुश करने के लिए देश में पर्सनल ला लागू करना चाहती है।

> गठबंधन के लोग एक विशेष वर्ग को खुश करना चाह रहे

उन्होंने कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार-400 पार का नारा सुन सपा को चक्कर आ रहा है, क्योंकि वह कभी 400 सीटों पर चुनाव लड़ ही नहीं सकती। सपा केवल 60 सीटों पर चुनाव लड़ रही। इसमें से पांच पर सैफई खानदान लड़ रहा है। सीएम योगी बुधवार को कुशीनगर के हाटा में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

भीषण गर्मी में अपार जनसैलाब देख गदगद योगी ने मतदाताओं का आभार जताया। बोले कि कुशीनगर में अभी एक घंटा और रहने की इच्छा थी, लेकिन आज पांच कार्यक्रम करने हैं। इतनी भीषण गर्मी में आपका उत्साह हमें आनंदित करता है। उन्होंने कहा कि विक्षप के घोषणा पत्र में पर्सनल ला लागू करने का आश्वासन दिया गया है। इसका मतलब होगा तालिबानी शासन, इसके लागू होने से बेटियां स्कूल व महिलाएं बाजार नहीं जा सकेंगी। उन्हें बुर्का में घर के अंदर रहना पड़ेगा, भाजपा ऐसा हरगिज नहीं होने देगी।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार में देश के 12 से 14 राज्यों में जाने का मुझे अवसर मिला है। हर जगह भाजपा जीत रही है, हम चार सौ पार कह रहे हैं, सपा तो इतनी सीटों पर चुनाव ही नहीं लड़ रही। केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया। देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, आतंकवाद का खात्मा हुआ है। विकास के नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। सरकार सबका साथ सबका विकास व सबका विश्वास के आधार पर कार्य कर रही हैं। जनसभा को प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, राज्य सभा सांसद आर पी एन सिंह, भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दुबे आदि ने संबोधित किया।

> सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ मोदी जी ने कायाकल्प किया तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में आपका आशीर्वाद प्राप्त हुआ। पडरौना में डोल मेला लगता था। जब भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आती थी तो सपा सरकार रोक लगा देती थी। यदि कार्यकर्ता डोल मेला निकालने का प्रयास करते थे तो पूरे पडरौना वालों को बंद कर देती थी। हम लोगों को लड़ाई लड़नी पड़ती थी। हाटा में हर बार दंगा होता था, लेकिन सात वर्ष में पूरे यूपी में कोई दंगा नहीं करता। आज कोई गोकशी, बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध नहीं लगा पाएगा। ऐसा करने की सोचने वाला खामियाजा भी भुगतेगा। बेटी-व्यापारी की सुरक्षा की कीमत अब जेल नहीं, जहन्नुम है।

## लुधियाना में राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर साधा निशाना

# अग्निपथ योजना को कूड़ेदान में फेंक देंगे : राहुल गांधी

**तंज**

- **मोदी सरकार ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया**
- **भाजपा जीतेगी तो संविधान खत्म हो जाएगा**



**लुधियाना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को आरोप लगाया कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो संविधान को खत्म कर देगी। कांग्रेस नेता ने पंजाब में नशीली दवाओं की समस्या का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यह बढ़ती जा रही है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस खतरे को खत्म करने के लिए सख्त कार्रवाई की जरूरत है। दाखा में लुधियाना से कांग्रेस के उम्मीदवार अमरिंदर सिंह राजा वारिंग के पक्ष में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गांधी ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव संविधान को बचाने के लिए है। उन्होंने अपनी पार्टी के चुनावी वादों के बारे में भी बात की, जिसमें महालक्ष्मी योजना, किसानों के लिए ऋण माफी और इंडिया ब्लॉक के सत्ता में आने पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कानूनी गारंटी सुनिश्चित करना शामिल है। गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पहली बार, किसी पार्टी और उनके नेताओं ने कहा है कि अगर वे चुनाव जीतते हैं तो वे संविधान बदल देंगे और संविधान को खत्म कर देंगे। उन्होंने संविधान की प्रति हाथ में लेते हुए कहा कि यह कोई किताब नहीं बल्कि गरीबों की आवाज है। आरोप लगाया कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है क्योंकि उन्होंने भगवा पार्टी पर एमएसपी पर कानूनी गारंटी नहीं देने का आरोप लगाया। उन्होंने आगे किसान-अनुकूल फसल बीमा योजना लाने का वादा किया, आरोप लगाया कि वर्तमान बीमा योजना केवल 16 बीमा कंपनियों को लाभ पहुंचाती है।

**कश्मीर में टारगेट किलिंग का षड्यंत्र नाकाम**

# लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी गिरफ्तार



**श्रीनगर।** पुलिस ने बुधवार को उत्तरी कश्मीर के सोपोर में लश्कर-ए-तैयबा के स्थानीय आतंकी को गिरफ्तार कर टारगेट किलिंग के षड्यंत्र को विफल बनाने का दावा किया है। गिरफ्तार आतंकी के पास से एक पिस्तौल और सात कारतूस भी मिले हैं। उससे पूछताछ जारी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोपोर पुलिस को अपने तंत्र से पता चला था कि कुछ दिन पहले एक युवक आतंकियों के संपर्क में आया है। उसे सोपोर और उसके साथ सटे इलाके में टारगेट किलिंग का जिम्मा सौंपा है। इसके आधार पर पुलिस ने सेना व सीआरपीएफ के जवानों के साथ मिलकर सोपोर और उसके साथ सटे इलाकों में आतंकियों के संदिग्ध ठिकानों को चिह्नित कर वहां दबिश देना शुरू की। इसी क्रम में रेबन सोपोर में उक्त आतंकी को पकड़ लिया गया। उसकी पहचान फुरकान जावेद डार नामक स्थानीय आतंकी पकड़ा गया। उसके पास से एक पिस्तौल और सात कारतूस भी बरामद किए गए हैं। पूछताछ में उसने बतायाकि वह कुछ ही दिन पहले आतंकी बना था और सोपोर में किसी टारगेट किलिंग के लिए मौका तलाश रहा था।

# लालटेन का खत्म हो गया तेल: राजनाथ

**पलटवार**

- **डायनासोर की तरह कांग्रेस भी हो जाएगी खत्म**
- **भाजपा सेवा की भावना के साथ राजनीति में हैं**



### हम वोटों की परवाह किए बिना काम करते हैं

उन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म करने और तीन तलाक के खिलाफ कानून लाने के लिए भी सरकार की सराहना की। उन्होंने कहा, हम ऐसी किसी भी प्रथा को स्वीकार नहीं करते हैं जो हमारी बहनों और बेटियों के सम्मान को ठेस पहुँचाती है। हम वोटों की परवाह किए बिना काम करते हैं। चुनाव के बाद लोगों को मोदी सरकार से अधिक कल्याणकारी कदमों की उम्मीद करनी चाहिए। सिंह ने दावा किया कि भाजपा की सरकार आने के बाद 'भारत को अब एक कमजोर देश के रूप में नहीं देखा जाता और न ही पाकिस्तान अब आतंकवादियों को भेजने की हिम्मत करता है।' केंद्रीय मंत्री ने जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को खत्म करने और तीन तलाक के खिलाफ कानून लाने के लिए भी सरकार की सराहना की और कहा, "हम ऐसी किसी भी प्रथा को स्वीकार नहीं करते हैं जो हमारी बहनों और बेटियों के सम्मान को ठेस पहुंचाती है।

**पटना।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को दावा किया कि मुफ्त राशन योजना के तहत, लोगों को उनकी खपत से अधिक खाद्यान्न मिल रहा था। पूर्व भाजपा अध्यक्ष, जो बिहार के काराकाट लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे, ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि देश में खाद्य मुद्रास्फीति दर दुनिया में सबसे कम थी और मूल्य वृद्धि के आरोपों पर निराशा व्यक्त की। यह दावा करते हुए कि केंद्र सरकार ने लोगों को शौचालय और पक्के मकान जैसे कल्याणकारी उपाय प्रदान करके कोई उपकार नहीं किया है, उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग सेवा की भावना के साथ राजनीति में हैं। रक्षा मंत्री ने कांग्रेस और उसके बिहार सहयोगी राजद को इन तथ्यों पर उनका मुकाबला करने की चुनौती दी। सिंह ने कहा, अगर कोई गलती है, तो मैं इसे स्वीकार करूंगा क्योंकि मैंने अपने राजनीतिक जीवन में कभी लोगों को धोखा देने की कोशिश नहीं की। अपने लगभग 30 मिनट लंबे भाषण में, वरिष्ठ भाजपा नेता ने कांग्रेस का मजाक उड़ाया और दावा किया कि यह जल्द ही डायनासोर की तरह विलुप्त हो जाएगी, औरउन्होंने राजद की तुलना पार्टी के चुनाव चिन्ह लालटेन से की, जिसकी लौ तेल सूखने के बाद से अस्थिर हो गई थी। सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी प्रशंसा की और दावा किया कि उनके शासन में भारत को अब कमजोर देश के रूप में नहीं देखा जाता। पाकिस्तान अब आतंकवादियों को भेजने की हिम्मत नहीं कर सकता रूस और यूक्रेन वहां फंसे हमारे छात्रों की सुरक्षित वापसी के लिए युद्ध रोकने पर सहमत हुए।

# पश्चिम बंगाल में सीएए के तहत नागरिकता देना शुरू

**पहचान**

- **हरियाणा और उत्तराखंड में भी दिए गए प्रमाण-पत्र**




**कोलकाता।** केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल में सीएए के तहत नागरिकता देना शुरू किया। गृह मंत्रालय के मुताबिक, नागरिकता (संशोधन) नियम 2024 के तहत नागरिकता प्रमाण-पत्र देने की प्रक्रिया अब पश्चिम बंगाल राज्य में शुरू हो गई है। यहां राज्य से आए आवेदनों के पहले सेट को आज पश्चिम बंगाल की अधिकार प्राप्त समिति द्वारा नागरिकता प्रदान की गई। इसी तरह हरियाणा और उत्तराखंड राज्यों की अधिकार प्राप्त समितियों ने भी नागरिकता (संशोधन) नियम 2024 के तहत अपने-अपने राज्यों में आवेदकों के पहले सेट को आज नागरिकता प्रदान की है। नागरिकता (संशोधन) नियम, 2024 की अधिसूचना के बाद दिल्ली की अधिकार प्राप्त समिति ने पहली बार भारतीय नागरिकता प्रदान की थी। इन आवेदकों को 15 मई को दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय गृह सचिव ने नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपा था। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) 11 मार्च को देश में लागू हो गया था। कानून को लेकर चार साल बाद नियम अधिसूचित किए गए थे। इससे पहले नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था।

## दिल्ली के उपराज्यपाल ने लिए दो बड़े फैसले

# अब दोपहर 12 से 3 बजे तक काम नहीं करेंगे मजदूर : वीके सक्सेना

**आदेश**

- **अब दिल्ली में गाड़ी धोना पड़ेगा भारी**
- **पानी की फिजूलखर्ची पर लगेगा जुर्माना**



**नई दिल्ली।** देश भर में गर्मी से लोगों की हालत खराब है। राजधानी दिल्ली के निवासियों की हालत भी खराब है। ऐसे में दिल्ली सरकार और उप - राज्यपाल वीके सक्सेना द्वारा दो बड़े फैसले लिए गए हैं। एक ओर दिल्ली सरकार पानी की बर्बादी करने वालों के खिलाफ एक्शन लेगी वहीं मजदूरों के लिए तेज गर्मी को देखते हुए काम के नियमों में ढ़ील दी गई है। दोनों ही फैसले जनता को राहत पहुँचाने के दृष्टिकोण से सराहनीय हैं लेकिन इसका फायदा तभी होगा जब इसे अच्छी तरह से जमीनी स्तर पर इम्प्लीमेंट किया जाए। बता दें कि, दिल्ली में कई जगह लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में कुछ लोग पानी से गाड़ी धोकर और बगीचे में पानी बहाकर इसकी बर्बादी करते हैं। अब ऐसे लोगों पर नजर रखी जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने पर भारी आर्थिक दंड भी लगाया जाएगा। यहां तक की कनेक्शन भी काटा जा सकता है। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि, वे तुरंत दिल्ली भर में 200 टीमें तैनात करें, ताकि पाइप से कार धोने, पानी की टंकियों के ओवरफ्लो होने और निर्माण या व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए घरेलू जल आपूर्ति के उपयोग पर नकेल कसी जा सके। एलजी ने आदेश दिया है कि इस भीषण गर्मी में मजदूरों को 12 बजे से लेकर 3 बजे तक काम से छुट्टी मिलेगी। साथ ही मजदूरों को मिलने वाली इस राहत के बदले कोई भी उनकी सैलरी नहीं काट सकेगा।

## बिहार में भीषण गर्मी से 80 बच्चे बेहोश

**पटना।** देश भर में भीषण कर्मी ने भारी तबाही मचा रखी है। कई स्थानों पर तापमान दशकों का रिकॉर्ड तोड़ रहा है। गर्मी की वजह से पिछले कई दिनों से स्कूली बच्चों के बीमार होने की सूचनाएं आ रही थीं। बुधवार को तो विस्फोटक स्थिति तब बन गई, जब एक साथ बिहार के आठ जिलों से करीब 80 छात्र-छात्राओं के बेहोश होने की जानकारी सामने आई। बेगूसराय, सीवान, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, शेखपुरा, कटिहार और बांका जिले में एक साथ 80 बच्चे बेसुध हो गये। कुछ बच्चों के बारे में यह भी कहा जा रहा है कि घर पहुंचने के बाद उनकी तबीयत खराब हुई। गर्मी की चपेट में आकर बीमार पड़े बच्चों को इलाज के लिए उनके अभिभावक आनन-फानन में अस्पताल लेकर भागे। बेगूसराय के मटिहानी प्रखंड के एक मध्य विद्यालय में बुधवार को गर्मी के कारण 20 से अधिक बच्चे बेहोश हो गए।

**फैसला**

## आजम पर आठ मुकदमों में फैसला

# आजम खान डूंगरपुर प्रकरण में दोषी करार

**आरोप**

- **आजम के विरुद्ध पांच में सजा, तीन में राहत**
- **सीतापुर जेल में हैं, वहां से पेशी होगी**



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खां को डूंगरपुर प्रकरण में बुधवार को एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) ने दोषी ठहराया है। आजम खां और बरकत अली ठेकेदार को न्यायालय ने बुधवार को सजा नहीं सुनवाई, बल्कि फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब गुरुवार को सजा पर फैसला सुनाया जाएगा।

न्यायालय ने आजम खां को धारा 452, 392, 504, 506 और 120 बी में दोष सिद्ध किया है, जबकि धारा 307 में दोषमुक्त किया है। इसके अतिरिक्त बरकत अली ठेकेदार को धारा 452, 392, 504 और 506 में दोष सिद्ध किया है, जबकि धारा 447, 307 व 411 में दोष मुक्त किया है। आजम खां सीतापुर जेल में हैं, जेल से ही वीडियो कांफ्रेंस से पेशी हुई। सपा सरकार में 2016 में डूंगरपुर बस्ती में रह रहे लोगों के मकान तोड़कर आसरा आवास बनाए गए थे। वर्ष 2019 में बेघर 12 लोगों ने गंज कोतवाली में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप था कि सपा सरकार में आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने उनके घरों को जबरन खाली कराया था। उनका सामान लूट लिया और मकानों पर ध्वस्त कर दिया था। इन मुकदमों में पहले आजम खां नामजद नहीं थे। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी और उनके बयानों के आधार पर पुलिस ने उनको भी आरोपित बनाया था। इससे पूर्व आजम खां के खिलाफ आठ मुकदमों में फैसला आ चुका है। पांच में उन्हें सजा हुई है, जबकि तीन में बरी हो चुके हैं। एक मामले में उनको सात साल की सजा हुई थी। जिसमें उन्हें हाई कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

**जेल से रिहा हुई तजीन फात्मा**

अब्दुल्ला आजम के दो जन्म प्रमाणपत्र के मामले में हाईकोर्ट से राहत मिलने के बाद सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा की बुधवार को रिहाई हो गई। इसका परवाना दोपहर को जेल में पहुंच गया था। उनकी रिहाई के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक जेल के बाहर मौजूद रहे। 18 अक्तूबर 2023 को सपा नेता आजम खां को एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट ने बेटे अब्दुल्ला के दो जन्म प्रमाणपत्र के मामले में सात साल की सजा व पचास हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। इस मामले में डॉ. तजीन फात्मा और बेटे अब्दुल्ला आजम को भी सात-सात साल की सजा सुनाई गई थी।

# पांच साल के कैद की सुनाई सजा, 15000 रुपये का जुर्माना भी लगाया

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** दस साल पहले खेत के संपत्ति विवाद में



ग्रामीण के सिर पर बांका मारकर जानलेवा हमला करने के मामले में एडीजे अनिल सिंह राणा ने हमलावर को पांच साल के कैद की सजा सुनाई। साथ ही हमलावर पर 15000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष रखते हुए सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता कपिल कटियार ने बताया कि निघासन थाना क्षेत्र के ग्राम टैगनाहिया मजरा खैरहना निवासी मयंक शेखर मिश्र और गांव के ही सोहनलाल यादव के बीच खेत को लेकर कहासुनी चल रही थी। इसी दौरान 14 मई 2014 को नौ बजे सुबह जब सोहनलाल अपने लड़के सुरेश यादव के साथ गांव के दक्षिण तरफ स्थित खेत में चारा काट रहा था, तभी मयंक शेखर अपने साथियों के साथ नाजायज हथियारों से लैस होकर धावा बोल दिया। सुरेश को पकड़कर यह लोग मारने लगे, जान बचाने के लिए सुरेश भागने लगा तो मयंक शेखर ने बांका से जानलेवा हमला करते हुए उसके सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया, जिससे बुरी तरह जख्मी सुरेश यादव का कई दिन जिला अस्पताल में इलाज कराना पड़ा था। पुलिस ने मामले में मयंक शेखर के साथ ही उसके पिता ओमप्रकाश मिश्र, चाचा ब्रजकिशोर मिश्र और भाई शशांक मिश्रा को भी आरोपित करते हुए चार्ज शीट दाखिल की। अदालत की सुनवाई में सोहनलाल, सत्यनारायण योगेंद्र बहादुर, डॉ. सालिकराम वर्मा की गवाही दर्ज की गई थी। मंगलवार को अदालत ने अपने फैसले में केवल मयंक शेखर को जानलेवा हमले में दोषी करार दिया है। बाकी आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए मामले से बरी किया है। दोषी मयंक शेखर को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है साथ ही उस पर 15 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

## दो पक्षों में जमकर चले ईंट पत्थर



**लखीमपुर खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र के लखहा गांव में रास्ते की दीवार तोड़ने को लेकर बुधवार दोपहर बवाल हो गया। दोनों पक्षों की ओर से जमकर ईंट पत्थर चले। इस दौरान कई राउंड फायरिंग हुई। बवाल में कई लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि आधे घंटे तक पथराव और फायरिंग हुई। फायरिंग के बाद गांव में दहशत फैल गई। लोग दरवाजों को बंदकर घरों में दुबक गए। बवाल की सूचना पर एएसपी नैपाल सिंह, सीओ मितौली समेत कई थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। पुलिस ने करीब 15 लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि मुनीश नाम के युवक के घर की दीवार दूसरे पक्ष के लोग तोड़ रहे थे। जिसको लेकर मुनीश के परिजनों ने विरोध किया तो दूसरा पक्ष मारपीट पर उतारू हो गया। इसके बाद बवाल शुरू हो गया। दोनों तरफ से ईंट-पत्थर फेंके गए। फायरिंग भी हुई, जिससे गांव में दहशत फैल गई।

## भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था हो गई बेपटरी

**लखीमपुर खीरी।** भीषण गर्मी में बिजली व्यवस्था बेपटरी हो गई है। कहीं ट्रांसफार्मर जल रहे हैं तो कहीं तार टूट रहे हैं। फॉल्ट इतने ज्यादा हो रहे हैं कि बिजली कर्मी चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहे। अपराह्न 2 बजे के बाद से कलक्ट्रेट विद्युत उपकेंद्र से जुड़े नौरगांबाद चौराहे के ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई। इससे करीब पांच घंटे बिजली गुल रही।बिजली संकट से शहर से लेकर देहात के लोग परेशान हैं। किसानों को फसल सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। वहीं रात की कटौती होने से लोगों की नींद पूरी नहीं हो रही। रात करीब साढ़े 11 बजे राजाजीपुर में ट्रांसफार्मर जलने से लोगों को पूरी रात बिजली संकट का सामना करना पड़ा। कई मोहल्लों में लो-वोल्टेज होने से लोग परेशान दिखे। सुआगाड़ा में एक फेस आने से लोगों को पूरी रात बिना बिजली के काटना पड़ी। वहीं दिन में भी बिजली कटौती ने लोगों को खूब रुलाया।

# विद्युत विभाग के अवर अभियन्ता अकमल हुसैन खां ने कोतवाली में दी तहरीर

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी-खीरी।** विद्युत विभाग के अवर अभियन्ता अकमल हुसैन खां ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि बुधवार को प्रातः साढे ग्यारह बजे 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र (ग्रामीण)पर स्थापित 10 एम0बी0ए0 पावर परिवर्तक में भीषण आवाज के साथ फ्यूज उड़ गया। जिससे ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े हजारों उपभोक्ताओ की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी। जिसे उसके द्वारा व्यवधान को तत्परता के साथ दूर किये जाने के लिये अपने उपखण्ड अधिकारी शुभम मौर्या के साथ उपकेन्द्र के यार्ड में 10 एम0बी0ए0 पावर परिवर्तक के फ्यूज को सही करने का कार्य करा रहा था इसी दौरान ग्राम नयागाँव निवासी करनजीत सिंह उर्फ लाल सिंह पुत्रमहेन्द्र सिंह अपने पुत्रो के साथ उपकेन्द्र परिसर में आ गये और अपने निजी नलकूप संयोजन पर स्थापित परिवर्तक के क्षतिग्रस्त हो जाने के सम्बन्ध में शिकायत करते हुए रोष प्रकट करने लगे। जिस पर अवर अभियन्ता ने उन्हे अवगत कराया कि 10 एम0बी0ए0 पावर परिवर्तक में तकनीकी दोष के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित हो गयी है तथा उसके व्यवधान को प्राथमिकता पर दूर किया जा रहा है। इस पर करनजीत सिंह ने अपने बेटो सहित अवर अभियन्ता श्री खां का हाथ पकड़ कर यार्ड के बाहर ले आये तथा उपखण्ड अधिकारी श्री मौर्य एवं श्री खां से तीव्र स्वर में बात करते हुए अभ्रदतापूर्ण आचरण करने लगे और वीडियो बनाने लगे। श्री खां द्वारा उनको समझाने का प्रयास किया परन्तु दोनो व्यक्तियो ने श्री खां की बात को न सुनकर अपना रोष प्रकट किया जाता रहा उसके उपरान्त दोनो व्यक्तियो ने श्री खां को देख लेने एवं झूठा दोषारोपण करके विभागीय कार्यवाही करवाने आदि की बात कहते हुए थोड़ी देर में लौटकर आने बात कहकर चले गये। लगभग साढे बारह बजे



करनजीत सिंह उर्फ लाल सिंह अपने साथ छः सात लोगो को साथ लेकर उपखण्डीय कार्यालय एवं उप खण्डीय कार्यालय में स्थापित राजस्व वसूली संकलन कक्ष मे अनाधिकृत रूप से घुसकर श्री खां को ढूढ़ते हुए खण्डीय कार्यालय परिसर में आ गये और श्री खां को घेर कर गाली-गलौज करते हुए मार-पीट शुरू कर दी। विभाग के कर्मचारियो द्वारा बीच-बचाव कराने का प्रयास किया गया काफी मशक्कत के उपरान्त श्री खां को उक्त लोगो से बचाया जा सका।

## चौ.चरण सिंह की नीतियों से किसानों को मिलेगा उचित सम्मान: चौ. नीरपाल

**सहारनपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरणसिंह की पुण्यतिथि पर आज उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके आदशों एवं सिद्धांतों के अनुरूप किसानों की समस्याओं का समाधान कराए जाने का आह्वान करते हुए 51 किसानों को सम्मानित किया गया।

आज हकीकत नगर के रामलीला ग्राउंड में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह की 37वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम के दौरान 51 किसानों को स्मृति चिन्ह देकर उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया और सामाजिक सेवा के लिए आरती शर्मा, शाहिस्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह ने कहा कि भारत रत्न धरती पुत्र किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह जी की पुण्यतिथि पर हम सभी चौधरी साहब के अनुयायी संकल्प लेते है कि चौधरी साहब के आदर्शो पर चलकर उनकी नीतियों को अपनाकर, उनके बताए मार्ग पर चलकर चौधरी साहब के सपनों को साकार करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हमने इन युवा किसानों को सम्मानित करके संदेश दिया है कि ये युवा ही चौधरी साहब के सपनों का भारत बनाने में अहम भूमिका निभाने का काम करेंगे और रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी के हाथों को मजबूत करेंगे। हमारी मात्र शक्ति को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष चौ सतीश एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, मुकेश चौधरी, शमीम अहमद, पवन राणा, रोबिन प्रधान, मो आरिफ़ राजीव चौहान, राजदीप ढाका, जगपाल नवादा आदि मौजूद रहे।

# जवान बेटो को खोने वाले पत्रकार के घर वरिष्ठ जनों सहित पहुंच रहे नेता

**■ बीते 9 फरवरी को मोटरसाइकिल टक्कर में आर्यन कि मौत 22 मई को बोलेरो कि टक्कर से आयुष कि मौत**

*अवधनामा संवाददाता*



**डलमऊ रायबरेली।** उम्र छोटी थी पर सबके जज्बात समझ लेना इस हुनर की परख? आर्यन आयुष की जोड़ी मे थी महज 18 और 21 साल की उम्र में आर्यन और आयुष की जोड़ी ने समाज में अपनी अलग ही छाप छोड़ गए। अल्प आयु में इनका चेहरा किसी परिचय का मोहताज न रहा बल्कि दोनों की जोड़ी ने दोस्ती की भी एक मिसाल पेश की जबकि रिश्ते में दोनों एक कोख से जन्मे छोटे-बड़े भाई थे परंतु समाज में जिस किसी ने भी इनको देखा ज्यादातर लोगों ने दोस्त ही समझ रखा था। एक साथ सोना एक साथ खाना और एक साथ टहलना लेकिन जब आर्यन का साथ छुटा तो आयुष बहुत ही आसहज और अकेला महसूस करने लगा लेकिन काल का ऐसा चक्कर चला की दोनों भाई इस दुनिया को छोड़कर फिर एकत्र हो गए। लेकिन जिस किसी ने इस घटना को सुना हर कोई स्तब्ध रह गया जो कोई जैसे ही जानकारी पा रहा है हर कोई पत्रकार राजेश यादव के घर पहुंच कर परिवार को ढांढस बंधा रहा है बीते दिन समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव शोका कुल परिवार के बीच पहुंचे और पीड़ित पिता से मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की तो कुछ ही देर बाद भारतीय जनता पार्टी के पूर्व विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह भी पीड़ित परिवार के बीच पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्ति की और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी डलमऊ सत्य प्रकाश यादव , ग्राम प्रधान ऐहार राजेश यादव, ग्राम प्रधान देवगांव राजेश यादव, प्रधान सराय दिलावर आलोक यादव (विक्की), वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश यादव, इंजीनियर सुमित यादव, नीरज यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य वीरेंद्र यादव मुंशीगंज, पिंटू सिंह, रमेश भारती, ललित भारती तथा पत्रकार साथियों में एबीपी न्यूज़ के जिला संवाददाता पंकज सिंह , पत्रकार आफताब, वरिष्ठ पत्रकार सुशील शुक्ला, मान्यता प्राप्त पत्रकार याकूब खान , वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर सिंह, धर्मेंद्र पांडे, वरिष्ठ पत्रकार दीपचंद मिश्रा बछरावां, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लालगंज अमरेंद्र यादव, वरिष्ठ सपा नेता जेपी यादव एडवोकेट गिरीश श्रीवास्तव रायबरेली सहित कई अन्य लोगो का घर पहुंचने का सिलसिला जारी है आपको बता दे कि बीती 22 मई को आयुष की मोटरसाइकिल में पीछे से आ रही अनियंत्रित बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे आयुष की मौके पर ही मौत हो गई आयुष अनुबंध कार्यालय लालगंज में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत था।

# बाइक से घर वापस जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, हुई मौत



**लखीमपुर खीरी।** जनपद के बांकेगंज क्षेत्र में ससुराल से बाइक से घर वापस जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन अस्पताल पहुंच गए। पति का शव देखकर पत्नी बेसुध हो गई। गोला थाना क्षेत्र के बवेसर गांव निवासी मेवालाल का 28 वर्षीय पुत्र सुरेश बाइक पर पत्नी निधि के साथ थाना मैलानी क्षेत्र के कुकरा गांव ससुराल में धार्मिक आयोजन में शामिल होने आया था। जहां से वह मंगलवार रात 10 बजे करीब बाइक से अकेले वापस घर लौट रहा था। जबकि उसकी पत्नी मायके में ही थी।

## विशेष जेल लोक अदालत में 86 वादों का निस्तारण

**सहारनपुर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती बबीता रानी के मार्गदर्शन में जिला कारागार में 27 से 29 मई को एवं उपकारागार देवबंद में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों के लिए विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें जिला विधिक प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज प्रबोध कुमार शर्मा ने बताया कि उक्त विशेष जेल लोक अदालत में 126 वाद नियत किये गये थे, जिसमें 86 वादों का निस्तारण किया गया।

## पुलिस ने दो चोरों को गिरतार कर चोरी का सामान किया बरामद

**सहारनपुर।** थाना जनकपुरी पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का सामान बरामद करने में सफ्लता हासिल कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार 25 मई को तुषार शर्मा पुत्र राजेंद्र शर्मा निवासी पुष्पांजलि विहार जनता रोड थाना जनकपुरी में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि अज्ञात चोरों द्वारा गोविंद विहार स्थित उसकी दुकान से मोबाइल व अन्य सामान चोरी कर लिया है। थाना जनकपुरी पुलिस ने आज उपनिरीक्षक विजय सिंह व उपनिरीक्षक इंद्रसैन के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर दो शातिर चोरों अमान सैय्यद पुत्र अजमल अली निवासी मौहल्ला गुलबहार वाली गली खान आलमपुरा थाना जनकपुरी व आसिफ अंसारी पुत्र यासीन अंसारी निवासी चार खम्भे वाली गली जनकनगर सहारनपुर हाल निवासी 62 फुटा रोड इनायरा स्कूल के पास थाना कुतुबशेर को पहलवानपीर के पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दबोचे गए आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए नौ नए मोबाइल, एक पुराना मोबाइल, तीन पैकेट हैडफोन मय चार्जर, तीन पैकेट डाटा केबल व एक पैकेट ब्लूटूथ नेकबैंड बरामद कर लिया। आरोपियों के खिलाफ धारा-457/411 भादवि में चालान काटकर जेल भेज दिया।

## मण्डी कोतवाली पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने एक वारंटी आरोपी को दबोचकर उसके कब्जे से 20 पव्वे देशी शराब हरियाणा मार्का बरामद कर ली। जनपद पुलिस द्वारा एसएसपी डा. विपिन ताड़ा के निर्देश पर चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत मंडी कोतवाली पुलिस ने कोतवाली प्रभारी नेमचंद सिंह व उपनिरीक्षक राजकुमार त्यागी के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी आरोपी अताउर्रहमान पुत्र अब्दुल सलाम निवासी मौहल्ला बंजारान थाना मंडी को बंजारों के पुल से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 पव्वे देशी शराब हरियाणा मार्का बरामद कर ली। कोतवाली प्रभारी श्री सिंह ने बताया कि दबोचे गए आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं हरियाणा राज्य से सस्ते दामों पर शराब लाकर यहां महंगे दामों में बेचता हूं। आज भी मैं बरामद शराब को बेचने जा रहा था तभी पुलिस ने मुझे पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा-63 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरण सिंह को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**सहारनपुर।** आर्य जाट समाज कल्याण समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर हवन कर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मिठे शरबत का वितरण किया गया।

चौधरी चरण सिंह चौक पर किया गया सबसे पहले चौधरी चरण सिंह चौक पर हवन किया गया। बाद में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसे संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चौधरी बख्तावर सिंह ने कहा कि चौधरी चरण सिंह ने आजीवन किसान एवं मजदूर की राजनीति की। बड़े पद पर रहने के बाद भी वह हमेशा खेती किसानी से जुड़े रहे। चौधरी विजेंद्र सिंह प्रमुख ने कहा कि भारत सरकार द्वारा चौधरी साहब को ही केवल भारत रत्न नहीं दिया गया है बल्कि खेती किसानी से जुड़े हुए हर किसान मजदूर का सम्मान बढ़ाया गया है। कार्यक्रम का संचालन चौधरी गुरदीप सिंह द्वारा किया गया। बाद में शरबत के छवि लगाकर सभी को शरबत वितरण किया गया जिसका लाभ सैकड़ो राहगीरों को मिला। इस अवसर पर मुख्य रूप से चौधरी भगत सिंह, अमित चौधरी, स्वतंत्र चौधरी, चौधरी धीरज सिंह, वंश चौधरी, सक्षम चौधरी, अजय चौधरी, अमित चौधरी, बलराज तोमर, कृपाल मलिक, मास्टर रणवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कैंसर के प्रति आमजन को किया जायेगा सचेत: डॉ.त्यागी

## पेगासस हॉस्पीटल में माह के दो सोमवार को मैक्स की होगी ओपीडी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मैक्स हॉस्पिटल पटपड़गंज नई दिल्ली के डॉक्टरों ने




आज एक जनजागरूकता सत्र आयोजित किया जिसमें हेड एंड नेक कैंसर यानी सिर व गर्दन के इलाज में हुए एडवांसमेंट के बारे में जानकारी दी गई. साथ ही कैंसर के शुरुआती स्टेज में डायग्नोज होने और समय पर डॉक्टर को दिखाने की अहम भूमिका के बारे में लोगों को बताया गया.। इस मौके पर मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के कंसल्टेंट डॉक्टर अमित त्यागी मौजूद रहे जिन्होंने इलाज के लिए उपलब्ध लेटेस्ट तकनीक व विकल्पों के बारे में अवेयरनेस बढ़ाने की बात पर जोर दिया. एक तरफ जहां इलाज के लिए नई नई तकनीक उपलब्ध है। इसके साथ ही ये भी महत्वपूर्ण है कि लोगों को शुरुआती लक्षण इग्नोर न करने की सलाह दी जाए ताकि रोग का प्राथमिक स्टेज में डायग्नोज हो सके और समय पर इलाज शुरू किया जा सके। मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल पटपड़गंज में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के कंसल्टेंट डॉक्टर अमित त्यागी ने इस मौके पर कहा कि सिर और गर्दन के कैंसर में अलग तरह की चुनौतियां होती हैं। इस बीमारी से प्रभावित लोगों के लिए अच्छे रिजल्ट लाने और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए रोग की प्रारंभिक पहचान, अर्ली डायग्नोज और मल्टी डिसीप्लिनरी अप्रोच के साथ इलाज जरूरी है. कैंसर के रिस्क फैक्टर, लक्षण और इलाज के लिए उपलब्ध विकल्पों के बारे में लोगों को जागरूक कर सिर व गर्दन के कैंसर से बचाव और प्रभावशाली मैनेजमेंट किया जा सकता है। इस विषय पर चल रही रिसर्च के जरिए, लोगों को शिक्षित करके और एडवोकेसी प्रयासों के साथ मिलकर हम सिर व गर्दन के कैंसर का लोड पूरी दुनिया और परिवारों से कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी रूप में तंबाकू या तो चबाने योग्य या धूम्रपान, और ज्यादा शराब का सेवन सिर और गर्दन के कैंसर की शुरुआत के लिए प्राथमिक रिस्क फैक्टर्स में से हैं। तंबाकू और शराब का उपयोग करना इस जोखिम को काफी बढ़ा देता है। लगातार गले में खराश, निगलने में कठिनाई, आवाज में बदलाव, गांठ या दर्द, कान दर्द, बिना किसी कारण वजन घटने जैसे लक्षण सिर व गर्दन के कैंसर के हो सकते हैं जो रोग के स्थान और स्टेज के आधार पर अलग-अलग होते हैं। उन्होंने कहा कि कैंसर की तुलना में सिर और गर्दन के कैंसर ज्यादा चुनौती पूर्ण होते हैं क्योंकि इसमें निगलने, बोलने और सांस लेने जैसे जरूरी काम भी प्रभावित होते हैं।

# रेल कर्मचारियों ने समस्थाओं को लेकर किया विचार मंथन



*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। रेल कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन की बैठक में विचार-विमर्श कर आगामी रूपरेखा तय की गई और सभी कर्मचारियों से एकजुटता के साथ अपने हितों की रक्षा के लिए संघर्ष करने का आह्वान किया। आज खान आलमपुरा यार्ड में उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन के तत्वावधान में आयोजित बैठक में मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार व मंडल सचिव मनमीत सिंह ने कहा कि कहा कि रेल कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हम सबको एकजुट होकर संघर्ष करना होगा तभी समस्याओं का समाधान होना संभव है। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श कर आगामी रणनीति तय की गई। बैठक को मण्डल उपाध्यक्ष रामप्रीत, शाखा सचिव बाबूराम, सुभाष त्यागी, उपेन्द्र गुप्ता आदि भी सम्बोधित किया तथा कर्मचारियों की समस्याओं को प्रशासन को अवगत कराकर उनके समाधान के लिए एकजुट होना होगा। इस दौरान सैनपाल, संजय, अजय सिंह, रविन्द्र, सुरेन्दर, विवेक कुमार मधुकर शर्मा आदि संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# गुणवत्तापरख शिक्षा के बल पर चंडीगढ़ विश्वविद्यालय को मिली विश्व स्तरीय रैकिंग



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के चांसलर एवं सलाहकार प्रो. डा. आर. एस. बावा ने कहा कि वैश्विक स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ विश्वविद्यालय को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में आठ विषयों में शीर्ष रैंकिंग हासिल हुई है और 2023-24 प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान उत्तर प्रदेश के 930 छात्रों को शीर्ष बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के 1228 नौकरियों के ऑफर मिले हैं और 457 को कई प्रस्ताव भी मिले हैं। प्रो. आर. एस. बावा आज यहां कोर्ट रोड स्थित एक होटल के सभागार में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों पर पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय 2813 पेटेंट के साथ बनी भारत में अनुसंधान और नवाचार में सबसे अग्रणी यूनिवर्सिटी और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 15 करोड़ रूपए आवंटित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विश्व के 486 प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों के साथ चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी 95 से अधिक देशों में शैक्षणिक सहयोग प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि चंडीगढ विवि प्रत्येक छात्र को उनकी वित्तीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं व्यापक विकास के अवसर प्रदान करने का प्रयास करती है। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए यूनिवर्सिटी हर वर्ष योग्य उम्मीदवारों को सीयूसीईटी छात्रवृत्ति प्रदान करती है जिसका उद्देश्य उन्होंने शिक्षा के लिए प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है और युवा प्रतिभाओं को पुरस्कृत भी किया जाता है।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ विश्वविद्यालय सीयूसीईटी 2024 के माध्यम से 117 करोड़ रूपए की छात्रवृत्ति का लाभ उठाने का अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है। इसके अलावा छात्रों को उनकी व्यक्तिगत प्राथमिकताओं और शैडयूल के आधार पर उन्हें मनपसंद प्रवेश चयन करने की सुविधान प्रदान है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत, एक गंभीर

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजनों द्वारा कानूनी कार्यवाही से इंकार किए जाने पर पुलिस ने पंचनामा भर मृतकों के शवों को परिजनों को सौंप दिए। एक साथ हुई दो मौतों से गांव में शोक की लहर है और परिजनों के कोहराम मचा हुआ है। हादसा कोतवाली बेहट इलाके के कलसिया छुटमलपुर मार्ग पर मंगलवार को देर शाम पेश आया। कोतवाली बेहट क्षेत्र के गांव बाबैल बुजुर्ग निवासी 20 वर्षीय आसिफ पुत्र सत्तार, 22 वर्षीय रिहान पुत्र कुर्बान तथा सुलतान पुत्र लतीफ अपनी बाइक पर सवार होकर छुटमलपुर की और से कलसिया की और जा रहे थे। जैसे ही वे गांव



बुबका के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आसिफ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि उसके दोनो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की खबर लगते ही सीओ बेहट शशि प्रकाश शर्मा व कोतवाली बेहट के कार्यवाहक इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार मय फोर्स के मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। घायलों में रिहान को चिकित्सकों ने है सेंटर रेफ़र कर दिया जिसकी देहरादून ला जाते समय रास्ते में मौत हो गई। हादसे के बाद कलसिया छुटमलपुर मार्ग पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर मृतकों के परिजन भी घटनास्थल पर आ पहुंचे। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करने का प्रयास किया लेकिन परिजनों ने कोई भी कानूनी कार्यवाही करने से इंकार कर दिया जिसके बाद पुलिस ने दोनों मृतकों का पंचनामा भर शवों को परिजनों को सौंप दिया।पुलिस क्षेत्राधिकारी बेहट शशि प्रकाश शर्मा ने बताया कि मृतक के परिजनों के किसी भी कार्रवाई से मना करते हुए लिखकर दे दिए जाने पर दोनों शवों का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। उधर, जब गांव में दो युवकों के मौत की खबर पहुंची तो शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों में कोहराम मच गया।

## भाजपा प्रत्याशी रविकिशन के पक्ष में मुख्यमंत्री ने किया भव्य रोड शो

# 80 बनेगा आधार और अबकी बार 400 पार

**अवधनामा संवाददाता**



**गोरखपुर।** बुधवार को गोरखपुर शहर में रोड शो के दौरान उमड़े जनसैलाब से गदगद मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम लोगों को यह उत्साह बनाए रखना है क्योंकि इसी उत्साह से 80 बनेगा आधार और फिर एक बार मोदी सरकार तथा अबकी बार 400 पार का मंत्र साकार होगा।

रोड शो को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा प्रत्याशी रविकिशन के पक्ष में दिखाए गए अपार उत्साह और जन समर्थन के लिए सभी लोगों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि यह जनसैलाब इस बात का प्रमाण है कि इस बार 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करते हुए केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार पूरे देश की जनता यही गुनगुना रही है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे और रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर। उन्होंने सभी लोगों को पहले जून को पहले मतदान और उसके बाद ही कोई अन्य काम करने का संकल्प भी दिलाया। बुधवार को कुशीनगर, सलेमपुर, गोरखपुर और बांसगांव लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी प्रत्याशियों के लिए चार जनसभाओं को करने के बाद मुख्यमंत्री योगी शाम को गोरखपुर महानगर में रोड शो करने पहुंचे थे। शाम करीब साढ़े पांच बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में टाउनहाल तिराहे से शुरू होकर विजय चौराहे पर संपन्न हुआ रोड शो 51 वेदपाठी विद्यार्थियों के शंखनाद से प्रारंभ हुआ। करीब तीन किलोमीटर लंबे भव्य रोड शो का 41 स्थानों पर विभिन्न व्यापारिक व सांस्कृतिक संगठनों के लोगों व आम नागरिकों ने फूल बरसा कर जोरदार स्वागत किया। फरूवाही लोकनृत्य से देसज लोक भी आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। जनसैलाब ऐसा कि कहीं तिल रखने की जगह नजर नहीं आ रही थी। उधर विजय रथ पर सवार मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ और उनके साथ सांसद-प्रत्याशी रविकिशन व महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव आस्था, श्रद्धा और विश्वास के फूलों से पूरे रास्ते सराबोर होते रहे। लोगों के इस विश्वास से भावुक मुख्यमंत्री हाथ जोड़कर, मुस्कुराते हुए, अंगुलियों से विजय चिह्न बनाते हुए, जनता पर अपनी तरफ से भी फूल बरसाते हुए सबका अभिवादन स्वीकार करते रहे। पुष्पवर्षा की स्थिति यह थी कि जिस स्थान से रोड शो आगे बढ़ता, वहां की सड़क फूलों से पटी दिखाई पड़ रही थी। पूरे रूट पर कोई ऐसा घर या दुकान बाकी नहीं था, जहां से गुलाब और गेंदे के फूलों की पंखुड़ियों की बारिश न हो रही हो। तीन साल के बच्चे से लेकर 90 साल के बुजुर्ग तक, मुख्यमंत्री के विजय रथ पर फूल बरसाते रहे। कई स्थानों पर महिलाओं के समूह ने मुख्यमंत्री योगी की आरती भी उतारी। रोड शो के दौरान अपार उत्साह के बीच जय श्रीराम, जो राम को लाए हैं-हम उनको लाएंगे, एक ही नारा एक ही नाम, मोदी-योगी जय श्रीराम, रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर, फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार चार सौ पार, गोरखपुर का एक मिशन रविकिशन - रविकिशन के जयकारों के बीच कुछ और सुनाई नहीं दे रहा था। जगह-जगह सांस्कृतिक दल के कलाकारों की प्रस्तुतियों, झांकियों ने रोड शो के अभिनंदन का नयनाभिराम नजारा दर्शाया। मुख्यमंत्री योगी के रोड शो में शहर पूरी तरह भगवामय हो गया। टाउनहाल से लेकर विजय चौक तक, जिधर देखो उधर भगवा ही भगवा नजर आ रहा था।

**रोड शो में उमड़ा जनसैलाब इस बात का प्रमाण कि केंद्र में बनने जा रही तीसरी बार मोदी सरकार**

## महंगाई, बेरोजगारी से हाफ रही देश की जनताः रामभुआल निषाद

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** इण्डिया महागठबंधन से लोकसभा देवरिया से प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह एवं पूर्व विधायक पी के राय आज तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र के तमकुहीराज तहसील ,पिपरा अगरवा ,भूलिया बाजार, अहिरौली ढाला, सिसवा बाजार, गौरहा, घाघवा, भावपुर, जीरो बंधा, गोला घाट सहित दर्जनों गांवों में भ्रमण,जनसंपर्क एवं जनसंवाद करने के पश्चात तमकुहीरोड बाजार में जनसंपर्क कर एक जनसभा किया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि देवरिया के सांसद सदन में पहुंचने के बाद तमकुहीराज को भूल जाते हैं जिसके कारण यह क्षेत्र विकास से कोसों दूर है इस क्षेत्र में ना कोई उद्योग धंधा है ना कृषि के संसाधन जिस कारण युवा, किसान सहित आमजन हताश और परेशान है इस क्षेत्र के बांधो की हालत जर्जर है जिस कारण क्षेत्र के लोग हर साल भयंकर बाढ़ की विभीषिका झेलते है अगर आपका आशीर्वाद मिला तो यह लोकसभा विकास का इतिहास रचेगा।

पूर्व मंत्री पी के राय ने कहा की यह चुनाव सामान्य चुनाव नहीं है यह देश की एकता, अखंडता और संविधान बचाने का चुनाव है भाजपा की सरकार और इनके नेता झूठ की पराकाष्ठा पार कर दिए है और झूठे विकास की बात कर अपनी पीठ थपथपाते है अब इनकी उल्टी गिनती शुरू हो गई है आने वाला समय इण्डिया गठबंधन का है। पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद ने कहा की महंगाई, बेरोजगारी से हाफ रही देश की जनता अब इण्डिया गठबन्धन की ओर आशा भरी निगाहों से देख रहा है पूरे देश में भाजपा की हवा निकल गई है। इस दौरान लोहिया वाहिनी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मधुश्याम राय, पूर्व ब्लाक प्रमुख उदयनारायण गुप्ता, राकेश यादव, संजय गुप्ता, धुआं सिंह, शांतनु सिंह, राजन यादव, बी एन सिंह कुशवाहा, अरविन्द यादव, लालमन यादव,मान सिंह चौहान, गोविन्द मिश्र, केशव पाठक,आदिलोग उपस्थित रहे।

## टंकी के पानी को बूंद-बूंद तरस रहे ग्रामीण

**अवधनामा संवाददाता**



**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** प्रत्येक सरकार द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाखों रुपए खर्च कर जल निगम के तहत पानी की टंकी ब इंडियन मार्का हेड पंप लगाए गए। लेकिन इस भीषण गर्मी में ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत पानी की काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है ना तो लगाई गई सरकार द्वारा पानी की टंकी चल रही हैं और ना ही हेड पंप पानी निकल रहे हैं घंटा लग जाते हैं हेड पंपों से पानी निकालने में उधर सूर्य देव भी अपना विकराल रूप दिखाने में बिल्कुल नहीं चूक रहे हैं। शीतल जल के लिए या तो किसी पेट्रोल पंप पर जाना पड़ रहा है तो या फ्रीजर वाले मकान मालिक के पास हाथ जोड़कर शीतल पानी पीने के लिए ग्रामीण मांग रहे हैं। ऐसा ही विकासखंड राजेपुर के ग्राम पंचायत खंडोली अमैयापुर रुलापुर रतनपुर पमारान लीलापुर भुवनपुर ताजपुर अमृतपुर किरचन आदि ग्राम पंचायत में पानी की टंकी तो बनी हुई है लेकिन एक सफेद हाथी सी साबित हो रही हैं। जिस पर जल निगम के अधिकारी केवल कागजों में तो अपना कागजी घोड़ा फराटे से दौड़ा रहे हैं लेकिन धरातल पर पानी की एक बूंद तक ग्रामीण जनता को नसीब तक नहीं हो रही है। इस संबंध में जब ग्रामीण जनता से बात की तो ग्रामीण जनता ने बताया कि कहीं तो पाइपलाइन फटी पड़ी हुई है और कहीं तो स्टाटर ही खराब पड़ा हुआ है। हम लोग तो अपना जीवन यापन इधर-उधर से पानी लाकर कर लेते हैं लेकिन पशुओं को बहुत दिक्कत हो रही है एक तो सूर्य देव 45 डिग्री वह 48 डिग्री के पार जा रहे तो दूसरी ओर जल निगम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा हुआ है।

### मारपीट करने वालों पर पीड़िता ने थाने में दी तहरीर

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के गांव रुलापुर निवासी पीड़िता गीता देवी पत्नी सुधाकर ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उनके पति के द्वारा चचेरे भाई रोबिन कुमार पुत्र चंद्रप्रकाश को 80 हजार रुपये पिछले वर्ष उनके भाई की शादी में दिए थे। जब पीड़ित ने रूपयों की मांग की तो टाल मटोल करते रहे। जब पीड़ित ने कहा कि पैसे अगर नहीं दोगे तो शिकायत थाने में करूंगा। इसी बात से गुस्साये रविंद्र व उनके भाई ने घर में घुसकर पीड़िता व उसके बच्चों के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता के पति ने आरोप लगाया कि रोबिन के पास से धारदार बांका पड़ोसी चचेरे भाई अंकुर पुत्र ब्रह्म ने छीन लिया अन्यथा वह बड़ी घटना को अंजाम दे सकता था। युवकों का मोबाइल पीड़ित के घर पर गिर गया वह उन्होंने चचेरे भाई अंकुर पुत्र पर ब्रह्म को दे दिया तथा गुस्साए दबंगों ने थाना मिर्जापुर क्षेत्र के खेतों में लगी समर सेबल में आग लगा दी। जिससे समर सेबल की केवल व अन्य सामान जलकर राख हो गया।

## पूरे देश में जीत रहे हैं इंडिया गठबंधन के प्रत्याशीः डिम्पल यादव

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** समाजवादी पार्टी की स्टार प्रचारक व मैनपुरी की सांसद डिम्पल यादव ने बुधवार को सपा प्रत्याशी अजय सिंह सैंथवार उर्फ पिंटू सिंह के समर्थन में रोड शो किया। अति उत्साह से लबरेज कार्यकताओं व आम लोगों की भारी भीड़ ने डिम्पल यादव का जमकर किया स्वागत। भीड़ ने स्वागत में डिम्पल यादव पर फूल भी बरसाये। सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट बटोरने के लिए रोड शो कर रहीं सपा सांसद ने स्वागत के लिए जुटे समर्थकों की भीड़ को जीत का मंत्र देते हुए 12 बजे तक हर कीमत पर वोट डाल देने को कहा। सपा की स्टार प्रचारक ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गंठबंधन की जीत हो रही है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव ने बुधवार को सपा प्रत्याशी अजय सिंह सैंथवार उर्फ पिंटू सिंह को विजय श्री दिलाने की गरज से रोड शो किया। तकरीबन 10 किलोमीटर दूरी के रोड़ में उत्साहित कार्यकर्ताओं व समर्थकों की भारी भीड़ ने जगह-जगह डिम्पल यादव का जोरदार नारों के साथ स्वागत किया। उनके ऊपर फूल बरसाए। बड़ी संख्या में स्वागत के लिए घर से निकली महिलाएं डिम्पल यादव की एक झलक पाने के लिए बेचैन रहीं। समर्थकों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जीत रहें हैं। सपा व इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। उन्होंने ने समर्थकों को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि 12 बजे तक अपना वोट जरूर पोल कर दें। सभी लोग मतदान जरूर करें। यही नहीं चुनाव में कार्यकर्ताओं से संयम बरतने का भी अपील किया।

**स्वागत में उमड़ी भीड़ को जीत का मंत्र दे गई डिम्पल**

## विकास कार्य बना बाधा : सूख रही किसानों की फसलें जानवर भी तरस रहे पानी को




**अवधनामा संवाददाता**

**काकोरी।** क्षेत्र में सिचाई का साधन नहर है। इस क्षेत्र में शारदा नहर से सहायक नहर काकोरी रजबहा इस समय सुखी पड़ी है। जिससे बागवानी किसानों को आम की खडी फसल को पानी नही दे पा रहे हैं। आम की फसल के साथ साथ उन किसानों की भी फसल सूखने की कगार पर पहुंचने लगी है जो हर के पानी के सहारे इस मौसम में फसलें बोई है। जैसे उर्दू, अरबी, मक्का, भिंडी, तोरई, लौकी, सहित दर्जनों फसलें सूखने लगी है और नहर में पानी न आने से नहर भी सूखकर सफेद हो गई है। दया शंकर ने बताया कि किसानों को अगर खेती करने के लिए पानी ही नही मिलेगा तो किसान खेती से क्या उपज करेगा। अवध राम ने कहा कि नहर में पानी न आने से हजारों एकड़ क्षेत्रफल में खड़ी आम की फसल सिचाई के अभाव में आम सुकड़ने लगी हैं। दर्जनों गांवों के किसानों ने बताया कि इस तपती गर्मी में पानी न आने से फसल के साथ साथ जानवरों को पीने का पानी नही मिल रहा है। जब इस सम्बंध में सिंचाई विभाग के अधिकारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि नहर में पानी न छोड़े जाने का मुख्य कारण हरदोई रोड के निर्माण कार्य के कारण दुर्गागंज चौराहे पर नहर की पुलिया के निर्माण हो रहा है जिससे पानी को कम छोड़ा जा रहा है इस रजबहा में नही आ रहा है अन्य शाखाओं में पानी जा रहा है निर्माण पूरा होने पर पानी आने लगेगा।

**हरदोई रोड पर नहर पुलिया निर्माण किसानों की फसल पर पड़ रही भारी**

### मतगणना को लेकर डीएम ने की बैठक

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मतगणना की तैयारी के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि मतगणना 04 जून को कृषि उत्पादन मंडी समिति सातनपुर में सम्पन्न होगी, उन्होंने इसके सम्बन्ध में सभी प्रकार की तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी ने मतगणना को सकुशल, शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने के लिए सभी एआरओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, इसके साथ ही मतगणना में लगे अन्य अधिकारियों को भी उनके दायित्व के संबंध में जानकारी दी गई। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी,ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, अपर जिलाधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, सभी ए आर ओ सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सीएचसी अस्पताल में डॉक्टरों व मरीजो को गर्मी से निजात दिलाने को मिला एसी



**अवधनामा संवाददाता**

**महमूदाबादसीतापुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महमूदाबाद में अब इमरजेंसी में एडमिट मरीजों को गर्मी से निजात मिल गई है। यह सुविधा सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेई विरल के द्वारा मुहैया कराई गई है। दरअसल इस भीषण तपती गर्मी में सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में मरीज व चिकित्सक दोनों ही रहने को मजबूर थे। चाहे दिन हो या रात वार्ड में मरीज भारी संख्या में उपस्थित रहते है। मात्र छत के पंखों के बलबूते इस चिलचिलाती गर्मी में राहत मिल पाना संभव भी नही है। इस बात को महसूस कर सोशल मीडिया फेसबुक पर एक पोस्ट डाली गई थी जिसमें लिखा था कि क्या? कोई जिगर वाला, दयावान, दानी महमूदाबाद स्थित सीएचसी के इमरजेंसी वार्ड में मरीजों के लिए ए0 सी0 लगवा सकता है... बहुत दुआएं मिलेंगी। जब यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो सीता ग्रुप आफ एजुकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेई द्वारा इसका जवाब मिला। जवाब में लिखा था कि सीता ग्रुप ऑफ़ एजुकेशन इस काम को करेगा। उनके द्वारा 24 घंटे के भीतर इमरजेंसी वार्ड में विद्यालय परिवार की तरफ से डेढ़ टन की एसी निःशुल्क मुहैया कराकर इंस्टालेशन करा दी गई। इस अवसर पर डिप्टी ए. सीएमओ मुरारी लाल गंगवार, सीएचसी अधीक्षक आशीष सिंह, डॉ एस एन गुप्ता, डॉ रोहित खरे, डॉ प्रेषित, समाजसेवी ज्ञानेश मिश्र, विद्यालय के डिप्टी मैनेजर आञ्जनेय आशीष और वागीश दिनकर वाजपेई, आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## अनावश्यक रूप से धूप में न जायें

**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एनडी शर्मा ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते हुये तापमान को दृष्टिगत रखते हुये अनावश्यक रूप से धूप में न जायें। हमेशा याद रखे तेज बुखार, सिर दर्द, मतली या उल्टी आना, घबराहट एवं चक्कर आना आदि हीट वेव / लू लगने के लक्षण होने पर तुरना नजदीकी चिकित्सालय से उपचार ले। उन्होंने हीट स्ट्रोक के लक्षण के बारे में बताया कि गर्म लाल शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना, तेज पल्स होना, उथले श्वास गति में तेजी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, सिरदर्द, मतली थकान और कमजोरी होना, चक्कर आना, मूत्र न होना अथवा इसमें कमी। उन्होंने क्या करें के बारे में बताया कि अधिक से अधिक पानी पिये, पसीना सोखने वाले पतले व हल्के रंग के वस्त्र ही पहनें, धूप में जाने से बचें यदि धूप में जाना जरूरी हो तो चश्में, छाते, टोपी व चप्पल आदि का प्रयोग करें, यदि आप खुले में कार्य करते है तो सिर, चेहरा, हाथ-पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें और यदि सम्भव हो तो छाते का उपयोग करें, ओ0आर0एस0 एवं घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड), नीबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें ताकि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। हीट स्ट्रोक (लू) के मुख्य लक्षणों में शरीर में कमजोरी का होना, चक्कर आना, सिर में तेज दर्द, उबकाई आना, पसीना आना, कैम्प (मरोड/ऐंठन) और कभी-कभी मूर्छा (बेहोशी) आना प्रमुख है इसके लिये तुरन्त चिकित्सक की सलाह लें। घरेलू / पालतू जानवरों को छायादार स्थानों पर रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी पीने को दें। गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों व बुजुर्गों की विशेष देखभाल करें। उन्होंने क्या न करे के सम्बंध में बताया कि धूप में खड़े वाहनों में बच्चों एवं पालतू जानवरों को न छोडे, दिन के 11 बजे से 3 बजे के बीच बाहर न निकले, गहरे रंग के भारी एव तंग वस्त्र पहनने से बचें, खाना बनाते समय कमरे के दरवाजे के खिडकी एवं दरवाजे खुले रखें।

### बहजोई में ज़िलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा होनहार छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**संभल अवधनामा संवाददाता।** बहजोई में ज़िलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा होनहार छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित किया गया। इंटर व हाईस्कूल परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले जनपद संभल के होनहार छात्र छात्राओं को आज बहजोई में आयोजित एक कार्यक्रम में ज़िलाधिकारी महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय व मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा सम्मानित कर हौसला अफ़ज़ाई की गई। उसी कार्यक्रम में हादिया अब्बास को भी हाईस्कूल परीक्षा में अच्छे प्रदर्शन के लिए मेडल और सर्टिफिकेट से नवाज़ा गया। न्यू सत्यम एकेडमी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं के द्वारा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

### चौरी चौरा एक्सप्रेस के पहिए में अचानक लगी आग

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर से अनवरगंज कानपुर जाने वाली 15004 अप चौरीचौरा एक्सप्रेस ट्रेन के पहिए में भरवारी रेलवे स्टेशन के पास अचानक धुंआ उठने और आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। आग लगने से यात्रियों में भगदड़ मच गई,ट्रेन जैसे ही भरवारी रेलवे स्टेशन पर रुकी, यात्री कूदकर भागने लगे लोको पायलट ने भरवारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका तो तत्काल आरपीएफ के जवान और रेल कर्मचारी पहुंचे और सीज फायर का प्रयोग कर आग बुझाने में जुट गए,लगभग आधा घंटे से अधिक की कड़ी मशक्कत के बाद आग बुझाई गई और लगभग एक घंटे बाद ट्रेन को भरवारी से रवाना कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक चौरी चौरा एक्सप्रेस ट्रेन प्रयागराज से चलकर जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी रेलवे स्टेशन के पास पहुंची रास्ते में ट्रेन के लोको पायलट ने ट्रेन की बोगी के नीचे से धुँवा उठता हुआ देखा,लोको पायलट ने इसकी सूचना भरवारी रेलवे स्टेशन को दी और ट्रेन को भरवारी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर रोक दिया। हालांकि ट्रेन का भरवारी रेलवे स्टेशन पर प्रतिदिन स्टॉपेज निर्धारित है। ट्रेन जैसे ही भरवारी रेलवे स्टेशन पर रुकी रेलवे के एएसएम और आरपीएफ कर्मचारी सीज फायर लेकर पहुंचे और पहिए में उठ रहे धुंवे और आग को बुझाने में जुट गए,आधा घंटे से अधिक का समय लगा और आग पर काबू पा लिया गया।

## शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराए मतदान

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** रिटर्निंग अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने कलैक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 के मतगणना कार्मिकों का ई.टी.पी.बी., पोस्टल वैलेट की मतगणना में लगे कार्मिकों के प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि आपको लोकसभा सामान्य निर्वाचन का सबसे महत्वपूर्ण मतगणना का कार्य सुचिता, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न करने का दायित्व निभाना है, आप सबने पूर्व में भी कई निर्वाचनों में मतगणना संबंधी कार्यों का सकुशल निर्वाहन किया है, आप सब पूरी तन्मयता के साथ निष्पक्ष रहते हुए गणना का कार्य संपन्न करायें, अभिकर्ताओं का विश्वास आपके ऊपर बना रहे, गणना के दौरान ऐसा कोई कृत्य न किया जाए, जिससे आपकी सत्य-निष्ठा, निष्पक्षता पर किसी को संदेह हो। उन्होने सहायक रिटर्निंग अधिकारियों से कहा कि मतगणना से पूर्व मतगणना की गोपनीयता बनाये रखने के निर्देश मतगणना हॉल में उपस्थित कार्मिकों, अभिकर्ताओं, अन्य व्यक्ति जो निर्वाचन में मतों को अभिलिखित करने या उनकी गणना करने का कर्तव्य निभा रहा हो, उसे मतदान की गोपनीयता बनाये रखने, कोई जानकारी किसी व्यक्ति को न देने के सम्बन्ध में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा-128, उप धारा 01 को पढ़कर सुनाया जाये, मतगणना कार्य में लगा कोई कर्मी, अभिकर्ता उप धारा-01 के उपबन्धों का उल्लघंन करेगा तो वह कारावास से जिसकी अवधि 03 माह की हो सकती है या जुर्माना या दोनो से दण्डनीय होगा। श्री सिंह ने कहा कि पोस्टल बैलेट की गणना के कार्य में लगे सभी अधिकारी पूरे आत्मविश्वास के साथ निष्पक्ष रहकर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए अपने कार्य को अंजाम दें, पोस्टल-बैलेट की गणना से पूर्व उपस्थित गणना अभिकर्ताओं को गणना प्रक्रिया के बारे में पूरी तरह जानकारी दें।

### आसमान से बरस रही आग

**अमेठी।** जिले में आसमान से आग बरस रही है बुधवार को तापमान 46 डिग्री के पार रहा। भीषण गर्मी और तेज धूप के कारण जनजीवन बेहाल हो गया है। नौतपा चल रहा है जिसमें सूर्य से निकलने वाली तेज किरणों से धरती तपने लगती है नौतपा 24 मई से लेकर 1 जून तक रहने वाला है। यानी पूरे 9 दिनों तक सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी पर पड़ेंगी। प्रचंड गर्मी और कड़ी धूप अपने शबाब पर है आसमान से आग बरस रही है तपती सड़कों पर आवागमन दुश्वार हो गया है। सड़कें आग उगल रही हैं जिसकी तपिश में राहगीर झुलस रहे हैं।चिलचिलाती धूप और गर्म हवाओं ने जनजीवन बेहाल कर दिया है।पिछले कुछ दिनों से चल रहे लू के थपेड़े राहगीरों को झुलसा रहे हैं।चिलचिलाती धूप भीषण गर्मी और लू से जन जीवन त्रस्त है।सड़कें आग उगल रही है सुबह 9 बजे के बाद से शाम के 6 बजे तक सड़कों पर निकलना दूभर हो गया है। गर्म हवा और लू के थपेड़े राहगीरों को बेहाल करने लगे हैं।

## दो युवकों ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर जीवनलीला को किया समाप्त

**अवधनामा संवाददाता**




**उरई (जालौन)।** बचपन से एक ही जगह रहकर पले बढ़े दो युवकों ने देर रात एक साथ विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया और इसकी जानकारी उन्होंने स्वयं ही परिजनों को भी दे दी। जिसके बाद मौके पर पहुँचे परिजनों ने उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया एवम रिफर किये जाने पर हायर सेंटर ले जाने का प्रयास किया, लेकिन दोनों की मृत्यु हो गई।

रात्रि लगभग 10 बजे कालपी नगर के निवासी युवक बालेन्द्र और अमन वर्मा ने अज्ञात कारणों के चलते नगर में ही स्थित कर्बला मैदान में बैठकर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। बालेन्द्र ने अपने घर फोन कर विषाक्त पदार्थ के सेवन की बात भी बताई। जानकारी होने पर उसके परिजनो ने अमन के परिजनों को जानकारी दी और दोनों के परिजन नगर के बाहर कर्बला मैदान में उन्हें ढूढँने पहुंच गये जहां पर दोनों युवक बेहोशी की हालत में मिले। जिन्हें आनन फानन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कालपी लाया गया, जहां हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने दोनों को रिफर कर दिया। जिस पर परिजन उन्हें मेडिकल कालेज उरई ले गए थे लेकिन तब तक देर हो चुकी थी और अंततः दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक दोनों युवकों की मौत प्रथम दृष्ट्या विषाक्त के सेवन से ही प्रतीत हो रही है हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। भले ही अमन वर्मा और बालेन्द्र पाल की बचपन से शुरू हुई उनकी दोस्ती मिशाल बन गई है। परिजनों और उनके जानने वालों के मुताबिक दोनों में गहरी दोस्ती थी।बालेन्द्र ने फेसबुक पर स्टेटस लगाकर किया था मौत को गले लगाने का इशारा।

### शमशाबाद चौकी इंचार्ज को युवको ने पीटा

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के शमशाबाद चौकी इंचार्ज दारोगा को युवको ने कार से साइड नहीं देने पर जमकर पिटाई कर दी,पिटाई से घायल दारोगा ने थाना पुलिस को बुलाकर आरोपी युवको को गिरफ्तार करा दिया है। थाना पुलिस ने मामले मे आरोपी युवको से पूंछ-तांछ शुरू कर दी है। वही दूसरी तरफ दरोगा को मेडिकल परीक्षण के लिए मेडिकल कालेज मंझनपुर भेजा गया है। घटना मंगलवार की शाम लगभग 8 बजे की है मंझनपुर के गड़रियन का पूरा कस्बे मे चौकी प्रभारी शमशाबाद अनुमान मिश्रा व कस्बे के कुछ युवको के बीच कहासुनी हो गई। विवाद सड़क पर चल रही कार से साइड न मिलना बताया जा रहा है। युवको ने दारोगा की कार से पास न मिलने पर उन्हे अपशब्द कहना शुरू कर दिया बताया जा रहा है कि चौकी प्रभारी ड्यूटी खत्म कर सिविल ड्रेस मे कमरे में जा रहे थे। इसी बीच आरोपी युवक बिना कुछ सोचे समझे दारोगा पर हमलावर हो गए। मारपीट की घटना मे दारोगा को काफी छोटे आई है। पिटाई से घायल हुए दारोगा ने आरोपी युवको को पकड़ लिया। थाना पुलिस को मौके पर बुलाकर उन्हे कस्टडी मे दे दिया। थाना पुलिस ने आरोपी युवको से पूंछ-तांछ कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवको का कहना है कि दारोगा जान बूझ कर कार नहीं हटा रहे थे। कहने पर उन्हे कार चढ़ा कर मारने की धमकी दी।

# आरटीओ प्रशासन अयोध्या ने समीक्षा कर राजस्व पूर्ति के दिए निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** परिवहन आयुक्त महोदय के निर्देशों के क्रम में राजस्व की शत प्रतिशत पूर्ति के प्रयास निरन्तर किये जा रहें हैं इसलिए लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की व्यस्तता के बीच राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति हेतु सजग रहने के निर्देश वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर आरटीओ (प्रशासन) सुश्री ऋतु सिंह द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अयोध्या, अम्बेडकनगर , सुल्तानपुर, बाराबंकी ,अमेठी को दिए। साथ ही समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), मालकर अधिकारी को निरन्तर पत्र द्वारा बिना परमिट, बिना यात्री फिटनेस, निजी वाहनों के व्यवसायिक प्रयोग एवं कर बकाया वाहनों के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। समीक्षा में विभिन्न जिलों के सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी द्वारा बतायी गयी सूचना के अनुसार 1562 मांग पत्र की नोटिस प्रेषित की गयी तथा राजस्व परिषद की वेबसाइट पर 5570 वसूली पत्रों को फीड किया गया है।अधिकारियों के साथ-साथ कर्मचारियों की निरन्तर बैठक कर समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि यात्री वाहनों के वाहन स्वामी एवं



माल वाहनों के वाहन स्वामियों को कर जमा करने हेतु प्रतिदिन डोर-टू-डोर जिला प्रशासन के अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ समन्वय करते हुए सम्पर्क किया जाए एवं दूरभाष से भी सम्पर्क करें। साथ ही सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक) को एवं समस्त सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी को बिना फिटनेस वाहनों, पंजीयन समाप्त वाहनों, आयु सीमा पूर्ण कर चुके चुके वाहनों को नोटिस भेजने, प्रपत्र अद्यतन वैध कराने के निर्देश दिए गए एवं समर्पित वाहनों का स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए। आरटीओ द्वारा बताया गया कि जो वाहन स्वामी निर्धारित समयावधि में कर जमा नहीं कराते हैं उनके विरूद्ध कर की वसूली भू-राजस्व की भाँति की जायेगी अतः कर जमा करायें। सभी वाहन स्वामी अपना कर घर बैठकर parvihan.gov.in पर जा कर ऑन लाइन माध्यम से कर जमा कर सकते हैं इसके लिए

# डेढ़ साल बाद बड़ा गन्ना मिल चालू किया जायेगा: अमित शाह



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** स्थानीय पंडित जवाहरलाल नेहरू पीजी कालेज में बुधवार को देश के गृहमंत्री चुनावी सभा को संबोधित किए। जिसमें वह बीजेपी प्रत्याशी पंकज चौधरी के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा और घोटाले की सरकार बताया। गृहमंत्री अमितशाह ने सबसे पहले जनपद के मंदिरों का नाम लेकर आशीर्वाद लेने के बाद इंडिया गठबंधन पर हमलावर हो गए। उन्होंने कहा कि सपा के सरकार में सहारा का घोटाला हुआ था। उन्होंने कहा कि राहुल बाबा 40 और अखिलेश यादव 4 सीट पर सिमटने वाले हैं। 4 जून को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दोनों लोग ईवीएम पर ठीकरा फोड़ने वाले हैं। उन्होंने महराजगंज के गन्ना किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए चुनाव के डेढ़ साल बाद ही एक बड़ा चीनी मिल स्थापित करने का घोषणा किया। उन्होंने कहा कि भारत पाकिस्तान के एटम बम से नही डरता पाकिस्तान काबिज कश्मीर को लेकर रहेंगे। इस दौरान मंच पर बीजेपी प्रत्याशी पंकज चौधरी, जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, विधायक प्रेम सागर पटेल, जयमंगल कनौजिया, ज्ञानेंद्र सिंह, ऋषि त्रिपाठी, बजरंग बहादुर सिंह, सहित काफी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बड़ा चीनी मिल चालू करने का किया वायदा

चुनावी सभा संबोधन करने के दौरान गृहमंत्री अमित शाह ने चीनी मिल चालू करने का भी वायदा किया। उन्होंने कहा कि जनपद में चार चीनी मिल थी लेकिन बसपा की सरकार ने उन्होंने निजी हाथों में सौंप दिया। उन्होंने कहा कि जनपद गन्ना किसानों के लिए जाना जाता है सरकार बनने के ढेड़ साल के अंदर ही तीन चीनी मिल के बराबर एक चीनी मिल चालू कराया जाएगा।

## पंकज चौधरी सबसे अनुभवी सांसद

गृहमंत्री अमितशाह ने बीजेपी प्रत्याशी पंकज चौधरी की खूब तारीफ की। उन्होंने कहा कि पंकज चौधरी सबसे अनुभवी सांसदो में से एक है ऐसा सांसद दिया लेकर खोजने पर भी नही मिलेगा। उन्होंने कहा कि जब जनपद की बात होती तो वह लड़ाई करने पर भी उतारू हो जाते हैं। जनपद कई सड़कों को उन्होंने लड़कर पास कराया हैं। उन्होंने कहा कि एमपी आप बनाइए बड़ा मंत्री हम बनाएंगे।

# जीवन का मूल उद्देश्य हो लोगों की सेवा करना: डॉ0 देवेशाचार्य

**अयोध्या।** मां अन्नपूर्णा सेवा संस्थान द्वारा ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार के परिपेक्ष्य में चिलचिलाती धूप मे राहगीरों व श्रद्धालुओ को राहत देने के उद्देश्य से राम पथ निकट हनुमान गढ़ी पर शर्बत वितरण किया गया। वितरण में करीब बारह हज़ार श्रद्धालुओ ने शर्बत पीकर राहत का सांस ली। शर्बत वितरण शिविर का शुभारंभ पूज्य संत डॉ देवेशाचार्य जी महाराज व राष्ट्रीय स्तर के राम कथा मर्मज्ञ सूरज कृष्ण जी ने वैदिक मंत्रों के साथ हनुमान जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस मौके पर डॉ देवेशाचार्य जी ने कहा कि इस भीषण गर्मी व तपन में यह शर्बत अमृत तुल्य है और समाज सेवियों को ऐसे कार्यों के लिए आगे आना चाहिए। समाजसेवी व अन्नपूर्णा रसोई के प्रबंधक राजेश चौबे ने कहा कि संस्था का उद्देश्य लोगों की सेवा करना है और संस्था इस दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

# शटर तोड़कर 02 दुकानों से लाखों का सामान उठा ले गये चोर




**नवाबगंज (गोंडा)** थाना क्षेत्र के बल्लीपुर गांव में नवाबगंज-कर्नलगंज मार्ग के बगल स्थिति 02 दुकानों के शटर का ताला तोड़कर बेखौफ चोर लाखों का सामान उठा ले गये ।पीड़ित दुकानदारों ने तहरीर दी है। बल्लीपुर गांव के रामपुर चौराहे पर लाल सिंह की कई दुकाने स्थित हैं उन्ही दुकानों में एक दुकान में किराये पर शिवम पांडे पुत्र प्रभाकर पांडे निवासी मौहारी थाना नवाबगंज ने इलेक्ट्रॉनिक एवं मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है और एक अन्य दुकान किराए पर लेकर योगेन्द्र पांडे पुत्र रमापति पांडे निवासी मौहारी थाना नवाबगंज ने खाद-बीज एवं पेस्टीसाइड का काम करते हैं। योगेन्द्र ने बताया कि मंगलवार की देर शाम दोनों दुकानदार दुकान बंद कर घर चले गए थे। रात में अज्ञात चोरों ने दोनो दुकानों का शटर तोड़कर लाखों का सामान पार कर दिया, इस चोरी की घटना में शामिल चोर इतने बेखौफ थे कि ट्रैक्टर-ट्राली लगाकर चोरी का सारा सामान उठा ले गये। पीड़ित योगेन्द्र ने बताया कि सुबह गाँव के ही रहने वाले राजेश ने बताया कि दोनों दुकानों में चोरी हो गई है। सूचना मिलने पर जब दुकान पर पंहुचे तो देखा की शटर टूटा हुआ है और दुकान में से 11 बोरी यूरिया, 10 बोरी डीएपी, धान के बीज, 02 पैकेट पेस्टीसाइड, 01 बोरी चरी के बीज और छिड़काव करने की मशीन चोरी हो गई है। वहीं शिवम ने बताया कि उसकी दुकान से छत वाले 12 पंखे, 04 फर्राटा पंखे, रिपेयरिंग के लिए रखे 05 पुराने फर्राटा पंखे, इलेक्ट्रॉनिक तार के बंडल, हेडफोन 10000 रुपए नगद, मोबाईल बनाने की मशीन सहित लाखो का सामान चोरी हो गया है। इस संबध में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की जा रही है, मुकदमा दर्ज किया गया है जल्द ही घटना का अनावरण कर दिया जायेगा। पीड़ित योगेन्द्र ने बताया कि कुछ माह पहले बगल में स्थित मानसिंह की दुकान में भी इसी तरह चोरी हुई थी। उन्होंने बताया कि सुबह 07 बजे तहरीर देने के घंटों बाद तक कोई भी पुलिस कर्मी मौके पर नहीं पंहुचा। दोपहर में प्रभारी निरीक्षक मौके पंहुचे ।

# डीएम नेहा शर्मा ने राजस्व निरीक्षक के खिलाफ जारी किए कार्यवाही के आदेश

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने नियम विरुद्ध वरासत दर्ज किए जाने के एक प्रकरण में संबंधित राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्यवाही के आदेश बुधवार को जारी कर दिए हैं। जनसुनवाई में सामने आए एक प्रकरण की जांच पर खुलासे के बाद यह कार्यवाही की गई। उप जिलाधिकारी सदर को प.क.11 के निरस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित कर तत्काल अवगत कराने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही, न्यायालय में लम्बित प्रकरण में 15 दिन में निस्तारण करने के भी आदेश दिए गए हैं। बता दें, बीती 24 मई को जनसुनवाई के दौरान चिस्तीपुर निवासी अरमान ने जिलाधिकारी के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की थी। अरमान ने बताया कि उसके पिता नसीर गाटा संख्या 229, 133 के मालिक थे। नसीर की मृत्य के बाद अरमान और उसके भाई इरफान के नाम वरासत दर्ज की गई। यह जून 2022 में दर्ज कर दी गई थी। अरमान ने आरोप लगाए कि वरासत दर्ज होने के बावजूद राजस्व निरीक्षक/लेखपाल ने साजिश कर एक दूसरा प.क.11 दर्ज करा दिया। जबकि, उपरोक्त प्रकरण में एक वाद पहले ही न्यायालय नायब तहसीलदार गोण्डा के समक्ष विचाराधीन है। जिलाधिकारी के आदेश पर उपजिलाधिकारी सदर अवनीश त्रिपाठी ने जांच की। जांच में शिकायत की पुष्टि होने पर जिलाधिकारी ने संबंधित राजस्व निरीक्षक के खिलाफ कार्यवाही के आदेश जारी कर दिए हैं। संबंधित राजस्व निरीक्षक को प्रतिकूल प्रवष्टि जारी करने के आदेश दिए गए हैं। उपजिलाधिकारी सदर को प.क.11 के निरस्तीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित कर तत्काल अवगत कराने के आदेश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने साफ किया है कि इस तरह के प्रकरणों को किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा।

# ई रिक्शा चालक ने बुजुर्ग को रौंदा, इलाज के दौरान हुई मौत

**जैदपुर बाराबंकी।** तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चला रहे ई रिक्शे की टक्कर से एक बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। जिसकी शिकायत पत्नी के जैदपुर थाने में करने पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी गयी है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही ई रिक्शों की संख्या के कारण आये दिन कोई न कोई हादसे के साथ लोगों की मौत हो जाने के मामले भी प्रकाश में आते हैं। वहीं आज फिर एक ई रिक्शा चालक की लापरवाही के चलते कस्बे के मोहल्ला अली अकबर कटरा निवासी छेदा नामक बुजुर्ग को सिधौर मार्ग की ओर से ई रिक्शा चालक नारेन्द्र ने जोरदार टक्कर मारी जिससे बुजुर्ग गम्भीर रूप से घायल हो गया। उक्त आरोप घायल की पत्नी छेदा ने लगाते हुये बताया कि मेरे बुजुर्ग पति शाम को सेविंग कराने गये थे। वापस घर आते समय सिधौर रोड से तेज रफ्तार में लापरवाही पूर्वक ई रिक्शा चालक नारेन्द्र निवासी मूर्लीगंज थाना जैदपुर ने जोरदार टक्कर मार दिया जिनकी हालत गंभीर देख उपचार हेतु बाराबंकी भेजा गया है। जैदपुर पुलिस द्वारा चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल जारी है?। वहीं एक ई? रिक्शा चालक की लापरवाही के चलते एक माह पूर्व में मोहसिन खान पुत्र शोहराब की भी मौत होने पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कार्यवाही की थी।

# गंदा पानी भर जाने को लेकर राजकीय वाहन चालक संघ ने सीएमएस से की शिकायत

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** राजकीय वाहन चालक संघ चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण जिला चिकित्सालय अयोध्या राजकीय चालक संघ के स्टाफ रूम की लैट्रिन में स्टाफ रूम के पीछे से गंदा पानी के आने से लैट्रिन की सीट में गंदा कचरा जम गया है जिला चिकित्सालय जिससे वाहन चालक को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और वाहन संचालक संघ के कर्मचारियों द्वारा इसकी शिकायत जिला मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अयोध्या को दी गई थी। जिला अस्पताल के प्रांगण में वाटर कूलर सप्लाई लगाई गई है वाटर कूलर सप्लाई में पानी ही नहीं आ रहा है जिससे मरीजों और तीमारदार को पीने का पानी ठंडा मशीन से लेने में बड़ी परेशानी हो रही है वहीं नगर निगम नगर निगम द्वारा लगाया गया वाटर कूलर पराग डेयरी के बगल रिकाबगंज अयोध्या में पीने का पानी मशीन लगा है वह भी गर्म पानी ही मशीन से निकल रहा है इस गर्मी में नगर निगम की लापरवाही और जिला चिकित्सालय की लापरवाही साफ दर्शा रही है की कि भाजपा सरकार में नगर निगम का निर्माण कार्य कुशलता झूठा साबित हो रहा है निगम व चिकित्सालय के अधिकारियों की ईश्वर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जहां पर हजारो की संख्या में लोग आते जाते रहते हैं अपनी प्यास बुझाने के लिए 20 रुपए की पानी की बोतल खरीद कर अपनी प्यास को बुझाते हैं तीमारदार और राहगीर ऐसे में निगम द्वारा लगाए गए जिला के चिकित्सालय में लगाएंगे वाटर कूलर और सड़क पर नगर निगम द्वारा लगाए गए वाटर कूलर वाटर कूलर मानो जैसे हाथी के दांत जैसे हैं खाने के और दिखाने के और नगर निगम और जिला चिकित्सालय अयोध्या दोनों एक प्रारूप बनकर रह गया है।




## भारत रत्न मिलना ही किसान मसीहा को सच्ची श्रद्धांजलि: विश्वेषनाथ मिश्र सुड्डू

**अयोध्या।** पुण्य तिथि पर चौधरी चरण सिंह को याद कर रालोद के कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया इनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। बुधवार को चौधरी चरण सिंह की 37 वीं तिथि के अवसर पर चौधरी चरण सिंह रौनाही पंप कैनाल पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बोलते हुए रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेषनाथ मिश्र सुड्डू ने कहा भारत रत्न मिलना ही किसान मसीहा को सच्ची श्रद्धांजलि है। इसे देकर भारत सरकार ने किसानों का सम्मान बढ़ाया है। किसानों के विकास में चौधरी चरण सिंह जी का योगदान ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि आजाद हिन्दुस्तान में चौधरी साहब ही एक मात्र ऐसे नेता थे जिन्होंने किसानों की मदद किया और कानून बना कर गांव गरीब किसान की मजबूती के लिए लड़ाई लड़ी।

# चोरी की तीन बाइक के साथ एक गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पनियरा पुलिस ने बुधवार को चोरी की तीन मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी के पास से एक देशी तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ हैं। पनियरा पुलिस ने बताया कि जंगल बाकी टुकड़ा नम्बर 14 से बुधवार को भिटौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत बरियारपुर निवासी 45 वर्षीय जमशेद अंसारी को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। गिरफ्तार आरोपी के पास से चोरी की दो बजाज डिस्कवर और एक बजाज सिटी बाइक को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पास से एक 12 बोर का देशी तमंचा और जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया हैं। गिरफ्तारी करने वाले टीम में थाना प्रभारी निर्भय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक राजकुमार, प्रदीप सिंह, पंकज सिंह और रणजीत कुमार सिंह मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटकी मिली युवक का लाश, हत्यारों की तलाश में जुटी पुलिस

*अवधनामा संवाददाता*

**फतेहपुर-बाराबंकी।** मंगलवार की रात खेत मे पानी लगा रहे 30 वर्षीय युवक की हत्या के बाद हत्यारों ने लाश को पेड़ से लटका दिया। युवक की खोजबीन में जुटे परिजनों को सोमवार की सुबह जब युवक की लाश मिली तो कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर एसपी ने घटनास्थल के निरीक्षण के बाद मामले के खुलासे के लिए कई टीमो का गठन कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मदपुर खाला थाना अंतर्गत उतरावां गांव निवासी नीरज कुमार (30) पुत्र छंगा मंगलवार को अपने बड़े भाई मीनू व छोटे भाई सूरज के साथ खेत मे पानी लगा रहा था। देर शाम मीनू व सूरज तो घर चले गए, लेकिन नीरज थोड़ी देर में घर आने की बात कहकर खेत मे ही रुक गया। काफी रात तक नीरज के घर न पहुँचने पर जब परिजनों ने उसके मोबाइल पर फ़ोन लगाया तो मोबाइल बंद बता रहा था। जिसके बाद किसी अनहोनी की आशंका में परिजन ने नीरज की खोजबीन शुरू कर दी। बुधवार की सुबह गांव से थोड़ी दूर स्थित मक्के के खेत मे खून से सने नीरज के कपड़े व चप्पल मिलते ही हड़कंप मच गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब छानबीन करी तो मक्के के खेत से करीब 300 मीटर दूर स्थित एक पेड़ पर नीरज का शव लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही एसपी दिनेश कुमार सिंह व सीओ फतेहपुर डॉक्टर बीनू सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मृतक के परिजनों से पूछताछ की। एसपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह स्पष्ट तौर पर हत्या का मामला है। परिजन हालांकि किसी पर शक नही जता रहे हैं।



## तीन भाई में दूसरे नंबर पर था मृतक

मृतक नीरज तीन भाई थे। पहले नंबर पर मीनू रावत, दूसरे नंबर पर मृतक नीरज तो तीसरे नंबर पर सूरज था। वहीं दो बहनें थीं। सबसे बड़ी बहन रीना व चौथे नंबर पर हेमा है। सभी ई शादी हो चुकी है।

## बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

मृतक की शादी दस वर्ष पूर्व 2014में प्रीति के संग हुईं थी। तो मृतक नीरज के दो बच्चे हैं। इसमें सबसे बड़ी बेटी छह वर्ष की अन्नया है, तो चार साल का बेटा पीयूष है।

## मंगलवार की सुबह आया था घर

मृतक नीरज जम्मू कश्मीर स्थित कटरा में साथियों के संग माता वैष्णो देवी के दर्शन कर मंगलवार की भोर घर वापस आया था। उसके बाद खेत में लगी मेंथा फसल की सिंचाई भी की थी। शाम को कुछ बच्चे सरकारी स्कूल के पास खेल रहे थे। जहां वह अंतिम बार खड़ा देखा गया था।

# कायस्थ महासभा महिला की वंदना बनी महामंत्री तो स्वेता उपाध्यक्ष



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** नगर के धनोखर चक्रतीर्थ सरोवर स्थिति भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महिला जिलाध्यक्ष श्रीवास्तव शिम्पी श्रीवास्तव के संयोजन व प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव प्रस्तुत कर महिला जिला कार्यकारणी घोषित की गई। श्रीमती वंदना श्रीवास्तव को महामंत्री व श्रीमती स्वेता श्रीवास्तव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं नीता श्रीवास्तव को जिला उपाध्यक्ष घोषित किया गया। प्रमुख वक्ता सुभाष श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष राजीव श्रीवास्तव, विनय श्रीवास्तव ने संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय बिना मातृ शक्ति की सहभागिता के कोई भी संगठन अपूर्ण है।

अतः अब अखिल भारतीय कायस्थ महासभा और अधिक सृजनशीलता के साथ संगठन का विस्तार व सामाजिक सरोकारों को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगी। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अंबरीष श्रीवास्तव ने किया तथा स्वागत अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव द्वारा किया गया।

# भाजपा नेता के काफिले की स्कोर्ट गाड़ी से दो की मौत



*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** करनैलगंज हुजूरपुर मार्ग पर बुधवार की सुबह बाइक सवार वकों को रौंदने वाली पुलिस एस्कॉर्ट लिखी फार्च्यूनर कार नंदिनी नगर इंस्टीट्यूट के नाम पर पंजीकृत है। यह इंस्टीट्यूट भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का है। कार का इंश्योरेंस वर्ष 2022 में ही खत्म हो चुका है जबकि प्रदूषण प्रमाणपत्र भी वर्ष 2021 से नहीं बनवाया गया है। कर्नलगंज कोतवाली क्षेत्र के कर्नलगंज हुजूरपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप छतईपुरवा गांव के समीप बुधवार की सुबह पुलिस एस्कॉर्ट लिखी तेज रफ्तार एसयूवी करने बाइक सवार दो युवकों को ठोकर मार दी। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद एसयूवी सवार लोग कार छोड़कर भाग निकले।मौके पर पहुंचे आक्रोशित ग्रामीणों ने पथराव कर कार को क्षतिग्रस्त कर दिया है। मृतकों की पहचान निंदूरा गांव के रहने वाले रेहान और शहजादे के रूप में हुई है हादसे में छितईपुरवा गांव की रहने वाली एक महिला भी घायल हुई है। उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# भाकियू ने सारंग गैस प्लांट में हादसे मारे गए युवक को आर्थिक सहायता देने की माँग

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** सफेदाबाद स्थित सारंग गैस प्लांट में बीते दिनों गैस फैक्ट्री में हुए विस्फोट में जान गवांने वाले मजदूर का परिवार आज टूट चुका है।दो सप्ताह बीते जाने के बाद भी फैक्ट्री प्रबंधन की तरफ से मृतक मजदूर के परिवार को कोई आर्थिक सहायता न दिए जाने से नाराज भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला और परिवार की व्यथा बताई और ज्ञापन देकर तत्काल आर्थिक सहायता देने के साथ ही फैक्ट्री मालिक और उसके प्रबंधन पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। गौरतलब रहे कि बीते 13 मई को सफेदाबाद स्थित सारंग गैस प्लांट में लापरवाही के चलते हुए भीषण विस्फोट में मनेरा थाना सतरिख निवासी लालजी यादव पुत्र राम खेलावन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी थी।मृतक अकेला अपने



परिवार का रोटी अर्जक था।उसके परिवार में पत्नी सरिता व दो नाबालिग पुत्रियां व एक पुत्र है।परिवार का मुख्य सहारा छिन जाने से परिवार को खाने को भी लाले हैं।बच्चो की शिक्षा व भविष्य में बेटियों की शादी को लेकर पत्नी ग़मज़दा है।दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी फैक्ट्री मालिक एवं उसके प्रबंधन की तरफ से पीड़ित परिवार को अभी तक कोई भी आर्थिक सहायता नहीं दी गयी।जिसके लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा ने आज से संगठन पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकरी से मिलकर ज्ञापन देते हुए पीड़ित परिवार की समस्याओं से अवगत कराया और ये मांग की फैक्ट्री मालिक व उसके प्रबंधन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए।

## बेटियों की शादी का जिम्मा उठाएगी भाकियू

फैक्ट्री में हुए गैस विस्फोट में जान गंवाने वाले मृतक लालाजी यादव की दोनों नाबालिग बेटियां,काजल और सेजल जब शादी योग्य हो जाएंगी तो उनके हांथ पीले करने का जिम्मा भारतीय किसान उठाएगी।भाकिऊ जिलाध्यक्ष अनुपम वर्मा ने बताया कि पिता की मौत के बाद परिवार बेसहारा हो गया है घर मे कोई कमाने वाला नही है इसलिए भाकियू पीड़ित परिवार का सहारा बनेगी और सामाजिक जिम्मेदारी को निभायेगी।

# डीएम के आदेश पर मदरसा सुबह 7 से 11 बजे तक चलेगा

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा जारी आदेशानुसार जनपद बाराबंकी सहित सम्पूर्ण उत्तर भारत में तापमान में वृद्धि एवं लू-प्रकोप (हीट वेव) की प्रबलता तथा मौसम विभाग द्वारा भी हीट वेव के सम्बन्ध में दी गई चेतावनी के दृष्टिगत जनपद के समस्त राज्यानुदानित/ मान्यता प्राप्त मदरसों में शिक्षण अवधि प्रातः 07ः00 बजे से प्रातः 11ः00 बजे तक अग्रिम आदेशों तक निर्धारित की गई है।

इसके साथ ही मदरसों में मध्यान्ह भोजन के साथ-साथ शुद्ध पेयजल एवं ओआरएस के साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता प्रत्येक दशा में सुनिश्चित करने और आउटडोर गतिविधियां मसलन खेल-कूद आदि संचालित करने से परहेज करने के भी आदेश दिए गए हैं।

# संविधान रहेगा तो देश बचेगा: सुप्रिया श्रीनेत

अवधनामा संवाददाता




**महराजगंज।** कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता व मीडिया सेल की चेयर पर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को महराजगंज लोकसभा क्षेत्र के बृजमनगंज कस्बे में एक जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के अपार जन समर्थन से 4 जून को भाजपा के कुशासन से मुक्ति मिल जाएगी।

कश्मीर से कन्याकुमारी तक इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है। भाजपा चाहती है कि संविधान के टुकड़े-टुकड़े करके उसको रद्दी की टोकरी में डाल दें। लेकिन हम इंडिया गठबंधन वालों ने ठान लिया है, चाहे वह राहुल गांधी हो, चाहे वो अखिलेश यादव हो, कि इधर से उधर हम संविधान को होने नहीं देंगे।अपने खून से संविधान की रक्षा करेंगे क्योंकि यह संविधान है तो हम और आप हैं, यह संविधान है तो यह देश बचा रहेगा। गरीब के पास एक ही वोट है, उस एक वोट की ताकत आपको इस देश के संविधान ने दिए हैं।किसी भी जाति के हों, आप पिछड़े हों, आदिवासी हों, अगर हिंदू हों, मुसलमान, सिक्ख हो कोई फर्क नहीं पड़ता। यह संविधान आपको यह ताकत देता है। यह संविधान आपका कवच बनकर खड़ा हो जाता है। इस देश की वह न्याय की धुरी है जो हर व्यक्ति के साथ न्याय करता है और यह इस देश का संविधान है। यह बाबा साहब का संविधान है। उन्होंने मंहगाई पर वार करते हुए कहा कि एक गाना बजता था 2014 में सखी सैंया तो खूब कमात है महंगाई डायन खाए जात है। अब वह गाना बदल दीजिए। आप 45 साल के बाद की सबसे ज्यादा बेरोजगारी के दौरा से गुजर रहे हैं। आज प्रधानमंत्री 10 साल बाद रोजगार की बात नहीं करते हैं। वह महंगाई की बात नहीं करते हैं। वह मणिपुर की बात नहीं करते हैं।वह महिलाओं की बात नहीं करते हैं। किसानों की नहीं करते हैं। मजदूरों की नहीं करते हैं। हासिए पर पड़े लोगों की नहीं करते हैं।वह नहीं करते तो क्या हुआ हम करेंगे और हमको सब करके दिखाएंगे। जिसके लिए आप इंडिया गठबंधन को चुने जा रहे हैं और यह न्याय पत्र आम सहमति से बना है यह न्याय पत्र दो लोगों ने कमरे में बैठकर नहीं बनाया है। इसमें पांच स्तंभ है उसका पहला स्तंभ युवा न्याय है। 30 लाख सरकारी नौकरियां

**सखी सैयां त नईखे कामत है महगंगाई डायन खाए जात है.....**

खाली पड़ी हुई है केंद्र सरकार में, अगर वह नौकरियां भरी जाए तो हमारे यहां के लड़कों को हमारे यहां के पिछड़ो को, आदिवासियों को, दलितों को, वह नौकरियां मिलेंगी। हम अप्रेंटिसेज एक्ट के अंतर्गत आपको सालाना ?1 लाख देने जा रहे हैं। आज 73 साल का प्रधानमंत्री अपने लिए 5 साल और मांग रहा है और 24 साल के युवा से कह रहा है तुम रिटायर हो जाओ।

आप मुझे बताइए अपने टीचर, अपने डॉक्टर, अपने कंपाउंड, आपने हर नौकरी संविदा पर कर दी। क्या इस देश की राष्ट्रीय सुरक्षा संविदा पर हो सकती है?क्या इस देश की राष्ट्रीय सुरक्षा 4 साल के ठेके पर हो सकती है? क्या आप रेगिस्तान में खड़े हुए तपती धूल में खड़े हुए और सैनिक को बोल सकते हैं कि तुम चार साल में रिटायर हो जाओगे? मेरा अपना मानना है हमने मन बना लिया है हम अग्नि वीर को फाड़ कर कूड़ेदान में फेकेंगे। पेपर लीक पेपर लीक हो जाता है तो सारे घर का सपना टूट जाता है। पेपर लीक माफिया की रूह कांप जाए, पेपर लीक करने के लिए, इसलिए हम ऐसा कानून बनाने जा रहे हैं सरकार बनते ही की पेपर लीक होना असंभव हो जाएगा। किसानों हम खेती को जीएसटी से मुक्त करेंगे और सबसे बड़ी बात हम कर्ज माफी करेंगे। हम दोबारा से कर्ज माफी करने जा रहे हैं। हमारे मनरेगा का मानदेय 250 है हम उसको ?400 प्रतिदिन करने जा रहे हैं।महिलाओं को महालक्ष्मी योजना के तहत एक लाख रुपए सालाना देने जा रहे हैं।यह हमारा वादा है। नरेंद्र मोदी बदल जाते रहे हैं लेकिन हमारी सरकार बनते ही हम करेंगे यह हमारा वादा है। इस दौरान कांग्रेस के नेता विजय सिंह एडवोकेट, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रामनारायण चौरसिया, जिला उपाध्यक्ष राम प्यारे प्रसाद, पूर्व नगर पंचयात अध्यक्ष जयप्रकाश लाल बैठक को संबोधित किया।

# प्रदेश महासचिव अनीस का जोरदार स्वागत इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के लिए मांगा वोट



अवधनामा संवाददाता

**कुशीनगर।** बुधवार को प्रदेश महासिच कांग्रेस पार्टी (अल्पसंख्यक मोर्चा) का कांग्रेसियों ने जोरदार स्वागत किया. इस दौरान अनीस को लोगों ने फूल मालाओं से लाद दिया. कांग्रेस पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अनीस रजा खान अपने पदाधिकारियों व कार्यकर्त्ताओं के साथ बुधवार को दर्जनों गांवों में जाकर गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने का अपील किया।

अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव अनीस रजा खान ने बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी मजबूत स्थिति में हैं। इनको सर्व समाज का समर्थन मिल रहा हैं। भाजपा की नीतियों को अब कोई बर्दाश्त नहीं करना चाह रहा है। गठबंधन के प्रत्याशियों को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। हम सभी लोग अपने मतदाताओं के शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयासरत हैं, इसके लिए तैयारियां तेजी से चल रही हैं। उन्होंने बताया कि भाजपा की सरकार ने लोकतंत्र को खतरे में डाला है। सीबीआई-ईडी इनके एजेंट के रूप में कार्य कर विपक्षी नेताओं को टारगेट कर जबरन जेल में डाल रहे है। उन्होंने बताया कि भाजपा ने अच्छे दिन का सपना दिखाकर सत्ता हासिल की पर मोदी सरकार के बुरे दिनों ने देश की जनता को त्रस्त कर दिया। मोदी सरकार की जनता पर महंगाई की भयंकर मार के चलते पेट्रोलियम से लेकर खाद्यान्न, तेल और रसोई गैस की कीमतें तो बेतहाशा बढ़ी हैं। आवश्यक वस्तुएं भी लोगों की पहुंच से बाहर हो गई हैं। इस दौरान डॉ नादिर सलाम, जुबेर खान, आसिफ रिज़्वी, मो. सलाम रमेश पांडेय, जुमराती, रामजतन यादव, जमील खान, सुरेश शुक्ला, अनीस अहमद, जावेद, मैनुद्दीन, जय प्रकाश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मंगलवार को होगी मतगणना कार्मिको का प्रशिक्षण सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 4 जून दिन मंगलवार को मुख्यालय स्थित मण्डी समिति में मतगणना में सम्पन्न होगी। मतगणना हेतु लगाये गये कार्मिको का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में बुधवार को अम्बेडकर सभागार में सम्पन्न हुआ।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार अलग-अलग मतगणना हालों में ईवीएम की मतगणना हेतु प्रत्येक विधानसभा के लिए 14 टेबल कुल 70 टेबल बनाये गये है, जिन पर मतगणना करायी जायेगी। मतगणना हेतु लगाये गये कार्मिक मतगणना दिवस पर मतगणना हेतु निर्धारित समय प्रातः 8 बजे से दो घण्टा पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

**मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा के लिए 14 टेबल कुल 70 टेबल बनाये गये हैं**

मतगणना हाल में कोई भी सामान ले जाने की अनुमति नहीं होगी तथा कोई भी अपने साथ मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर मतगणना हाल में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना परिणाम लाउडस्पीकर से घोषित किया जायेगा, मतगणना केन्द्र से 200 मीटर की परिधि के भीतर उम्मीदवारों, उनके निर्वाचन अभिकर्ता, मतगणना अभिकर्ता मतगणना कार्मिक, सुरक्षा कर्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों/ कर्मचारियों के अतिरिक्त अन्य सभी का प्रवेश वर्जित होगा। इस अवसर पर पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, सीडीपीओ मो अरशद व अन्य संबधित उपस्थित रहे।

# आशा बहूऐ टीकाकरण एवं संस्थागत प्रसव पर दे विशेष ध्यान: डा. ओझा

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में एचबीवाईसी प्रशिक्षण के तीसरे दिन अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा के द्वारा आशा बहू को संस्थागत प्रसव फायदे, टीकाकरण के फायदे आदि विषय में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित करते हुए आशा बहू को अपने गांव में योग्य दंपत्ति का गृह भ्रमण करने के लिए निर्देशित किया। डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के दस बच्चों में से लगभग चार बच्चों का उनकी उम्र के अनुपात में वजन कम होता है।

बच्चों की लम्बाई उम्र के हिसाब से नहीं बढ़ती है। इन सब का कारण कुपोषण है। इसे ध्यान में रखते हुए छोटे बच्चों की बेहतर देखभाल के लिए एचबीवाईसी कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चों की गृह आधारित देखभाल में आशा बहू की अहम भूमिका होती है। उन्हें घर-घर जाकर पोषण संबंधी जानकारी, स्तनपान का महत्व, ऊपरी भोजन और भोजन में आवश्यक खनिज तत्वों की उपलब्धता पर तकनीकी जानकारी लोगों को देनी चाहिए।

कुमारी सुषमा द्विवेदी के द्वारा आशाओं को क्षेत्र में उच्च जोखिम युक्त गर्भवती महिलाओं का प्रसव के पूर्व एवं प्रसव के बाद समय-समय देखभाल के लिए प्रेरित किया गया तथा इस कार्य हेतु आशाओं को प्रोत्साहन राशि प्राप्त होने की जानकारी भी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारी राजीव कुमार त्रिपाठी, मेराज अहमद तथा फूल कुमारी ने आशाओं को गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, कुपोषित बच्चों का पहचान, परिवार नियोजन, पोषण, नवजात शिशुओं के देखभाल, छोटे बच्चों का गृह आधारित देखभाल आदि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान फूल कुमारी, सूर्यदेव सिंह, कुशलावती, विमलावती, सावित्री, सुमित, मानता, पुष्पा, लक्ष्मी, सुनीता, ममता आदि उपस्थित रहे।

# चार जून को बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार: शुभांगी

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी यूथ बिग्रेड की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शुभांगी दिवेद्दी ने कहा है कि 4 जून को भारतीय जनता पार्टी सता से बाहर हो जाएगी और और इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि इस बार मोदी की नही बल्कि इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है, भाजपा सरकार के जन विरोधियों नीतियों से जनता को मोह भंग हो गया है, यही कारण है कि देश की जनता ने परिवर्तन का मूड बना लिया और इंडिया गठबंधन को अपनी समर्थन दे रही है। देश भर में भाजपा के खिलाफ लोगो का गुस्सा दिख रहा है।

उन्होंने दावा किया कि इंडिया गठबंधन डुमरियागंज, बस्ती संत कबीर नगर, महराजगंज सहित पूर्वांचल की सभी सीटें जीतने जा रही है। बताते चले कि शुभांगी दिवेद्दी समाज वादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व उनकी पत्नी पूर्व सांसद डिम्मल यादव की काफी करीबी है, इस लोक सभा चुनाव में शुभांगी अपने 9 माह की बच्ची स्वर्णिमा को ससुराल में ही छोड़कर डुमरियागंज विधान सभा में पार्टी उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा के साथ मतदाताओं से दिन रात लगी रही। जब सिद्धार्थ नगर में अखिलेश यादव अपने प्रत्याशी के समर्थन में बीएसए ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करने आए थे तब उन्होंने शुभांगी को मंच पर देखकर बहुत खुश हुए और कहा कि शुभांगी जैसी कार्यकर्ताओ के बल पर ही इंडिया गठबंधन मिशन 2024 को फतह करने में सफल होगी।

## शुभांगी द्विवेदी ने पार्टी एवं प्रत्याशी का किया प्रचार

**डुमरियागंज अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा चुनाव डुमरियागंज में समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यूथब्रिगेड एवं प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता सभा श्रीमती शुभांगी द्विवेदी भारत जी ने अपनी पार्टी के प्रति जिस पर परिस्थिति में सक्रीयता एवं इमानदारी दिखाई है वह किसी भी पार्टी के लिए मिशाल है डुमरियागंज लोकसभा 60 में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी का जिस दिन नामांकन था उसके एक दिन पहले पैर में गम्भीर चोट लग गयी पैर का आपरेशन हुआ, तब भी वह लगातार क्षेत्र, प्रचार, वोटिंग के दिन बूथ यहां तक स्ट्राग रूम से लेकर मीटिंग अन्तिम दिन तक करती रही यही नहीं पूरे चुनाव भर नौ महीने की बच्ची लखनऊ ससुराल छोड़कर उन्होंने पूरी निष्ठा तक पार्टी एवं प्रत्याशी का प्रचार किया। एक निष्ठावान पार्टी के पदाधिकारी का कार्य काबिले-तारीफ है।



## स्व. चरण सिंह किसानों के मसीहा थे: सुखीलाल वर्मा



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न चौधरी चरण सिंह ने भारतमाता के धरतीपुत्रों के लिए अपना सबकुछ न्योछावर कर दिया जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सुखीलाल वर्मा जिला कांग्रेस कार्यालय पर गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे उन्होंने कहा किसानों के भूमि चकबंदी व्यवस्था और कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी सुधारों के लिए आज कृतज्ञ राष्ट्र उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।जिला कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने बताया भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत-रत्न चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि आज जिला कांग्रेस कार्यालय पर श्रद्धापूर्वक मनायी गयी समस्त कांग्रेसजनों ने चौधरी साहब के चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और गोष्ठी की जिसकी अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष सुखीलाल वर्मा और संचालन जिला उपाध्यक्ष गुलाम रसूल छोटू ने किया। गोष्ठी को जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी, उप्र कांग्रेस सोशल मीडिया महासचिव संजय तिवारी, उप्र युवा कांग्रेस महासचिव विशाल वर्मा तथा उप्र युवा कांग्रेस सचिव तौसीफ़ अहमद ने संबोधित किया। प्रमुख रूप से मस्तराम शर्मा, सुनील कुमार गौड़, राम जी वर्मा, परमानंद, चिंता हरण पांडेय, रजनीश राजभर आदि मौजूद रहे।

## मजालिस में अकीदतमंदों का उमड़ पड़ा हुजूम

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सराय चौक स्थित रौज -ए-हजरत कासिम में सालाना चार दिवसीय तब्लीग़ी मजालिस के तीसरे दिन अकीदतमंदों का हुजूम उमड़ पड़ा। महिलाओं व पुरुषों से दरगाह परिसर भरा रहा। सुबह की मजलिस को मौलाना सैयद रजी हैदर हैदरी उत्तराखंड ने खिताब करते हुए कहा कि बेसहारा, विधवा मजलूमों एवं जरूरतमंदों की खबरगीरी करने वाला व्यक्ति ही इस्लाम धर्म का सच्चा हितैषी है। उन्होंने कहा कि मन,वचन एवं कर्म से सबके हित में लगा रहने वाला व्यक्ति समाज में सम्मान का हकदार होता है। दूसरी मजलिस को मौलाना सैयद इब्ने अब्बास बाराबंकी ने खिताब करते हुए कहा कि मुल्क को नुक्सान पहुंचाने वाला व्यक्ति कभी देश का हितैषी नहीं हो सकता। मजलिस के पूर्व अंसार हुसैन,अमीर हैदर,सरवर हुसैन,अंसर जलालपुरी ने पेश ख्वानी किया। उक्त अवसर पर शमशीर अली, नज़र अब्बास,इनाम जाफरी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में सिब्ते हसन, अलमदार हुसैन, कौसर अली,जाफर मेंहदी, सैफ़ अब्बास राजू, इमरान रज़ा अली असगर सक्रिय हैं। हुसैन दिवस 30 मई को। सालाना तब्लीग़ी मजालिस के अंतिम दिन तीस मई की रात्रि में हुसैन डे पर शायरों का जमावड़ा होगा।

## पेड़ से लटकता हुआ शव, हत्या की जताई जा रही आशंका

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थाना के क्षेत्र ग्राम तालकुंडा के सिवान में एक 26 वर्षीय युवक का पेड़ से लटकता हुआ शव बरामद हुआ है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के परिजनों ने तहरीर देते हुए हत्या की आशंका जताई है। बताया जाता है कि ढेबरुआ थाना के क्षेत्र ग्राम तालकुंडा के टोला साधुआनगर निवासी जहान रज्जाक (26 वर्ष) पुत्र लाले रज्जाक अपने माता-पिता और बहन के साथ मुंबई रहता था। कहा जाता है कि वह अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। बताते है कि बीते 28 मई को वह मुंबई से अपने घर आया हुआ था। बताते हैं कि मंगलवार को दिन भर वह इधर उधर भटक रहा था। इसी बीच बुधवार की सुबह कुछ लोगों ने तालकुंडा गांव के सिवान में एक पेड़ से लटकते हुए शव को देखा जिसकी सूचना ग्रामीणों ने ढेबरुआ पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जानवरों व पशु, पक्षियों को पानी पीने के लिए ईओ महेश प्रताप श्रीवास्तव की अनूठी पहल

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भीषण गर्मी में नगर पंचायत डुमरियागंज के द्वारा जानवरों और पशु पक्षियों को पानी पीने के लिए अनूठी पहल शुरू की गयी है। नगर पंचायत डुमरियागंज द्वारा विभिन्न स्थानों पर पानी के विभिन्न आकार/प्रकार के बर्तन रखवाकर उनमें पानी उपलब्धता सुनिश्चित करने की एक पहल की गई हैं। नगर पंचायत प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि लोग पशु एवं पक्षियों के लिए पीने हेतु पानी अपने घर के सामने व छतों पर जगह जगह पानी के बर्तन जैसे हौदी, परइ कोहा आदि रखे जिससे इस भीषण गर्मी और धूप में जानवर और पशु पक्षियों को साफ पानी मिल सके।

स्वच्छ जल की अनुपलब्धता के कारण पशु पक्षी पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें नालियों में बह रहे गंदे पानी से अपनी प्यास बुझानी पड़ती है। ऐसे पशु-पक्षियों को स्वच्छ



पानी उपलब्ध हो सके, इसके लिए नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव ने कहा कि जानवरो व पशु पक्षियों के लिए इस भीषण गर्मी में पानी पीने के लिए कई जगह पर व्यवस्था की गई है, वही उन्होंने नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने अपने घरों के सामने जानवरों व छतों पर पशु पक्षियों के पानी पीने की व्यवस्था जरूर करे यह पुण्य का काम है। इस दौरान कई स्थानों पर जानवरों व पशु पक्षियों को पानी पीने के लिए बर्तन रखे गए। बर्तन रखने के बाद किसी न किसी को उसमें नियमित रूप से पानी भरने की भी जिम्मेदारी दी गई है, जिससे बर्तन खाली न रहें। इस दौरान कासिम रिजवी, अर्पित द्विवेदी, सबलू, महंत मिश्रा, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, शिवेंद्र, रतन, प्रिंस, शम्भू आदि लोग मौजूद रहे।

**जगह-जगह जानवरों व पशु, पक्षियों को पानी पीने के लिए रखवाए बर्तन**

## चुनाव ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों के मानदेय भुगतान में गड़बड़ी बर्दाश्त नही: संजय द्विवेदी

अवधनामा संवाददाता

**सन्तकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी ने लोकसभा चुनाव में ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों के मानदेय भुगतान में गड़बड़ी बर्दास्त नही की जायेगी। ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों को चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक मानदेय का भुगतान किया जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकरण का परीक्षण कर पारदर्शी भुगतान की कार्रवाई करें अन्यथा विवश होकर भुगतान से वंचित कार्मिकों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा ड्यूटी पर तैनात प्रति पीठासीन अधिकारी को 17 सौ, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान अधिकारी को 13 सौ का भुगतान कोषागार के माध्यम से किया जाना है किंतु अधिकांश ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों के अनुसार उनके खाते में अभी तक ड्यूटी की धनराशि नही आई है। जिन कार्मिकों के खाते में आई है उनको निर्वाचन आयोग के नियमों के विपरीत कम मानदेय का भुगतान किया गया है। पूर्व में यह धनराशि चुनाव के दिन ही नकद कर दिया जाता था। श्री द्विवेदी ने बताया जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 सौ से अधिक कार्मिकों का बैंक खाता व आईएफएससी कोड त्रुटिपूर्ण फीड हो गया है जिसके कारण उनका भुगतान नही हो पा रहा है। त्रुटिपूर्ण बैंक खाता व आईएफएससी कोड को ठीक करने के कार्मिकों के संबंधित विभाग को पत्र लिखा गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक ओम प्रकाश मिश्रा ने भी जनपद के सभी प्रधानाचार्यों को पत्र लिखकर निर्देश दिया है कि मतदान कार्मिक के रूप पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय का प्रथम एवं द्वितीय प्रशिक्षण का यात्रा भत्ता की धनराशि आपके खाते में हस्तान्तरित की गयी है।



# यूपी बोर्ड परीक्षा के टॉपर छात्र सम्मानित

## ट्रेंड्स शॉपिंग मॉल में मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता




**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के विभिन्न इंटर कॉलेजों में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले टॉपर छात्रों को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बुधवार को आयोजित इस सम्मान समारोह में तहसील क्षेत्र के कई कॉलेजों के छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। छात्रों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य ट्रेंड्स शॉपिंग मॉल के तत्वधान में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि समसुद्दीन व विशिष्ट अतिथि सभासद मोहम्मद नसीम फैजान अहमद के द्वारा खैर इंटर कॉलेज बनगवा बरई डुमरियागंज की टॉपर छात्र अर्शनाज़ फातिमा, सुमेरा इरशाद, नरगिस असलम, नूर फातिमा, एपीजे अब्दुल कलाम मेमोरियल इंटर कॉलेज बढ़नी कोल्ड स्टोरेज के हाई स्कूल की छात्रा पिंकी चौधरी, खुशबू यादव, इंटर की छात्रा साधना मौर्या, प्रीति सोनी, रोहिनी गौतम, श्रीराम प्राग आदर्श इंटर कॉलेज मिश्रौलिया के छात्र अरविंद यादव, राजन, अल मेहदी स्कूल हललौर की हाई स्कूल की छात्रा इकरा चौधरी, आबिद, समसुद्दीन, सफा इंटर कॉलेज बैदौला के छात्र अफजुर्रहमान, अरगम मलिक, मोहम्मद अनस, गंगाधर दुबे इंटर कॉलेज पोखर भिटवा के छात्रा सना खातून, महिमा, अंशिका, श्रेया को सम्मानित किया गया। इस मौके पर अपने संबोधन में समसुद्दीन ने कहा कि ऐसे कार्यो से छात्रों का मनोबल बढ़ता है। वही सभासद नसीम अहमद ने कहा कि सभी टॉपर छात्र बधाई के पात्र हैं। इंजीनियर इरशाद अहमद ने कहा कि ऐसे छात्रों का उत्साहवर्धन जरूरी है सभी छात्र व शिक्षक, अभिभावक बधाई के पात्र हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य सैफुद्दीन मलिक, तनवीर हसन रिजवी, जमाल अहमद, फैजान अहमद, करन गौतम, सबलू रिजवी, मुकेश कुमार, जुनैद अहमद, स्टोर मैनेजर सोनू प्रजापति, मोहम्मद उस्मान आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

**सम्मान समारोह में हाईस्कूल व इंटर के छात्र हुए सम्मिलित**

## पत्रकारिता दिवस पर गोष्ठी 30 मई को

**बस्ती।** हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब सभागार में पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी गोष्ठी का आयोजन किया गया है। प्रेस क्लब महामंत्री महेन्द्र तिवारी ने उक्त जानकारी देते हुये बताया कि 30 मई दिन गुरूवार को दिन में 11 बजे हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर 'पत्रकारिता का अतीत व वर्तमान विषय' पर गोष्ठी आयोजित की जा रही है। गोष्ठी के माध्यम से वरिष्ठ पत्रकारों को अपने विचार साझा करने का अवसर मिलेगा। उन्होने सभी पत्रकारों से समय से पहुचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील किया है।

## बार एसोसिएशन के चुनाव में मतदान आज

**उरई (जालौन)।** बुंदेलखंड बार एसोसिएशन जालौन के वार्षिक चुनाव में कल दिनांक 30 मई को अध्यक्ष व सचिव के पद पर मतदान के द्वारा चुनाव संपन्न होगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ए पी सिंह एडवोकेट, अशरफ अली एडवोकेट, राम धीरज सिंह एडवोकेट, अजीज अहमद एडवोकेट ,योगेश चंद्र त्रिपाठी एडवोकेट एवं चुनाव अधिकारी जेपी श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि इस बार बुंदेलखंड बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष व सचिव पद पर दो-दो प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

## सूचना

मेरा बड़ा लड़का सनी कुमार नशेबाजी का आदी है और उसका आचरण सही नहीं है उसने 6-7 महीने पूर्व आरती नामक लड़की से कोर्ट मैरिज कर ली है। सनी कुमार और उसकी पत्नी आरती दोनों ही बुरी संगत में पड़ गए हैं इससे मेरी सामाजिक प्रतिष्ठा को हानि हो रही है मैंने इन दोनों को अपनी व्यक्तिगत जिंदगी और चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। सनी कुमार और आरती के द्वारा कोई भी लेन देन या कोई अन्य कार्य जो कानूनी और गैर कानूनी होंगे उनके लिए उक्त दोनों ही जिम्मेदार होंगे।

**श्रीकांत पुत्र शिवनंदन उर्फ बृजनंदन**
**निवासी- नागराज कॉलोनी (सराय आजमाबाद) थाना हाईवे जिला मथुरा**

## स्टार प्रचारक समझे

भाजपा और कांग्रेस दोनो को अपने स्टार प्रचार को निर्देश देना चाहिये कि साम्प्रदायिक भाषणों द्वारा संविधान की पवित्रता और गरिमा को चोट न पहुंचाये। अब एक चरण का चुनाव और है। संविधान को ठेस पहुचाने वालो भाषणों में सम्प्रदायिकता और संविधान को ठेस पहुंचाने वाले भाषणों का भरमार हो रहा है। इसकी शिकायत पीएम और राहुल गांधी के खिलाफ थी पर चुनाव आयोग अब जागा है, इन दो व्यक्तियों को नजरन्दाज करते हुये हिदायत दोनो के पार्टी अध्यक्षों के भेजा है। साम्प्रदायिक भाषणों और संविधान की गरिमा के ठेस पहुंचाने वाले बयान पर रोक लगाई जाय।

इस तरह की शिकायत चुनाव आयोग को एक महीने पहले मिली थी। जब चुनाव के कई चरण बाकी थे। चुनाव आयोग ने भाजपा और कांग्रेस अध्यक्षों को नोटिस दे कर चेताया था कि अपने अपने स्टार प्रचार को भाषण के दौरान सावधानी बरतने को कहें। एक प्रश्न उठता है जब शिकायत व्यक्तिगत रूप से नरेन्द्र मोदी और राहुल गांधी के खिलाफ था तो नोटिस इन दोनों के पास जानी चाहिये थी पर नोटिस दोनो पार्टियों के अध्यक्षों को भेज कर आयोग ने क्या अपनी कमजोरी जाहिर की है। कमजोरी हो सकती है पर पक्षपात नही कहा जा सकता क्योकि दोनो अध्यक्षों को समान नोटिस भेजा है। ध्यान देने की बात यह है कि दोनो अध्यक्षों ने समान व्योहार करते हुये स्टार प्रचारको को निर्देश देने के बजाय उन्हें पहल ही तरह प्रचार में लगे रहने दिया है। अध्यक्ष के नाते पार्टी के सदस्यों पर उनका ही नियन्त्रण रहता है। दशा दिशा अध्यक्ष और वर्किंग कमेटी ही तय करती है। गति पार्टी के सदस्य और प्रचारक देते है। दोनो अध्यक्ष स्टार प्रचार का बचाव कर रहे है। यह देश के हित में नहीं है न संविधान के में हित में। प्रधानमंत्री और अध्यक्ष पर सही दिशा निर्देश देने भार रहता है। उन्हीं के निर्देशनुसार पार्टी की रण शैली रूप अख्तियार करती है और बढ़ती है। चुनाव आयोग को प्रचारको से सीधे सवाल करना चाहिये न कि पार्टी अध्यक्षों से जैसा की चुनाव आयोग अब तक करता आया है।

तीखे साम्प्रदायिक मुद्दे और संविधान संशोधन इस चुनाव में छाये हुये है। संविधान में संशोधन हो सकता है पर बुनियादी ढांचे पर कोई आंच नहीं आनी चाहिये। सर्वोच्च न्यायालय यह कई बार स्पष्ट कर चुका है। आयोग के हिदायतों का गम्भीरता से पालन नहीं हो पाता है। इसकी काट में आयोग का कार्ड असरदार नियामक लाना चाहिये।

## 18 वीं लोकसभा को लेकर संसद भवन में सांसदों के स्वागत की तैयारीयां शुरू

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में लोकसभा के सबसे बड़े महापर्वका आयोजन भारत में शुरू है,जिसका अंतिम चरण 1 जून 2024 को होगा जिसमें 57 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होने के साथ ही इस महापर्व का समापन होगा और इसके नतीजे 4 जून 2024 को सुबह से ही आने शुरू हो जाएंगे,जिसपर पूरी दुनियां की नजरे एकटक लगी हुई है, क्योंकि मुझे ऐसा लगता है की पूरी दुनियां को उम्मीद है कि यहीं से दुनियां के विकास की गाथा लिखने का नया अध्याय शुरू होगा, क्योंकि पूरी दुनियां के बड़े-बड़े नेतृत्व इसका इंतजार कर रहे हैं, फिर भारत से अपनी पहल शुरू करेंगे। चूंकि अभी पिछले दो माह से चुनावी तैयारीयों का पारा चढ़ा हुआ है, व हर पार्टी का नेतृत्व इस महापर्व की चुनावी सेवा मस्ती में मस्त है, परंतु 4 जून 2024 के बाद हम देखेंगे कि बहुत तेजी से विकास की गाड़ी पटरी पर दौड़ेगी,अनेक देशों के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ेगी मेरा ऐसा मानना है कि, मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लेने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, परंतु सबसे बड़ा पल अभी यह है कि भिन्न-भिन्नसांसदों का नवांगुत संसद भवन में स्वागत और लोकतंत्र के मंदिर की धूल अपने माथे पर लगाने के लिए सभी उम्मीदवार अति उत्सुक हैं, परंतु चूंकि हजारों उम्मीदवार हैं और सीटें केवल 544 हैं,इसीलिए सबकीनज़रें लगी हुई है कि कौन है वह भाग्यशाली जो पवित्र मंदिर की दहलीज पर सांसद बनकर कदम रखेंगे।हालांकि इसके लिए चुनाव आयोग और संसद भवन के अधिकारियों की चर्चा होकर लोकसभा भवन में तैयारी का दौर शुरू है हो चुका है इसलिए अधिकारियों की एक समिति का गठन भी कर दिया गया है जो तैयारी कर रहे हैं, इस तरह नए सांसदों को खासकर जो पहली बार चुनकर आ रहे हैं उनको कोई तकलीफ ना हो उनके लिए दिल्ली आने पर एयरपोर्ट रेलवे स्टेशन वह अन्य महत्वपूर्ण स्थान पर सचिवालय की तरफ से काउंटर बनाए जा रहे हैं, ताकि शालीनता से उन्हें गंतव्य स्थान पर पहुंचा जा सके। मेरा मानना है कि हर उम्मीदवार इसकी चाहत लगा बैठा है। परंतु चुंकि 18वीं लोकसभा के गठन का दिन बहुत नजदीक आ गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लोकतंत्र के पवित्र मंदिर लोकसभा भवन में जनता के नुमाइंदों के स्वागत की तरह तैयारी स्वागत योग्य है।


किशन भावनानी

साथियों बात अगर कर हम 18वीं लोकसभाकी तैयारीयों वआगंतुक सांसदों के स्वागत की करें तो,देश में लोकसभा चुनाव के छह चरण पूरे हो चुके है। अखरी सातवें चरण का चुनाव बचा हैं और चार जून को देश में किसकी सरकार बनेगी यह तय हो जायेगा।चुनाव के बीच ही 18वींलोकसभा को लेकर संसद में तैयारियां शुरू हो गयी है। नये सांसदों को सुविधा मुहैया कराने के लिए अधिकारियों की विशेष टीम का गठन किया गया है और सांसदों के लिए विशेष काउंटर बनाए गए हैं।नये सांसदों के दिल्ली आने पर विशेष काउंटर पर लाने के लिए,एयरपोर्ट रेलवे स्टेशन और प्रमुख जगहों पर विशेष टीम तैयार रहेगी और सांसदों को पंजीकरण के लिए काउंटर पर लाने का काम करेगी, इस काम के लिए लोकसभा सचिवालय के अधिकारियों को तैनात किया जायेगा। जो सांसद पहली बार चुनकर आयेंगे, उसपर विशेष ध्यान रखा जायेगा, जिससे उन्हें किसी भी तरह की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े। नये सांसदों को पहले दिन काउंटर पर स्मार्ट कार्ड जारी किया जायेगा। साथ ही उनके ठहरने की उचित व्यवस्था भी होगी। गैर हिंदी भाषी क्षेत्र के सांसदों के लिये उस भाषा के जानकार अधिकारियों को तैनात किया जायेगा।नये सांसदों को आवास के साथ फोन कनेक्शन, सांसद के वाहन के लिए फास्टैग, संसद भवन आने के लिए स्मार्ट कार्ड, सांसदों का बैंक खाता खोलने, डिप्लोमेटिक पासपोर्ट के लिए आवेदन,स्वास्थ्य सुविधा और अन्य जरूरी सेवा काउंटर पर उपलब्ध होगी पार्लियामेंटके एनेक्सी यासंविधान सदन में इस बाबत एक बड़ा काउंटर बनाया जायेगा, जहां सभी तरह की आधुनिक सुविधा उपलब्ध है। नये सांसदों के लिए दिल्ली के विभिन्न राज्यों के भवन सहित सरकारी गेस्ट हाऊस जैसे वेस्टर्न कोर्ट आदि में कमरे बुक कराने की व्यवस्था की जा रही है। देखा जाए तो पिछले लोकसभा चुनाव के बाद कई सांसदों के लिए अशोका होटल में कमरे बुक करवाये गये थे, लेकिन अब सरकार खर्च को कम करने के लिए अशोका होटल में सांसदों को नहीं ठहरायेगी। सांसदों के लिए कई नये आवास का निर्माण हुआ है और बहुत हद तक आवास की समस्या कम हुई है। लेकिन अगर आवास की दिक्कत होती है तो सांसदों को राज्यों के भवन में ठहराने का निर्णय लिया गया है। साथ ही वेस्टर्न कोर्ट जैसे सरकारी गेस्ट हाउस को भी बुक कराया जायेगा, जिसमें सांसद आराम से रह सकें।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

ज़रा सोचिये इसी गर्मी में होने वाले भीषण अग्निकांड में जो फ़ायर फ़ाइटर्स आग बुझाते हैं वे कितनी गर्मी का सामना करते होंगे ? भारत के जिन शहरों में 40 डिग्री तापमान में हाहाकार मच जाता था उन्हीं इलाक़ों में पारा 50 तक पहुँच गया है और कहीं कहीं तो 50 डिग्री से भी ऊपर चले जाने का समाचार है। जैसलमेर में बंगाल के जलपाईगुड़ी का रहने वाला 173 बटालियन का अजय कुमार नामक एक बी एस एफ़ का जवान अपनी ड्यूटी पर गर्मी के ताप को सहन न कर पाने के कारण अपनी जान गँवा बैठा। उत्तर भारत के कई इलाक़े गर्म हवा और लू की चपेट में हैं।

# आग बरसती गर्मी और मेहनतकश कामगार

लगभग पूरे विश्व में इस बार भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम वैज्ञानिकों द्वारा इस बात की जानकारी पहले ही दी जा चुकी थी। आज जब सूर्य आग उगल रहा है और धरती पर आग बरस रही है तो मौसम वैज्ञानिकों की इस भविष्यवाणी को सही साबित होते हुये देखा भी जा रहा है। ख़ासकर भारत सहित कई दक्षिण एशियाई देश इस समय भयंकर गर्मी व तपिश की मार झेल रहे हैं। न केवल सुबह होते ही आग बरसनी शुरू हो जाती है बल्कि गर्मियों की रात में जो मौसम थोड़ा बहुत ख़ुशगवार हुआ करता था वह रातें भी अब पूरी तरह से गर्म होने लगी हैं। परिणाम स्वरूप बाज़ारों व सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। आम लोग सिर्फ़ किसी बेहद ज़रूरी कामों से ही बाहर निकलते हैं अन्यथा बाज़ार की ख़रीद फ़रोख़्त के लिये शाम को ही घरों से निकल रहे हैं।


निर्मल रानी

परन्तु अपनी ड्यूटी निभाने वाले और मेहनतकश रिक्शा रेहड़ी वालों की क़िस्मत में आराम कहाँ? रेलवे के मेहनतकश कर्मचारी, ख़लासी, गैंगमैन इसी प्रचंड गर्मी में तपते हुये रेल ट्रैक पर कहीं रेल की पटरी बदल कर रहे हैं तो कहीं भारी भारी स्लीपर इधर से उधर ले जा कर हमारी सुरक्षित रेल यात्रा सुनिश्चित कर रहे हैं। पुलिस के जवान मोटी वर्दियां टोपियां पहन कर सड़कों पर ड्यूटी दे रहे हैं। ट्रैफ़िक के जवान तपते सूरज की परवाह किये बिना चौक चौराहों पर खड़े होकर हमसबको सुरक्षित यातायात देने के लिये प्रतिबद्ध हैं। भारत में अब तक सौ से अधिक लोगों के इस गर्मी की चपेट में आकर मरने की ख़बर है। ज़रा सोचिये इसी गर्मी में होने वाले भीषण अग्निकांड में जो फ़ायर फ़ाइटर्स आग बुझाते हैं वे कितनी गर्मी का सामना करते होंगे? भारत के जिन शहरों में 40 डिग्री तापमान में हाहाकार मच जाता था उन्हीं इलाक़ों में पारा 50 तक पहुँच गया है और कहीं कहीं तो 50 डिग्री से भी ऊपर चले जाने का समाचार है। जैसलमेर में बंगाल के जलपाईगुड़ी का रहने वाला 173 बटालियन का अजय कुमार नामक एक बी एस एफ़ का जवान अपनी ड्यूटी पर गर्मी के ताप को सहन न कर पाने के कारण अपनी जान गँवा बैठा। उत्तर भारत के कई इलाक़े गर्म हवा और लू की चपेट में हैं। इसी मौसम में कहीं कोई बुज़ुर्ग रिक्शा चलाते दिखाई देगा तो कोई भरी वज़न सिर पर उठाये। निर्माण क्षेत्र में तो करोड़ों लोग मिस्त्री व मज़दूर तपती धूप में खड़े होकर काम करते दिखाई देंगे।



दूसरी तरफ़ ईश्वर की कृपा प्राप्त सुविधाभोगी व आराम परस्त वर्ग प्रकृति के इस प्रकोप से बचने के लिये तरह तरह की सुविधाओं का उपभोग कर गर्मी सी निजात पाने की कोशिश करता है। संपन्न वर्ग घरों में ए सी से लेकर कारों व कार्यालयों में भी ए सी का इस्तेमाल करता है। इसका परिणाम यह होता है कि जहाँ कारों से निकलने वाला ज़हरीला धुआं गर्मी के साथ साथ वातावरण के प्रदूषण को बढ़ता है वहीँ ए सी से निकलने वाली गर्मी भी पूरे वातावरण को और भी गर्म करती है। अत्यधिक बिजली खपत के चलते इन दिनों बिजली की कटौती भी ख़ूब होती है। बेशक यह सुविधासंपन्न लोगों का अधिकार भी है कि वे अपनी ज़रुरत के अनुसार सुविधाओं का इस्तेमाल भी करें। परन्तु इस तपती घूप व आग उगलती गर्मी में हम सब की सुविधाओं के लिये अपनी ड्यूटी निभाने वालों को नज़रअंदाज़ करना भी क़तई इंसानियत नहीं।

ऐसे में यदि हम देखें कि कोई भारी वज़न लादे हुये मेहनतकश अपनी रेहड़ी ठेला खींच रहा है तो जल्दी रास्ता देने के लिये बार बार हॉर्न बजाकर उसे परेशान करने या उसपर गुस्सा दिखाने के बजाये कार से उतरकर उसकी रेहड़ी ठेले को धक्का देकर उसकी मदद करने की कोशिश करें । इससे उसे सहायता भी मिलेगी साथ ही आपको यह एहसास भी होगा कि इतनी गर्मी में भारी वज़न खींचने वाले हम जैसे दूसरे इंसान पर क्या गुज़र रही होगी । कोई रेल कर्मी ,पुलिस कर्मी या ट्रैफ़िक वाला अथवा फ़ौजी धूप में ड्यूटी करता दिखाई दे तो उसे ठंडा पानी देने का प्रयास करें, किसी को छाता देकर उसे धूप से बचाने की कोशिश करें। संभव हो तो इस गर्मी में हाथ से हिलाने वाले पंखों का वितरण करें। ककड़ी, खीरा, तरबूज़ व ख़रबूज़ा जैसे गर्मियों में राहत देने वाले फल ज़रूरतमंदों को वितरित करें। ठन्डे पानी की छबीलें लगायें। अपने घरों दुकानों के आसपास सड़क पर जल छिड़काव करें। सरकार को भी सड़कों पर पानी का छिड़काव करने के लिये सक्रिय भूमिका निभानी चाहिये। ग़रीबों व आम लोगों के दान दक्षिणा से चलने वाले धर्मस्थलों को भी इस भयंकर गर्मी में अपनी दान पेटी का मुंह ऐसे रहत कार्यों के लिये खोलना चाहिये। अनावश्यक आग जलाने व धुआं फैलाने से भी परहेज़ करें। पेड़ काटने के बजाये वृक्ष लगाने के अभियान चलायें।

याद रखिये आज जिस भीषण गर्मी का सामना हमसबको करना पड़ रहा है उसकी ज़िम्मेदार प्रकृति नहीं बल्कि हम स्वयं हैं। विकास के नाम पर फैलते कंक्रीट के जंगल, औद्योगीकरण के नाम पर समाप्त होती हरियाली,बढ़ता शहरीकरण,सम्पन्नता के नाम पर बढ़ते वाहन व ए सी,जंगलों की होती अंधाधुंध कटाई आदि मानव जनित है। और यही ग्लोबल वार्मिंग का भी कारण है ,इसी के चलते ग्लेशियर भी पिघलने लगे हैं। गोया आने वाले वर्ष और भी भयंकर गर्मी व तपिश लाने वाले हैं। हम भारतीय लोग जो 40 डिग्री तापमान सहन नहीं कर पाते थे अब 50 डिग्री यानी अरब देशों में पड़ने वाली सामान्य गर्मी झेलने के लिये मजबूर हैं। धनाढ्य लोग जो गर्मी के मौसम में पहाड़ी क्षेत्रों में चले जाया करते थे उनकी बढ़ती संख्या ने वहां के मौसम को भी बदल दिया है। मिसाल के तौर पर शिमला व नैनीताल जैसे पर्वतीय पर्यटन स्थलों पर भी अब ख़ूब गर्मी पड़ने लगी है। कारों की क़तारें ,ट्रैफ़िक जाम,असंख्य होटल, पार्किंग समस्या लगभग सभी पर्वतीय पर्यटन क्षेत्रों की नियति बनकर रह गयी है। ऐसे में प्रत्येक साधन संपन्न व धनाढ्य लोगों का कर्तव्य है कि वे इस आग बरसती भीषण गर्मी में जहाँ स्वयं वातावरण को और अधिक प्रदूषित करने से परहेज़ करने का प्रयास करें वहीं मेहनतकश व कामगार लोगों पर तरस खायें और उन्हें यथा संभव सहयोग करें। यक़ीन जानिये आपकी थोड़ी सी सहायता व सहयोग से किसी कामगार,मज़दूर व जवान के दिल से निकली दुआ आपको न केवल पुण्य का भागीदार बनायेगी बल्कि आपकी आत्मा को भी तृप्त करेगी।

# राजकोट अग्नि कांड में फिर उजागर हुए व्यवस्था के छिद्र

राजकोट का अग्निकांड तो मानव-निर्मित था। लोहे की चद्दर से एक अस्थायी ढांचा बनाया गया था, जिसमें बच्चे और अन्य लोग 'गेम' खेलने आते थे। न निकास की समुचित व्यवस्था, न आग बुझाने के उपकरण और कर्मचारी, बल्कि डीजल के भरे ड्रम और टायरों के ढेर वहां पड़े थे। पूरा ज्वलनशील माहौल! राजकोट के उस परिसर में करीब 2000 लीटर पेट्रोल का भंडारण था। वह मनोरंजन स्थल था अथवा पेट्रोलियम की कोई दुकान! कमाल तो यह है कि गुजरात के शहरी विकास संबंधी कायदे-कानून ऐसी टिन संरचनाओं में ही 'गेम जोन' चलाने की अनुमति देते हैं। गुजरात के 2017 के शहरी विकास कानून में मनोरंजन सुविधाओं के लिए निर्माण और सुरक्षा की 'शून्य' गाइडलाइन हैं।

13 जून 1997, जब सन्नी देओल, सुनील शेट्टी की फिल्म बॉर्डर रिलीज हुई। भारत-पाकिस्तान युद्ध पर बनी इस फिल्म को देखने के लिए देशभर में थिएटर्स के बाहर लोगों की कतारें लगी थीं। सिनेमाघरों में एक्स्ट्रा सीट्स लगाकर लोगों को बैठाया जा रहा था। ऐसा ही एक थिएटर था साउथ दिल्ली का उपहार सिनेमा। 160 लोगों की क्षमता वाले इस हॉल में कई लोग एक्स्ट्रा चेयर लगाकर बैठे थे। 3 बजे वाला शो था। कोई 4 बजे सिनेमाघर की पार्किंग में आग लगी, जिसका धुआं हॉल में भर गया। लोगों के निकलने के लिए एक ही दरवाजा था, जो गेटकीपर बंद करके कहीं निकल गया था क्योंकि शो छूटने में पूरे 2 घंटे बाकी थे। हॉल में धुआं भरता गया, लोगों का दम घुटता गया। लोग निकलने की पुरजोर कोशिश करते रहे लेकिन बाहर नहीं जा पाए। एक के बाद एक 59 लोगों ने दम तोड़ दिया। कई गंभीर हालात तक पहुंच गए। इस हादसे को नाम दिया गया उपहार सिनेमा ट्रैजडी। आज भी उस हादसे को याद कर आत्मा सिहर जाती है।


राजेश माहेश्वरी

पिछले दिनों गुजरात के राजकोट के गेम जोन, मनोरंजन केंद्र की आगजनी में 9 मासूम बच्चों और 28 वयस्कों की मौत हो गई। दिल्ली के एक अवैध 'बेबी केयर सेंटर' में एक साथ कई ऑक्सीजन सिलेंडर फटने से आग लगी और 7 नवजात शिशु जलकर भस्म हो गए। उपहार सिनेमा कांड से पहले भी और बाद में कई ऐसी घटनाएं घट चुकी है, लेकिन हर बार ऐसे हादसों के पीछे लापरवाही, कानून हीनता और पैसे के लालच की कहानियां सामने आती हैं। दोनों ही मामले त्रासदी से बढ़कर हत्याकांड हैं, क्योंकि सुरक्षा-व्यवस्था में छिद्र थे।

दिल्ली के जिस 'बेबी केयर सेंटर में दुखद हादसा हुआ, वहां एक ही छत के नीचे शिशु अस्पताल और ऑक्सीजन सिलेंडर की रिफिलिंग के धंधे चल रहे थे। कथित अस्पताल का पंजीकरण 31 मार्च को खत्म हो चुका था। 'शिशु केयर केंद्र' को चार बिस्तरों की ही अनुमति थी, लेकिन वहां 14 बेड बिछाए गए थे। बिजली और आग के पर्याप्त बंदोबस्त नहीं थे। जो बच्चे यह दुनिया नहीं देख पाए और जिंदगी भी जी नहीं सके, उनके लिए यह सामूहिक हत्याकांड नहीं है, तो और क्या है? फायर विभाग के मुताबिक नवजात अस्पताल के पास फायर एनओसी नहीं थी और यहां तक कि आग को बुझाने के लिए भी उचित इंतजाम नहीं थे। इसके अलावा वहां ऑक्सीजन सिलेंडर भी रखे हुए थे, जो फट गए थे। इस घटना पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मृतक नवजातों के शोक-संतप्त माता-पिता के साथ संवेदना व्यक्त की थी। राजकोट का अग्निकांड तो मानव-निर्मित था। लोहे की चद्दर से एक अस्थायी ढांचा बनाया गया था, जिसमें बच्चे और अन्य लोग 'गेम' खेलने आते थे। न निकास की समुचित व्यवस्था, न आग बुझाने के उपकरण और कर्मचारी, बल्कि डीजल के भरे ड्रम और टायरों के ढेर वहां पड़े थे। पूरा ज्वलनशील माहौल! राजकोट के उस परिसर में करीब 2000 लीटर पेट्रोल का भंडारण था। वह मनोरंजन स्थल था अथवा पेट्रोलियम की कोई दुकान! कमाल तो यह है कि गुजरात के शहरी विकास संबंधी कायदे-कानून ऐसी टिन संरचनाओं में ही 'गेम जोन' चलाने की अनुमति देते हैं। गुजरात के 2017 के शहरी विकास कानून में मनोरंजन सुविधाओं के लिए निर्माण और सुरक्षा की 'शून्य' गाइडलाइन हैं। निजी कारोबारियों ने इन स्थितियों को भुनाया है और अस्थायी संरचनाएं खड़ी कर मनोरंजन के धंधे चला रहे हैं। ऐसे न जाने कितने 'लाक्षागृह' गुजरात में होंगे? 23 दिसंबर 1995 को हरियाणा के सिरसा जिले के डबवाली के डीएवी स्कूल में साल का जश्न मनाया जा रहा था। लेकिन इस खुशी में ऐसी खलल पड़ी कि खुशी का माहौल मातम में बदल गया और देखते ही देखते 442 लोग जिंदा जल गए थे। डबवाली के डीएवी स्कूल में वार्षिक महोत्सव के दौरान आग लगने से 248 बच्चे और 150 महिलाओं समेत कुल 442 लोग जिंदा जल गए थे। शवों के अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट भी छोटा पड़ गया था। 23 दिसंबर के उस काले दिन को डबवाली के लोग आज भी भुला नहीं पाते। ये तारीख आज भी डबवाली के लोगों को झकझोर कर रख देती है और वो जख्म आज भी ताजा कर देती है।



दिसंबर 2019 में दिल्ली के रानी झांसी रोड पर अनाज मंडी के रिहायशी इलाके में चल रही एक पेपर फैक्ट्री में आग लगने से 40 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। दो चार दिन के हो हल्ले और मुस्तैदी के बाद दोबारा गाड़ी उसी पटरी पर दौड़ने लगी। 4 जून 2022 को उत्तरप्रदेश के हापुड़ में एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से 11 मजदूर जिन्दा जल गए तथा 15 मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए। गत 22 फरवरी 2022 को हिमाचल के जिला ऊना के हरोली उपमंडल के बाथू अवैध पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से 6 महिलाएं जिंदा जल गई थी मरने वालों में एक मां व बेटी भी थी। और 11 कामगार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सिर्फ आगजनी ही नहीं, किसी और वजह से भी ऐसे कांड हुए हैं कि जिनमें लोगों की जिंदगी समाप्त हो गई। गुजरात में ही मोरबी पुल टूटा और 135 मासूम लोग मारे गए। कोल्लम मंदिर में आगजनी से ही 109 मौतें हो गईं। 2018 में वाराणसी फ्लाईओवर ध्वस्त हुआ, जिसमें 18 लोग मरे और राजधानी दिल्ली के मुंडका इलाके की वह आगजनी आज भी आंखों के सामने कौंध जाती है, जिसमें जलकर 27 लोग मारे गए थे। सभी मामलों में प्रशासनिक लापरवाही ही सामने आई। दिल्ली अग्निशमन सेवा यानी डीएफएस के आंकड़ों के मुताबिक आग लगने से जनवरी में 16, फरवरी में 16, मार्च में 12 अप्रैल में चार और 26 मई तक 7 लोगों की मौत हुई। आग लगने की घटनाओं में जनवरी में 51, फरवरी में 32, मार्च में 62, अप्रैल में 78 और 26 मई तक 71 लोगो घायल हुए हैं। कमोबेष ऐसी ही खबरें देषभर से आती रही हैं। कुछ सर्वेक्षणों में यह निष्कर्ष सामने आया है कि देश भर के 10 में से 8 लोगों के घरों और दफ्तरों में आग से बचाव की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है। करीब 18 फीसदी लोग ही सुरक्षित घरों में रह रहे हैं। करीब 19 फीसदी को पता ही नहीं है कि आग बुझाने का सिस्टम काम करता है अथवा नहीं। करीब 27 फीसदी लोगों ने कबूल किया है कि उन्होंने सुरक्षा मानदंडों का कभी पालन ही नहीं किया। भोपाल गैसकांड या डबवाली जैसी दुर्घटनाएं होने पर सरकार मातमपुरसी के लिए जरूर चैकस हो जाती है, लेकिन संभावित बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने की कोशिश किसी स्तर पर नहीं होती। आम जनता और जनप्रतिनिधि भी ऐसे मामलों मे उदासीन रहते है। शहरों में बढ़ती आबादी के कारण पुरानी बसाहट वाले इलाकों में सर्वत्र अव्यवस्था का बोलबाला नजर आता है। कुछ दिन हल्ला मचेगा और सरकारी विभाग भी मुस्तैदी दिखाएंगे लेकिन इसी बीच कहीं दूसरी घटना हो जायेगी जिसके बाद पूरा ध्यान उस पर केन्द्रित हो जायेगा। गलतियों से नहीं सीखना हमारा राष्ट्रीय चरित्र बन गया है। इन दो हत्याकांड से भी कितने और कौन सबक लेता है, यह देखना भी महत्त्वपूर्ण होगा। अलबत्ता अभी तक तो ये सिलसिले यूं ही जारी रहे हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन को नियमित तौर पर संवेदनशील व सुरक्षा के लिहाज से अहम स्थलों का नियमित जांच करती रहनी चाहिए।

# बुझता दिया तेल की बूंदे पा गया!

29 मई 1658 आधुनिक भारत के लिए सबसे बड़ा त्रासदीपूर्ण बना। दुर्भाग्य का दिन रहा। इसी दिन पूर्वी आगरा के निकट सामुगढ़ की रणभूमि में औरंगजेब आलमगीर ने अपने सबसे बड़े भाई युवराज दारा शिकोह को परास्त किया। दिल्ली ले जाकर भिखारी के कपडे पहनाकर, जंजीर से बाँधकर हाथी से रौंदवाया, सर काटकर पिता शाहजहाँ को आगरा किला कारागार में नाश्ते की तश्तरी में पेश कराया। यदि दारा शिकोह सामुगढ़ में जीत जाता तो भारत का इतिहास बदल जाता। न इस्लामी कट्टरपन पनपता, ढाई सदियों बाद न मोहम्मद अली जिन्ना का मकसद फलीभूत होता।

आज (29 मई 2024, बुधवार) मेरे 85 बसंत पूरे हो गए। कई पतझड़ भी। कवि कबीर की पंक्ति सावधान करती है, जब वे माटी से घमंडी कुम्हार को कहलाते हैं एक दिन ऐसा आएगा, जब मैं रौंदूगी तोय। चेतावनी है। मगर आस बंधाती है शायर साहिर की पंक्ति रात जितनी भी संगीन होगी, सुबह उतनी ही रंगीन होगी। और सुबह होने से कोई भी नहीं रोक सकता।


के. विक्रम राव

एक रिपोर्टर के नाते मैंने तनिक शोध किया। आज इतिहास में क्या हुआ था ? मेरे जैसे श्रमजीवी के लिए 29 मई कई मायनों में एक विलक्षण दिवस है। इसी तारीख को 1953 में एक साधारण मालवाहक मेहनतकश विश्व के सबसे ऊँचे शिखर माउन्ट एवरेस्ट पर चढ़ गया था। शेरपा तेनजिंग नोर्गी ने चोटी पर चढ़कर अपनी भुजाएं एडमंड हिलेरी की ओर बढ़ाई और उसे ऊपर खींचा। मगर दुनिया में एक गलतबयानी फैली कि न्यूजीलैंड के हिलेरी ने एवरेस्ट जीता। सर्वहारा वर्ग ने देखा इतिहास में फिर एक बार पैसों से पसीना पराजित हो गया। मगर दलितजन ने आज ही के दिन 1947 में हजारों साल से चले आ रहे जातीय विषमता का खात्मा कर भारतीय संविधान में समरसता (धारा 14) के तहत पूर्ण मूलाधिकार हासिल कर लिया। चीन के उन छात्र प्रदर्शनकारियों को हर स्वतंत्रता-प्रेमी लाल सलाम करता है जो आज, (29 मई 1989) बीजिंग के तियानमेन चौक पर स्वतंत्रता की देवी की प्रतिमा लगाने का संघर्ष करते कम्युनिस्ट पुलिस की गोलियों से भून डाले गये थे। एक यूनियन का कार्यकर्ता होने के नाते मैंने वेतनमान की वार्ता में जॉन कैनेडी की उक्ति को हमेशा सिद्धांत माना। कैनेडी ने कहा था हम वार्ता करने से डरेंगे नहीं, मगर डर कर वार्ता नहीं करेंगे। कैनेडी भी 29 मई को जन्में थे। मेरे प्रेरक रहे।

हमारे पत्रकारी मुहावरा कोश में आज ही के दिन एक मुहावरा जुड़ गया था कैलिफोर्निया का सारा सोना मिल जाय, फिर भी हम खबर दबायेंगे नहीं। जरूर वह छपेगी। इसकी उत्पत्ति आज ही के दिन 1848 में हुई थी। तब कैलिफोर्निया की सट्टर खाड़ी में सोना मिला। जेम्स मार्शल, खनन विशेषज्ञ, ने खोजा था। और उस वर्ष के 29 मई के दिन कैलिफोर्निया के समस्त पत्र-पत्रिकाओं के कर्मचारी कार्यालय छोड़कर सोना बटोरने चल पड़े। अख़बारों ने घोषणा कर दी कि प्रकाशन ठप पड़ गया है। पाठकों ने बड़ी भर्त्सना की। तभी से उक्ति बनी कि यदि कैलिफोर्निया का सारा स्वर्ण भी मिल जाये, अख़बार छपेंगे ही। हमारी अभिव्यक्ति की आजादी अक्षुण्ण है।

प्रमाण के तौर पर इस वाकये का उल्लेख कर दूं। एक रात को गुजरात के सबसे धनी उद्योगपति अहमदाबाद टाइम्स ऑफ इंडिया के संपादकीय विभाग में आए। मैं रात की ड्यूटी पर था। उनका आग्रह था कि एक खबर न छपे। मैंने उन्हें तुरंत टोका शाह जी यहां खबर छपती है। आप मंदिर में गौ हत्या कराएंगे। खैर मैंने पूछा क्या खबर है। वे बोले मेरी इकतौली बेटी और मेरा ड्राइवर दो दिन से दिखाई नहीं दे रहे हैं। यदि यह चर्चा में आएगी तो मेरा परिवार संकट में पड़ जाएगा। मेरा तात्कालिक जवाब था सेठजी, ऐसी खबर में टाइम्स आफ इंडिया को रुचि नहीं है। निश्चिंत रहिए। यह नहीं छपेगी। मुझे लगा मैंने निष्ठावान पत्रकारिता निभाई। मेरे आकलन में 29 मई 1658 आधुनिक भारत के लिए सबसे बड़ा त्रासदीपूर्ण बना। दुर्भाग्य का दिन रहा। इसी दिन पूर्वी आगरा के निकट सामुगढ़ की रणभूमि में औरंगजेब आलमगीर ने अपने सबसे बड़े भाई युवराज दारा शिकोह को परास्त किया। दिल्ली ले जाकर भिखारी के कपडे पहनाकर, जंजीर से बाँधकर हाथी से रौंदवाया, सर काटकर पिता शाहजहाँ को आगरा किला कारागार में नाश्ते की तश्तरी में पेश कराया। यदि दारा शिकोह सामुगढ़ में जीत जाता तो भारत का इतिहास बदल जाता। न इस्लामी कट्टरपन पनपता, ढाई सदियों बाद न मोहम्मद अली जिन्ना का मकसद फलीभूत होता। दारा शिकोह द्वारा सूफी तथा वेदांत का समन्वय भारत की धर्मनीति होती। सांप्रदायिक सामंजस्य सशक्त करते। काशी के प्रतिष्ठित त्रिपाठी परिवार के ज्योतिषी भवानी भट्ट अपने इस शिष्य दारा शिकोह के आदर्श सेक्युलर बादशाह बनने में सहायक होते। इसी त्रिपाठी परिवार के थे पण्डित कमलापति त्रिपाठी, कांग्रेस नेता।

अब उस 29 मई का जिक्र कर दूं जो मेरे निजी जीवन का सर्वाधिक महत्वपूर्ण था। बड़ौदा सेन्ट्रल जेल में हम सात लोग दस बाई दस फीट के तनहा कोठरी में कैद रखे गए थे। महाराजा सयाजीराव द्वारा 1840 में निर्मित इस काल कोठरी में फांसी के सजायाफ्ता कैदी ही रखे जाते थे। मैंने इन्हीं कोठरी नंबर 38 मेंने अपना अड़तीसवाँ जन्मदिन (29 मई 1976) मनाया था। हम पर आरोप था कि हमने जॉर्ज फर्नांडिस के साथ साजिशन भारत सरकार पर ऐलाने-जंग किया था। बगावत का अंजाम मौत होता है। तब देश में इमरजेंसी राज था। मां-बेटे की कुर्सी हेतु मीसा लागू था। इसको लोग बताते थे मेंटिनेंस ऑफ़ इंदिरा एंड संजय एक्ट।

बड़े भाई बताते थे कि नई दिल्ली के कनाट प्लेस के निकट जैन मन्दिर वाली कॉलोनी में हमारा परिवार रहता था। पिताजी (स्व. के. रामा राव) हिंदुस्तान टाइम्स के न्यूज़ एडिटर थे। समीपस्थ लेडी हार्डिंग अस्पताल में मैं (29 मई को) जन्मा था। इत्तिफाक रहा कि मेरी पत्नी सुधा ने इसी कॉलेज से 1967 में एमबीबीएस किया। मुझे पिताजी आनन्ददायका, भाग्यकारका कहते थे, क्योंकि तभी लखनऊ में 'नेशनल हेरल्ड' स्थापित हुआ था। पिताजी को आचार्य नरेंद्र देव, रफ़ी अहमद किदवई, मोहनलाल सक्सेना ने संपादक नियुक्त किया था। माँ मुझ (भविष्य के कामगार) को पादुशाह बुलाती थी। जन्म स्थान के कारण, शायद।

बस दैवकृपा से एक ही उपलब्धि पाई है। सात पुस्तकें प्रकाशित हुयी हैं न रुकी, न झुकी, यह कलाम, लोहिया पर दो किताबें, एक पत्रकार की राजनीतिक विचार-यात्रा, मानेंगे नहीं, मारेंगे नहीं, गुंच ए गुलिस्ताँ, जो जनमन में बसे (धार्मिक)। पांच छप रही हैं दो अनामिका (नई दिल्ली), एक नवनीत मिश्र द्वारा प्रयागराज से, एक लखनऊ के पत्रकार मंजुल द्वारा तथा एक प्रभात कुमार जी द्वारा।

# ‘यह चुनाव गोली चलाने वाले व राम भक्तों के बीच’

## पाक का कश्मीर हमारा है और हम लेके रहेंगे : अमित शाह

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** देवरिया के चीनी मिल मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह भूमि महान संत देवरहा बाबा की भूमि है। देवरहा बाबा ने ही सालों पहले कहा था कि अयोध्या में राम मंदिर बनने से कोई नहीं रोक सकता। आज राम मंदिर बनकर तैयार हो गया। यह चुनाव राम भक्तों पर गोली चलाने वाले व राम भक्तों के बीच है।

कहा कि आप राम मंदिर बनाने वाले मोदी के साथ रहेंगे या फिर कांग्रेस व सपा के साथ रहेंगे। कमल के निशान पर बटन दबाएंगे तो सीधे नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। यह पाक कश्मीर मेरा है। कांग्रेस देश को डरा रही कि पाकिस्तान के पास एटम बम है। हम भाजपा के एटम से नहीं डरते हैं।

उन्होंने कहा कि पाक का कश्मीर हमारा है और हम लेके रहेंगे। आपकी एक वोट की ताकत देखिए कि मोदी जी ने आतंकवाद से मुक्त करा दिया। पुलवामा में आतंकवादी हमला हुआ, भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक किया और पाकिस्तान के घर में घुसकर आतंकवादियों को मारा है। मोदी जी 305 सीट पाचवें चरण में ही पार कर चुके हैं। छठवां व सातवां चरण मोदी को 400 पार करने वाला है। यह चुनाव हारने के बाद बैंकाक व थाइलैंड चले जाएंगे। गर्मी में राहुल बाबा बैंकाक व थाइलैंड चले जाते हैं। एक वर्ष में तीन बार राहुल बाबा छुट्टी जाते हैं। भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले सपा व कांग्रेस हैं। एक तरफ नरेन्द्र मोदी हैं, जिन पर एक रुपये का भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। इन दोनों के बीच में आपको चुनाव करना है। कांग्रेस झूठ के आरोप पर राजनीति करती है।

शाह ने कहा कि वह कहती है कि आरक्षण भाजपा खत्म कर देगी। दस वर्ष से भाजपा की सरकार है, कोई आरक्षण खत्म नहीं किया गया। देवरिया चीनी का कटोरा कहा जाता था, सपा व बसपा की सरकार में चीनी मिल बंद कर दी गई। हर जिले में एक-एक बड़ी चीनी मिलें चालू की जाएंगी। एथेनाल को बढ़ावा देकर किसानों का भला किया गया है।

डा.रमापति राम त्रिपाठी ने संघर्ष कर बाइपास का निर्माण के लिए बजट पास कराया। महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज बनवाया। पुल बनवाया गया। 61 करोड़ से देवरिया सदर स्टेशन बन रहा है। सोलर प्लांट लगाया गया।

**■ बोले, भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले सपा व कांग्रेस हैं**

सुरौली थाने का निर्माण कराया गया। 2 लाख उज्जवला कनेक्शन दिए। 5 लाख 14 हजार शौचालय बनवाया गया। किसानों को किसान सम्मान निधि दी गई। सात लाख गरीबों को फ्री राशन दिया गया। कोरोना का दोनों टीका लगा है कि नहीं है।

काफी पिलाकर नरेन्द्र मोदी ने टीका लगवाया। राहुल गांधी इसको लेकर भी गलतफहमी फैलाई। एक दिन राहुल बाबा व प्रियंका गांधी भी अंधेरे में टीका लगवाया। यह लोग संवेदनशीलता से दूर है। मोदी जी 130 करोड़ जनता के लिए जीते हैं। यूपी पूरा माफियाओं से घिरा था। योगी आदित्यनाथ ने पूरा यूपी मच्छर व माफिया दोनों को खत्म कर दिया। यूपी को देश में नंबर वन बनाना है। इसलिए नरेन्द्र मोदी के हाथ मजबूत करें।

# कुख्यात सुनील राठी को कोर्ट ने सुनाई 10 साल की सजा

**बागपत।** उत्तराखंड की पौड़ी गढ़वाल जेल में बंद कुख्यात सुनील राठी शासन से अंतरराज्यीय माफिया घोषित है। जिसका गिरोह कई राज्यों में फैला हुआ है और अपराधों की फेहरिस्त भी काफी लंबी है। सुनील राठी के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला, रंगदारी मांगने समेत 41 मुकदमे दर्ज हैं।

एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि टीकरी गांव के रहने वाले सुनील राठी को शासन ने माफिया घोषित कर दिया था। जिस पर बागपत जेल में हुई डॉन मुन्ना बजरंगी की हत्या का भी आरोप लगा था। गैंगस्टर के मुकदमे में सुनील राठी की 1.20 करोड़ रुपये की संपत्ति भी कुर्क की जा चुकी है। इसके अलावा नीरज बवाना पर हत्या, लूटपाट समेत 26 मुकदमे और सचिन हलालपुर पर 16 मुकदमे दर्ज हैं।

बागपत में गैंगस्टर के मुकदमे में मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगस्टर ने कुख्यात सुनील राठी को दस साल, नीरज बवाना को सात साल और सचिन हलालपुर को पांच साल की सजा सुनाई। साथ ही सुनील राठी पर एक लाख रुपये, नीरज बवाना पर 70 हजार रुपये और सचिन हलालपुर पर 50 हजार रुपये अर्थदंड लगाया।



पूर्वांचल के डॉन मुन्ना बजरंगी की हत्या का आरोपी और एक लाख का इनामी कुख्यात सुनील राठी इन दिनों जेल में बंद है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश

**■ घोषित है अंतरराज्यीय माफिया, 41 केस हैं दर्ज**

और उत्तराखंड के अपराध जगत में सुनील राठी का नाम बड़ा है। बताया जाता है कि अपने पिता की हत्या कर उसने जुर्म की दुनिया में कदम रखा था। इसके बाद एक-एक करके चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया। इसके बाद लोग सुनील के नाम से भी डरने लगे। उसकी मां पिछले विधानसभा चुनाव में बीएसपी के टिकट पर छपरौली विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुकी हैं।

सुनील राठी का नाम पिछले साल तब सुर्खियों में आया था, जब उसने रुड़की शहर के एक प्रतिष्ठित डॉक्टर से 50 लाख की रंगदारी मांगी थी। बागपत जेल में बंद रहते हुए उसने डॉक्टर से अपनी मां तक इन पैसों को पहुंचाने के लिए कहा था। इसके बाद रुड़की पुलिस सुनील राठी को रिमांड पर लेकर आई थी।

# यू ट्यूबर एल्विश यादव से ईडी जल्द करेगा पूछताछ




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में होने वाली रेव पार्टियों में सांप का जहर बेचने के आरोपी यू ट्यूबर एल्विश यादव को ईडी जल्द पूछताछ के लिए तलब करेगा। दरअसल, एल्विश के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने वाले गौरव गुप्ता के बयान का परीक्षण पूरा हो चुका है। अब आरोपियों पर शिकंजा कसने की तैयारी है। सूत्रों की मानें तो एल्विश को जून के पहले सप्ताह में तलब किया जा सकता है। ईडी के अधिकारी एल्विश की संपत्तियों को भी तलाश रहे हैं।

बता दें कि ईडी ने यू ट्यूबर व बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव के खिलाफ बीते अप्रैल में मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। इसके बाद एल्विश के खिलाफ नोएडा में मुकदमा दर्ज कराने वाले भाजपा सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपुल्स फॉर एनिमल्स के पदाधिकारी गौरव गुप्ता का नई दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में बयान दर्ज हुआ था। अब मामले में ईडी एल्विश यादव के एजेंट राहुल और चार सपेरों से भी पूछताछ करने जा रही है। वहीं, एल्विश को भी तलब किया जाना है।

**■ शिकायतकर्ता के बयान का परीक्षण हुआ पूरा**

# यूपी के कई जिलों में मौसम ने बदली करवट

## तेज आंधी के साथ हल्की बारिश से लोगों को मिली राहत, तापमान में भी हुई गिरावट

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** तीर्थनगरी मथुरा में बुधवार की शाम मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। विभिन्न इलाकों में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली। वहीं आंधी से काफी नुकसान भी हुआ। पेड़ टूटकर गिरने से उसके नीचे दबकर महिला की मौत हो गई। राजधानी दिल्ली और एनसीआर समेत पश्चिम उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मौसम में बदलाव आया। आगरा, मथुरा और हाथरस के कुछ इलाकों में बारिश की हल्की बूंदाबांदी हुई। हालांकि, गर्मी से राहत अभी दूर ही नजर आ रही है।

आगरा में बुधवार दोपहर 3.45 बजे मौसम के मिजाज में तेजी से बदलाव आया। बादल छा गए और तेज हवा चल रही है। यहां पिछले कई दिनों से तापमान 46 डिग्री से अधिक रहा है। वहीं, हाथरस में तेज आंधी के बाद सादाबाद में बारिश हुई।



फिरोजाबाद में यहां शाम 4.30 बजे मौसम के मिजाज में तेजी से बदलाव आया। आसमान में बादल छाने के साथ तेज हवा चल रही है। आंधी आने की आशंका बनी हुई है। इसके अलावा, मथुरा जिले में शहर में तेज धूप के बीच हवाओं की रफ्तार बढ़ी। हालांकि, कुछ ग्रामीण इलाकों में बूंदाबांदी हुई है। बागपत जिले में सुबह से गर्मी के कड़े तेवर रहे। शाम साढ़े चार बजे बादल छा गए। बरसात के आसार दिखाई दे रहे हैं। एटा जिले सुबह से लेकर शाम चार बजे तक कड़ी धूप रही और हीट वेव चलती रही। शाम के समय मौसम में बदलाव हुआ है और बादल छाए हैं तथा हवा भी चल रही है। अधिकतम तापमान 47 डिग्री व न्यूनतम 32 डिग्री सेल्सियस रहा।

इसके अलावा नंदगांव रोड स्थित 33 केवीए बिजलीघर के 10 एमवीए ट्रांसफॉर्मर पर एक पेड़ गिर गया। हरीपुरा 33 केवीए बिजलीघर पर केबिल बाक्स में धमाका हो गया। इससे कोसी एंव आसपास के क्षेत्रों की बिजली की सप्लाई ठप हो गई। नरसी विलेज में दो पोल गिर गए। वहीं शालीमार रोड पर तीन पोल, रामनगर में महावीर बगीची में दो पोल, नंदगांव रोड पर डिग्री कॉलेज के समीप एक पोल, शक्ति नगर में एक पोल समेत कई स्थानों पर पोल टूट गए। इससे पूरे नगर और ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई।

वहीं महाराजा अग्रसेन मार्ग पर यूकेलिप्टस के तीन, गोपाल बाग पर 8-10 पेड़ समेत कई स्थानों पर पेड़ गिर गए। इससे सड़कों पर जाम के हालत पैदा हो गए। चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल ने जेसीबी के माध्यम से पेड़ों को हटवाकर रास्ता साफ कराया। इससे आगवामन सामान्य हो सका। शालीमार रोड पर एक प्लाट में लगे टिनशेड उड़कर मुख्य मार्ग पर आकर गिरे। एसडीओ सर्वज्ञ श्रीवास्तव ने बताया कि आंधी से क्षतिग्रस्त हुए खंभों के नुकसान का आंकलन कराया जा रहा है। आपूर्ति का सुचारू रूप से संचालन करने के लिए कर्मचारी जुटे हैं।

# बीमा के बाद भी नहीं दिया क्लेम, अब देना होगा 55 लाख

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** दुकान का बीमा होने के बावजूद क्लेम निरस्त कर देना चोला मंडलम एमएल जनरल इंश्योरेंस कंपनी को भारी पड़ गया। पीड़ित ने राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील की। सुनवाई के बाद आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अशोक कुमार ने बीमा कंपनी को 35 लाख रुपये 9 फीसदी सालाना ब्याज के साथ देने का आदेश दिया। साथ ही मानसिक कष्ट के रूप में दो लाख और वाद व्यय के 25 हजार रुपये भी अदा करने के आदेश दिए। ब्याज की अदायगी वर्ष 2018 से करनी होगी। ब्याज सहित हर्जाने की राशि करीब 55 लाख रुपये होगी।

बरेली स्थित आर्मी साइकिल स्टोर ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दाखिल किया था। इसके मुताबिक फर्म ने व्यापार के लिए बैंक से क्रेडिट लिमिट ली थी। क्रेडिट लिमिट के साथ व्यापार का बीमा चोला मंडलम जनरल इंश्योरेंस

**राज्य उपभोक्ता आयोग का फैसला**

कंपनी से 5 मई 2017 को कराया था। 21 मई को दुकान में आग लग गई और करीब 35 लाख रुपये का नुकसान हो गया। फर्म ने पूरे दस्तावेज जमा किए। सर्वेयर आया और रिपोर्ट के बाद कंपनी ने क्लेम देने से इन्कार कर दिया। इंश्योरेंस कंपनी की दलील थी कि आग जहां लगी, वह परिसर बीमा से बाहर था। कंपनी ने कहा कि आग आर्मी मोटर की दुकान में लगी। इस पर फर्म ने कहा कि आर्मी मोटर कोई को पंजीकृत फर्म नहीं है। न ही कोई अलग जीएसटी नंबर है। न ही कोई अतिरिक्त खाता है। आर्मी मोटर नाम की दुकान आर्मी साइकिल स्टोर परिसर में ही है। इसके बावजूद इंश्योरेंस कंपनी ने दावा खारिज कर दिया। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आयोग ने आदेश दिया कि सारे जरूरी दस्तावेजों और बैंक के प्रमाणपत्र के बावजूद क्लेम न देना सेवा में कमी के तहत आता है। आयोग ने पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाया।

# ‘कंपनियां अपने सिस्टम का भार बढ़ा लेती तो न होता अधिकतम ब्रेकडाउन’

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** आज पूरे उत्तर प्रदेश में काफी हद तक बिजली की उपलब्धता होते हुए भी उसका उपभोग उपभोक्ता केवल इसलिए नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि बिजली कंपनियों का पूरा वितरण तंत्र अतिभारित हो गया है हो भी क्यों ना साल भर बिजली कंपनियां नियम विरुद्ध राजस्व बढाने के लिए उपभोक्ताओं का भार बढती रहती है लेकिन यदि अपने सिस्टम का भार उपभोक्ताओं के भार के मुताबिक बढा ली होती तो आज यह स्थिति ना पैदा होती। उपभोक्ता हर महीने अपने भार के हिसाब से बिजली कंपनियों को फिक्स चार्ज वह डिमांड चार्ज अदा करते हैं ऐसे में वह अपनी जगह बिल्कुल सही है लेकिन खामियाजा भी वही भुगत मार्च 2024 के आंकडों पर ध्यान दें तो प्रदेश में कुल 473 की सँख्या में 132 केवी सब स्टेशन है और उनकी कुल क्षमता जो है वह 65213 एमवीए है यानी कि जब उसे किलोवाट में निकाला जाएगा तो वह 5 करोड 86 लाख 91 हजार हजार 700 किलो वाट होगा वहीं मार्च 2024 की बात करें तो प्रदेश में लगभग 3 करोड 45 लाख 93087 विद्युत उपभोक्ताओं है उनका कुल स्वीकृत भार है वह लगभग 7 करोड 38 लाख 35635 किलो वाट है ऐसे में यह कहना उचित होगा कि जब भीषण गर्मी पड रही है और उपभोक्ता अपने स्वीकृत भार का सत प्रतिशत उपभोग कर रहा है तो पावर कारपोरेशन का सिस्टम कांपने लग रहा क्योंकि इस भीषण गर्मी में डायवर्सिटी फैक्टर 1 अनुपात 1 हो ही जाएगा उपभोक्ताओं द्वारा लिए गए भार और प्रदेश की बिजली कंपनियों के सिस्टम के भार में लगभग 2 करोड किलोवाट का अंतर है ऊपर से इसी सिस्टम पर बिजली चोरी का जब लोड लगभग 20 प्रतिसत आता है तो सिस्टम कांपने लगता है और प्रदेश के उपभोक्ताओं को अच्छी गुणवत्ता की बिजली नहीं मिल पाती।

**■ उपभोक्ता परिषद ने की प्रदेश के सभी विद्युत उपभोक्ताओं से संयम बरतने की अपील**

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा अब तो बस मानसून का इंतजार है तभी प्रदेश के उपभोक्ताओं को राहत मिल पाएगी जैसा हर साल होता है किसी भी उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश की बिजली कंपनियां व अपने शहरी विद्युत उपभोक्ताओं से कुछ अपील की है और कहा है कि विषम परिस्थिति में हमको आपको सबको एकजुट होकर इस समस्या से निपटना होगा बिजली कंपनियों से अपील करते हुए कहा कि अब बिजली कंपनियां गरीब विद्युत उपभोक्ताओं आम विद्युत उपभोक्ताओं का नियम विरुद्ध भार बढाना बंद करें और अपने सिस्टम का भार बढाएं।

# बीएचयू के हॉस्टलों में रहना हुआ महंगा, 150 फीसदी तक बढ़ी फीस

अवधनामा संवाददाता

**वाराणसी।** सर्व विद्या की राजधानी काशी हिंदू विश्वविद्यालय के हॉस्टल छात्र-छात्राओं के लिए पहले से ज्यादा महंगे हो गए हैं। ओल्ड हॉस्टल के कमरों के लिए पहले जहां लगभग 3180 रुपये प्रतिवर्ष बतौर फीस लिए जाते थे, वहीं अब यह शुल्क बढ़कर 4750 रुपये हो गया है।

न्यू हॉस्टल के लिए जहां पहले 3680 रुपये लिए जाते थे, जो अब 5250 रुपये लिए जा रहे हैं। लगभग 15 साल बाद हॉस्टल फीस में कुल शुल्क के लगभग 50 फीसदी वृद्धि हो गई है। हालांकि यह फीस वर्ष 2022 में की गई थी, जिसकी जानकारी तमाम छात्रों को नहीं हो पाई थी। बीएचयू के ओल्ड और न्यू हॉस्टल भवनों के कमरों के लिए अलग-अलग शुल्क का प्रावधान है। ओल्ड हॉस्टल के लिए नए बने



हॉस्टल के मुकाबले कम शुल्क का भुगतान करना पड़ता है। नए सत्र में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं को पहले ओल्ड हॉस्टल के कमरों के लिए 3180 रुपये शुल्क देने पड़ते थे। जबकि नए कमरों के लिए 3680 रुपये अदा करने पड़ते थे।

यह शुल्क वर्ष 2007 से चल रहा था। बीच-बीच में विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुल्क में वृद्धि करने की योजना बनाई, लेकिन छात्र-छात्राओं के विरोध के चलते कामयाबी नहीं मिल पाई। 2014 में एक बार हॉस्टल शुल्क में की गई बढ़ोतरी छात्रों के विरोध के कारण विश्वविद्यालय प्रशासन को वापस लेना पड़ा था।

# टीएमयू में एक्सपर्टस ने आईपीआर के महत्व पर दिए टिप्स

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** हरियाणा के साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के साइंटिस्ट डॉ. राहुल तनेजा अनुसंधान और नवाचार में बौद्धिक संपदा के अधिकार और इसकी भूमिका पर बोले, आईपीआर- इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स कैसे वैज्ञानिक और व्यावसायिक रचनाओं को संरक्षित और प्रोत्साहित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आईपीआर के जरिए नए विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उत्पादों के विकास की खातिर उनके संरक्षण की दरकार है। साथ ही उन्होंने सामाजिक और आर्थिक विकास में बौद्धिक संपदा के अधिकार की महत्वपूर्ण भूमिका पर गहनता से विचार व्यक्त किए। डॉ. तनेजा तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में आईआईसी, आईपीआर और आईक्यूएसी के संयुक्त



तत्वावधान में आईपीआर और एसडीजी- नवाचार और रचनात्मकता के साथ स्वर्णिम भविष्य निर्माण पर आयोजित वर्कशॉप में बतौर की-नोट स्पीकर बोल रहे थे। इससे पूर्व दो सत्रों में एलटी-2 में हुई इस वर्कशॉप का दीप प्रज्ज्वलन के संग शुभारम्भ हुआ। इस मौके पर साइंटिस्ट डॉ. राहुल तनेजा, लीगल एक्सपर्ट मिस मानसी चौधरी, डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डॉ. गीतान्शु डावर, डॉ. सोविक सुर की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। हर सत्र के बाद इंटरेक्टिव प्रश्नोत्तरी भी हुई। संचालन डॉ. गीतान्शु डावर ने किया। अंत में डॉ. सोविक सुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अपने संक्षिप्त एवम् सारगर्भित संबोधन में डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में इक्यूबेशन सेंटर और स्टार्ट अप्स की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा, मौजूदा समय में आईपीआर क्यों महत्वपूर्ण है।

# ‘फोन में बिजी रहते हैं पुलिसकर्मी’, कोर्ट की पुलिसिंग पर तल्ख टिप्पणी

**बरेली।** बरेली में सातवीं की छात्रा को आत्महत्या करने के लिए मजबूर करने वाले लोधी टोला के आलम को अपर सत्र न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर की अदालत ने दस वर्ष कैद की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायाधीश ने पुलिसिंग पर तल्ख टिप्पणी करते हुए लिखा है कि अगर छात्राओं के स्कूल, पार्क, बाजार आदि जगहों पर पुलिस की ओर से सही से पेट्रोलिंग की जाती तो शायद ऐसी घटना नहीं होती।

बारादरी के पुराना शहर निवासी आसिफ की पुत्री शबनूर (14) ने 27 सितंबर 2020 को फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। आसिफ का आरोप था कि पड़ोसी आलम, शबनूर पर शादी करने का दबाव बनाता था। स्कूल आते-जाते समय परेशान करता था। बारादरी पुलिस ने इस संबंध में जांच के बाद 18 अक्तूबर 2020 को आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा 306 के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की थी। इस मामले में आलम की तरफ से उसके अधिवक्ता ने मुकदमा दर्ज होने में 21 दिन की देरी होने की बात कहते हुए आरोपों को गलत बताया था।

**■ छात्रा की आत्महत्या के दोषी को सजा**

जिला शासकीय अधिवक्ता दिगंबर सिंह पटेल ने कहा कि आलम के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य हैं। अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आलम को दोषी पाते हुए दस साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही एक लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया है। छात्रा के पिता आसिफ ने अदालत को बताया कि आलम छात्रा को धमकी देता था कि शादी कर ले वरना तेरे बाप को मार दूंगा। आलम के घर जाकर उसके मां-बाप से शिकायत की थी। तब घर वाले इसे हल्के में ले गए और कहा कि आलम को समझा देंगे, लेकिन आलम नहीं माना। वह छात्रा को परेशान करता रहा। इसके बाद दहशत की वजह से छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया था।

# अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला का सीएमएस में हुआ भव्य स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के छात्र एवं गगनयान मिशन के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला आज एक बार फिर से अपने उस विद्यालय परिसर में पधारे जहाँ एक छात्र के रूप में उन्होंने अपने भावी जीवन के सपनों को संजोया और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में मेहनत, लगन व संकल्पशक्ति से अपने सपनों को साकार भी किया। शुभांशु शुक्ला उन चार अंतरिक्ष यात्रियों में से एक हैं जिन्हें गगनयान मिशन हेतु इसरो ने चयनित किया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन के मार्गदर्शन में सी.एम.एस. छात्रों व शिक्षकों ने बड़े स्नेह व गर्व से सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस में शुभांशु का हार्दिक स्वागत किया, जिन्होंने अपनी अतुलनीय उपलब्धि से न सिर्फ सी.एम.एस. का अपितु लखनऊ व पूरे प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। इस अवसर पर सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की तत्कालीन प्रधानाचार्या श्रीमती गौरी खन्ना की उपस्थिति सभी के लिए प्रेरणास्रोत रही। विद्यालय की वरिष्ठ प्रधानाचार्या ज्योति कश्यप व प्रधानाचार्या शिवानी सिंह ने भी शुभांशु का हार्दिक स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




इससे पहले, दीप प्रज्वलन के साथ सी.एम.एस. छात्र शुभांशु के स्वागत समारोह का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर शुभांशु ने अपने स्कूली दिनों को याद करते हुए सी.एम.एस. की कक्षा से लेकर अन्तरिक्ष की कक्षा तक के यात्रा विवरण को वर्तमान छात्रों से साझा किया, साथ ही सी.एम.एस. द्वारा उनकी शैक्षिक और करियर आकांक्षाओं को आकार देने में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया। 2006 में भारतीय वायु सेना में एक लड़ाकू पायलट के रूप में चयन के उपरान्त इसरो अंतरिक्ष यात्री बनने तक सफर सभी के लिए बेहद प्रेरणादायी रहा। शुभांशु ने बताया कि अंतरिक्ष का अलौकिक प्रवास एवं अन्तरिक्ष से सीमारहित पृथ्वी को निहारना व उसे अनुभव करना उनके जीवन का मकसद है, जिसके लिए विभिन्न क्षेत्रों का गहन व व्यावहारिक ज्ञान, फिजिकल फिटनेस एवं अनुशासन अपरिहार्य शर्त है। इस अवसर पर छात्रों व शिक्षकों ने शुभांशु से सवाल-जवाब कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। शुभांशु को गगनयान मिशन हेतु रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेन्टर में विशेष रूप से प्रशिक्षित किया गया है एवं उनकी अभूतपूर्व उपलब्धि हेतु 27 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ‘एस्ट्रोनॉट्स विंग्स’ सम्मान से नवाजा गया है।

**■ सवाल-जवाब से छात्रों व शिक्षकों की जिज्ञासाओं का किया समाधान**




सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्र शुभांशु की अभूतपूर्व उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि शुभांशु ने सी.एम.एस. के स्वर्णिम इतिहास में एक और कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रो. किंगडन ने कहा कि सी.एम.एस. अपने प्रत्येक छात्र की अन्तर्निहित क्षमताओं को निखारने व उनके सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध है।

# उत्तराखण्ड चार धाम यात्रा के दौरान 31 मई तक वीआईपी दर्शन की व्यवस्था नहीं रहेगी

**लखनऊ।** उत्तराखण्ड शासन की मुख्य सचिव ने चार धाम यात्रा मे 31 मई तक वीआईपी दर्शन नहीं किये जाने के संबंध मे सभी राज्यों एवं संघ क्षेत्र के मुख्य सचिवों को पत्र भेजते हुए अनुरोध किया है। उत्तराखण्ड की मुख्य सचिव सुश्री राधा रतूड़ी 16 मई को सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को भेजे पत्र मे अनुरोध किया है कि उत्तराखण्ड चार धाम यात्रा मे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यात्रा को सुगम बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन ने इस निर्णय का व्यापक प्रचार प्रसार राज्यों/संघ क्षेत्रों के मुख्य सचिवों के माध्यम से कराये जाने का अनुरोध किया है। उन्होंने पत्र मे यह भी कहा है कि चार धाम यात्रा को बाधा रहित सम्पन्न कराने के लिए उत्तराखण्ड सरकार कटिबद्ध है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेम शंकर शर्मा ने खाटू श्यामजी मंदिर पर 32वें सुंदर काण्ड का किया शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** निर्माणधीन श्री खाटू श्यामजी मंदिर परिसर इकदिल पर सुंदर काण्ड का बत्तीसवां अयोजन प्रभु कृपा और उनके गुणगान से सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ पूजन आरती का शुभारंभ पूर्व डी जी सी, ज्ञान चंद्र इण्टर कॉलेज के प्रबंधक प्रेम शंकर शर्मा एडवोकेट ने किया। मुख्य अतिथि ने श्री सेवाश्रम संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि सेवाश्रम के कार्यकर्ताओं ने जमीन पर काम करके समूचे जनपद में पहचान बनाई है खाटू श्यामजी मंदिर निमार्ण में तन मन धन से सहयोग का आश्वासन दिया। सेवाश्रम जिला उपाध्यक्ष रामदास बाथम, बकेवर नगर अध्यक्ष अनुपम अवस्थी, मुकेश तिवारी, राजकुमार दीक्षित, बढ़पुरा ब्लॉक अध्यक्ष साहब सिंह शंखवार, नबाब सिंह पाल, मोनिका अग्निहोत्री, शशिबाला, मनोज, दुबे, संजीव दुबे, योगेश शुक्ला, पिंटू शुक्ला, हीरालाल बाथम, कृष्ण अवतार मिश्रा, मनोज यादव, जितेंद्र कुमार, रविंद्र पाल, पंकज अवस्थी, सुनील तिवारी, मुकेश दिवाकर, अशोक तिवारी, विमलेश चतुर्वेदी, आराध्या त्रिपाठी, हरिश्चन्द्र चंद्र दिवाकर, फूलमती देवी, आशा प्रजापति, दीक्षा, अंजली, शिवानी, मिथलेश कुमारी, सौम्या, श्रीआ, मनोज दुबे, कृष्ण मुरारी सविता, दीपक दुबे, हरिशंकर चौबे, शिव शंकर शाक्य, अतर सिंह, राज कुमार, अनुरूप, मोनू, शैलेश, योगेश तिवारी, सनोज कुमार यादव संतोष शाक्य आदि ने सुन्दर काण्ड के आयोजन में भाग लेकर प्रभु का गुणगान किया आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया सेवाश्रम कार्यकर्ताओं ने मुख्य अतिथि का मल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया सेवाश्रम जिला संगठन मंत्री वकील सिंह पाल और सेवाश्रम नगर अध्यक्ष इटावा ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र ओढ़ाकर और सेवाश्रम और सेवाश्रम के वरिष्ठ कार्यकर्ता संतोष पाण्डेय ने मुख्य अतिथि को श्रीखाटू नरेश का प्रतीक चिन्ह भेंट किया सेवाश्रम प्रमुख ने आयोजन सफल बनाने के लिए सभी भक्तजनों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों ने जय श्री राम, जय हनुमान, खाटू श्याम बाबा के जयकारे लगाए।

## विश्व हिंदी परिषद की प्रदेश संयुक्त मंत्री बनाई गई सीमा

**इटावा।** विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय समन्वयक डॉ.शकुंतला सरुपरिया ने इटावा की रहने वाली ग्लोबल पीस फाउंडेशन की अध्यक्ष सीमा सिंह को शैक्षणिक प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश के संयुक्त मंत्री के पद पर मनोनीत किया है। उन्होंने आशा व्यक्त किया है कि सीमा सिंह परिषद के कारवां को आगे बढ़ाएंगी। देश-विदेश में हिंदी भाषा की प्रचार-प्रसार को गति देगी। उन्होंने कई गरीब लड़कियों की शादियां करवाई तथा महिलाओं को रोजगार दिलाया है। डॉ.नन्दकिशोर साह परिषद की गतिविधियां कई देशों में संचालित है। सीमा सिंह को संयुक्त मंत्री मनोनीत किए जाने पर डॉ नन्दकिशोर साह, मांडवी मनोज पांडेय, डॉ.नमिता सिंह, एडवोकेट प्रभा गावा, बृजमोहन अंबेड आदि ने बधाई दी है।



# पुण्य स्मृति पर हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो




**इटावा।** माँ रुद्राणी धाम रुरिया में स्वदेशी समाज सेवा समिति के सौजन्य से स्थापित पर्यावरणीय एवं आध्यात्मिक वन में स्वामी अखण्डानन्द जी महाराज की पुण्य स्मृति में बृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। स्वामी महेशानंद सरस्वती जी महाराज, आचार्य राजेश्वर दास जी महाराज, आ.प्राप्त मुख्य वन सरंक्षक महेन्द्रप्रताप सिंह, आचार्य राकेश, पान कुंवर इंटर नेशनल स्कूल के प्रबंधक डॉ.कैलाश चन्द्र समिति के संस्थापक सचिव एवम जिला पर्यावरण समिति के सदस्य विवेक यादव रुद्राक्ष मेंन आशीष ने चंदन, रुद्राक्ष, गुड़हल के पौधे रौपित किये। स्वामी महेशानंद सरस्वती जी ने कहा स्वदेशी समाज सेवा समिति द्वारा पर्यावरण क्षेत्र में बहुत ही सराहनीय कार्य किये जा रहे है। आचार्य राजेश्वर दास जी महाराज ने कहा पर्यावरणीय एवम आध्यात्मिक वन में आने वाले समय मे लोगो को शांति का अहसास होगा आज तापमान बढ़ता जा रहा है हम सभी लोगो को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। महेंद्रप्रताप सिंह ने कहा इस वन में विश्व की प्रथम श्रीमद्देवीभागवत वाटिका, विश्व की प्रथम श्रीमद्भागवत वाटिका, रामायण वाटिका, वेद वाटिका सहित 101 प्रकार की वाटिकाये स्थापित होगी आने वाले समय मे यहाँ शोध कार्य भी होगा। विवेक यादव रुद्राक्ष मेन ने कहा यहाँ प्राकृतिक चिकित्सा केंद्र, महेन्द्र प्रताप सिंह पर्यावरण शोध केंद्र, ईको फ्रेण्डली हाऊस, यज्ञशाला, आचार्य राजेश्वर दास गौशाला, डा.मिथिलेश दीक्षित ग्रन्थालय, पुस्तकालय एवम वाचनालय का निर्माण किया जायेगा।

# नौतपा में सड़कों पर कर्फ्यू जैसा माहौल



■ 46 डिग्री पर टिका हुआ है तापमान

अवधनामा संवाददाता

**इटावा।** नौतपा में शुरु हुई भीषण गर्मी में बुधवार को लगातार पांचवे दिन भी तापमान 46 डिग्री पर टिका रहा। इस गर्मी के कारण स्थिति यह रही कि दोपहर को सड़कों पर कर्फ्यू जैसा माहौल रहा। इसके चलते दोपहर को घरों से निकलना मुश्किल है। बुधवार को भी ऐसा लगता रहा जैसा आसमान से आग बरस रही है। हालांकि बुधवार को सुबह 6 बजे के करीब आसमान में बादल छाए थे लेकिन यह स्थिति ज्यादा देर तक नहीं रह सकी। अभी नौतपा के चार दिन बाकी हैं और आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद भी नहीं है यह गर्मी ऐसे ही फिलहाल जारी रहेगी। स्थिति यह हैकि इन दिनो नौतपा चल रहे है जिनमें सूर्य की किरणें सीधी पृथ्वी पर पड़ रहीं हैं। गर्मी की यह स्थिति लोगों को खासा परेशान कर रही है गर्मी के कारण दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा छाया रहता है हालांकि पिछले दिनों से स्कूलों में छुट्टियां हो जाने के कारण बच्चे इस भीषण गर्मी से बचे हुए हैं लेकिन कार्यालय खुले हैं और कर्मचारियों को इसी भीषण गर्मी के बीच कामकाज करना पड़ रहा है। अब तो सुबह 8 बजे से ही तापमान बढ़ने लगता है और दोपहर 12 से लेकर शाम 5 बजे तक तो सड़क पर निकलना मुश्किल हो रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि इस पूरे सप्ताह गर्मी के तेवर ऐसे ही बने रहेंगे। गर्मी के कारण रोजमर्रा का कामकाज भी बाधित हो गया है। लोग बेहद जरुरी काम न होने पर घरों से नहीं निकल रहे।

# दबंगों के हौसले बुलंद, दरोगा की वर्दी फाड़ी

अवधनामा संवाददाता

■ झगड़े की सूचना पर पहुंचा था दरोगा पुलिस ने चार आरोपी पकड़े

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर दबंगई का मामला सामने आया है। सीएम योगी आदित्यनाथ भले ही लाख दावा करते हों, प्रदेश में दबंगों की गुंडागर्दी खत्म करने की बात कही जा रही है। लेकिन, हालत कुछ और ही स्थिति बता रहे हैं। इसकी ताजा तस्वीर थाना हाइवे क्षेत्र के बालाजीपुरम में देखने को मिलीं। झगड़े की सूचना पर गए चौकी इंचार्ज का गिरेबान पकड़कर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की गई। पुलिस ने एक आरोपी कि घटना स्थल से गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश पुलिस कर रही है। पुलिस अपराधियों पर लगाम लगाने की लाख कोशिश की गई, लेकिन पुलिस के ही दबंग अपराधियों की शिकार होने का मामला सामने आया है। पुलिस पर हमले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में दबंग व्यक्ति एक दरोगा की गलेवान पड़कर उसे खींचते हुए नजर आ रहे हैं। दरअसल, बालाजीपुरम निवासी सुमित सारस्वत पुत्र रामबाबू सारस्वत, हेमंत सिंह पुत्र राजवीर सिंह, जोगेंद्र सिंह पुत्र रुस्तम सिंह, मनजीत पुत्र स्वर्गीय सतवीर सिंह, भरत कर्ण पुत्र धर्मवीर सिंह, ओमवीर पुत्र इंद्र सिंह की दबंगई ने स्थानीय लोगों के सामने जीना दूभर कर दिया है। कभी हथियारों से लैस होकर शक्ति प्रदर्शन करना तो भी बीच चौराहे पर खुलेआम गाड़ी चढ़कर जान से मारने की कोशिश एवं गोलियां चलाना इनके लिए आम बात है।

आरोपियों के हौसले और भी ज्यादा बुलंद देखने को मिल रहे हैं। उन्होंने पुलिस को भी नहीं बख्शा। बताया जा रहा है कि बालाजीपुरम निवासी दिनेश पार्षद पति को इनकी शिकायत करना भरी पड़ा। इससे पूर्व में शक्ति प्रर्दशन की शिकायत दिनेश की ओर से पुलिस से की गई। इसे रंजिश मानकर दिनेश को जान से मारने की नीयत से गाड़ी से टक्कर मार दी। गनीमत रही कि दिनेश उछलकर दूर जा गिरा और बाल-बाल बचा। दबंगों की ओर से दिनेश पर हमला लगातार होता रहा। दिनेश अपने आप बचता रहा। प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि नीरज और दिनेश दोनों अलग-अलग अपनी मोटरसाइकिल और स्कूटी से हाइवे की तरफ से आ रहे थे। इसी समय सामने से सैयद की ओर से आ रही फॉर्च्यूनर गाड़ी ने दिनेश की स्कूटी पर चढ़ा दी। गनीमत रही के दिनेश स्कूटी से उछटकर दूर गिरा और बाल-बाल बचा। प्रत्यक्षदर्शी की माने तो दबंग आज पार्षद पति दिनेश को मारने की नीयत थी। दबंगों की ओर से फायरिंग भी की गई थी। वहां खड़े वाहनों में तोड़फोड़ भी की गई। स्थानीय लोगों की ओर से घटना की सूचना पुलिस को दी गई। इस पर पुलिस पार्टी घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने दबंगों को गिरफ्तार करना चाहा, इस पर दबंगों ने चौकी इंचार्ज के साथ अभद्रता करनी शुरू कर दी। उन पर गाड़ी चढ़ाने की कोशिश की। सुमित सारस्वत अपने आप को भाजपा युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष बताता है। हालांकि, अभी वह अभी उपाध्यक्ष नहीं है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने मामले के संबंध में बताया कि थाना हाइवे क्षेत्र के अंतर्गत बालाजीपुरम पड़ता है। दो पक्षों की झगड़े की सूचना में हलका इंचार्ज को भेजा गया था। दरोगा के साथ मारपीट और गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया। चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। मुकदमा रजिस्टर कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# तैयारियां पूर्ण आज होगा भव्य पत्रकारिता दिवस समारोह

अवधनामा संवाददाता

■ देश की प्रमुख हस्तियां होंगी शामिल

■ ब्रज के प्रख्यात संत भी होंगे मंचासीन

**मथुरा।** गणेश शंकर विद्यार्थी की याद में हिन्दी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर नेशनल यूनियन जर्नलिस्ट्स ऑफ इंडिया एवं ब्रज प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 30 मई को पत्रकारिता दिवस समारोह होटल ब्रजवासी रॉयल में धूमधाम से मनाया जाएगा। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में पत्रकारिता की वर्तमान स्थिति और आगे की दिशा और दशा क्या होगी इस पर गहन मंथन होगा और फैक न्यूज भी प्रमुख मुद्दा रहेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए एनयूजेआई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ.कमलकान्त उपमन्यु एडवोकेट ने बताया कि इस भव्य कार्यक्रम में ब्रज के विरक्त संत पद्मश्री रमेश बाबा, प्रख्यात संत विनोद बाबा, संत सियाराम बाबा, महामंडलेश्वर डॉ. अवशेषानंद महाराज, एनयूजेआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार रास बिहारी, एडीटर गिल्ड ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ.आलोक मेहता, पांचजन्य के प्रधान संपादक हितेन्द्र शंकर, उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त पत्रकार संवाद समिति के अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार हेमन्त तिवारी, एपीएन चैनल की एडीटर इन चीफ राजश्री राय वरिष्ठ पत्रकार व पूर्व विधायक रूप चौधरी, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप रॉय, इंडिया टुडे ग्रुप उ.प्र. के सहायक संपादक आशीष मिश्रा, उ.प्र. सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी, महापौर विनोद अग्रवाल, शिक्षाविद्, अधिवक्तागण एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी प्रमुख रूप से भाग लेंगे।

## समाजसेविका के छठवे स्मृति दिवस पर भावपूर्ण स्मरण

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन जनपद मथुरा द्वारा संस्थापिका दिवंगत कर्मशिला केला देवी सिंह गूगर के छठवें स्मृति दिवस पर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ काम कर रहे समाजसेवियों के उत्सवर्धन हेतु सम्मान समारोह का आयोजन कृष्णा नगर बिजलीघर पर किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कर्मशिला केला देवी जी की चित्र पर प्रतीकात्मक श्रद्धांजलि अर्पित की इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार कवि किसी भी विकल्प साहब ने कविता पाठ कर वर्णन अंजलि अर्पित की उत्साह वर्धन कार्यक्रम के दौरान संघर्षील समाजसेवी रमेश सैनी अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति प्रेम सिंह विमल अध्यक्ष क्षमता मंच उत्तर प्रदेश विजय कुमार वरिष्ठ समाजसेवी विजेंद्र सिंह बौद्ध एवं समता फाउंडेशन के सक्रिय कार्यकर्ता आकाश बाबू को शील्ड एवं स्मृति चिन्ह देकर पटका उड़ाकर सम्मान किया।

# रिज़र्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों द्वारा दंगा/बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल की



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 मतगणना एवं त्योहारों के दृष्टिगत बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों द्वारा दंगा/बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। दंगा/बलवा नियंत्रण मॉक ड्रिल प्रतिभाग कर रहे पुलिसकर्मियों को भविष्य में कभी भी किसी भी परिस्थिति में दंगों एवं बलवाओं में आक्रोशित भीड़ से स्वयं को बचाव करते हुए भीड़ को नियंत्रित करने के बारे में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस कर्मी द्वारा बलवा एवं दंगा नियंत्रण मॉक ड्रिल के दौरान प्रयुक्त होने वाले उपकरणों बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, डंडा, टियर गैस गन, कंसील्ड, रबर बुलेट, फायर ब्रिगेड इत्यादि के साथ संपूर्ण बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अपराध सुबोध गौतम, क्षेत्राधिकारी नगर अमित सिंह, क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर विवेक जावला, क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान, क्षेत्राधिकारी सैफई शैलेन्द्र प्रताप गौतम, क्षेत्राधिकारी चकरनगर नागेन्द्र चौबे, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# रालोद ने चरण सिंह की पुण्य तिथि पर किया हवन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री स्व. चौ. चरण सिंह की 37 वीं पुण्यतिथि पर कलेक्ट्रेट प्रांगण में स्थित चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि सभा हुई। जिसमें रालोद नेताओं ने हवन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभी ने उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपाईयों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह ने किसान हित में सबसे पहले जमींदारी उन्मूलन एक्ट लागू करवाया था। चौधरी चरण सिंह ने किसानों से आह्वान किया था कि आप अपना हाथ हल मूंठ पर और नजर दिल्ली की गद्दी पर रखो। इस अवसर पर एमएलसी योगेश नौहवार, कुंवर नरेंद्र सिंह, राजेन्द्र सिंह सिकरवार, बाबूलाल प्रमुख, अनूप चौधरी, रामवीर सिंह भरंगर, महानगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति, अतुल सिसोदिया, नरेंद्र सिंह एडवोकेट, डॉ. अशोक अग्रलवा, प्रीतम सिंह प्रमुख, मुकेश प्रमुख, धर्म सिंह, पूर्व मंत्री सरदार सिंह, पूर्व विधायक कुशल पाल सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनूप चौधरी, विधायक पूरन प्रकाश, मोनी ताऊ, अमित गुर्जर, जयवीर सिंह, राजीव चौधरी, नारायण सिंह विप्लवी, लक्ष्मण सिंह एडवोकेट, युद्धवीर सिंह सिसोदिया, रोहित प्रताप, युवा जिला अध्यक्ष अमित गुर्जर, पार्षद राजवीर चौधरी आदि मौजूद रहे। भारतीय किसान यूनियन भानू के कार्यकर्ताओं पदाधिकारी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न किसानों के मसीहा स्व. चौधरी चरण सिंह की 37वीं पुण्यतिथि मथुरा महानगर के मंडी समिति स्थित कैंप कार्यालय पर पूर्व प्रधानमंत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर मनाई गई।

# कैंसर को हर बार केएम दे रहा है मात, मुंह के कैंसर का सफल ऑपरेशन

अवधनामा संवाददाता

■ कैंसर के शुरूआती अवस्था में इलाज है संभव : ईएनटी विभाग

**मथुरा।** गुटखा सेवन करने से मुंह में दर्द और खाने पीने से लाचार हुए नेम सिंह के लिए केएम हॉस्पिटल वरदान साबित हुआ है, चार महीने पूर्व हीरालाल का 37 वर्षीय पुत्र नेम सिंह को पता लगा कि उसके जबड़े में कैंसर है। वह केएम पहुंचा यहां ईएनटी विभाग के असिटेंट डाक्टर साझी जैन, डा. दीपक सिंहल, डा. निशांत गिल ने सर्जरी द्वारा जबड़ा कैंसर का सफल ऑपरेशन कर नेम सिंह को नया जीवन प्रदान किया है। परिजनों ने केएम विवि के कुलाधिपति एवं डाक्टर्स टीम की दिल से प्रशंसा की है। नाक, कान गला (ईएनटी) विभाग की असिटेंट प्रोफेसर डा. साक्षी जैन ने बताया नेम सिंह बड़ी ही चिंताजनक स्थिति में यहां आया था, कैंसर ने उलटे जबड़ा की हड्डियां और दांतों को गला दिया था जिससे पूरी बॉडी में कैंसर फैलने का डर था। आयुष्मान के जरिए उसका कार्सिनोमा बुक्कल म्यूकोसा के रोगियों में पीएमएमसी फ्लैप पुनर्निर्माण विधि से निःशुल्क ऑपरेशन किया गया है। नेम सिंह की छाती से चमड़ी निकालकर (फ्लैप) मुंह पर लगाया गया है। इस जटिल ऑपरेशन में करीब पांच घंटे का समय लगा। उन्होंने बताया किसी भी मरीज को अगर दो हफ्ते से ज्यादा समय तक मुंह में छाला है तो उन्हें तुरंत ईएनटी स्पेशलिस्ट से परामर्श करना चाहिए, ताकि कैंसर होने की स्थिति में शुरूआती अवस्था में ही इलाज किया जा सके। सर्जरी टीम में डा. साक्षी जैन, डा. दीपक सिंहल, डा. निशांत गिल, डा. अमोध, डा. तरल कचौरिया आदि डाक्टर शामिल रहे। केएम विवि के कुलाधिपति किशन चौधरी, वाइस चालंसर डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस चासंलर डा. शरद अग्रवाल, एडीशनल मेडीकल सुप्रीडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डीन डा. पीएन भिसे ने सफल कैंसर ऑपरेशन के लिए ईएनटी विभाग के डाक्टर्स और उनकी टीम को बधाई दी एवं मरीज का हालचाल जाना।

लाभार्थी नेम सिंह ने सभी कैंसर रोगियों से अपील की है कि कैंसर का इलाज संभव है, जिसका इलाज मैंने करवाया है।

# जन सहयोग समूह के प्रयास लाए रंग

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** जन सहयोग समूह को बड़ी सफलता मिली है। जिसके तहत बरेली-मथुरा एक्सप्रेस वे पर राया के गांव सीरिया की नगरिया के ग्रामीणों को कट की सुविधा मिलेगी। जिससे उनके आने जाने का मार्ग उपलब्ध होंगा। इस अंडर पास को बनाने का काम नेशनल हाईवे प्राधिकरण ने कार्य प्रारंभ करा दिया है। बरेली मथुरा एक्सप्रेस वे का निर्माण आजकल बहुत तेजी से चल रहा है। इस हाईवे पर राया कट के पास गांव सीरिया की नगरिया गाँव है। जिसके मुख्य मार्ग को बंद करने की योजना नेशनल हाईवे विकास प्राधिकरण की थी। ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए जन सहयोग समूह ने एक निवेदन पत्र नेशनल हाइवे ऑथरटी और केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी को जिखकर गांव वालों की पूरी परेशानी बताई। जिस पर सीरिया की नगरिया गांव के मुख्य आवागमन के मार्ग पर अंडरपास बनने की स्वीकृति नेशनल हाईवे प्राधिकरण ने दे दी है। अब इस अंडरपास को बनाने का कार्य भी प्रारंभ करा दिया है। बतादें कि पांच मजरों के बच्चे इसी गांव में पढ़ने के लिए आते हैं। आसपास के गांवों की लड़कियों का एक मात्र इंटर कॉलेज इसी गांव में हैं।सारी समस्यायों को केन्द्रीय मंत्री ने गम्भीरता से समझने के बाद जन सहयोग समूह के प्रयास को सफलता प्रदान की। जिस पर जनसहयोग समूह के समन्वयक अजय कुमार अग्रवाल ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार भक्त किया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर जाट समाज और उनके शुभचिंतकों ने दी पुष्पांजलि

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय जाट महासभा मथुरा के तत्वाधान में सिंचाई विभाग कार्यालय परिसर में स्थित प्रतिमा के समक्ष भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 37वीं पुण्यतिथि हवन माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अखिल भारतीय जाट महासभा के जिला अध्यक्ष राजेश चौधरी ने श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता की तथा उन्होंने कहा कि चौधरी साहब की नीतियों के बिना किसान मजदूर की दिशा एवं दशा नहीं सुधर सकती। पूर्व मंत्री चौधरी सरदार सिंह ने चौधरी साहब की गांव गरीब के उत्थान में उनकी नीतियों पर विचार रखें श्री सिंह ने कहा कि देश का किसान आत्महत्या करने पर मजबूर है। धर्म सिंह चौधरी ने कहा कि चौधरी साहब सादगी के प्रतीक थे उन्होंने आजीवन जातिवाद की राजनीति का विरोध किया। कुवर नरेंद्र सिंह ने कहा चौधरी साहब ने गांव के किसान मजदूर को सिखाया के अपनी एक नजर हल की मूंठ पर दूसरी नजर दिल्ली, लखनऊ की कुर्सी पर रखो। विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि मैंने अपनी राजनीति चौधरी साहब के सानिध्य में शुरू की तथा उन्हें के बताए हुए रास्ते पर चलने का प्रयास कर रहा हूं। हरवीर चौधरी वरिष्ठ रालोद नेता ने कहा कि किसान मजदूर का भला चौधरी साहब के बताएं रास्ते पर चलकर हो सकता है देश के युवाओं को चौधरी साहब के द्वारा लिखी गई पुस्तकें पढ़नी चाहिए। छात्र रालोद के बृज क्षेत्र अध्यक्ष बिश्बेन्द्र चौधरी ने कहा कि चौधरी साहव किसानो के लिए भगबान थे चरण सिहं होते तो आज किसान नही होता ब्लॉक प्रमुख रामवीर सिंह भरंगर एवं चौधरी शिवराज सिंह पूर्व प्रमुख, आलोक चौधरी एडवोकेट , आदि ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर ठाकुर कुशल पाल सिंह पूर्व विधायक ,सत्यवीर सिंह प्रधानाचार्य ,सुभाष चौधरी दरोगा , शिवराज सिंह हिडोल, देशराज सिंह हिडोल,शिवकुमार यादव सपा नेता, राजवीर सिंह नोहवार ,रामवीर सिंह ,मुकेश चौधरी, श्रीमती चौधरी सुजाता सिंह ,हर्ष चौधरी ,अनुराग चौधरी ,डॉक्टर एन पी सिंह भरनगर, बलबीर सिंह इटोरा ,बाबूलाल मुगर्रा, कु, बलजीत सिंह , मोनी ताऊ, भूपेंद्र चौधरी ,ठाकुर शैलेंद्र पाल सिंह ,जेएस जाट, चौधरी रमेश ,ओमवीर चौधरी ,नेत्रपाल सिंह पंकज प्रकाश ,धर्मेंद्र प्रधान ,कमल सिंह आदि मौजूद थे।

# अग्रवाल सभा के चुनाव किये अवैध घोषित, पुनः होंगे

अवधनामा संवाददाता

■ सब रजिस्टार सोसायटी ने जीआईसी के प्रधानाचार्य दधेंटा को नियुक्त किया चुनाव अधिकारी

**मथुरा।** हाई कोर्ट प्रयागराज के आदेश के बाद सब रजिस्टार आगरा ने छह माह पूर्व हुए अग्रवाल सभा मथुरा के चुनाव को अवैध घोषित कर दिया है। अब श्री अग्रवाल सभा के चुनाव पुनः होंगे। इसके लिए उन्होंने राजकीय इंटर कॉलेज दधेंटा के प्रधानाचार्य अखिलेश यादव को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। इस संबंध में आज दोपहर स्थानीय होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में श्री अग्रवाल सभा के पदाधिकारी उमाशंकर अग्रवाल एडवोकेट ने देते हुए बताया श्री अग्रवाल सभा सभा के 2016 से चुनाव नहीं हो सके थे। इस बीच 2019 में हुए चुनाव में जबरन अलोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराकर अपना वर्चस्व स्थापित किया गया था यही नहीं पूर्व पदाधिकारी द्वारा सार्वजनिक चीजों को अपने मनमर्जी तरीके से प्रयोग किया जा रहा था। हाईकोर्ट प्रयागराज के इस आदेश के बाद से श्री अग्रवाल सभा के 13662 मतदाताओं की जीत हुई है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल ने कहा की इस बार किसी भी प्रत्याशी को निराश नहीं होना पड़ेगा। सभी आसानी से चुनाव लड़ सकेंगे। अग्रवाल सभा के पदाधिकारी शशि भानु गर्ग ने बताया कि गत कई वर्षों से यह वाद आगरा सब रजिस्ट्रार के यहां लंबे चल रहा था। जिस पर फैसला उनके पक्ष में किया गया था उसके बाद इस फैसले के विरुद्ध हाईकोर्ट में अपील की गई जिसमें हाईकोर्ट ने हमारे पक्ष को सही मानते हुए आगरा उप निबंधक को आदेशित किया कि वह तत्काल श्री अग्रवाल सभा के चुनाव को संपन्न करायें। इस आदेश पर आगरा सब रजिस्ट्रार ने दंघेटा राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अखिलेश यादव को चुनाव अधिकारी बनाकर चुनाव संपन्न कराने की आदेश किए हैं। आगामी समय में श्री अग्रवाल सभा के पदाधिकारी उनसे मुलाकात कर चुनाव प्रक्रिया की शुरुआत करने के विषय में बातचीत करेंगे। ज्ञात रहे की श्री अग्रवाल समाज के चुनाव हर 3 वर्ष बाद होते हैं इस बार भी वर्ष 2022 में 3 वर्ष होने से पूर्व ही तात्कालिक कमेटी द्वारा जयंती प्रसाद अग्रवाल को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया। किंतु चुने जाने की लगभग 1 वर्ष तक उनके द्वारा चुनाव नहीं कराए गये। वह बार-बार चुनाव घोषित कर अवैधानिक रूप से अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने की दृष्टि से चुनाव बाधित करना, चुनाव के बीच में ही नए सदस्य बने वह एक सैकड़ा से अधिक प्रत्याशियों द्वारा विभिन्न पदों के नामांकन जमा करने के बाद अपने लोगों को काबिज कराने हेतु बिना किसी कारण बताएं अन्य सभी नामांकन पत्र निरस्त घोषित कर दिए गए थे।

## वृद्धा आश्रम में विधवाओं को बांटे मटका व सत्तू

**वृंदावन (मथुरा)।** भीषण गर्मी से राहत के लिए श्री स्वामी हरिदास पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर राधा प्रसाद देव जू महाराज की अध्यक्षता में श्यामा दीदी वृद्ध आश्रम में वृद्ध विधवा माताओं को गर्मी से राहत के लिए मटका वितरण साथ में पौष्टिक सत्तू वितरण किया गया। मथुरा वृंदावन नगर निगम के अपर नगर आयुक्त चंद्रप्रकाश पाठक, सहायक अपर नगर आयुक्त अनुज कौशिक ने बताया कि सभी वृद्ध विधवा माताओं के लिए गर्मी से बचाव हेतु मटके और सत्तू की जरूरत थी। जिसकी पूर्ति श्री स्वामी हरिदासीय राधा प्रसाद सेवा ट्रस्ट ने पूरी की।उन्होंने बताया कि इन सभी वृद्ध विधवा माता के साथ उत्सव मना कर मन को बहुत ही शांति प्राप्त हुई है। उपसभापति मुकेश सारस्वत ने बताया श्री हरिदासीय राधा प्रसाद सेवा ट्रस्ट अबतक गरीब गरीब असहाय नेत्रहीन विधवा माताओ को 1500 से अधिक मटके वितरण कर चुके हैं। जीवात्मा की सेवा ठाकुर जी की सच्ची सेवा है होती है; निगम के द्वारा इस गर्मी से राहत पाने के लिए काफी जगह पर ठंडी पानी की प्याऊ पानी के टैंकर लगाई जा रहे हैं। विष्णु स्वामी संप्रदाय महंत चंद्र दास ने बताया गर्मी से लोगों को बचाने के लिए सरकार को तत्काल प्रभाव से जंगलों को काटने से बचाना होगा और पेड़ पौधों को अधिक से अधिक लगाना होगा।

# चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया को करना होगा पाकिस्तान का दौरा



चैंपियंस ट्रॉपी 2025 पर बीसीसीआई और पीसीबी के बीच लटकी तलवार हटने का नाम ही नहीं ले रही है। टूर्नामेंट की मेजबानी पाकिस्तान के पास है, लेकिन अगर मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो टीम इंडिय पाकिस्तान का दौरान नहीं करेगी। हालांकि, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस बात को ध्यान में रखते हुए टूर्नामेंट की तैयारी कर रहा है टीम इंडिया उनकी मेजबानी में खेली जाने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए आएगी।

इस महीने की शुरुआत में भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा था कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया का पाकिस्तान जाना सरकार के फैसले पर निर्भर करेगा। हालांकि, बावजू पाकिस्तान किसी भी तरह के प्लान बी की तरफ नहीं देख रहा है।

जैसे 2023 में खेला गया एशिया कप हाइब्रिड मॉडल में हुआ था। पाकिस्तान उस तरह का कोई प्लान नहीं बना रहा है। बता दें कि, एशिया कप 2023 की मेजाबनी भी पाकिस्तान के पास थी, लेकिन टीम इंडिया ने टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरान नहीं किया था। टीम इंडिया के इंकार के बाद एशिया कप को हाइब्रिड मॉडल के तहत करवाया गया था। भारतीय टीम ने टूर्नामेंट के सभी मैच श्रीलंका की मेजबानी में खेले थे, इसके अलावा एशिया कप के नॉकआउट मैच भी श्रीलंका में ही खेले गए थे।

वहीं एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार पीसीबी किसी भई तरह के प्लान बी की तैयारी नहीं कर रहा है। पाकिस्तान बोर्ड इसी बात की उम्मीद लगाए हुए है कि टीम इंडिया टूर्नामेंट के लिए पाकिस्तान का दौरा करेगी। पाक बोर्ड ने हाइब्रिड मॉडल को अपनाने से इनकार किया है।

साथ ही रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि, पाकिस्तान बोर्ड किसी दूसरे देश के साथ हाइब्रिड मॉडल को लेकर भी बात नहीं कर रहा है, जिससे भारतीय टीम कहीं और टूर्नामेंट के मैच खेल सके, जैसे एशिया कप 2023 में हुआ था। पाकिस्तान की तैयारी के मुताबिक टीम इंडिया को चैंपियंस ट्रॉफी के मुकाबले लाहौर में खेलने हैं।

## पूर्व भारतीय बल्लेबाज ने टीम इंडिया को दी सलाह, कहा ओपनिंग की शुरुआत करे कोहली : यशस्वी

टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इंडिया अमेरिका पहुंच चुकी है जहां टीम ने अभ्यास शुरु कर दिया है। अभी तक फैंस आईपीएल 2024 का लुत्फ उठा रहे थे। अब 1 जून से टी20 वर्ल्ड कप का लुत्फ उठा सकेंगे। वहीं वर्ल्ड कप से पहले पूर्व भारतीय बल्लेबाज वसीम जाफर ने सोशल मीडिया के जरिए टीम इंडिया को अहम सलाह दी है। उन्होंने बताया कि ओपनिंग पर रोहित शर्मा की जगह विराट कोहली आ सकते हैं।

वसीम जाफर ने एक्स पर लिखा कि, वर्ल्ड कप में कोहली और जायसवाल को ओपनिंग करनी चाहिए। रोहित और सूर्या को शुरुआत के हिसाब से नंबर 3 और 4 पर खेलना चाहिए। रोहित स्पिन अच्छी खेलते हैं तो नंबर चार पर बल्लेबाजी करने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए।

# संन्यास के 7 साल बाद मैदान पर उतरा ये ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, वॉर्म-अप मैच में की फील्डिंग




ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के अभ्यास मैच में नामीबिया के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की। इस मैच में कंगारू टीम 9 खिलाड़ियों के तौर पर मैदान पर उतरी। मैच में हैरान करने वाली बात ये है कि जब हेड कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड, असिस्टेंट कोच ब्रैड हॉग और नेशनल सेलेक्टर जॉर्ड बेली बतौर सब्स्टिट्यूट मैदान पर फील्डिंग करने के लिए उतरे।

9 खिलाड़ियों के साथ मैदान पर उतरने के बाद बावजूद भी ऑस्ट्रेलिया ने आसानी से नामीबिया को मात दी। मैच में नई गेंद से जोश हेजलवुड ने खतरनाक गेंदबाजी की और 5 रन देकर 2 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। आईपीएल 2024 में अच्छा प्रदर्शन करने मे नाकाम रहे वाले डेविड वॉर्नर ने नामीबिया के खिलाफ अच्छी बल्लेबाजी की है। उन्होंने 20 गेंद में अर्धशतक ठोक और ऑस्ट्रेलिया ने 10 ओवर में 120 रन का टारगेट हासिल कर दिया।

आईपीएल के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम फिलहाल 15 खिलाड़ियों में से 6 खिलाड़ियों ट्रेविस हेड, पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और मार्कस स्टोइनिस के बिना खेल रही है। ऑस्ट्रेलिया टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले दो अभ्यास मैच खेलेगी क्योंकि उसके ज्यादातर खिलाड़ी ऑफ सीजन के बाद टूर्नामेंट में उतरेंगे। हेजलवुड ने पहले वॉर्न अप मैच में नई गेंद से अच्छी गेंदबाजी की थी।

# नोवाक जोकोविच ने पहले दौर में पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट को मात दी



सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच मंगलवार को फ्रेंच ओपन में जीत के साथ शुरुआत करते हुए दूसरे राउंड में पहुंच गए हैं। उन्होंने पहले दौर में फ्रांसीसी वाइल्डकार्ड पियरे-ह्यूजेस हर्बर्ट को 6-4, 7-6, 6-4 से शिकस्त दी।

जोकोविच ने मैच के बाद कहा, मैं काफी रोमांचित नहीं होना चाहता। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए अच्छा प्रदर्शन था। ठोस प्रदर्शन। बेशक, मैं बेहतर कर सकता था, मुझे लगता है कि रिटर्न करते हुए मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकता था लेकिन काफी अच्छी सर्विस करने के लिए उसे भी श्रेय जाता है।

जोकोविच के लिए 2024 सत्र उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है लेकिन इसके बावजूद उनकी नजरें 25 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीतने वाला दुनिया का पहला खिलाड़ी बनने पर टिकी हैं। जोकोविच रोलां गैरो पर तीन बार के विजेता हैं और अपनी नंबर एक रैंकिंग बचाने के लिए उन्हें एक बार फिर फाइनल में जगह बनानी होगी। लेकिन पेरिस आने से पहले इस साल वह किसी टूर्नामेंट के फाइनल में नहीं पहुंचे हैं। इस दौरान उन्हें तीन बार सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच दूसरे दौर में स्पेन के 63वें नंबर के खिलाड़ी रॉबर्टो कारबेलास बेइना से भिड़ेंगे। पिछले साल फाइनल में जगह बनाने वाले कास्पर रूड और पूर्व ग्रैंडस्लैम चैंपियन एरिना सबालेंका और एलेना रिबाकिना भी मंगलवार को जीत दर्ज करने में सफल रहे। रोलां गैरो पर 2022 में भी उप विजेता रहे रूड ने फेलिप मेलिगेनी एल्वेस को 6-3, 6-4, 6-3 से हराया। दो बार की ऑस्ट्रेलिया ओपन चैंपियन सबालेंका ने एरिका आंद्रीवा को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी जबकि 2022 विंबलडन विजेता रिबाकिना ने ग्रीट मिनेन को 6-2, 6-3 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## विश्व चैंपियन लिरेन से हारे प्रज्ञानानंदा, वैशाली ने हंपी को हराया

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा को यहां नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में सामान्य टाइम कंट्रोल में विश्व चैंपियन डिंग लिरेन के खिलाफ ड्रॉ के बाद आर्मागेडोन (सडन डेथ) टाई ब्रेकर बाजी में शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के पुरुष वर्ग के दूसरे दौर में एक बार फिर सभी तीन क्लासिकल बाजियां ड्रॉ रहीं। मैग्नस कार्लसन, अलीरेजा फिरोजा और लिरेन ने इसके बाद सफेद मोहरों से आर्मागेडोन बाजी खेलते हुए जीत दर्ज की और 1.5 अंक जुटाए। कार्लसन और हिकारू नाकामूरा तथा अलीरेजा और फाबियानो करूआना की क्लासिकल बाजी बराबरी पर छूटी। महिला वर्ग में आर वैशाली ने साथी भारतीय कोनेरू हंपी को हराकर टूर्नामेंट में पहली क्लासिकल बाजी जीती। वैशाली ने भारत की नंबर एक महिला खिलाड़ी हंपी को पहली बार हराया। इस जीत से वैशाली लाइव रेटिंग में भारत की दूसरे नंबर की महिला खिलाड़ी बन गई।

# भारत ने गुकेश और लिरेन के विश्व चैम्पियनशिप मैच की मेजबानी का दावा किया



भारत ने डी गुकेश और मौजूदा चैम्पियन चीन के डिंग लिरेन के बीच इस साल नवंबर दिसंबर में होने वाले विश्व शतरंज चैम्पियनशिप मुकाबले की मेजबानी की दावेदारी कर दी है। सत्रह वर्ष के गुकेश पिछले महीने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बने। वह 20 नवंबर से 15 दिसंबर के बीच लिरेन का सामना करेंगे और अगर भारत को मेजबानी मिल जाती है तो यह मुकाबला चेन्नई में होगा।

फिडे के सीईओ एमिल सुतोवस्की ने पीटीआई से कहा हमें भारत से मेजबानी की दावेदारी मिल गई है। अभी तक किसी और ने दावेदारी नहीं की है और इसके लिये समय सीमा 31 मई तक की है। समझा जाता है कि सिंगापुर दावेदारी कर सकता है लेकिन उसने अभी तक ऐसा किया नहीं है।

सुतोवस्की ने कहा अभी तक किसी देश ने दावेदारी नहीं की है लेकिन समय सीमा इस सप्ताह के आखिर तक है। इसके बाद अगले सप्ताह फिडे की परिषद की बैठक होगी और पूरी प्रक्रिया का पालन करके मेजबान तय किया जायेगा। एआईसीएफ अगर मेजबानी हासिल करता है तो उसे 71 करोड़ रूपये खर्च करने होंगे।

टूर्नामेंट 25 दिन तक होगा और नियमों को लेकर मंजूरी एक जुलाई तक पूरी हो जायेगी। फिडे द्वारा दी जाने वाली कुल ईनामी राशि 20 करोड़ से अधिक है। भारत ने आखिरी बार विश्व चैम्पियनशिप की मेजबानी 2013 में चेन्नई में की थी जब मैग्नस कार्लसन ने विश्वनाथन आनंद को हराकर खिताब जीता था।

# परेश रावल ने अपनी अगली फिल्म द ताज स्टोरी की घोषणा की



अभिनेता से राजनेता बने परेश रावल ने बुधवार को अपनी अगली फिल्म द ताज स्टोरी की घोषणा की। उन्होंने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर आगामी फिल्म का पोस्टर भी शेयर किया, साथ ही कैप्शन में लिखा, अपनी आगामी फिल्म द ताज स्टोरी की घोषणा कर रहा हूँ, शूटिंग 20 जुलाई 2024 से शुरू होगी, निर्माता सीए सुरेश झा, लेखक और निर्देशक तुषार अमरीश गोयल, क्रिएटिव प्रोड्यूसर विकास राधेशाम। इस प्रोजेक्ट को स्वर्णिम ग्लोबल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले वित्तपोषित किया गया है। फिल्मांकन 20 जुलाई से शुरू होने वाला है।

अभिनेता द्वारा फिल्म की घोषणा करने के तुरंत बाद, प्रशंसकों ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कमेंट सेक्शन में बाढ़ ला दी। एक यूजर ने लिखा, सर मुझे उम्मीद है कि यह स्मारक के बारे में वास्तविक सच्चाई को पेश करेगी और आशा है कि आप कहानी में @Aabhas24 भाई को भी शामिल करेंगे।

एक अन्य ने लिखा हाल के दिनों में, ईमानदार और सकारात्मक फिल्में देखने को मिलीं, जिसने अतीत और देश की रक्षा के लिए हमारे संघर्ष को समझने में मदद की है। मुझे उम्मीद है कि आपकी आने वाली फिल्म बिना किसी बाधा के इस विषय पर आधारित होगी शुभकामनाएं सर! तीसरे यूजर ने टिप्पणी की, परेश भाई, इंतजार के लायक होगी। शुभकामनाएं। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, ताज स्टोरी एक आकर्षक कहानी होने का वादा करती है जो प्रतिष्ठित स्मारक के इतिहास और महत्व को उजागर करती है। यह फिल्म भारत के सबसे प्रिय स्थलों में से एक को श्रद्धांजलि देने के लिए भी तैयार है।

द ताज स्टोरी के अलावा, परेश रावल वाणी कपूर अभिनीत आने वाली ड्रामा फिल्म बदतमीज गिल में नजर आएंगे, जो बरेली और लंदन में एक लड़की और उसके परिवार के बारे में है। बदतमीज गिल का निर्माण निक्की भगनानी और विक्की भगनानी, विनय अग्रवाल, अंकुर टकरानी और अक्षद चोने द्वारा किया जा रहा है। इसका निर्देशन नवजोत गुलाटी कर रहे हैं, जिन्होंने रनिंग शादी, गिन्नी वेड्स सनी लिखी है और जय मम्मी दी और जल्द ही रिलीज होने वाली पूजा मेरी जान जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। फिल्म में अपारशक्ति खुराना भी हैं।

# आमिर खान के बेटे जुनैद खान की पहली फिल्म की घोषणा




वी आर फैमिली और हिचकी फिल्मों में अपने काम के लिए मशहूर निर्देशक सिद्धार्थ पी. मल्होत्रा, महाराज के साथ बतौर निर्देशक ओटीटी डेब्यू के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह फिल्म आमिर खान के बेटे जुनैद खान की बॉलीवुड में पहली फिल्म होगी। प्रोजेक्ट का पहला पोस्टर सिद्धार्थ और ओटीटी स्ट्रीमर नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम पेज पर जारी किया गया। शुरुआती झलक, जिसमें जुनैद खान और जयदीप अहलावत शामिल हैं, इंटरनेट पर वायरल हो गई है।

इंस्टाग्राम पर पोस्टर शेयर करते हुए फिल्म निर्माता ने लिखा, एक शक्तिशाली व्यक्ति और एक निडर पत्रकार के बीच सच्चाई की लड़ाई। सच्ची घटनाओं पर आधारित- महाराज 14 जून को रिलीज़ हो रही है, केवल नेटफ्लिक्स पर! निर्देशक के तौर पर मेरी अगली फिल्म को कृपया अपना प्यार दें, जुनैद खान का परिचय।

मल्होत्रा ने पहले ही प्रोजेक्ट के बारे में कहा है कि यह सच्ची घटनाओं से प्रेरित है और 1800 के दशक में घटित होती है। यह एक ऐसी फिल्म है जो मानवीय भावना की दृढ़ता को उजागर करती है और दर्शाती है कि कैसे एक सामान्य व्यक्ति अपने आस-पास के लोगों की सहायता करने के लिए साहस जुटा सकता है, जिससे पूरे समाज को लाभ हो सकता है। कच्ची सड़कों, पुरानी प्रिंटिंग प्रेस, घोड़े से खींची जाने वाली गाड़ियों, उत्तम रीति-रिवाजों और अच्छे काम करने के लिए एक आदमी के संकल्प की दुनिया से रोमांचित होने के लिए तैयार हो जाइए। हम महाराज को पेश करते हुए बहुत खुश हैं, जो दुनिया भर में सबसे बड़ी स्ट्रीमिंग सेवा नेटफ्लिक्स पर ही उपलब्ध होगी। इस तरह की कहानी हर जगह दर्शकों को प्रभावित करेगी और नेटफ्लिक्स हमारी कहानी को फैलाने के लिए आदर्श स्थान है, उन्होंने पोस्ट में लिखा।

महाराज नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। इस फिल्म में जुनैद के साथ अर्जुन रेड्डी फेम शालिनी पांडे को जोड़ा गया है। इस फिल्म में शरवरी एक खास भूमिका में नजर आएंगी। महाराज को विपुल मेहता ने लिखा है और फिल्म का संगीत सोहेल सेन ने दिया है। और यशराज फिल्म्स महाराज को प्रस्तुत कर रहा है। यह फिल्म 14 जून, 2024 को रिलीज होगी।

# इन फिल्मों के वीएफएक्स से दर्शकों का मजा हुआ था किरकिरा, संजय दत्त की दो फिल्में हैं शामिल




हिंदी फिल्मों के दर्शकों की एक शिकायत अक्सर सुनने को मिलती रहती है कि बॉलीवुड में अच्छे वीएफएक्स वाली फिल्में देखने को नहीं मिलती। अभी तक कई फिल्मों में इस तकनीक का इस्तेमाल करके दर्शकों को चकित करने की कोशिश की जा चुकी है, लेकिन अधिकतर फिल्में इसमें कामयाब नहीं हो पाई। रुद्राक्ष, वाह! लाइफ हो तो ऐसी, रा.वन और आदिपुरुष ऐसी ही फिल्मों में शामिल हैं, जिनका वीएफएक्स देखकर दर्शकों का मजा किरकिरा हो गया था। साल 2004 में एक फिल्म रिलीज हुई थी, जिसे कई लोग भुल चुके होंगे। फिल्म का नाम था रुद्राक्ष। इसमें संजय दत्त, सुनील शेट्टी, बिपाशा बसु और ईशा कोप्पिकर ने अभिनय किया था। इस फिल्म के वीएफएक्स दर्शकों को लुभाने में नाकाम रहे थे। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी दर्शकों के लिए तरसना पड़ा था।

संजय दत्त की एक और फिल्म खराब वीएफएक्स वाली मूवी की लिस्ट में शामिल हैं। हम बात कर रहे हैं फिल्म वाह! लाइफ हो तो ऐसी की, जो साल 2005 में रिलीज हुई थी। यह एक फैंटेसी कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। इसमें संजय दत्त के अलावा शाहिद कपूर, अमृता राव और अरशद वारसी ने काम किया था। इसका निर्देशन महेश मांजरेकर ने किया था और उन्होंने ही फिल्म की कहानी भी लिखी थी। इसका वीएफएक्स भी लोगों को पसंद नहीं आया था। खराब वीएफएक्स को समझाने के लिए फिल्म का एक सीन उदाहरण के तौर पर सामने रखा जा सकता है, जिसमें एक भैंस उड़ती हुई कार के बोनट से बाहर निकलती दिखाई देती है।

सुपरस्टार प्रभास की फिल्म आदिपुरुष को वीएफएक्स के कारण खूब ट्रोल किया गया था। फिल्म को बनाने में करोड़ों रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन दर्शकों ने इसके वीएफएक्स को सिरे से खारिज कर दिया था। फिल्म का निर्देशन ओम राउत ने किया था। इसमें कृति सेनन और सैफ अली खान ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी।

शाहरुख खान की फिल्म रा.वन एक साइंस फिक्शन फिल्म है। फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी और रिलीज से पहले ऐसा माहौल बना हुआ था कि इसमें कमाल के स्पेशल इफेक्ट्स देखने को मिलेंगे। 26 अक्तूबर को जब रा.वन ने सिनेमाघरों में दस्तक दी तो सारा माहौल ठंडा पड़ गया था। पोस्ट प्रोडक्शन के काम में काफी समय लगा था। टीम ने खूब मेहनत भी की थी, लेकिन दर्शकों पर कोई खास असर नहीं हो पाया।

# इन सितारों ने रचाई है कोर्ट मैरिज, लिस्ट में करीना कपूर और स्वरा भास्कर का भी नाम शामिल

बॉलीवुड के कई सितारे जहां अपनी शादियों में करोड़ों रूपये खर्च करते हैं वहीं कुछ सितारे ऐसे भी हैं जिन्होंने बेहद सादगी से अपनी शादी की है। आइए आज हम आपको ऐसे ही कुछ सितारों के बारे में बताते हैं जिन्होंने अपने प्यार के साथ कोर्ट में शादी की है। इस लिस्ट में एक तो बॉलीवुड की बेगम भी हैं।

सैफ अली खान और करीना कपूर बॉलीवुड में पॉवर कपल के नाम से मशहूर हैं। दोनों एक-दूसरे से बेहद प्यार करते हैं। सैफ अली खान ने साल 2012 में कोर्ट में करीना कपूर के साथ किया था। बाद में दोनों ने अपने करीबी दोस्तों को एक शानदार रिसेप्शन दिया था।

बॉलीवुड में अपने बिंदास अंदाज के लिए मशहूर स्वरा भास्कर ने भी कोर्ट मैरिज किया है। अभिनेत्री साल 2023 में फहाद अहमद के साथ शादी के बंधन में बंधी थी। अभिनेत्री पति संग एक खुशहाल जिंदगी जी रही हैं। हाल ही में स्वरा और फहाद माता-पिता बने हैं।

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता संजय दत्त ने अपनी तीसरी शादी कोर्ट में ही की थी। वे मान्यता दत्त से बेहद प्यार करते हैं और अचानक ही उनसे शादी करके अपने फैंस को चौंका दिया था। संजय और मान्यता दो प्यारे से बच्चों के माता-पिता है और आज खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं।

इस लिस्ट में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता जॉन अब्राहम का भी नाम शामिल है। उन्होंने साल 2018 में प्रिया रुंचाल से कोर्ट में शादी रचाकर सभी को हैरान कर दिया था। सूत्रों की मानें तो प्रिया और जॉन को दिखावा पसंद नहीं है। वे सादगी से जीना पसंद करते हैं।



## देश के मिसाइल जखीरे में और इजाफा, सुखोई लड़ाकू विमान से सफल परीक्षण

**नई दिल्ली। (हि.स.)।** भारत ने बुधवार को पहली स्वदेशी एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम-द्वद्व का ओडिशा के तट से सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। डीआरडीओ ने भारतीय वायु सेना के लड़ाकू सुखोई-30 एमकेआई विमान से एयर-टू-सरफेस मिसाइल दागकर लक्ष्य को



कामयाबी के साथ नष्ट किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और भारतीय वायुसेना को बधाई देते हुए कहा कि इस सफल परीक्षण ने भारतीय सशस्त्र बलों के लिए रुद्रम-द्वद्व प्रणाली की भूमिका को मजबूत किया है। स्वदेशी मिसाइलों के ताबड़तोड़ सफल परीक्षणों के क्रम में रुद्रम-द्वद्व प्रणाली की मारक क्षमता 200 किमी. दूर तक और इसकी लॉन्च गति मैक 0.6 यानी ध्वनि की गति से दोगुनी है। भारत में बनाई गई ये ऐसी पहली मिसाइल है, जो किसी भी ऊंचाई से दागी जा सकती है। यह मिसाइल किसी भी तरह के सिग्नल और रेडिएशन को पकड़कर अपने रडार में लाकर नष्ट कर सकती है। डीआरडीओ ने देश की पहली स्वदेशी एंटी रेडिएशन मिसाइल रुद्रम को भारतीय वायु सेना के लिए विकसित किया है। मिसाइल किसी भी तरह के सिग्नल और रेडिएशन को पकड़ने में सक्षम है। इस मिसाइल को लॉन्च प्लेटफॉर्म के रूप में सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमान में लगाया गया है, जिसमें प्रक्षेपण स्थितियों के आधार पर अलग-अलग रेंज की क्षमता है। इसमें अंतिम हमले के लिए पैसिव होमिंग हेड के साथ आईएनएस-जीपीएस नेविगेशन है। रुद्रम ने आज परीक्षण के दौरान पिनपाइंट सटीकता के साथ विकिरण लक्ष्य को मारा। इसमें लगा पैसिव होमिंग हेड एक विस्तृत बैंड पर लक्ष्य का पता लगाने, वर्गीकृत करने और लक्ष्य को इंगेज करने (उलझाने) में सक्षम है।

## जिस जम्मू-कश्मीर में लोग जाने से घबराते थे, अब वह वाकई स्वर्ग बन चुका है: मनोज सिन्हा

**मऊ (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को नागरिक अभिनंदन समारोह में कहा कि जिस जम्मू-कश्मीर में लोग जाने से घबराते थे, अब वह वाकई में स्वर्ग बन चुका है। आज वह जम्मू-कश्मीर पूरी दुनिया में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में जाना-पहचाना जाने लगा है। मनोज सिन्हा उत्तर प्रदेश के मऊ जिले के एक प्लाजा में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन मां वैष्णो देवी यात्रा समिति ने किया था। सिन्हा ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान हुआ। जिन इलाकों में पहले 5 से 7 प्रतिशत मतदान होते थे वहां अब 57 से 58 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिस जम्मू-कश्मीर में लोग जाने से घबराते थे अब आप वहां महसूस करेंगे कि वाकई अब वह स्वर्ग बन चुका है। सिन्हा ने कहा कि यह बदलाव केवल जम्मू-कश्मीर नहीं बल्कि पूरे देश में हो रहा है। उन्होंने कहा कि चार साल पूर्व उनको जम्मू-



कश्मीर की जिम्मेदारी मिली। पहले मुझे यह कार्य बहुत चुनौतीपूर्ण लगा। मैंने सोचा भी नहीं था कि मुझे यहां जाना पड़ सकता है लेकिन बाद में जब मैंने वहां के बारे में जाना व समझा, आज समझ में आता है कि वहां का कार्य मऊ और गाजीपुर में कार्य करने से भी ज्यादा आसान है। जो जम्मू-कश्मीर पहले कुछ और कर्म से सुर्खियों में होता था, पड़ोसी देश के इशारे पर आगजनी, गोलाबारी, सुरक्षा बलों पर पत्थरबाजी, स्कूल बाजार हड़ताल इत्यादि हुआ करते थे, आज वह जम्मू-कश्मीर पूरी दुनिया में सबसे लोकप्रिय पर्यटन स्थल के रूप में जाना पहचाना जाने लगा है। उपराज्यपाल सिन्हा ने भारत के वैभवशाली अतीत का जिक्र कर कहा कि भारत सोने की चिड़िया हुआ करता था। सोने की चिड़िया से तात्पर्य यह नहीं है भारत में सोने की खदान थे बल्कि यहां के उच्च कोटि के शिक्षण संस्थान, ज्ञान, संस्कृति, संस्कार व शिक्षा ही हमारे मूलभूत आधार थे। हमारी संस्कृति विश्व में सबसे अगली कतार में खड़ी रही। हम नेतृत्वकर्ता के रूप में रहे, जिसके चलते भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। बीच में अलग-अलग विचारधाराओं की लड़ाई व आक्रांताओं के चलते हमने अपना गौरव खो दिया था। आज भारत पुनः अपनी पुरानी स्थिति की ओर बढ़ता नजर आ रहा है। सिन्हा ने कहा कि आज भारत स्टार्टअप के क्षेत्र में तीसरे स्थान पर है। दुनिया के किसी भी क्षेत्र में युद्ध में लोग आशा भरी निगाहों से हमें देखते हैं, समाधान हमसे चाहिए। इराक या सूडान में जब भारतीय संकट में थे, भारतीय विमान उतरते ही दोनों देश युद्ध विराम कर देते थे। दुनिया के किसी भी भूभाग में दैवी आपदा में आज भारत ही मानवता की सेवा के लिए सबसे आगे नजर आता है। शताब्दी का सबसे बड़ा संकट कोरोना काल में भारत ने वैक्सीन बनाया जिसने केवल 140 करोड़ भारतीय ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम लोगों की जान बचाई। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल का इतिहास काफी गौरवशाली रहा है। अनेक लोगों ने बलिदान देकर देश के अस्मिता की रक्षा की है। आज पुनः विकसित भारत के लिए पूर्वांचल का योगदान सबसे आगे होना चाहिए। वह दौर बीत गया जब मकान, शौचालय, बिजली, पानी, स्वास्थ्य जैसी न्यूनतम नागरिक सुविधाओं के लिए भी हमें तरसना पड़ता था।

## गाजियाबाद के डासना स्थित बूचड़खाने से मुक्त कराए गए 57 बाल मजदूर



**गाजियाबाद (हि.स.)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के डासना स्थित इंटरनेशनल एग्रो फूड्स स्लाटर हाउस में छापा मारकर 57 बाल मजदूरों को मुक्त कराया। इनमें 31 नाबालिग लड़कियां भी हैं। ये सभी बच्चे उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के हैं। गाजियाबाद के एसीपी नरेश कुमार ने मीडियाकर्मियों को बताया कि नई दिल्ली को शिकायत प्राप्त हुई थी कि गाजियाबाद में एक स्लॉटर हाउस संचालित है। यहां पर बिहार और पश्चिम बंगाल से लगभग 40 बच्चों को स्लॉटर हाउस में अमानवीय परिस्थितियों में कार्य करने के लिए मजबूर किया जाता है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम ने बूचड़खाने पर छापा मारा। यहां से 31 नाबालिग लड़कियां और 26 नाबालिग लड़के कुल 57 बाल मजदूरों को मुक्त कराया गया। बच्चे मूलरूप से उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के रहने वाले हैं।

उन्होंने बताया कि बूचड़खाने में ये सभी बच्चे अमानवीय परिस्थितियों में कार्य करते हुए पाए गए। इन सभी का चिकित्सीय परीक्षण करया गया। इसके बाद बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इंटरनेशनल एग्रो फूड्स का मुख्य कारोबार मीट प्रोसेसिंग और फ्रीजिंग का है।

## राजकोट अग्निकांड मामले में ट्रांसफर हुए आईएएस-आईपीएस अधिकारियों से होगी पूछताछ





**राजकोट(हि.स.)।** राजकोट टीआरपी गेम जोन अग्निकांड में ट्रांसफर किए गए 3 आईपीएस और 1 आईएएस अधिकारी से भी पूछताछ की जाएगी। इन सभी अधिकारियों से पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विकास सहाय पूछताछ करेंगे। अधिकारियों से पूछताछ के लिए प्रश्नावली भी तैयार की गई है। इन सभी अधिकारियों को गुरुवार को गांधीनगर पुलिस भवन में बुलाया गया है। राजकोट महानगर पालिका के निलंबित टाउन प्लानर एम डी सागठिया को बुधवार को राजकोट क्राइम ब्रांच पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई।

राजकोट के कालावड रोड स्थित टीआरपी गेम जोन अग्निकांड के बाद राज्य सरकार ने राजकोट के तीन पुलिस अधिकारियों समेत राजकोट महानगर पालिका के आयुक्त का तबादला कर दिया था। इनमें राजकोट के पुलिस आयुक्त राजू भार्गव, राजकोट शहर एडिशनल पुलिस कमिश्नर (एडमिनिस्ट्रेशन, ट्रैफिक और क्राइम) विधि चौधरी, राजकोट शहर जोन-2 डीसीपी डॉ. सुधीर जे देसाई और राजकोट महानगर पालिका के आयुक्त आनंद पटेल हैं। राज्य के डीजीपी विकास सहाय इनसे घटना के संबंध में पूछताछ करेंगे।

गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी की अध्यक्षता में बुधवार को गांधीनगर में एसआईटी की जांच से संबंधित सभी जरूरी जानकारी दी गई। एसआईटी के प्रमुख सुभाष त्रिवेदी ने घटना के लिए गेम जोन की मंजूरी से जुड़े सभी जिम्मेदार विभागों की जानकारी दी। बैठक करीब पौने दो घंटे तक चली। बैठक में जांच के सभी आयामों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## बड़े हादसे का शिकार होने से बची वंदे भारत ट्रेन, वेल्डिंग बेल्ट ट्रेन से टकराने के बाद हुआ धमाका

**मुरैना (हि.स)।** भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन से दिल्ली जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस बुधवार को मुरैना के पास बड़े हादसे का शिकार होने से बाल बाल बच गई। मुरैना रेलवे स्टेशन के पास वंदे भारत एक्सप्रेस वेल्डिंग बेल्ट से टकरा गई। इसके बाद जोरदार धमाका हुआ। इस घटना के बाद करीब 40 मिनट तक वंदे भारत एक्सप्रेस मुरैना स्टेशन के पास खड़ी रही।

इस दौरान यात्री परेशान होते रहे। हादसा बुधवार को सुबह करीब 10 बजे हुआ। ट्रेन अपने तय समय से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुबह 5:40 बजे रवाना हुई और झांसी, ग्वालियर होते हुए ट्रेन करीब 10.10 बजे मुरैना रेलवे स्टेशन पर पहुंची थी, तभी वेल्डिंग बेल्ट से टकरा गई। उसके टकराते ही एक जोरदार धमाका हुआ और ट्रेन रुक गई। इस धमाके से ट्रेन में बैठे लोगों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी मिलते ही मुरैना स्टेशन पर मौजूद रेलवे अधिकारी, पुलिस और तकनीकी अमला मौके पर पहुंच गया। घटना के कारणों का पता लगाया गया।

मौके पर पहुंचे तकनीकी स्टाफ ने पूरी ट्रेन की जांच की। उन्हें वेल्डिंग बेल्ट दिखाई दिया। उन्होंने उसे हटाया और पूरी गाड़ी की जांच की। तकनीकी स्टाफ ने हर जगह जांच की, जहां उन्हें गड़बड़ी का अंदेशा था।

इस वजह से ट्रेन को उसी जगह 40 मिनट खड़ा किया गया। तकनीकी स्टाफ जब संतुष्ट हो गया कि अब आगे कोई गड़बड़ी नहीं होगी, तब जाकर ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया गया।



### कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान को भाजपा ने बताया देश विरोधी

**नई दिल्ली। (हि.स.)।** कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के विवादित बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने निशाना साधते हुए उसे देश विरोधी मानसिकता वाला बताया। भाजपा ने कहा कि मणिशंकर के बयान पर कांग्रेस भी चुप्पी साधे हुए है। बुधवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा कि हिंदी चीनी भाई- भाई का नारा देने के बाद अब कांग्रेस के चाटुकार 1962 के चीनी आक्रमण को भी ÷कथित÷ बता रहे हैं। इन्हें शर्म करनी चाहिए। क्या डोकलाम के दौरान हक्का नूडल्स खाने वाले राहुल गांधी कुछ बोलेंगे या चीन के साथ गुप्त करार का पालन करते हुए मुंह में दही जमी रहेगी। यह कांग्रेस पार्टी की देश विरोधी मानसिकता को साफ दर्शाता है।

## मणिशंकर अय्यर के चीन के हमले पर दिए गए बयान से कांग्रेस ने किया किनारा

**नई दिल्ली। (हि.स.)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर एक बार फिर से अपने बयानों को लेकर चर्चा में है। उनके इस बार के बयान के बाद जब बवाल खड़ा हो गया तब कांग्रेस को उनके बयान से किनारा करना पड़ा। मणिशंकर अय्यर ने 1962 में हुए चीन के आक्रमण के लिए गलती से कथित शब्द का इस्तेमाल किया था। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की टिप्पणी पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश का कहना है, मणिशंकर अय्यर कौन हैं? वह कोई अधिकारी नहीं हैं, वह एक पूर्व सांसद और पूर्व मंत्री हैं। वह अपनी निजी हैसियत से जो चाहते हैं, बोलते हैं। हमारा इससे कोई लेना-देना नहीं है। जयराम रमेश ने आगे कहा है कि मीडिया, भाजपा की ट्रोल आर्मी और सोशल मीडिया इसे चलाते रहते हैं। उनका कांग्रेस पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।

## नेपाली क्रिकेटर को वीजा नहीं दिए जाने पर अमेरिका के खिलाफ प्रदर्शन

**काठमांडू(हि.स.)।** नेपाली क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को अमेरिका द्वारा वीजा नहीं दिए जाने के खिलाफ लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। अमेरिका में होने वाले विश्वकप क्रिकेट के लिए नेपाली क्रिकेटर संदीप लामिछाने को वीजा देने से इनकार करने के बाद लोगों का गुस्सा अब सड़कों पर दिख रहा है। लामिछाने के सैकड़ों प्रशंसकों ने आज काठमांडू की सड़कों पर अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी की। काठमांडू के मइतीघर मण्डला में अमेरिका द्वारा वीजा देने से इनकार किए जाने के बाद लोगों ने प्लेकार्ड लेकर अमेरिका विरोधी नारे लगाए। इन लोगों ने अमेरिका से क्रिकेटर संदीप लामिछाने को तत्काल वीजा देने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन करने वाले लोगों ने नेपाल सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग भी की है। सरकार की तरफ से अमेरिका के साथ इस मामले में कुछ नहीं करने को लेकर भी नाराजगी जाहिर की है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जब नेपाल की अदालत ने संदीप लामिछाने को निर्दोष करार दे दिया तो फिर अमेरिका को उसका सम्मान करना चाहिए।

**खिलाफ**

« **लामिछाने के सैकड़ों प्रशंसकों ने आज काठमांडू की सड़कों पर अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी की।**




बलात्कार के आरोप में जिला अदालत से सजा पाने वाले संदीप लामिछाने को उच्च अदालत ने निर्दोष करार देते हुए उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया और जिला अदालत की तरफ से दी गई सजा और जुर्माने को रद्द कर दिया था। उच्च अदालत के इस फैसले के तत्काल बाद ही क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल ने संदीप लामिछाने पर लगे प्रतिबंध को हटाते हुए विश्वकप क्रिकेट में खेलने के लिए आईसीसी से अनुमति भी मिल गई लेकिन अंतिम समय में अमेरिकी दूतावास ने लामिछाने को वीजा देने से इनकार कर दिया।

## पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बस खाई में गिरी, महिलाओं और बच्चों समेत 28 की मौत

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान के वाशुक जिले में आज सुबह एक यात्री बस के खाई में गिर जाने से महिलाओं और बच्चों सहित कम से कम 28 लोगों की मौत हो गई। बचाव और लेवी अधिकारियों के अनुसार, दुर्घटना में लगभग 22 लोग घायल हो गए। उन्हें बसिमा के सिविल अस्पताल ले जाया गया।

बचाव अधिकारियों ने बताया कि यात्री बस का टायर फटने से यह दुर्घटना हुई। बस ग्वादर से क्वेटा जा रही थी। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने दुर्घटना पर शोक जताया और दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की। प्रधानमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को घायलों को सहायता प्रदान करने का भी निर्देश दिया।

## चीन ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की प्रशंसा की

**बीजिंग (हि.स.)।** चीन ने मंगलवार को बांग्लादेश प्रधानमंत्री शेख हसीना की प्रशंसा की है। शेख हसीना की यह सराहना दूसरे देश के सैन्य हवाई अड्डे को मंजूरी देने से इनकार करने के फैसले के लिए की है।

उनके इस निर्णय पर चीन ने कहा कि यह बांग्लादेशी लोगों की मजबूत राष्ट्रीय भावना और स्वतंत्रता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबत करता है।

हसीना (76) ने किसी देश का नाम लिए बिना रविवार को कहा था कि बांग्लादेश में एक दूसरे देश का सैन्य हवाई अड्डा बनाने की अनुमति देने पर उन्हें सात जनवरी के चुनाव में निर्बाध रूप से दोबारा निर्वाचित कराने में मदद करने की पेशकश की गई थी।

हसीना का दक्षिण एशिया में सामरिक रूप से अहम बांग्लादेश में 2009 से शासन है और उन्होंने जनवरी में पांचवे कार्यकाल के लिए जीत दर्ज की। इस चुनाव का पूर्व प्रधानमंत्री खालिद जिया नीत मुख्य विपक्षी दल बांग्लादेश नेशलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बहिष्कार किया था।

चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ नींग ने हसीना के इनकार को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा, चीन ने प्रधानमंत्री हसीना के बयान पर संज्ञान लिया है, जो बांग्लादेशी लोगों की स्वतंत्र रहने और बाहरी दबाव से न डरने की राष्ट्रीय भावना को दर्शाता है। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने पेशकश करने वाले देश के नाम उजागर नहीं किया है लेकिन कहा कि प्रस्ताव एक श्वेत व्यक्ति की ओर से आया था।

माओ नींग ने कहा कि कुछ देश अपने स्वार्थों के लिए दूसरे देशों के चुनावों, आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हैं, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता को कमजोर करते हैं और अपनी आधिपत्यवादी, धमकाने वाली प्रकृति को पूरी तरह से उजागर करते हैं।



## यूरोप से यूक्रेन को और सैन्य सहायता मिलने पर पुतिन ने परिणाम भुगतने की दी चेतावनी

**ब्रुसेल्स(हि. स.)।** यूरोप द्वारा यूक्रेन को और सैन्य सहायता मिलने के आश्वासन पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। यह चेतावनी यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की यूरोप के तीन देशों की यात्रा के दौरान मंगलवार को एक अरब अमेरिकी डॉलर की सैन्य सहायता का आश्वासन मिलने के बाद आई है। पुतिन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पश्चिमी देशों से प्राप्त हथियारों से उनके देश पर हमला किया गया तो युद्ध एक नया खतरनाक मोड़ ले लेगा। बेल्जियम ने वर्ष 2024 के लिए यूक्रेन को सहायता का वादा किया जिसने अगले चार वर्षों में यूक्रेन को 30 एफ-16 लड़ाकू विमान देने की प्रतिबद्धता जतायी। जेलेंस्की ने कहा, हम इसी साल युद्ध के मैदान में एफ-16 लड़ाकू विमान का उपयोग करेंगे और इस तरह से (युद्ध में) अपनी स्थिति मजबूत करेंगे।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के चार जून को चीन की यात्रा पर जाने की संभावना

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ अगले माह जून के प्रथम सप्ताह में चीन की यात्रा कर सकते हैं। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि शाहबाज के चीन में वहां के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारियों से मिलने के लिए 4 से 7 जून तक चीन का दौरा करने की संभावना है। एआरवाई न्यूज के अनुसार, इस यात्रा का उद्देश्य दोनों मित्र देशों के बीच व्यापार और रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देना है। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री शरीफ चीन के नेतृत्व के साथ चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) और एमएल-1 परियोजना के दूसरे चरण सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे। शाहबाज के साथ संघीय मंत्री और अन्य उच्च पदस्थ अधिकारी भी होंगे।

## कोलकाता के न्यू टाउन फ्लैट के सेप्टिक टैंक में मिला मांस का टुकड़ा, बांग्लादेश के सांसद का होने का संदेह

**कोलकाता/ढाका (हि.स.) ।** बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की मौत की जांच के सिलसिले में न्यू टाउन के उस फ्लैट के सेप्टिक टैंक की तलाशी ली गई जहां से खून के धब्बे मिले थे। सेप्टिक टैंक से मांस के टुकड़े मिले हैं। जांच अधिकारियों को संदेह है कि ये टुकड़े सांसद के शरीर के हो सकते हैं। बांग्लादेश खुफिया विभाग की एक टीम कोलकाता में है और पश्चिम बंगाल सीआईडी के साथ मिलकर जांच कर रही है। मामले की पुष्टि के लिए मांस के टुकड़े और बालों के नमूने फॉरेंसिक जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। बांग्लादेश के खुफिया प्रमुख हारुन रशीद ने सीआईडी से सेप्टिक टैंक की तलाशी लेने का अनुरोध किया था। इसके बाद मंगलवार देर शाम तक तलाशी ली गई। बुधवार को सीआईडी सूत्रों ने बताया है कि वहां से मांस के टुकड़े बरामद हुए हैं। हारून ने बताया कि सांसद की हत्या के आरोप में बांग्लादेश में पकड़े गए तीन लोगों और पश्चिम बंगाल में पकड़े गए जुबेर से पूछताछ में सेप्टिक टैंक के बारे में पता चला था। मंगलवार को न्यू टाउन के फ्लैटों में नाली के पाइप और सेप्टिक टैंक की तलाशी के बाद मांस के टुकड़े और बाल पाए गए। यह मांस का टुकड़ा झेनाइदह सांसद अनवारुल का है या नहीं, इसकी अभी जांच की जा रही है। सीआईडी ने हत्या के किंगपिन और मृतक के बचपन के दोस्त अख्तरुज्जमां समेत चार लोगों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। हारुन ने कहा कि अगर सांसद के शरीर के अंग नहीं मिले तो जांच नहीं रुकेगी। उन्होंने सीआइडी से कुछ नई जगहों की तलाश करने का भी अनुरोध किया है।



### इस्लामाबाद में बहरिया टाउन मुख्यालय पर राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो का छापा

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान के राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने आज सुबह अल-कादिर विश्वविद्यालय के भूमि दस्तावेज प्राप्त करने के लिए राजधानी इस्लामाबाद में बहरिया टाउन मुख्यालय पर छापा मारा है। एनएबी की टीम ने बहरिया कस्बे के प्रधान कार्यालय में अभिलेखों को जब्त कर लिया है। पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने इस संबंध में रिपोर्ट प्रसारित की है। रिपोर्ट में घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि एनएबी टीम अभी भी बहरिया टाउन के कॉर्पोरेट कार्यालय में मौजूद है। ब्यूरो के अधिकारी बहरिया टाउन मुख्यालय के विभिन्न हिस्सों की तलाशी ले रहे हैं। एनएबी की टीम बहरिया कस्बे के मालिक मलिक रियाज और अन्य उच्च अधिकारियों के कार्यालयों की तलाशी ले रही है।

## नेपाल में पत्रकार को धमकाने के मामले में सोशल मीडिया पर चीनी राजदूत हुए ट्रोल

**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल के पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण में हुई अनियमितता के बारे में ट्वीट करने को लेकर चीन के राजदूत द्वारा सरेआम धमकी दिए जाने पर सोशल मीडिया पर उनको ट्रोल का सामना करना पड़ा है। इस एयरपोर्ट का निर्माण चीन की कंपनी ने किया है। नेपाल के आर्थिक मामलों के वरिष्ठ पत्रकार गजेन्द्र बुढाथोकी ने बुधवार सुबह ट्विटर (एक्स) पर पोखरा एयरपोर्ट के निर्माण के लिए चीन द्वारा दिए गए कर्ज को लेकर टिप्पणी की है। उन्होंने लिखा कि चीन पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए दो प्रतिशत के ब्याज दर पर कर्ज देने का ढिंढोरा पीट रहा है लेकिन असल में वो पांच प्रतिशत का ब्याज वसूल रहा है। बुढाथोकी के इस पोस्ट के बाद काठमांडू में पदस्थ चीन के राजदूत चेन सांग ने तत्काल टिप्पणी की। उन्होंने लिखा



कि पत्रकार चीन के खिलाफ भ्रम फैला रहे हैं। यदि इस तरह की बात है तो उन्हें सबूत पेश करना चाहिए। चीनी राजदूत की इस टिप्पणी पर पत्रकार बुढाथोकी ने लिखा कि उनके पास इस बात का प्रमाण सुरक्षित है और समय आने पर इसको सार्वजनिक करेंगे। चीनी राजदूत यहीं नहीं रुके, उन्होंने पत्रकार को धमकी भरे लहजे में लिखा कि इस तरह का भ्रम फैलाने वाले पत्रकार को सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। चीनी राजदूत की इस धमकी पर पत्रकार ने पोखरा एयरपोर्ट को लेकर नेपाल और चीन के एग्जिम बैंक के साथ हुए समझौते के उस हिस्से को सार्वजनिक किया जिसमें कर्ज के ब्याज का उल्लेख था। पत्रकार ने यह भी लिखा कि चीनी राजदूत अपनी हद में रहें। इस घटना के बाद चीनी राजदूत को सोशल मीडिया पर लोग जमकर ट्रोल कर रहे हैं। अधिकांश यूजर्स चीनी राजदूत के इस अमर्यादित व्यवहार को लेकर उनसे माफी मांगने की मांग कह रहे हैं।

# मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज जौनपुर में दो पालियों में आयोजित किया गया।

ईवीएम मशीन से गणना हेतु कुल 171 पार्टियों द्वारा दोनों पालियों में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। प्रशिक्षण के समय प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर एवं परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा सभी कक्षों में जाकर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली गई तथा मतगणना डेमू सीट पर प्रशिक्षण दिया गया तथा चक्रवार की जाने वाली गणना और भरे जाने वाले संबंधित प्रपत्रों तथा मत पत्र लेखा 17 सी का मिलान ,एड्रेस टैग ईवीएम मशीन की टोटल बटन से मिलान के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

डाक मतपत्र से मतों की गणना के संबंध में परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण, द्वारा संबंधित गणना सहायकों को प्रशिक्षित किया गया।

इसी प्रकार डेमो सेट के माध्यम से गणना की बारीकियों को समझाया गया तथा निर्देशित किया गया कि पुनः समस्त मतगणना कार्मिक दिनांक 30 मई 2024 को उन्ही निर्धारित कक्षों में बैठकर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे तथा मतगणना हेतु संबंधित डेमो सीट पर अभ्यास भी कराया जाएगा। प्रशिक्षण के उपरांत समस्त मतगणना कार्मिकों की परीक्षा आयोजित कराई जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण कक्ष में जाकर प्रश्नोत्तरी की जाएगी तथा संबंधित कार्मिकों की जिज्ञासा का समाधान भी कराया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जो भी कार्मिक किसी कारणवश प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे है वह किसी भी दशा में दिनांक 30 मई 2024 को आयोजित प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए एफआईआर दर्ज किया जाएगा।

# प्रयागराज जाते समय ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खुटहन)** स्थानीय थाना क्षेत्र खुटहन के रामनगर बाजार के पास शाहगंज प्रयागराज राजमार्ग संख्या 7 पर बुधवार की सुबह ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही बाइक पर बैठी उसकी छोटी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक छोड़ कर मौके से फरार हो गया। ट्रक को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक आजमगढ़ जिले के पवई थाना क्षेत्र स्थित मिल्कीपुर गांव निवासी अवधेश कुमार यादव (26) का ननिहाल इमामपुर गांव के राजकुमार यादव उर्फ अजय के यहां है। वह छुट्टियों में आता था तो ननिहाल में ही रहता था। वहीं से अपनी बहन के साथ बाइक से प्रयागराज जा रहा था। दोनों प्रयागराज रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। उक्त बाजार के पास सामने से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे अवधेश कुमार यादव की मौके कर मौत हो गई और बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटहन भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही अवधेश को मृत घोषित कर दिया तथा प्रीती को बेहतर उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राभरी निरीक्षक खुटहन संजय वर्मा ने बताया कि मृतक के मामा राजकुमार यादव उर्फ अजय द्वारा प्राप्त तहरीर के आधार पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# विशेष समुदाय के युवकों से तंग आकर अनुसूचित जाति के ग्रामीण पहुंचे थाने

अवधनामा संवाददाता



लगभग पचास की संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने विशेष समुदाय के लोगों के खिलाफ किया शांति ढंग से प्रदर्शन

**जौनपुर (सुरेरी)** स्थानीय थाना क्षेत्र के सुरेरी मोदफ गांव निवासी अनुसूचित जाति के ग्रामीणों ने बुधवार की दोपहर सुरेरी थाने पर पहुंचकर विशेष समुदाय के कुछ मनबढ़ युवकों पर शौच के लिए जाते समय महिलाओ से छेड़खानी और छिटाकशी करने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए शांति ढंग से विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीण महिलाओं का आरोप है कि शाम को जब महिलाएं शौच के लिए जाती है तो विशेष समुदाय के कुछ युवक गोल बंद होकर उन महिलाओं पर शौच के दौरान पत्थर भी फेंकते हैं और उनके साथ छेड़खानी करते हैं और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी देते हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ दिन पूर्व इसकी शिकायत सुरेरी चौकी पर की गई थी लेकिन कोई आवश्यक कार्रवाई नहीं हुई जिससे विशेष समुदाय के युवकों का हौसला बढ़ता जा रहा था। जिससे तंग आकर बुधवार की दोपहर लगभग 50 की संख्या में पुरुष और महिलाएं थाने पर पहुंचकर विशेष समुदाय के युवकों के खिलाफ लिखित तहरीर दी, और आरोपितो के खिलाफ शांति ढंग से प्रदर्शन भी किया। वहीं थानाध्यक्ष सुरेरी प्रियंका सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। आरोप लगाने व प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से सुनगी,बदामा, हवलदार, करण कुमार, राजेश, पंधारी, सुभाष विजय, जोखू राम, राजकुमार सहित लगभग 50 की संख्या में बच्चे पुरूष व महिलाएं रही।

# पत्रकार ने बचाई राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान, कराया इलाज



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (महराजगंज)** क्षेत्र के नाहरपुर गांव में पत्रकार अमित पाण्डेय के द्वारा राष्ट्रीय पक्षी मोर की जान बचाई गई पाण्डेय ने बताया कि आज सुबह खेत में दो आवारा कुत्ते मोर को घायल कर रहे थे। किसी तरह से लाठी डंडे की सहायता से कुत्तों को भगाया गया तथा बड़ी मशक्कत के बाद अपने छोटे भाई आकाश के सहयोग से घायल मोर को रेस्क्यू किया गया तथा राजकीय पशु चिकित्सालय महराजगंज डॉ. सचिन सिंह को फोन के माध्यम से अवगत कराते हुए घायल मोर की जानकारी दी गई तत्काल उनके द्वारा एंबुलेंस डॉ.सुशील यादव सहायक मुन्नू, खुर्शीद द्वारा घायल मोर पक्षी का इलाज किया गया वहीं अमित पाण्डेय द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई है जहां राष्ट्रीय पक्षी को वन विभाग ले गया।

# पटना विश्वविद्यालय के छात्र की हत्या मामले में हो कठोरतम कार्रवाई: अभाविप

अवधनामा संवाददाता

आइसा कार्यकर्ता की पटना विश्वविद्यालय में हुए हत्याकांड में संलिप्तता से पुनः वामपंथ का वास्तविक चेहरा उजागर: याज्ञवल्क्य

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पटना विश्वविद्यालय से संबद्ध बिहार नेशनल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र हर्ष राज की वामपंथी छात्र संगठन आइसा के गुंडे द्वारा पीटकर हत्या किए जाने के कृत्य की निंदा करती है और इस प्रकरण की निष्पक्ष जांच करा संलिप्त सभी दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग करती है। देश में निरंतर ऐसी घटनाओं से यह स्पष्ट है कि वामपंथी छात्र संगठन किस प्रकार से दुर्दांत गुंडों का आश्रय बने हुए हैं। हर्ष राज की हत्या के विरोध में विद्यार्थी परिषद ने बिहार के विभिन्न जिलों में प्रदर्शन कर कार्रवाई की मॉंग की है। आइसा तथा एसएफआई जैसे वामपंथी छात्र संगठनों की शैक्षिक माहौल को दूषित बनाने में प्रमुख भूमिका लगातार सामने आ रही है। आइसा के पदाधिकारियों द्वारा इस घटना को लेकर चंदन की प्राथमिक सदस्यता रद्द करने की बात सामने आई है किंतु जिस कुत्सित मानसिकता को लेकर कार्यकर्ता ने हत्या की ऐसी मानसिकता और विचार देने का कार्य तेज़ी से इन वामपंथी संगठनों द्वारा ही किया जा रहा है। ऐसे में किसी एक की प्राथमिक सदस्यता रद्द करने से ऐसी गतिविधियों पर रोक नहीं लगने वाली है अपितु ऐसे छात्र संगठनों पर भी लगाम लगाए जाने की आवश्यकता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि पटना विश्वविद्यालय परिवार के छात्र की इस निर्ममता के साथ हत्या किए जाने का कृत्य बेहद शर्मनाक है, अभाविप इस प्रकरण में संलिप्त आइसा छात्र संगठन के कार्यकर्ता के विरुद्ध कठोरमत कार्रवाई करने की मांग करती है। वामपंथी छात्र संगठनों द्वारा केरल से लेकर बिहार तक इस तरह के कई प्रकरण सामने आ रहे हैं, ऐसे में इन वामपंथी संगठनों की संगठनात्मक कार्यशैली एवं पद्धति की वास्तविकता सामने आ गई है। अभाविप, मृतक छात्र के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करती है। वामपंथियों को शैक्षणिक परिसरों से दूर रखकर ही छात्रों को सुरक्षित रखा जा सकता है।

## बार एसोसिएशन ने दो अधिवक्ताओं को किया निलंबित

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने दो अधिवक्ताओं के खिलाफ मिल रही शिकायतों और पेशेवर कदाचार के कारण उन्हें सुनवाई का अवसर प्रदान करते हुए कार्यकारिणी द्वारा दोनों अधिवक्ताओं सोनू मलिक और उलझन सिंह बिन्द को एक महीने के लिए बार एसोसिएशन से निलंबित कर दिया गया है तथा महानिबंधक, इलाहाबाद हाई कोर्ट को भी इस आशय का एक पत्र भेजा गया है कि उक्त अवधि तक उनका एडवोकेट रोल नंबर भी निलंबित किया जाए, साथ ही उपरोक्त दोनों अधिवक्ताओं को अंतिम चेतावनी दी गई है कि भविष्य में अगर इनकी कार्य प्रणाली में सुधार नहीं होता है। और उनकी गतिविधियों से बार की गरिमा को क्षति पहुंचती है तो इनका प्रकरण राज्य विधिज्ञ परिषद, उत्तर प्रदेश को उनके विरुद्ध उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित करना होगा। उपरोक्त जानकारी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त सचिव (प्रेस) पुनीत कुमार शुक्ला ने जारी की है।

# करैली में 5 दिन से बिजली गुल



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** नौतपा की इस गर्मी में लोग बेहाल हैं। वही करेली इलाके में पिछले 5 दोनों से विद्युत आपूर्ति बंद है। विद्युत आपूर्ति न होने को लेकर बुधवार को करेली की रहने वाली महिलाओं ने विद्युत उपकेंद्र का घेराव करते हुए हंगामा शुरू कर दिया। काफी देर हुए हंगामे महिलाओं को आश्वासन दिया गया। जिसके बाद हंगामा शांत हो सका। करेली जफीर पुलिया के पास पिछले कई दिनों से बिजली का तार बिल्कुल जर्जर पड़ा हुआ हैं। पांच दिन से विद्युत आपूर्ति बंद है। भीषण गर्मी से जहां एक तरफ लोग बेहाल है, वहीं दूसरी तरफ पांच दिनों से की गयी बिजली कटौती से करैली की रहने वाली जनता पानी के लिए तरस रही है। बुधवार को बिजली कटौती को लेकर आक्रोशित महिलाओं और बच्चों ने गौस नगर विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर जमकर हंगामा किया। महिलाओं का आरोप है कि एसडीओ को लिखित शिकायत देने के बाद भी समस्या का हल नही निकल सका। विद्युत विभाग के अधिकारी कुम्भकर्णी नींद में सो रहे है। महिलाओं का कहना है कि गौस नगर मे लोगो के दरवाजे कई जर्जर तार लटके हैं। जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय महिलाओं ने कहा कि अगर विद्युत आपूर्ति नही शुरु की जाती है तो यह हंगामा और उग्र होगा।

# चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** देश के पांचवे प्रधानमंत्री, किसान नेता भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि आज सपा कार्यालय मे मनाई गई।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व चरण सिंह के चित्र पर फूल माला अर्पित कर नमन करते हुए सपा जनों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। जिलाध्यक्ष अनिल यादव ने कहा कि चौधरी साहब ने किसानों के हितों को लेकर आजीवन संघर्ष किया।देश के पांचवे प्रधानमंत्री बने। किसानों, गरीबों, समाज के कमजोर वर्गों के हितों मे अनेको ऐतिहासिक फैसले लिये।उनके संघर्ष को आगे बढ़ाते हुए सपा के संस्थापक मा मुलायम सिंह यादव प्रदेश ही नहीं देश भर मे किसानों, नौजवानों सहित आम आदमी की आवाज बने। वर्तमान मे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी उनकी नीतियों पर चलकर नई ताकत के रूप मे उभर चुके हैं। महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन ने अपनी पुरानी यादें ताज़ा करते हुए कहा कि हंडिया कि एक जनसभा मे चौधरी साहब मुख्य अतिथि थे उसमें मैंने संचालन किया था। वह किसानों के असली रहनुमा थे। सपा के मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर ने कहा कि चौधरी साहब भारतीयता और सादगी के प्रतीक थे उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं देश के प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए किसी फैसले को अमली जामा पहनाने मे जिस राजनैतिक इच्छा शक्ति का परिचय दिया जो मिशाल पेश किया वह अनुकरणीय है।

इस मौके पर अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, दान बहादुर मधुर, डॉ राजेश यादव, शांति प्रकाश पटेल, आर एन यादव, नाटे चौधरी, आसुतोष तिवारी, रतन राणा, असगर अली अंसारी, सुरेश श्रीवास्तव, भोला यादव, अमर सिंह, चाँद मोहम्मद, सचिन श्रीवास्तव, कृष्ण राज यादव, प्रभाकर कृष्णा, वंश बहादुर,आदि मौजूद रहे।

## कचहरी में गश खाकर गिरे दरोगा की मौत

**प्रयागराज।** कचहरी में ड्यूटी पर आए दरोगा रणकेंद्र सिंह (56) की मौत हो गई। वह धूमनगंज थाने में तैनात थे। बुधवार को वह ड्यूटी पर कचहरी आए थे। यहां अचानक गश खाकर गिर गए। आनन फानन उन्हें बेली अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मूलरूप से झांसी के उल्दन थाना क्षेत्र के उल्दन गांव के रहने वाले रणकेंद्र सिंह 198। में पुलिस विभाग में भर्ती हुए थे। कुछ समय पहले उनका प्रमोशन उप निरीक्षक पद पर हो गया था। वह 19 जनवरी 2023 से धूमनगंज थाने में तैनात थे। इन दिनों उनकी ड्यूटी न्यायालय सुरक्षा में चल रही थी। बुधवार को थाने से कचहरी में ड्यूटी पर पहुंचे दरोगा सुबह करीब नौ बजे अचानक गश खाकर गिर गए। आनन-फानन उन्हें बेली अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह झूंसी में परिवार के साथ रहते थे। घटना की सूचना पाकर परिवार के लोग पहुंच गए। हीट स्ट्रोक से उनकी मौत होने की आशंका जाहिर की जा रही है।

# पारी सुरक्षा प्रकोष्ठ (एएचटी) की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** आज जनपद के थाना कोतवाली परिसर में पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश लखनऊ के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक यातायात आजमगढ़ के पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी नगर आजमगढ़ की अध्यक्षता में व्यापारी बंधु, पेट्रोल पम्प एवं बैंक मित्रोंध्माइक्रों फाइनेन्स कर्मियोंध्होटल मालिको को अत्यधिक प्रभावी बनाये जाने एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के सम्बन्ध में विस्तृत दिशादूनिर्देश दिया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा व्यापारी संवर्ग को जाम के दृष्टिगत पार्किगं की व्यवस्था करने हेतु बताया गया यदि संभव न हो तो इस स्थिति में अपने निजी दो पहिया वाहन एवं ग्राहको के दो पहिया वाहन दूकान के सामने सफेद पट्टी के अन्दर खड़ा करने हेतु सुझाव दिया गया तथा दिन में 9.00 बजे के बाद शहर क्षेत्र में शंकर फौवारे से लेकर पहाड़पुर तक भारी वाहन प्रवेश वर्जित करने का सुझाव दिया गया तथा व्यापारी संवर्ग से भी सहयोग की अपेक्षा की गयी। बैठक में प्रभारी निरीक्षक अभयराज मिश्रा थाना एएचटी, प्रभारी निरीक्षक शशिमौली पाण्डेय थाना कोतवाली, उनि रामनिवास राम थाना एएचटी जनपद आजमगढ़, टीएसआई धन्नजय शर्मा,थाना एएचटी के समस्त अधि0/ कर्मचारीगण, जनपद के प्रदेश व्यापार मण्डल अध्यक्ष, अध्यक्ष जिला व्यापार मण्डल व अन्य व्यापारी बन्धु मौजूद रहे।

## चिलचिलाती धूप में प्रयास ने दी राहत, पिलाया शरबत

**आजमगढ़।** चिलचिलाती धूप और गर्मी से परेशान हो रहे आमजन की पीड़ा को देखकर प्रयास सामाजिक संगठन द्वारा इससे थोड़ा राहत दिलाने के उद्देश्य से शीतल रूह अफ्ज़ा शरबत की व्यवस्था बनाई गई। -जिसे आज तीसरे दिन कलक्ट्रेट चौराहे पर चलाया गया। सैकड़ो लोगो ने इस राहत भरे शर्वत का आनंद उठाया तथा संगठन के कार्यों की सराहना की। संगठन के साथी इसे निरंतर ऐसे पब्लिक प्लेसों पर लगाने का प्रयास करेंगे जहां ज्यादा से ज्यादा लोग इसका लाभ उठा सकें। -संगठन के पदाधिकारी राजीव कुमार शर्मा जी ने बताया कि प्रयास द्वारा गर्मी को देखते हुए संस्था द्वारा एक छोटा सा प्रयास किया जा रहा है आगे हम नगर के तमाम चट्टी चौराहों पर शरबत लगवाने का प्रयास करेंगे जिससे गर्मी से थोड़ा निजात मिल सके। -आज के इस अवसर पर सुनील यादव, विजय सिंह, आलोक लहरी, अंगद साहनी, इंजीनियर अमित सहित संगठन के तमाम साथी मौजूद रहे।

## फर्जी नियुक्ति के मामले के दो आरोपी गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शहर कोतवाली पुलिस ने महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर तीन युवकों से धन वसूली कर उन्हें फर्जी नियुक्ति पत्र सौंपने के मामले में आरोपित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। सिधारी थाना क्षेत्र के चक जोर इनामी ग्राम निवासी विजय यादव ने मंगलवार को शहर कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद पर नौकरी का झांसा देकर शहर के बागेश्वर नगर निवासी प्रियांशु गुप्ता एवं कप्तानगंज थाना क्षेत्र के बभनपूरा ग्राम निवासी बिजेंद्र पांडेय ने उसके साथ ही उसके मित्र अरविंद एवं रवीन्द्र से एक लाख रुपए से ज्यादा रुपए वसूल लिए। इसके बाद जालसाजों ने तीनों को फर्जी नियुक्ति पत्र सौंप दिया। पुलिस ने इस मामले में दोनों आरोपितों के खिलाफधोखाधड़ी का अभियोग दर्ज किया। बुधवार की सुबह दोनों आरोपित रोडवेज क्षेत्र में स्थित बवाली मोड़ के समीप पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पकड़े गए बिजेंद्र पांडेय के खिलाफधोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं।

# फोर्ड स्कूल क्लब ने जीता उद्घाटन मुकाबला

**प्रयागराज।** फोर्ड स्कूल क्रिकेट क्लब ने सेंट जोसेफ कॉलेज को आठ विकेट से हराकर रेलगांव ट्रॉफी अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। सूबेदारगंज स्थित रेलगांव मैदान पर बुधवार से शुरू हुई प्रतियोगिता में टॉस जीतकर सेंट जोसेफ कॉलेज ने 24.2 ओवर में 80 रन (कृदय दुबे 23, आर्यन बनर्जी 19, अर्चित सिंह 4/14, शुभम यादव 3/18, इशांत कुमार शर्मा 2/21) बनाये। जवाब में फोर्ड स्कूल क्लब ने 12.1 ओवर में 2 विकेट पर 83 रन (आर्यन मिश्र 30 नाबाद, शिवांश 15 नाबाद, कृष्णम पाण्डेय 1/05, अमोघ प्रसाद 1/20) बना लिए। मैच में शिशिर मेहरोत्रा व मोहम्मद आरिफ अंपायर और खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे। इससे पहले प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के महासचिव और सह मुख्य जनसंपर्क



अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने किया। सहायक कार्मिक अधिकारी जीतेंद्र सिंह ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर कृष्णानंद त्रिपाठी, वशिष्ठ कुमार राय, अजय वीर, विशाल कुमार, श्रीराम यादव आदि मौजूद रहे। गुरुवार को कायस्थ पाठशाला ट्रस्ट क्लब का मुकाबला सेंट जोसेफ कॉलेज से सुबह 7 बजे से होगा।

# संगठन के विस्तार में विस्तारकों की बड़ी भूमिका रही है: महापौर

भाजपाइयों ने विस्तारकों को सम्मान पूर्वक विदाई की

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** महापौर गणेश केसरवानी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के द्वारा लोकसभा चुनाव की दृष्टि से लगाए गए इलाहाबाद लोकसभा के विस्तारक प्रिंस गुप्ता एवं फूलपुर लोकसभा के विस्तारक ऋषभ महाजन को कीडगंज कैम्प कार्यालय में सम्मानपूर्वक विदाई की। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने कहा कि निश्चित रूप से विस्तारको के त्याग तपस्या के कारण ही भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनने का गौरव प्राप्त किया है। संगठन के विस्तार में विस्तारको की बहुत बड़ी भूमिका रही है। उनके द्वारा किए जाने वाले कार्य एवं मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को संगठन के प्रति जागरूक रहने का मार्गदर्शन मिलता रहा है और और आगे भी मिलता रहेगा। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने 6 महीना पूर्व बलिया के रहने वाले प्रिंस गुप्ता को इलाहाबाद लोकसभा का एंव मऊ के रहने वाले ऋषभ महाजन को फूलपुर लोकसभा का विस्तारक बनाकर प्रयागराज भेजा था। सम्मानित करने वालों में राजेश केसरवानी, पदुम जायसवाल, प्रमोद मोदी, पार्षद मुकेश कसेरा, आनंद जायसवाल, दिनेश विश्वकर्मा, भरत केसरी, अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, मनीष केसरवानी, सुभाष वैश्य राजन शुक्ला गिरजेश मिश्रा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रूस में वैज्ञानिक व्याख्यान देंगे डॉ. सुधीर

अवधनामा संवाददाता

- पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने दी बधाई
- रूस के शिक्षा और विज्ञान मंत्रालय ने 4 जून से 16 जून तक किया आमंत्रित
- रूस के तीन विश्वविद्यालयों में देंगे व्याख्यान

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के पर्यावरण विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ. सुधीर उपाध्याय को रूस के शिक्षा और विज्ञान मंत्रालय ने 4 जून से 16 जून तक रूस में कई वैज्ञानिक व्याख्यान दने के लिए आमंत्रित किया है। डॉ उपाध्याय को यह आमंत्रण उनके शोध पत्रों की उच्च कोटि के गुणवत्ता के ही आधार पर मिला है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने डॉ. सुधीर उपाध्याय को रूस से मिले इस आमंत्रण के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय के डॉ सुधीर जैसे शिक्षकों की प्रतिभा से विश्वविद्यालय का नाम वैश्विक पटल पर पहुँच रहा है। देश के बाहर के विश्वविद्यलयों से शैक्षिक कार्य हेतु आमंत्रित किया जाना विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है। डॉ. उपाध्याय के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च कोटि के 78 शोध पत्र स्कोपस में प्रकाशित है। उनकी तीन पुस्तके भी प्रकाशित है। डॉ.सुधीर उपाध्याय के व्याख्यान का पहला चरण रूस के गेलेंदज़िक शहर में 4 जून से 9 जून तक होगा। पहले चरण के व्याख्यान के लिए निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) कामिल शागिदुल्लोविच काज़ीव, डी.आई. इवानोवस्की,जीव विज्ञान और जैव प्रौद्योगिकी अकादमी, दक्षिणी संघीय विश्वविद्यालय ने डॉ.सुधीर के.उपाध्याय को बतौर मुख्य वक्ता के रूप में दो अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया है। पहला अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन ÷ पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों के मृदा आवरण के सतत विकास की संभावनाएं और समस्याएं ÷ और दूसरा अंतर्राष्ट्रीय युवा वैज्ञानिक स्कूल द्वारा आयोजित ÷मानव जनित भार के तहत मृदा पारिस्थितिकी तंत्र की निगरानी, सुरक्षा और बहाली÷ पर है।

प्रोफेसर तातियाना मिंकियाना, हेड, मृदा विज्ञान विभाग, साउथर्न फ़ेडरल यूनिवर्सिटी, रोस्तोव-ऑन-डॉन द्वारा 10 जून से 16 जून तक डॉ.सुधीर उपाध्याय को अमूल्य वैज्ञानिक ज्ञान और अनुभव के आदान-प्रदान के लिए कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए वक्ता के रूप में आमंत्रित किया है। इसी क्रम में डॉ उपाध्याय को यूनिवर्सिटी ऑफ़ मास्को में भी व्याख्यान देना है।डॉ.सुधीर उपाध्याय के मुख्य वैज्ञानिक व्याख्यान राइज़ोस्फेरिक इंजीनियरिंग एंड पी. जी. पी. आर., एन्विरोंमेंटल स्ट्रेस की स्थिति में पौधों की वृद्धि, एवं भारतीय मूल्य और जलवायु परिवर्तन आदि विषयों पर होगा। डॉ. उपाध्याय की इस विशेष उपलब्धि पर कुलसचिव महेन्द्र कुमार, वित्त अधिकारी संजय कुमार राय, परीक्षा नियंत्रक अजीत सिंह, डीन विज्ञान संकाय, प्रोफेसर राजेश शर्मा, प्रोफेसर मनोज मिश्रा, डॉ एस पी तिवारी, डॉ दिग्विजय सिंह राठौर ने बधाई दी है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य / उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-AY-Toi-71-24-1 (Pay and Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21-05-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05-06-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05-06-2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | PnU-LKO-KEI-Toi-72-24-1 (Pay and Use Toilets) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 21-05-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 05-06-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 05-06-2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E- Auction Module of www.ireps.gov.in |

दिनांक: 28.05.2024 1597/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# महिन्द्रा युनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने ग्लोबल इन्नोवेशन चैलेंज में शीर्ष सम्मान हासिल किया

**नई दिल्ली/हैदराबाद।** महिन्द्रा युनिर्सिटी के विद्यार्थियों ने अत्यधिक प्रतिस्पर्धी यूएस युनिवर्सिटी चैलेंज में द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया है। इस युनिवर्सिटी से दो टीमें दि बॉबसन कॉलेबोरेटिव ग्लोबल स्टुडेंड चैलेंज 2024 में अंतिम दौर में पहुंचीं और दोनों ही विजेता बनकर उभरीं। इस वर्ष 20 देशों से 25 स्कूलों से 2,414 विद्यार्थियों ने इस प्रतिष्ठित प्रतिस्पर्धा में प्रतिभाग किया। इस प्रतिस्पर्धा में दूसरा स्थान हार्वेस्टेड रोबोटिक्स की टीम ने हासिल किया जिसमेंपांच विद्यार्थी- राहुल आरेपका, प्रणव मोगली, साई फणी, संजय प्रमोद और अतिन साकीर शामिल थे। उनकी परियोजना का लक्ष्य एडवांस्ड लेजर्स एवं रोबोटिक्स टेक्नोलॉजी के जरिए किसानों को रसायन मुक्त वीड मैनेजमेंट सॉल्यूशन उपलब्ध कराके कृषि क्षेत्र में क्रांति लाना है। प्रतिस्पर्धा में तीसरा स्थान एक्स्ट्राइव इन्नोवेशंस नाम की परियोजना ने हासिल किया। इस टीम में चार विद्यार्थी- अभिषेक प्रताप, रौनक ओइनम, प्रेम निंगोमबाम और यशस्वी




माटला शामिल थे। इस टीम ने कर्मचारी के आराम और उत्पादकता में सुधार करते हुए कार्यस्थल की सुरक्षा और दक्षता बढ़ाने के लिए एक एर्गोनॉमिक, किफायती एक्सोस्केलेटन डिजाइन किया है। यह पेशेवर स्वास्थ्य और एर्गोनॉमिक्स में महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करता है जिससे औद्योगिक कार्य वातावरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उद्यमशीलता में अपने अकादमिक कार्यक्रम के लिए उच्च रेटिंग प्राप्त और प्रख्यात मैसेचुसेट स्थित बॉबसन कॉलेज यह वार्षिक प्रतियोगिता आजोयित करता है। इस प्रतियोगिता का जोर संयुक्त राष्ट्र के टिकाऊ विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को पूरा करने वाली अनूठी व्यवसायिक अवधारणाओं पर होता है। महिन्द्रा युनिवर्सिटी के कुलपति डाक्टर यजुलु मेदुरी ने इन विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर अत्यंत गर्व व्यक्त करते हुए कहा, ये अवार्ड हमारे विद्यार्थियों की प्रतिभा, समर्पण और नवप्रवर्तन की भावना परिलक्षित करते हैं। महिन्द्रा युनिवर्सिटी में हम एक ऐसे उद्यमशीलता का माहौल पैदा करने के लिए समर्पित हैं जो रचनात्मकता और समस्याओं के समाधान को प्रोत्साहित करे। इस प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर हमारी टीमों की सफलता, शिक्षा में उत्कृष्टता एवं नवप्रवर्तन को लेकर हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। महिन्द्रा युनिवर्सिटी में प्रोफेसर एवं सेंटर फॉर आंत्रप्रिन्योरशिप एवं इन्नोवेशन (सीआईई) के प्रमुख डाक्टर राजकुमार फटाटे ने भावी उद्यमियों को आकार देने में इस तरह की वैश्विक प्रतिस्पर्धाओं को रेखांकित करते हुए कहा, बॉबसन कॉलेबोरेटिव ग्लोबल स्टुडेंट चैलेंज में भागीदारी और उत्कृष्टता, एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की हमारे विद्यार्थियों की क्षमता प्रदर्शित करती है। सीआईई द्वारा उपलब्ध कराया गया सहयोग एवं मार्गदर्शन इन युवा नवप्रवर्तकों को सफल बनाने में काफी कारगर रहा है।

## एसएंडपी ने भारत की रेटिंग परिदृश्य स्थिर से बढ़ाकर सकारात्मक किया

**नई दिल्ली (हि.स.)।** एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग ने भारत के साख (रेटिंग) परिदृश्य को 'स्थिर' से बढ़ाकर 'सकारात्मक' कर दिया है। इसके साथ ही मजबूत वृद्धि और सरकारी व्यय की बेहतर गुणवत्ता के आधार पर रेटिंग को 'बीबीबी-' पर बरकरार रखा है।

रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने बुधवार को जारी बयान में बताया कि भारत के लिए परिदृश्य को 'स्थिर' से संशोधित कर 'सकारात्मक' कर दिया गया है। इसके साथ ही एजेंसी ने 'बीबीबी-' दीर्घकालिक और 'ए-3' अल्पकालिक विदेशी तथा स्थानीय मुद्रा सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग की पुष्टि की है। एजेंसी ने पिछली बार 2010 में रेटिंग परिदृश्य को 'नकारात्मक' से बढ़ाकर 'स्थिर' किया था। एसएंडपी ने कहा कि यदि भारत सतर्क राजकोषीय और मौद्रिक नीति अपनाता है, जिससे सरकार के बढ़े हुए कर्ज तथा ब्याज के बोझ में कमी आती है और आर्थिक जुझारू क्षमता बढ़ती है, तो वह अगले दो साल में भारत की साख को बढ़ा सकती है।

# कामधेनू लिमिटेड ने सेन्ट्रल उत्तर प्रदेश में 30 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की




**लखनऊ।** भारतीय रिटेल बाजार में ब्रांडेड टीएमटी बार की सबसे बड़ी मैन्युफैक्चरर और विक्रेता कामधेनू लिमिटेड ने बीते एक साल में सेन्ट्रल उत्तर प्रदेश में 30 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में सफलता पाई है। हाल ही में लखनऊ में आयोजित सालाना डीलर्स मीट में कंपनी ने इस क्षेत्र में अपने मौजूदा प्रदर्शन और भावी योजनाओं के बारे में घोषणाएं कीं। इस डीलर्स मीट में 500 से ज्यादा डीलरों ने सपरिवार शिरकत की। इस क्षेत्र में अपनी बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक पहुंचाने के लिए कामधेनू लिमिटेड ने कमर कस ली है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कंपनी अगले 18 महीनों में अपने नेटवर्क में 150 नए डीलर जोड़ेगी।

इस उपलब्धि का जश्न मनाते हुए कामधेनू लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल ने कहा, ''केन्द्रीय उत्तर प्रदेश में एक वर्ष के भीतर 30 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने पर हमें बहुत गर्व है। यह उपलब्धि हमारे डीलरों के समर्पण और कड़ी मेहनत की परिचायक है जो हमारी कामयाबी की रीढ़ हैं। हमें पूरा विश्वास है कि मिलकर काम करते हुए हम अगले एक साल के भीतर 50 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। इस दिशा में हमारे डीलर नेटवर्क का विस्तार एक अहम भूमिका निभाएगा।''निदेशक श्री सुनील अग्रवाल की अगुआई में कामधेनू लिमिटेड के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीलरों को सम्मानित किया और नई ऊंचाईयां छूने के लिए उन्हें प्रेरितकिया। इस प्रतिनिधिमंडल में चंदन गिरी-एजीएम, कविता मिश्रा और संतोष शुक्ला, जीएम (सेन्ट्रल उ.प्र.) भी शामिल थे।

# वित्त वर्ष 2024 में आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो 99.17 प्रतिशत

### महज़ 1.27 दिनों में किया सभी वैध मृत्यु दावों का निपटान

**बरेली।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने वित्त वर्ष 2024 में 99.17 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो हासिल किया है, जो कि इंडस्ट्री में सर्वश्रेष्ठ रेश्यो में से एक है। वैध मृत्यु दावे का निपटान करने के लिए कंपनी के पास केवल 1.27 दिन का औसत समय था, और 2024 को समाप्त वित्त वर्ष में मृत्यु दावों के लिए कंपनी कुल 1,867 करोड़ रुपये का भुगतान करने में सफल रही।

ICICI PRUDENTIAL
LIFE INSURANCE
We cover you. At every step in life.

वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही के लिए कंपनी का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो 97.94 प्रतिशत था, वहीं दूसरी तिमाही के लिए यह 98.14 प्रतिशत और तीसरी तिमाही के लिए यह 98.52 प्रतिशत था। यह दर्शाता है कि सभी तिमाहियों में कंपनी के दावा निपटान में निरंतरता जारी है।

दावेदारों या नामांकित व्यक्तियों को सुविधा प्रदान करने के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ डिजिटल माध्यमों की पेशकश करता है, जिसमें व्हाट्सएप और कंपनी की मोबाइल ऐप शामिल है। इसकी सहायता से उपर्युक्त व्यक्ति बिना किसी परेशानी के दावा दायर कर सकते हैं और साथ ही उसे ट्रैक भी कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी दावे से संबंधित दस्तावेज़ों को घर से प्राप्त करने की सुविधा भी प्रदान करती है।

अमीश बैंकर, चीफ ऑपरेशन्स ऑफिसर, ने कहा, ÷जीवन बीमा परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने में सहायता करता है। इसलिए हम चाहते हैं कि सभी वास्तविक दावों का जल्द से जल्द निपटान हो। वित्त वर्ष 2024 में, हमने 99.17 प्रतिशत का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो हासिल किया, जो कि इंडस्ट्री में सबसे अधिक है। सभी दस्तावेज़ प्राप्त करने के बाद, हमें बिना जाँच के रिटेल दावों के लिए मृत्यु दावे के निपटान में केवल 1.27 दिन का औसत समय लगा। विशेष रूप से, विगत दस वर्षों में, कंपनी ने मृत्यु दावों के लिए कुल 12,112 करोड़ रुपए का भुगतान किया है, जो लाखों परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।÷

उन्होंने आगे कहा, ÷कंपनी की %क्लेम फॉर श्योर% पहल सुनिश्चित करती है कि सभी दस्तावेज़ प्राप्त होने के बाद महज़ एक दिन में वैध मृत्यु दावों का निपटान किया जाएगा। इस पहल के तहत कंपनी, वित्त वर्ष 2024 के दौरान एक दिन में 4,000 से अधिक दावों का निपटान कर चुकी है।

## घरेलू शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद, लगातार चौथे दिन सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

**नई दिल्ली (हि.स.)।** मुनाफावसूली के दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार बुधवार को लगातार चौथे कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत भी कमजोरी के साथ हुई। बाजार खुलने के बाद थोड़ी देर तक खरीदारी का जोर बनता नजर आया, लेकिन कुछ देर बाद ही बिकवालों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार नीचे गिरता चला गया। हालांकि, खरीदार बीच-बीच में लिवाली का जोर बनाने की कोशिश करते रहे। इसके बावजूद बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक लगातार लाल निशान में ही कारोबार करते रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.89 प्रतिशत और निफ्टी 0.80 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए।

आज दिन भर के कारोबार के दौरान मेटल, फार्मास्यूटिकल और मीडिया सेक्टर के शेयरों में मामूली खरीदारी होती नजर आई। दूसरी ओर आईटी, ऑयल एंड गैस और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली का दबाव बना रहा। इसके साथ ही एनर्जी, इंफ्रास्ट्रक्चर, एफएमसीजी और बैंकिंग इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आया। बिकवाली के दबाव के कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.23 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में पौने दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 415.09 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया।

## आईएमडीबी ने पिछले दशक के टॉप 100 सबसे ज्यादा देखे गए भारतीय सितारों की घोषणा की

**मुंबई।** फिल्मों, टीवी और मशहूर हस्तियों के बारे में जानकारी के लिए दुनिया के सबसे लोकप्रिय और आधिकारिक स्रोत, IMDb (www.imdb.com) ने आज पिछले दशक के शीर्ष 100 सबसे ज्यादा देखे गए भारतीय सितारों की सूची की घोषणा की, जैसा कि दुनिया भर में आईएमडीबी पर 250 मिलियन से अधिक मासिक दर्शकों के वास्तविक पृष्ठ दृश्यों द्वारा निर्धारित किया गया है।

दीपिका पादुकोण, जिन्होंने 2007 में ओम शांति ओम में शाहरुख खान के साथ हिंदी फिल्म उद्योग में अपनी शुरुआत की, आईएमडीबी पर पिछले 10 वर्षों में सबसे ज्यादा देखी जाने वाली भारतीय स्टार हैं।

फिल्म उद्योग में अपने लगभग दो दशक लंबे करियर में, उन्होंने कॉकटेल, ये जवानी है दीवानी और पद्मावत सहित कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में काम किया है। उन्होंने 2017 में विन डीजल के साथ ट्रिपल एक्स~ रिटर्न ऑफ़ जेंडर केज से हॉलीवुड में डेब्यू किया।

पादुकोण ने कहा, मैं उस सूची में शामिल होने के लिए बहुत आभारी हूं जो दुनिया भर के दर्शकों की भावनाओं को दर्शाती है।

लोगों के हितों और प्राथमिकताओं की सच्ची रूचियाँ को दर्शाता है। इस मान्यता को प्राप्त करना वास्तव में सुखद है, और यह मुझे ऑन और ऑफ स्क्रीन दोनों जगह दर्शकों से मिलने वाले प्यार के साथ जुड़े रहने और उसका प्रतिक्रिया देने के लिए प्रेरित करता है। ' वह अगली बार कल्कि 2898 एडी (27 जून, 2024 को रिलीज़) में दिखाई देंगी, और सिंघम अगेन इस साल के अंत में सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

वर्षों से, मनोरंजन प्रशंसक अपने पसंदीदा सितारों के बारे में अपडेट रहने के लिए आईएमडीबी पर निर्भर रहे हैं। हमारे आधिकारिक डेटा द्वारा संचालित यह निश्चित सूची, पिछले दशक में भारत के मनोरंजन परिदृश्य के विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है, ÷आईएमडीबी इंडिया के प्रमुख यामिनी पटोदिया ने कहा। जैसा कि हम दुनिया भर में भारतीय अभिनेताओं की अपार प्रशंसकता का जश्न मनाते हैं, आईएमडीबी प्रशंसकों को उभरती और स्थापित प्रतिभाओं के साथ अधिक गहराई से जुड़ने में मदद करना जारी रखेगा।

## पेटीएम का अडाणी समूह से हिस्सेदारी बिक्री संबंधी बातचीत से इनकार

**नई दिल्ली** (हि.स.)। ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस




लिमिटेड ने बुधवार को साफ किया कि वो अपनी हिस्सेदारी बेचने के लिए अडाणी समूह से बातचीत नहीं कर रही है। हालांकि, अडाणी समूह ने भी ऐसी खबरों को ''गलत और असत्य'' करार दिया है।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने जारी बयान में कहा कि हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि ये महज अटकलें हैं और कंपनी इस संबंध में किसी भी चर्चा में शामिल नहीं है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा था कि पेटीएम के फाउंडर और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा ने इस डील को अंतिम रूप देने के लिए अहमदाबाद में गौतम अडाणी से मुलाकात की है। दूसरी ओर अडाणी समूह के प्रवक्ता ने कहा कि हम इस आधारहीन अटकलबाजी का खंडन करते हैं।

उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने व्यापारियों सहित ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) को किसी भी ग्राहक खाते, वॉलेट और फास्टैग में जमा, क्रेडिट लेनदेन या टॉप-अप स्वीकार करने से 15 मार्च से रोक लगा दी थी। इसके बाद मार्च के अंत तक विजय शेखर शर्मा के पास व्यक्तिगत हैसियत से पेटीएम की 9.1 फीसदी हिस्सेदारी बची थी, जबकि विदेशी संस्था रेजिलिएंट एसेट मैनेजमेंट के जरिए उनके पास 10.3 फीसदी हिस्सेदारी थी।

## एमजी इंडिया और एचपीसीएल मिलकर भारत में करेंगे ईवी चार्जिंग नेटवर्क का विस्तार

**नई दिल्ली।** सस्टेनेबल मोबिलिटी की दिशा में, एमजी मोटर इंडिया और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने भारत के ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने और समृद्ध करने के लिए अपनी स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप/रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, एमजी और एचपीसीएल मिलकर पूरे भारत के राजमार्गों और शहरों को कवर करने वाले प्रमुख स्थानों पर 50 किलोवाट/60 किलोवाट डीसी फास्ट चार्जर स्थापित करेंगे। यह साझेदारी ईवी यूजर्स/उपयोगकर्ताओं को उनकी लंबी दूरी और शहरों के बीच आवागमन के दौरान ईवी चार्जर्स की उपलब्धता बढ़ाकर सुविधा प्रदान करने पर केंद्रित है।

एमजी मोटर इंडिया के चीफ ग्रोथ ऑफिसर गौरव गुप्ता ने कहा कि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में सफल बदलाव की जरूरत एक मजबूत ईवी ईको सिस्टम है। ईवी के क्षेत्र में एक शुरुआती पहलकर्ता के रूप में, एमजी एक मजबूत ईवी ईको सिस्टम के विकास में सबसे आगे रहा है। अपने ईको सिस्टम पार्टनर्स के साथ, कंपनी इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की एंड-टू-एंड सस्टेनेबिलिटी के लिए बैटरी




रीसाइक्लिंग और बैटरी सेकेंड लाइफ सॉल्यूशंस के अलावा ईवी चार्जिंग स्टेशनों का एक विशाल नेटवर्क बनाने के लिए काम कर रही है। एचपीसीएल के साथ हमारी साझेदारी भारत में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार की दिशा में एक और कदम है, ताकि ईवी व्हीकल्स में कस्टमर्स का विश्वास बढ़ाया जा सके। एचपीसीएल का विशाल नेटवर्क और भारत में महत्वपूर्ण उपस्थिति यह सुनिश्चित करेगी कि देशभर में मौजूदा और संभावित ईवी यूजर्स के पास हमारे चार्जिंग सॉल्यूशंस तक सुविधाजनक पहुंच हो।

वहीं, राजदीप घोष, चीफ जनरल मैनेजर, हाईवे रीटेलिंग, एचपीसीएल ने कहा कि एचपीसीएल के पास 22000 से अधिक फ्यूल स्टेशंस का राष्ट्रव्यापी नेटवर्क है और कस्टमर्स को ग्रीन फ्यूल उपलब्ध कराकर एक सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, एचपीसीएल का लक्ष्य दिसंबर 2024 तक 5000 इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना है। एमजी मोटर इंडिया के साथ इस साझेदारी के माध्यम से, एचपीसीएल पूरे भारत में स्थापित अपने चार्जरों के उपयोग को बढ़ाने के लिए एमजी के वाहन आधार का लाभ उठाएगा। साथ ही, एचपीसीएल स्थानों पर ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर में कस्टमर एक्सपीरियंस और रणनीतिक विस्तार में सुधार के लिए चार्जर के उपयोग का विश्लेषण करेगा। यह सहयोग आने वाले दिनों में ईवी के विकास में मदद करेगा।

चार्जर्स का पब्लिक-मोड नेटवर्क एमजी जेडएस ईवी की तरह सीसीएस-2 चार्जिंग स्टैंडर्ड के साथ कम्पैटिबल/सुसंगत/अनुकूल सभी ईवी के लिए डिजाइन किया गया है। ये चार्जिंग स्टेशन एमजी कस्टमर्स के लिए माई एमजी एप पर उपलब्ध होंगे और इंटीग्रेटेड/एकीकृत एचपीसीएल नेटवर्क डिस्कवरी टूल के माध्यम से खोजे जा सकेंगे।

चार्जिंग स्टेशंस का उपयोग करने वाले कस्टमर्स को लॉयल्टी रिवॉर्डस और एक्सक्लूसिव प्रमोशंस से भी लाभ होगा, जिससे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के उपयोग को और बढ़ावा मिलेगा। यह सहयोग नए युग के सस्टेनेबल मोबिलिटी सॉल्यूशंस को प्रोत्साहित करने और परिवहन परिदृश्य में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एमजी मोटर इंडिया और एचपीसीएल के यूनिफाइड विजन/एकीकृत दृष्टिकोण को मजबूत करेगा।

## क्रिप्टो करेंसी मार्केट में गिरावट का रुख, बिटकॉइन 68 हजार डॉलर से भी नीचे लुढ़का

### टॉप 10 में शामिल 7 क्रिप्टो करेंसीज रेड जोन में



**नई दिल्ली (हि.स.)।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में आज गिरावट का रुख नजर आ रहा है। मार्केट कैप के लिहाज से टॉप-10 में शामिल क्रिप्टो करेंसीज में से सिर्फ 2 आभासी मुद्राएं मामूली बढ़त के साथ ग्रीन जोन में कारोबार कर रही हैं जबकि दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन और दूसरी सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी एथेरियम समेत 7 क्रिप्टो करेंसीज गिरावट के साथ रेड जोन में कारोबार करती नजर आ रही हैं। इसके अलावा एक क्रिप्टो करेंसी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है।

भारत में क्रिप्टो करेंसी का कारोबार करने के लिए अधिकृत एजेंसी कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक भारतीय समय के हिसाब से आज शाम 5 बजे तक बिटकॉइन 0.98 प्रतिशत की गिरावट के साथ 67,934.01 डॉलर यानी 56.64 लाख रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह एथेरियम की कीमत भी आज 2.53 प्रतिशत की कमजोरी के साथ गिर कर 3,814.52 डॉलर के स्तर पर आ गई थी।

बिटकॉइन और एथेरियम के अलावा टेथर 0.01 प्रतिशत, बीएनबी 0.71 प्रतिशत, यूएसडी कॉइन 0.01 प्रतिशत, एक्सआरपी 0.45 प्रतिशत और डॉगकॉइन 0.93 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। टॉनकॉइन 1.24 प्रतिशत और कार्डानो 0.37 प्रतिशत बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। इसके अलावा सोलाना की कीमत में पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान कोई बदलाव नहीं हुआ है।

कॉइन मार्केट कैप से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी के ग्लोबल मार्केट कैप में 1.12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल क्रिप्टो करेंसी का ग्लोबल मार्केट कैप घट कर 2.56 लाख करोड़ डॉलर यानी करीब 213.45 लाख करोड़ रुपये रह गया है।

ग्लोबल मार्केट कैप में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के दौरान क्रिप्टो करेंसीज के लेन-देन में भी गिरावट दर्ज की गई है। इस अवधि में कुल 9,157 करोड़ डॉलर यानी 7.63 लाख करोड़ रुपये की क्रिप्टो करेंसी की लेन-देन हुई, जो 1 दिन पहले की तुलना में 1.69 प्रतिशत कम है। अगर दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी बिटकॉइन की बात करें कीमत में गिरावट आने के साथ ही पिछले 24 घंटे के कारोबार के दौरान क्रिप्टो करेंसी मार्केट में इस आभासी मुद्रा की स्थिति भी 0.05 प्रतिशत कमजोर हुई है, जिसके कारण इसकी मार्केट हिस्सेदारी घट कर 52.34 प्रतिशत रह गई है।

# रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने लॉन्च किया रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360 शील्ड

**मुंबई।** भारत में साधारण बीमा क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों में से एक, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस ने आज बड़े गर्व के साथ अपने नए प्रोडक्ट, रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360 शील्ड के लॉन्च की घोषणा की है। यह एक पर्सनल एक्सीडेंट इंश्योरेंस पॉलिसी है, जिसे लोगों और उनके परिवारों को बेमिसाल सुरक्षा प्रदान करने के इरादे से डिज़ाइन किया गया है। यह सुरक्षा कवर वाकई बेहद खास है, जिसे आपको और आपके अपनों को न केवल व्यक्तिगत दुर्घटना के प्रभावों से बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, बल्कि यह दुर्घटना के बाद एक बड़े झटके के रूप में परिवार के सामने आने वाले गंभीर प्रभावों से भी सुरक्षा देता है। इस प्रोडक्ट के लॉन्च के मौके पर, रिलायंस जनरल इंश्योरेंस के सीईओ, श्री राकेश जैन ने अपनी राय जाहिर करते हुए कहा, हम हर हाल में यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि, हमारा हर देशवासी और उनके परिवार लोग अचानक सामने आने वाली किसी भी तरह घटना से सुरक्षित रहें। रिलायंस पर्सनल एक्सीडेंट 360 शील्ड को इस तरह



से डिजाइन किया गया है, जो जरूरी कवरेज प्रदान करने के साथ-साथ मुसीबत की घड़ी में हर तरह से सहायता भी प्रदान करता है। यह पॉलिसी लोन और ईएमआई की मजबूती से सुरक्षा के साथ आर्थिक बोझ को कम करती है, जिससे प्रभावित परिवार पैसों के तनाव के बजाय दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की सेहत पर विशेष ध्यान दे सके। इसके अलावा, यह पॉलिसी दुनिया भर में यात्रा के दौरान सुरक्षा मुहैया कराती है और व्यक्तिगत दुर्घटनाओं के लिए ग्लोबल कवरेज सुनिश्चित करती है। हमने ट्रॉमा काउंसलिंग, रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी जैसे लाभों और विशेष स्थितियों के लिए बेहतर कवरेज को एकजुट करके एक ऐसी पॉलिसी तैयार की है, जो सचमुच 360-डिग्री शील्ड होने के अपने वादे पर खरी उतरती है।

इस पॉलिसी का उद्देश्य भारत के साथ-साथ दुनिया भर में दुर्घटना के प्रभाव से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर 360 डिग्री सुरक्षा मुहैया कराना है। यह पॉलिसी बिल्कुल अनोखी है जो सामान्य तौर पर दुर्घटना की वजह से विकलांगता या मृत्यु की स्थिति में मिलने वाले कवरेज से परे है, क्योंकि यह दुर्घटना के बाद के परिणामों और उससे जुड़ी लागतों का व्यापक रूप से समाधान पेश करती है।

## ट्रूकॉलर पेश करता है दुनिया का पहला AI कॉल स्कैनर

**लखनऊ।** सिर्फ तीन सेकंड! बस इतने ही समय में AI वॉयस सिंथेसाइज़र आपकी आवाज़ का पूरा क्लोन तैयार कर देता है। गैर-कानूनी तरीके से वॉयस क्लोनिंग और स्पीच सिंथेसिस टेक्नोलॉजी लगातार बदल रही है और यह हर दिन आपकी सोच से कहीं अधिक बेहतर होती जा रही है, लेकिन बदकिस्मती से यह टेक्नोलॉजी पहले से ही एक कमोडिटी की तरह हर जगह उपलब्ध है। AI स्कैम की ये अगली लहर हमारी मानसिकता के सबसे कमज़ोर पक्ष को अपना शिकार बनाएगी और हम अपनों के ख़तरे में होने के डर से इसका शिकार बन सकते हैं। पूरी दुनिया में संचार के सबसे बड़े प्लेटफॉर्म, ट्रूकॉलर को स्पैम और स्कैम से लड़ने की क्षमताओं के अपने भंडार में बिल्कुल नए हथियार: AI कॉल स्कैनर की घोषणा करते हुए गर्व का अनुभव हो रहा है। AI कॉल स्कैनर इंसान की आवाज़ों और AI सिंथेसाइज़र से तैयार की गई आवाज़ों के बीच फर्क करने और उनका पता लगाने में माहिर है, जिससे लोगों को संभावित स्कैम और धोखाधड़ी से खुद को बचाने में




मदद मिलती है। AI कॉल स्कैनर सीधे ट्रूकॉलर एंड्रॉइड ऐप में बनाया गया है, जो कंपनी के प्रीमियम सब्सक्रिप्शन का हिस्सा है जिसे सबसे पहले अमेरिका में पेश किया गया, और उसके बाद इसे भारत तथा ट्रूकॉलर के दूसरे सबसे बड़े बाज़ारों में पेश किया जा रहा है। इस सिस्टम को डिज़ाइन करने में इस बात का ध्यान रखा गया है कि, यह बेहद सरल और कारगर हो। अगर किसी व्यक्ति को आने वाली कॉल पर शक होता है, तो उसे बस ट्रूकॉलर इंटरफ़ेस के भीतर इसके लिए खास तौर पर मौजूद बटन पर टैप करना होता है। कॉल करने वाले की आवाज़ रिकॉर्ड की जाती है और फिर हमारे एडवांस्ड AI मॉडल द्वारा इस आवाज़ के नमूने की प्रोसेसिंग की जाती है, जिसे इंसानी आवाज़ की अनोखी खासियतों को पहचानने और इसे AI द्वारा जनरेट किए गए आवाज़ों से अलग करने के लिए काफी सख्त ट्रेनिंग दी गई है। यह प्रक्रिया बस कुछ ही सेकंड में पूरी हो जाती है। हमें इस बात पर गर्व है कि हमने इसे अव्वल दर्जे की सटीकता के साथ लॉन्च किया है। इसके बारे में बताते हुए एलन मामेडी, सीईओ एवं सह-संस्थापक, ट्रूकॉलर, ने कहा, "AI वॉयस सिंथेसाइज़र का दायरा बड़ी तेजी से बढ़ रहा है, और इसी वजह से AI वॉयस स्कैम के जोखिम भी बढ़ रहे हैं। हम चीजों के हाथ से निकलने से पहले एक कारगर और भरोसेमंद समाधान तैयार करना चाहते थे। मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि, ट्रूकॉलर दुनिया का ऐसा कॉलिंग ऐप है जिसमें AI वॉयस डिटेक्शन की सुविधा इनबिल्ट रूप से मौजूद है।

# जनता कह रही, 2024 में फिर से कमल खिलाएंगे: योगी

## सलेमपुर भाजपा सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा के समर्थन आयोजित की जनसभा

अवधनामा संवाददाता



**सपा और कांग्रेस भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी**

**सलेमपुर।** सलेमपुर संसदीय क्षेत्र के विधानसभा भाटपाररानी के बीआरडी इंटर कालेज सांसद रविन्दर कुशवाहा के समर्थन में आयोजित जनसभा को सीएम योगी ने देवरहा बाबा और बाबा राघव दास की पावन धरा को कोटि-कोटि नमन करते हुए कहा कि प्रदेश के कुछ जिलों में 48 डिग्री तक गर्मी पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि भाटपार रानी वासियों के लिए इस बात का आश्वासन देने आया हूं कि आप जो पसीना बहा रहे हैं, इसके लिए भाजपा सरकार इस पूरे क्षेत्र का विकास करके आपका कर्ज चुकाने का काम करेगी। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। इस नारे से ही सपा, कांग्रेस और बसपा को चक्कर आने लगता है। उनके पास इतनी सीटों पर लड़ने के लिए प्रत्याशी ही नहीं मिले। अब तो जनता कहती है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे और 2024 में फिर से कमल खिलाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जैसे प्रदेश से माफिया का सफाया किया गया है, वैसे ही पूर्वांचल से इन्सेफलाइटिस को भी समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने सपा और कांग्रेस को भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी बताया। उन्होंने कहा कि सपा माफिया परस्त है और अपराधियों को अपने गले का हार बनाती है। वहीं कांग्रेस अमेरिका की तरह देश में विरासत टैक्स लगाना चाहती है, जो औरंगजेब का जजिया कर है। सीएम योगी ने कहा कि आज कोई भी शरीफ मुसलमान अपने बेटों का नाम औरंगजेब नहीं रखता, क्योंकि उसने अपने भाई की हत्या और पिता को कैद करके पानी तक के लिए तरसा दिया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा सरकार में गरीब भूख से मरता था। आज 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन, 60 करोड़ को 5 लाख तक का मुफ्त उपचार, 12 करोड़ किसानों को किसान सम्मान निधि, 12 करोड़ घरों में शौचालय, 10 करोड़ घरों को उज्ज्वला योजना देने का कार्य हुआ है। इसके साथ ही 4 करोड़ गरीबों के घर बन चुके हैं।

## भाजपा सरकार में अब भाजपा नेता भी नहीं रह गए सुरक्षित

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** भाजपा सरकार में अब भाजपा नेता भी सुरक्षित नहीं रह गए है,भाजपा नेता को अपनी हत्या कराए जाने की आशंका है,जिसके लिए उन्होंने शासन और प्रशासन को इसकी लिखित सूचना प्रेषित की है मामला भाजपा की कौशाम्बी जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर के पति एवम भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर पूर्व ब्लाक प्रमुख का है जिन्होंने अपनी रेंकी कराए जाने और हत्या करने की आशंका व्यक्त करते हुए शासन और प्रशासन को लिखित रूप में शिकायती पत्र प्रेषित किया है। जितेंद्र सोनकर ने मीडिया को बयान देते हुए बताया है कि उन्हें अपनी हत्या की आशंका है,उन्होंने बताया कि उनकी किसी से कोई पर्सनल दुश्मनी नहीं है बल्कि राजनैतिक प्रतिद्वंदिता के चलते उनकी लगातार रेकी कराई जा रही है,उनका पीछा किया जा रहा है,कोई उनकी हत्या करा सकता है,जिसके लिए उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा करने की गुहार लगाई है।

# अखिलेश की सभाओं में टूटते हैं बैरिकेट: जगदंबिका पाल

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वह डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल ने बुधवार को शहर के मंगलम मैरिज हॉल में प्रेस वार्ता के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा समाजवादी पार्टी के लोग संस्कार विहीन होते हैं अखिलेश की जनसभा में उनके पार्टी के कार्यकर्ता ही बेरीकेटिंग तोड़कर अव्यवस्था फैलाने का काम करते हैं। माफिया और गुंडा सपा के सरकार में पुष्पित, पल्लवित होते रहे हैं उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कब क्या कर देंगे इसका कोई भरोसा नहीं वह अभी बच्चे हैं। उन्होंने कहा कि जनता जानती है कि समाजवादी पार्टी की सरकार में थानों में क्या होता था गरीबों की जमीनों को अवैध रूप से कब्जा किया जाता था लेकिन आज वही योगी जी की सरकार में प्रदेश से अराजकता का माहौल खत्म हुआ है गुंडे और माफिया जेल चले गए हैं ला ऑर्डर मेंटेन है । उन्होंने कहा कि सातवें चरण के चुनाव में हम प्रवेश कर चुके हैं 4 जून के बाद भारतीय जनता पार्टी सहकारिता के क्षेत्र में बहुत बड़ा कदम उठाने वाली है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने इंटरव्यू में भी यह बात कही है। इस समय देश की अर्थव्यवस्था विश्व में पांचवें नंबर पर है आने वाले 2027 तक हमारी सरकार इसको तीसरे नंबर पर लाने का प्रयास कर रही है किसानों को सम्मान महिलाओं को सम्मान नौजवानों को रोजगार और बेटियों को सुरक्षा प्रदान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद जो इंडी गठबंधन बंधन के दल है सब अलग-अलग हो जाएंगे 2017 में भी अखिलेश राहुल का गठबंधन हुआ था लेकिन 17 के चुनाव के बाद अखिलेश का बयान आया कि हमने कांग्रेस से गठबंधन करके बहुत बड़ी भूल कर दी । यह लोग गठबंधन अपने अस्तित्व को बचाने के लिए किए हैं लेकिन इस बार लोकसभा चुनाव के बाद यह गठबंधन के काबिल भी नहीं रहने वाले हैं । उन्होंने अमित शाह के वक्तव्य का समर्थन करते हुए कहा की यह क्षेत्र चीनी का कटोरा रहा है किसानों के लिए शुगर मील आय का स्रोत रही लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने इन चीनी मिलों को औने पौने दामों पर बेच दिया।

# मतगणना का कार्य बहुत ही संवेदनशील होता है : डीएम



अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए बुधवार को उदयन सभागार में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतगणना कार्मिकों को 02 पालियों-प्रथम पाली पूर्वानह 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 03 बजे से सायं 05 बजे तक प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार राय ने मतगणना के सम्बन्ध में मतगणना कार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना का कार्य बहुत ही संवेदनशील होता है, किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाय। भली-भॉति प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कार्यों एवं दायित्वों का जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन सुनिश्चित करें। भारत निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाये। मास्टर ट्रेनर राकेश कुमार सिंह एवं विकास पाण्डेय द्वारा मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को उनके कार्या एवं दायित्वों के विषय में विस्तृत जानकारी/प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी (कार्मिक व प्रशिक्षण)/मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) प्रबुद्ध सिंह एवं जिला विकास अधिकारी विजय कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण तथा तकनीकी सहायक प्रशिक्षण दिलीप कुमार वर्मा उपस्थित रहें।

# विपक्षी पार्टियों की जमानत होगी जब्त तीसरी बार पीएम बनेंगे मोदी: केशव

अवधनामा ब्यूरो



**खड्डा में चुनावी जनसभा के दौरान डिप्टी सीएम ने विपक्ष पर रहे हमलावर**

**कुशीनगर।** कुशीनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के समर्थन में बुधवार को खड्डा विधानसभा के धरनीपट्टी खेल मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी पार्टियों की जमानत जब्त होगी और तीसरी बार प्रचण्ड बहुमत से गरीबों, किसानों नौजवानों, महिलाओं की मोदी सरकार बनने जा रही है।

बुधवार को धरनीपट्टी चुनावी जनसभा में दोपहर 12 बजे पहुंचे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का विधायक विवेकानंद पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि व ब्लाक प्रमुख शशांक दूबे सहित मंचासीन नेताओं ने उन्हें फूल-मालाओं, स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर सम्मानित किया, तत्पश्चात अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री ने उपस्थित भीड़ का अभिवादन करते हुए कहा कि विपक्षी संविधान पर खतरे का अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं, मोदी की सरकार बाबा साहेब के संविधान को आंच भी नहीं आने देगी। उन्होंने कांग्रेस सरकार द्वारा लगाई गई इमरजेंसी की याद दिलाते हुए कांग्रेस पार्टी को संविधान के खतरे का जिम्मेदार बताया। विपक्षी पार्टियों पर हमला करते हुए डिप्टी सीएम ने कहा कि मोदी को प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटाना चाहते हैं। गरीबी दूर नहीं करना चाहते हैं। महिलाओं, दलित, पिछड़ा, आदिवासियों को समाज की मुख्य धारा में नहीं लाना चाहते हैं। वह सिर्फ मोदी को हटाकर देश को लूटना चाहते हैं। 2014 में मोदी लहर, 2019 में आंधी और अब 2024 में तूफान की स्थिति है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से हाथ उठवाकर आगामी 1 जून को भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में भारी मतदान की अपील करते हुए विपक्षी पार्टियों की जमानत जब्त करने का आह्वान किया। कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी कहते हैं देश के खजाने पर, देश की सम्पत्तियों पर तथा देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। वहीं सपा, बसपा व कांग्रेस के लोग कहते हैं कि इस देश के खजाने, सम्पत्ति तथा संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। गरीबों का हक गरीबों को मिले इसलिए कमल के फूल का बटन दबाकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आशीर्वाद दीजिए। श्री मौर्य ने कहा कि कमल के फूल का बटन दबाने से अयोध्या में प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर बन गया।

# मैं रहूं या न रहूं लेकिन विद्याश्रम रहना चाहिए: संजय कुमार श्रीवास्तव



**कौशांबी अवधनामा संवाददाता।** अपने कुशल नेतृत्व एवं मृदुभाषी स्वभाव तथा निजी अनुभव से भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी को ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाले भवन्स मेहता विद्याश्रम भरवारी के प्रधानाचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव ने सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों को आज दिनांक 29 मई 2024 को स्कूल में एक साथ बुलाकर संबोधित करते हुए अपने 30 वर्षो के सफल कार्यकाल को सभी लोगों के साथ शेयर करते हुए अपनी सेवानिवृत्ति का ऐलान करते हुए निदेशक संदीप सक्सेना के निर्देशानुसार अपना पदभार विद्याश्रम के अंग्रेजी के प्रवक्ता अनिल कुमार मिश्र को सौंप दिया।अपने अंतिम संबोधन में प्रधानाचार्य ने बताते हुए समस्त अध्यापकों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया कि विद्याश्रम की भलाई के लिए आप सभी मेहनत करते रहिए,हम रहे या ना रहें, विद्याश्रम की शाख पर कोई आंच नही आनी चाहिए, ऐसी कोशिश हमेशा रखनी होगी। उन्होंने अपने भावुक पूर्ण संबोधन से सबको रुला दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य की पत्नी श्रीमती सरिता श्रीवास्तव जो स्वयं एक इंटर कालेज की प्रवक्ता है व उनका बेटा यश श्रीवास्तव मौजूद थे जिनको समस्त अध्यापकों ने उपहार देकर सम्मानित किया।

## पैतृक जमीनी विवाद में बेटा ने की सौतेली मां की हत्या

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सेमरी परसौनी गांव में मंगलवार की देर रात पैतृक जमीनी विवाद को लेकर सौतेले बेटे सुधीर ने अपने सौतेली मां रीता देवी को धारदार हंसिया से प्रहार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। मंगलवार देर रात कोतवाली क्षेत्र के सेमरी परसौनी में पैतृक जमीन को लेकर सौतेले बेटे सुधीर और उसकी सौतेली मां रीता देवी के बीच गर्मागर्म बहस और गाली गलौज होने लगा।

इसी बीच आक्रोशित होकर सुधीर ने अपने सौतेली मां को धारदार हंसिया से प्रहार कर दिया जहा उसकी मौत हो गई। मृतका के पति गोबरी ने बुधवार सुबह कोतवाली पहुंच तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया। पुलिस ने तहरीर मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई।

# आदर्श वीएचएनडी सत्र पर मिलेंगी शत-प्रतिशत स्वास्थ्य सेवाएं

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** सीएमओ कार्यालय के धनवंतरि सभागार में बुधवार को जिले के 64 स्थानों के लिए चयनित आदर्श ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस

**आदर्श वीएचएनडी के लिए चयनित 64 सत्रों के सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण**



(वीएचएनडी) सत्र से सम्बंधित सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में 8 ब्लॉक के 48 स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सीएमओ डॉ राजेश झा ने कहा कि आदर्श वीएचएनडी से सम्बंधित स्वास्थ्यकर्मी सत्र पर मिलने वाली सेवाओं को लाभार्थियों तक जरूर पहुंचाएं। आदर्श वीएचएनडी के माध्यम से आशा कार्यकर्ता शत प्रतिशत स्वास्थ्य सेवाओं को पंहुचाएं। अधिक से अधिक गर्भवती और बच्चों को चिन्हित कर उन्हे शत प्रतिशत टीकाकरण कराएं। गर्भवती का प्रसव पूर्व चार जांच जरूर कराएं। एचआरपी वाली गर्भवती को चिन्हित कराने में सहयोग करें। सत्र पर परिवार नियोजन के फायदे सहित परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि अगले तीन माह में चयनित गाँवों में ग्राम स्तरीय सभी स्वास्थ्य सेवाओं को सुनिश्चित करें। शत प्रतिशत टीकाकरण, गर्भवती की देखभाल, परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता, आयुष्मान कार्ड, आभा आईडी और टीबी मुक्त पंचायत से सम्बंधित सभी लक्ष्यों को पूरा करें। इन कार्यों को पूरा करने के लिए सभी को तीन माह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इन सभी चिन्हित वीएचएनडी सत्र का तीन माह तक ब्लॉक एवं जिला स्तरीय प्रवेक्षकों द्वारा मानिटरिंग की जाएगी। प्रशिक्षण में एसीएमओ डॉ संजय गुप्ता, डीपीएम पूनम, डीसीपीएम राजेश, यूनिसेफ़ के डीएमसी अरशद जमाल, यूपीटीएसयू के जिला समन्वयक सतीश, यूएनडी के अभिषेक, सीफार के प्रतिनिधि सहित लार, देसई देवरिया, बनकटा, मझगंवा, महेन, रामपुर कारखाना, तरकुलवा, रुद्रपुर की सीएचओ, एएनएम और आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# बढ़ते भूमण्डलीय ताप के कारण हो रहा व्यापक जलवायु परिवर्तन

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** नगर के अंतू रोड स्थित ओम नगर में बुधवार को अमेठी जल बिरादरी की ओर से व्यापक जलवायु परिवर्तन विषय पर विमर्श कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें अतिथियों का स्वागत करते हुए संगठन के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि आज सारी दुनिया बढ़ते भूमण्डलीय ताप के कारण व्यापक जलवायु परिवर्तन की चपेट में है।

आज दिल्ली का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। जिसके निरन्तर बढ़ते जाने की सम्भावना है।वनों का कटान जहर उगलते कल कारखाने सुपरसोनिक जेट विमान धुआं फेंकते वाहन आदि बढ़ते भूमण्डलीय ताप के मूल कारण हैं।आधुनिकता का भूत लोगों के सिर पर सवार है।सत्य तो यह है कि प्रकृति आवश्यकता की आपूर्ति कर सकती है लोभ-लालच की नही।समय रहते न चेते तो वह दिन दूर नही जब जीव जन्तुओं का जीवन दूभर हो जायेगा। धरती पर हरियाली बढ़ाकर ही इस समस्या से निजात मिल सकती है। अम्बरीष मिश्र ने कहा बढ़ता पर्यावरण संकट आज सारी दुनिया के लिए चिंता का विषय है। जीवन अमूल्य है इसकी रक्षा के लिए वृक्ष लगाने के साथ इनका संरक्षण आवश्यक है।मनुष्य स्वार्थपरता और दिखावे पन से हटकर परोपकार की भावना के साथ यथार्थ की ओर बढ़ें। कैलाश शर्मा ने कहा कि पृथ्वी के चढ़ते बुखार एवं बिगड़ते मौसम के मिजाज को कम करने के लिए खेत खलिहान एवं सड़कों के किनारे वृक्षारोपण आवश्यक है। सत्येन्द्र प्रकाश शुक्ल ने कहा कि सेमीनारों एवं कागजी अभियान चलाकर ढिंढोरा तो जरूर पीटते हैं लेकिन धरातल पर अमल नही करते।

राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि परम्परागत पौराणिक ज्ञान के सहारे उभरते गंभीर संकट से निजात मिल सकता है। जगदम्बा प्रसाद तिवारी ने कहा कि इस समस्या से निजात पाने के लिए युवाओं को जगाना होगा।

# मतगणना कार्मिकों को दिया गया प्रथम प्रशिक्षण

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में 4 जून 2024 को प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होगी। जिसे सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में मतगणना कार्मिकों को प्रथम प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर मोहम्मद असलम सुजीत कुमार अभिजीत कुमार देवेश शर्मा प्रदीप श्रीवास्तव मोहम्मद हरीश हाशमी के द्वारा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दिया गया। जिसमें उन्हें ईवीएम पोस्टल बैलेट के साथ ही ईटीपीबीएस की मतगणना के बारे में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि डाक मत पत्रों की मतगणना सबसे पहले शुरू की जाएगी एवं 30 मिनट के पश्चात ईवीएम में प्राप्त मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी ईवीएम में पड़े वोटो का मिलान 17ग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईवीएम एवं पोस्टल बैलेट आदि का प्रशिक्षण पूर्ण मनोयोग से प्राप्त कर ले ताकि मतगणना के दिन किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े प्रशिक्षण में बताया गया की मतगणना संबंधी उपलब्ध कराए गए प्रारूप के समस्त कलम स्पष्ट शब्दों में साफ-साफ भरे जाएं मतगणना सामग्री को चेक कर ले यदि कोई कमी हो तो पूर्ण कर लें प्रदर्शित होने वाले रिजल्ट को इस प्रकार से खड़े होकर दिखाएंगे की उपस्थिति मतगणना एजेंट अच्छी तरह से देख व नोट कर सकें मतगणना पर्यवेक्षक द्वारा बोलकर भी रिजल्ट बताया जाएगा यदि आवश्यकता हो तो रिजल्ट बटन को दोबारा दबाकर रिजल्ट दिखाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी मतगणना कार्मिकों को निर्देशित किया कि मतगणना के दिन प्रातः 6 बजे अपने परिचय पत्र तथा ड्यूटी आदेश के साथ मतगणना स्थल पर पहुंच जाएंगे।

## व्यापारी की बहू ने पेट्रोल डालकर लगाई आग इलाज के दौरान मौत

अवधनामा संवाददाता

**कौशांबी।** भरवारी कस्बे के एक व्यापारी की बहू ने बुधवार की सुबह-सुबह अपने शरीर में पेट्रोल डालकर आग लगा ली है जिससे महिला गंभीर रूप से झुलस गई है इलाज के लिए प्रयागराज के अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है मामले की सूचना मिलते ही उनके घर पर रिश्तेदार परिवार मोहल्ला के लोगों का घर पर मजमा लगा हुआ है महिला ने आग क्यों लगाई है यह रहस्य बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के पुरानी बाजार अनाज मंडी भरवारी निवासी स्वर्गीय राम लखन केसरवानी पहलवान जी के पुत्र अरुण कुमार केसरवानी उर्फ पप्पू भाई बजरंग गेस्ट हाउस के मालिक है भरवारी कस्बे के बस स्टॉप के पास उनका गेस्ट हाउस है अरुण की पत्नी स्नेह लता ने जिंदगी से त्रस्त होकर बुधवार की सुबह अपने घर में बोतल में रखा पेट्रोल अपने शरीर में डाल लिया।

# भारत के मुसलमान किसी से डरने वाले नहीं : ओवैसी

अवधनामा ब्यूरो



**झूठ बोलने की प्रतियोगिता हो तो विश्व का सारा अवार्ड मोदी को मिल जाएगा : असदुद्दीन**

**कुशीनगर में भाजपा, सपा-कांग्रेस गठबंधन पर जमकर बरसे ओवैसी**

**स्वामी प्रसाद मौर्य को जिताने का लोगों से किए अपील**

**कुशीनगर।** एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि आपके घर शैतान आयेंगे, आप के कान में कहेंगे कि ओवैसी के बहकावे में मत आना, तो आप लोग कहना थू जाओ यहां से। वह ये भी कहेंगे कि स्वामी प्रसाद को वोट देने का मतलब अपना वोट गड्ढे में डालने के बराबर है तो आप बोलना यह गड्ढा तुमने बनाया है हम उस गड्ढे को अपने वोट से भरने का काम कर रहे है।

ओवैसी बुधवार को पडरौना नगर के खिरिया में टोला राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। ओवैसी ने बीजेपी, कांग्रेस-सपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी इस लिए जीत रही है क्योंकि समाजवादी पार्टी कमजोर है, बीजेपी इस लिए जीत रही है क्योंकि कांग्रेस में वह दमखम नही रहा जो पहले हुआ करता था। बीजेपी इस लिए जीत रही है क्योंकि बसपा अपने वसूलो को खो चुकी है। ओवैसी ने सवालिया अंदाज में कहा कि वर्ष 2014 के लोकसभा 2017 के विधानसभा 2019 का लोकसभा और वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में क्या आपने बीजेपी को वोट दिया था? जब आपने बीजेपी को वोट नहीं दिया तो पिछले 75 साल से आप किसे वोट दे रहे हैं? इसके बाद भी अभी तक मुसलमानों का एक भी नेता नहीं बन सका है, क्योंकि हमें सिर्फ झूठ बोलकर बरगलाया जाता रहा है। ओवैसी ने कह कि पीएम मोदी गरीबी, बेरोजगारी पर नहीं बोलते, वह कभी मजहब के नाम पर तो कभी आरक्षण तो कभी मंगलसूत्र की बात करते हैं। एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि देश में हालत खराब है भाजपा अगर सत्ता में आती है तो महंगाई आसमान छूयेगी, बेरोजगारी और बढ़ेगी और देश में बदहाली की स्थिति देखने को मिलेगी। उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी पिछले 10 वर्षो से इस मुल्क के प्रधानमंत्री हैं। भारतीय जनता पार्टी जब से सत्ता में आई है भारत के मुसलमानों का हाल बद से बदत्तर कर दिया गया है। मुसलमानों में खौफ पैदा किया जा रहा लेकिन मुसलमान किसी से डरने वाला नही है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी सिर्फ और सिर्फ झूठ बोलकर जनता को गुमराह करते है। ओवैसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि अगर झूठ बोलने का प्रतियोगिता हो तो विश्व का सारा अवार्ड नरेंद्र मोदी को ही मिल जाएगा। ओवैसी ने अपने संबोधन में मुख्तार अंसारी को जेल में जहर देकर मारे जाने और अतीक अहमद की हत्या का भी जिक्र किया। उन्होंने राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के प्रत्याशी को भारी मतों से जिताकर संसद भेजने का आह्वान किया। जनसभा को अपना दल कमेरावादी नेता पल्लवी पटेल ने भी संबोधित किया।

# हत्यारोपी पुलिस गिरफ्त में

**अवधनामा संवाददाता**

**आलाकत्ल एक तमंचा 315 बोर मय दो जिन्दा कारतूस बरामद**

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा कमलेश की निर्मम हत्या करने वाला मुख्य अभियुक्त चोब सिंह घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल सहित गिरफ्तार कर लिया गया। जनपद फिरोजाबाद के थाना सिरसागंज क्षेत्रान्तर्गत कमलेश पुत्र जयश्रीराम निवासी नगला गुलाल की ग्लोबल स्कूल के पास सौथरा रोड़ पर निर्मम हत्या कर दी गयी थी। जिसमें वादी के भाई भूरे सिंह यादव की तहरीर के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0सं0 246/2024 धारा 147,148,149,302,34 भादवि पंजीकृत किया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा हत्या के खुलासे/हत्या में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी सिरसागंज के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलासं एवं थाना सिरसागंज सहित कुल 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस साक्ष्य संकलन एवं सुरागरसी, पतारसी के आधार पर हत्या में शामिल मुख्य अभियुक्त चोब सिंह पुत्र स्व0 राजवीर सिंह निवासी नगला गुलाल थाना नगला खंगर फिरोजाबाद हाल पता फैन्डस कालोनी कस्बा व थाना सिरसागंज फिरोजाबाद को सोथरा रोड एनएच-19 पुल के नीचे से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की निशांदेही पर अभियुक्त के मसकन से घटना से सम्बन्धित आलाकत्ल एक तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए हैं। गिरफ्तारी व आलाकत्ल की बरामदगी के आधार पर थाना सिरसागंज पर मु0अ0स0 248/2024 धारा 3/25/27 आर्म्स एक्ट बनाम चोब सिंह के विरूद्ध पंजीकृत कर अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्र0नि0 बैजनाथ, व0उ0नि0 अजेन्द्र सिंह, हे0का0 1051 पवन कुमार, हे0का0 1047 शिवशंकर थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद शामिल रहे।

## महाराजा अग्रसेन सेवा समिति ने लगाई प्याऊ

**शिकोहाबाद।** श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति द्वारा भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए राहगीरों को पीने के पानी की उपलब्धता के लिए एटा रोड पर एक्सिस बैंक के पास एक प्याऊ लगाऊ। जिससे बैंक के साथ ही बाजार में आने वाले लोग ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकें। श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति नगर में सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लेती है। समिति के पदाधिकारियों ने बुधवार को एटा रोड स्थित एक्सिस बैंक पर दोपहर 12 बजे एक प्याऊ का उद्घाटन किया। उसके उपलक्ष में सभी सदस्यों ने पहुंचकर जल सेवा की एवं सरवत वितरण किया। जिसमें पूर्ण रूप से समिति के अध्यक्ष प्रभात गर्ग, सच्चे बॉबी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, संयोजक शेखर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अमित शाह, मनीष अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, विजयअग्रवाल, मोहित अग्रवाल यदि लोगों का सहयोग रहा।

# रिजवी क्लब सेमीफइनल में

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** रिजवी क्रिकेट क्लब ने राम बाबू पाल क्रिकेट क्लब को तीसरे क्वाटर फाइनल मैच में 114 रन से हराकर प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित आबिद मूर्तजा स्मारक अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इस जीत में विभव कुशवाहा के बहुमुखी प्रदर्शन ( 47 रन, 27 गेंद, आठ चौके, एक छक्का व 6.1 - 1 - 45 - 5 ) कर अपनी टीम को जीत दिलाई हैं। बुधवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रिजवी क्रिकेट क्लब ने 35 ओवर में आठ विकेट पर 273 रन ( सचिन पाल 64, विभव कुशवाहा 47,



अखिल कुमार 42, रोशन सिंह 39, आदित्य कुशवाहा 27, विवेक कुमार 23 रन, करन यादव 3/44, आकाश यादव 2/30, आदित्य पाल 2/43 ) पर बनाए। जवाब में राम बाबू पाल क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 26.4 ओवर में 159 रन ( आदित्य राज तिवारी 62, अनुराग यादव 32, रुद्राक्ष यादव 15 रन, विभव कुशवाहा 5/45, महातिम यादव 2/27, आदित्य प्रजापति 1/29, शिव नारायण सिंह 1/33 ) पर सिमट गई। मैच में अरुण कुमार व अभिषेक मिश्रा ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कारिंग की। प्रतियोगिता में गुरुवार को वर्मा क्रिकेट क्लब व श्री सहायक क्रिकेट क्लब के बीच चौथा व अंतिम क्वाटर फाइनल में प्रातः साढ़े सात बजे से खेला जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मार्ग दुर्घटना में बाल-बाल बचे नगर पालिकाध्यक्ष

**सुल्तानपुर।** नगर पालिका चेयरमैन प्रवीन अग्रवाल मार्ग दुर्घटना में बाल बाल बच गए हैं।बीती रात वह वाराणसी से लौटे थे, सुल्तानपुर शहर पहुँचने से पूर्व उनका वाहन एक ढाबे पर कुछ देर के लिए रुका था।थोड़ी देर बाद वाहन में बैठते समय अनियंत्रित वाहन ने उन्हें धक्का मार दिया।उन्हें धूस की चोट आई है।वे दुर्घटना में वह बाल बाल बच गए हैं।गाड़ी पर भी खरोच आ गई है।पूर्व विधायक संतोष पांडेय, जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव कुमार की तरह प्रवीन अग्रवाल भी अब अस्वस्थ हो गए हैं। लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा भी चिकित्सकीय कारणों से प्रभावित हैं।

### आचार संहिता उल्लंघन मामले में बी ई ओ हुए निलंबित

**सुलतानपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी धनपतगंज कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक अजय प्रताप सिंह आचार संहिता के उल्लंघन मामले में सस्पेंड कर दिए गए हैं।उन्हें बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपिका चतुर्वेदी ने निलंबित कर दिया है। कूट रचित मेडिकल प्रपत्र बनाकर चुनाव ड्यूटी से अवकाश ले लिया था। उन्होंने झंडा पोस्टर लेकर राजनीतिक दल का प्रचार प्रसार किया था। खंड शिक्षा अधिकारी कूरेभार दिलीप कुमार को मामले की जांच मिली है।

### तीन घरों में हुई चोरी

**सुल्तानपुर।** पेट्रोल पंप मालिक समेत तीन घरों में चोरी की वारदात हुई है।पेट्रोल पंप मालिक भगोती दीन यादव के घर से लगभग 3.47 लाख नगदी समेत 10 लाख के जेवरात चोरी हो गए हैं।वही,पड़ोस के राम देव धोबी और राजा राम धोबी के घरों को भी चोरों ने निशाना बनाया।इन दोनों के घर से लाखों के जेवरात पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरो ने छत के रास्ते घर के अंदर प्रवेश किया।सूचना पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।चोरी की घटना से गांव के लोगों में दहशत का माहौल व्याप्त है।थाना अध्यक्ष आरबी सुमन बोले,तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जायेगा,बताया कि चोरी की घटनाओं का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे मेहरबान मजरे सैनी गांव की घटना बताई जा रही है।

### इस भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया शर्बत



**सुलतानपुर।**ज्येष्ठ माह के प्रथम मंगलवार को हनुमान भक्तों ने कुड़वार नाका (गायत्री मन्दिर) के पास राहगीरों को शर्बत पिला कर सेवा की। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी भक्तों ने अपरान्ह तीन बजे से ही आने जाने वाले राहगीरों को रोककर ठंडा शर्बत पिलाया जो शाम तक भगवान बजरंगबली की कृपा से चलता रहा। रास्ते में जाने वाले राहगीर वाहन रोककर शर्बत पीते और खुश होकर आगे बढ़ते रहे। क्या बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला, पुरुष सबने तपती दोपहरी में आकर शर्बत पिया। आयोजक कर्ताओं में श्रवण शर्मा पत्रकार, आशीष ,राकेश वीरेन्द्र सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

### उफ् ये गर्मी और विद्युत विभाग की बेशर्मी



**सुल्तानपुर।** जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है,वैसे-वैसे विद्युत विभाग अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में फिसड्डी साबित हो रहा है। बात कर रहे है टीपी नगर विद्युत स्टेशन की, जहा से हजारों-हजार उपभोक्ताओं को विद्युत सप्लाई की जाती है। परंतु आए दिन सब स्टेशन के जिम्मेदारों के चलते उपभोक्ताओं को खामियाज़ा भुगतना पड़ता है।सोमवार को सुबह से शाम और देर रात तक ट्रांसपोर्ट नगर के हजारों विद्युत उपभोक्ताओं को बढ़ते तापमान का दंश झेलना पड़ रहा है।दर्जनों उपभोक्ता टीपी नगर में डटे हुए थे।बताते चले की कांशीराम कॉलोनी,घासीगंज व आसपास क्षेत्र के लोग लगातार विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर संपर्क साधने का प्रयास कर रहे है,लेकिन अधिकारी फ्लाइट मोड में आ गए थे।ऐसे में बदहाल अव्यवस्था में सुधार कैसे सुधार होगा,या बड़ा सवाल बना हुआ है।

### युवा खिलाड़ी विशाल ने किया जिले का नाम रोशन



**कूरेभार,सुलतानपुर।** प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी ने जिले का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश टेनिस क्रिकेट में विशाल यादव का एमसीसी बनारस के टीम में चयन हुआ है। प्रतिभावान विशाल मूल रूप से विकास खंड कूरेभार क्षेत्र में स्थित ग्राम पंचायत उमरी के मूल निवासी हैं। यही नहीं विशाल यादव अपनी प्रतिभा का लोहा दिल्ली, बिहार, पश्चिम बंगाल, सहित उत्तर प्रदेश के कई बड़े शहरों में मनवा चुके हैं, और आज उत्तर प्रदेश टेनिस क्रिकेट में चयन होकर फिर से अपने मेहनत का फल प्राप्त किया है। जिसके कारण शुभचिंतकों द्वारा सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं देने वाला का तांता लगा हुआ है।

### सिरसागंज पुलिस ने पॉक्सो एक्ट में एक वांछित पकड़ा



**सिरसागंज।** क्षेत्राधिकारी सिरसागंज अरुण कुमार चौरसिया के कुशल नेतृत्व में थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान थाना सिरसागंज पर पंजीकृत पोक्सो एक्ट मुक्कदमें से सम्बन्धित एक अभियुक्त अंशुल पुत्र अरब सिंह निवासी ग्राम धोबा थाना एलाऊ जिला मैनपुरी को करहल चौराहे के पास अन्डरपास के नीचे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 गौरव शर्मा .उ0नि0 सुरेशचन्द्र .का0 राहुल कुमार थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद मौजूद रहे।

### तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की कामना के लिए किया हवन पूजन



**प्रयागराज।** जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी के संचालन में पुनः तीसरी बार केंद्र मे मोदी सरकार बनाने की कामना को लेकर बंधवा स्थिति हनुमान मंदिर पर दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर के संयोजक प्रियेश सिंह व सह संयोजक राजा मेहरोत्रा व सह संयोजिका नेहा गुप्ता के द्वारा हवन पूजन कर 400 से अधिक सीटों पर भाजपा की विजय की कामना व फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर राजा मेहरोत्रा ने कहा मोदी सरकार ने दिव्यांगजन को जो सम्मान दिया वो किसी अन्य सरकार के द्वारा नहीं दिया गया। मोदी सरकार हर वर्ग के लोगो को सुखी समृद्ध और खुशहाल बनाने का कार्य करके विश्व मे भारत का नाम रोशन कर रही है। अतः अबकी बार ही नहीं हर बार मोदी सरकार चाहिए। इस अवसर पर राजेश केसरवानी, मोनू शर्मा, विकास जायसवाल, सर्वेश पाण्डेय, अवनीश भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार और मनमानी पर हुई चर्चा

**अवधनामा संवाददाता**

**टास्क फोर्स की बैठक संपन्न**

**टूंडला।** सूचना का अधिकार विभाग टास्क फोर्स की एक बैठक ब्रज क्षेत्र कार्यालय शोभाराम अहाता पर आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता करतार सिंह यादव ने की।

बैठक में प्रदेश सचिव डॉ. बीएस गौतम ने कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा के सरकारी विभागों में भ्रष्टाचार और मनमानी चरम सीमा पर व्याप्त है। जिसके चलते आम आदमी को उसके अधिकारों से वंचित रखा जाता है और उसे किसी भी शिकायत के निस्तारण के लिए सरकारी कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते हैं। भ्रष्ट अधिकारी कर्मचारी आम जनता के लिए नकारा बने हुए हैं। टास्क फोर्स के प्रदेश सचिव ने सूचना अधिकार की जानकारी देते हुए कहा की भ्रष्ट अधिकारी एवं सरकारी मशीनरी पर अंकुश लगाने के लिए सूचना अधिकार एक ब्रह्मास्त्र है। जिसे आम आदमी अधिक से अधिक प्रयोग करें तो भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा ही नहीं भ्रष्टाचार समाप्त होगा।

शहर संयोजक राजीव मल्होत्रा ने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 आम जनता का वह हथियार है जो किसी भी जंग को लड़ते हुए सरकारी तंत्र को कर्तव्य बोध का एहसास कर सकता है मोहम्मद खालिद और फारूक खान ने संयुक्त रूप से आम जनता सूचना अधिकार अधिनियम 2005 का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें जिससे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सकता है। बैठक में श्याम सिंह, ब्रजवीर, राजेंद्र पाल, राजा खान, मोहम्मद रफीक, अनिल उपाध्याय, अनूप कुमार शर्मा, अजय यादव, राजुद्दीन अली, शमसुद्दीन अली, एंथोनी अली, गीतम सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## नकब लगाकर वृद्ध महिला के घर से नगदी व आभूषण चोरी

**सिरसागंज।** थाना सिरसागंज क्षेत्र के ग्राम हुसैनपुर बैजुआ में बुधवार की बीती रात इन्द्रवती पत्नी स्वः श्री गीतम सिंह के घर में खेतों की तरफ से कमरे में नकब लगाकर अज्ञात चोर नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गये ।

पीड़ित इन्द्रवती ने थाना सिरसागंज में तहरीर देते हुये बताया कि वह अपने घर में अकेली ही रहती है। बुधवार की बीती रात रोज की भांति में अपने घर के बरामदे में सो रही थी तथा कमरे का बाहर से दरवाजा बन्द था तो रात्रि में किसी समय किन्हीं अज्ञात चोरों द्वारा मकान के पीछे स्थित खेतों की तरफसे मेरे मकान में नकब लगा कर कमरे में घुसकर कमरे में रखे बक्से में से नगद 10 हजार रुपये एवं चांदी की करधनी एवं सोने के कान के कुंडल व दो सोने की अंगूठी चुरा ले गये जब सुबह जागकर मेने कमरा खोला तब जाकर मुझे पूरी घटना की जानकारी हुयी। तो पीड़िता ने चोरी की घटना की थाना सिरसागंज में लिखित तहरीर दी है।

# विज्ञान कैम्प में विद्यार्थियों ने सीखे कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन के परीक्षण



**अवधनामा संवाददाता**

**सिरसागंज।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश के अंतर्गत जिला विज्ञान क्लब फिरोजाबाद के तत्वाधान में जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में जिला विज्ञान क्लब के कार्यालय पर ग्यारह दिवसीय विज्ञान कैम्प के चतुर्थ दिवस पर विद्यार्थियों ने कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन के परीक्षण सीखे। अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस ग्यारह दिवसीय विज्ञान कैम्प के चतुर्थ दिवस पर विद्यार्थियों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ाने के लिए उन्हें विज्ञान के विभिन्न प्रयोगों को सिखाया जा रहा है। जिससे विद्यार्थी में विज्ञान को करके सीखने की प्रवत्ति में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि चतुर्थ दिवस पर विद्यार्थियों को सर्वप्रथम कार्बोहाइड्रेट के परीक्षण में आटे की गोली बनाकर उसे परखनली में डालकर आयोडीन विलयन मिलाने से काले रंग का विलयन प्राप्त होने पर उसमें कार्बोहाइड्रेट की पुष्टि होती है। इसी प्रकार प्रोटीन के परीक्षण में सर्वप्रथम खाने वाली दाल को पीसकर एक परखनली में डाल दिया। तदुपरान्त उसमें जल मिलाकर उसमें कॉपर सल्फेट का विलयन मिलाकर उसमें कॉस्टिक सोडा के विलयन को मिलाने पर बैंगनी रंग का विलयन प्राप्त होने पर खाने वाली दाल में प्रोटीन के परीक्षण की पुष्टि हुई। विद्यार्थियों ने कार्बोहाइड्रेट और प्रोटीन के परीक्षण आटे और दाल के माध्यम से सीखकर वैज्ञानिक दृष्टिकोण में वृद्धि का अनुभव किया। इस अवसर पर कु गोसिया फारूकी, तान्या माथुर, उपासना सिंह, रोशनी, सारिका, करिश्मा, प्रीती राजपूत, खुशी, वर्षा कुमारी, निशा कुमारी, पावनी जैन, शिवानी सिंह, मनीष कुमार, आर्यन प्रताप सिंह, अनुज कश्यप, ईशू कुमार, मोहित कुमार, ब्रजमोहन सिंह, सोनवीर सिंह, नीरज कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# कैंप में कैडेट्स भाईचारे के साथ रहने के अलावा कठिन परिस्थितियों में भी कार्य करना सीखते हैं: एन एस चारग

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** आज कैंप कमांडेंट 5 उ0प्र0 बटालियन एनसीसी शिकोहाबाद के कमान अधिकारी कर्नल रंजन चक्रवर्ती, कर्नल के.के. सिंह के अधीन मेजर शशिकांत कटियार, कैप्टन राजेंद्र सिंह, कैप्टन भानु प्रताप सिंह, लेफ्टिनेंट डॉ अजब सिंह, थर्ड ऑफिसर सुखदेव पटेल, रीना शर्मा की देखरेख में दिल्ली पब्लिक स्कूल शिकोहाबाद में वार्षिक प्रशिक्षण शिविर लगाया गया है, जिसमें कैडेट्स को दिए जाने वाले विभिन्न प्रकार के सैन्य प्रशिक्षण जैसे ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, युद्ध कौशल, फायरिंग, मैप रीडिंग, टैंट लगाना आदि की ग्रुप कमांडर ने सराहना की।

कैंप के निरीक्षण के प्रारम्भ में कैडेट्स के द्वारा ग्रुप कमांडर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कैडेट्स को संबोधित करते हुए आगरा ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर एन एस चारग ने कहा कि कैंप में कैडेट्स भाई चारे के साथ रहने के अलावा कठिन परिस्थितियों में भी कार्य करना सीखते हैं।

उन्होंने इस अवसर पर जेएस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर सुकेश यादव एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल की चेयरपर्सन डॉ गीता यादव का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने कैडेट्स के रहने के लिए जल, विद्युत एवं भवन की उत्तम व्यवस्था उपलब्ध कराई है। इस अवसर पर कैप्टन डॉ आर बी पाण्डेय, सूबेदार मेजर बलवान सिंह, सूबेदार के डी पाण्डेय, सूबेदार जनक सिंह, सूबेदार फूल सिंह, सूबेदार महेंद्र सिंह, बी एच एम अरुण कान्त एवं अन्य पी आई स्टाफ उपस्थित रहे।

# रोडवेज कार्यालय में अनुबन्धित बस स्वामी को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** रोडवेज कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियो द्वारा वाहन मालिक को मारने-पीटने व गाली-गुप्ता देने के का मामला सामने आया। जिसमें पीड़ित बताया की मेरा नाम बजरंग पाण्डेय पुत्र स्व0 राम नरायन पाण्डेय ग्राम-खोजौली, पोस्ट-रौनापार, जनपद-आजमगढ़ का मूल रहने वाला हूॅ। पीड़ित अपना एवं अपने परिवार का भरण-पोशण हेतु नियमानुसार टेन्डर के माध्यम से अपनी अनुबन्धित बस चलवाता है प्रतिदिन की भॉति लगभग 12:30 बजे प्लेटफार्म पर लगी तथा काफी सवारियॉ भी बैठ गयी। वाहन में परिचालक लगाने हेतु क्नजल बसमतो गौरव दीक्षित एवॅ त्रिभुवन यादव ने परिचालक नही भेजा। परिचालक भेजने के लिये प्रार्थी उपरोक्त दोनो क्नजल बसमता से सम्पर्क किया तो उन्होने बताया कि जब-तक आप परिचालक लगाने हेतु सुविधा षुल्क नही देगें तब तक परेषान होते रहेगें, इसलिये अपना वाहन हटा लिजिये। आपके वाहन हेतु परिचालक नही जायेगा। प्रार्थी ने प्रयास किया कि परिचालक उपलब्ध हो जाय परन्तु उक्त दोनों क्नजल बसमता के द्वारा गाली-गुप्ता दिया जाने लगा जिसका विरोध करने पर मुझे लात घुसों से मारा-पीटा गया।

# जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में रामोत्सव संपन्न

**आजमगढ़।** संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश, उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान लखनऊ तथा जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद आजमगढ़ एवं जिला प्रशासन आजमगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को हरिऔध कला केंद्र में प्रभु श्रीराम को समर्पित कार्यक्रम रामोत्सव सम्पन्न हुआ। शुरूआत कलाकारों एवं उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान के निदेशक अतुल द्विवेदी, जिला पर्यटन सूचना अधिकारी, सचिव जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद डा.रूपेश कुमार गुप्ता, तथा संयोजक डीपी तिवारी अग्रसेन महाविद्यालय की प्राचार्य डा.जूही शुक्ला द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सांस्कृतिक संख्या में प्रथम कार्यक्रम के रूप में स्थानीय कलाकार कमलेश सोनकर एव दल द्वारा गणेश वंदना की गयी। तत्पश्चात जनपद के लोक कलाकार अभिराज गोंड़ एव दल द्वारा गोड़उ नृत्य की प्रस्तुति दी गयी। उसके बाद भगवान विष्णु के दशावतार को प्रदर्शित करती उड़ीसा से आये बच्चों की टोली ने गोटीपुआ नृत्य से दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

# चौधरी चरण सिंह की मनाई गई जयंती

**अवधनामा संवाददाता**



**टूंडला।** नगर में चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि विभिन्न संगठनों एवं राजनैतिक दलों के नेताओं ने मनाई। इस दौरान सुभाष चौराहे स्थित चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प् अर्पित किए। तथा उनके विचारों पर प्रकाश डाला गया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चौधरी साहब जैसी शख्सियत फिर कोई नहीं हुई। आम आदमी, गरीब और किसान के सच्चे हितैषी थे। राजनीति में गरीबों को आगे बढ़ाया। लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभा तक गरीब और खेती किसानी से जुड़े लोगों को वह लेकर गए। कहा कि स्पष्ट सोच और सटीक फैसले उनकी ताकत थी। वह किसान के लिए हमेशा फिक्रमंद रहे। किसी तरह के लोभ में कभी नहीं फंसे और कार्यकर्ताओं को भी हमेशा लालच से दूर रहने की प्रेरणा देते रहे। उनकी स्पृष्टवादी, ईमानदारी और सादगी का विपक्ष भी लोहा मानते हैं। इस मौके पर जिलाध्यक्ष दीपक चौधरी, चेयरमैन भंमर सिंह, जिलाध्यक्ष देशराज सिंह, किशोर चौधरी, जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, दिनेश गुप्ता, शिवशंकर शर्मा, ओम प्रकाश, जगवीर सिंह, इन्द्रपाल पौनिया, पंकज चौधरी, सत्यपाल चौधरी, राजवीर सिंह, अनिल चौधरी, देवेंद्र बैनीवाल, हनी पौनिया, करतार पौनिया, लाल बहादुर, लक्ष्मण सिंह, सुधीर सिंह, जितेंद्र सिंह, धर्मवीर सिंह, शौरभ चौधरी, नैपाल सिंह ठैनुआ, राहुल चौधरी, विशाल चौधरी, डा. मुन्नेश कुमार, सचिन उपाध्याय, महेश, गोलू निषाद, हर्ष राजौरिया, इन्द्रजीत सिंह, शेर सिंह राना, नवीन शर्मा, आचार्य राजवीर सिंह, पंकज ठैनुआ, टीटू सिंह, हम्मवीर सिंह, कृष्ण ठाकुर, महेन्द्र सिंह, सत्यपाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, इंद्रपाल सिंह, अमर सिंह पचेहरे, नितिन धाकरे, प्रवीन कुशवाह के अलावा सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बाई पास किनारे बनेगा बस अड्डा

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** नगर के मध्य में बस अड्डा होने के चलते पूरे शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है। बीते काफी समय से बस अड्डे को शहर से बाहर स्थानांतरित करने की मांग उठती रही है। कई स्थानों पर जमीन देखी गई किंतु उपयुक्त स्थान नही मिला। सांसद मेनका संजय गांधी ने क्षेत्र के लोगों को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए कई प्रयास किए, किंतु जाम की समस्या दूर नही हुई। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर दो के सौरमऊ, अलाहदाद पुर में सुल्तानपुर -अयोध्या बाई पास रोड के किनारे नगर पालिका का कूड़ा डंप स्थल है। उसे यहां से हटाने की मांग क्षेत्र के लोगों द्वारा अर्से सी की जा रही है, कई बार तो सफाई वाहन चालक व स्थानीय लोगों की बीच कूड़ा गिराने को लेकर बवाल भी हो चुका है। मामला थाना कोतवाली तक भी पहुंच चुका है। अब जाम की समस्या को देखते हुए उक्त कूड़ा डंप स्थल (जो 12 बीघे में फैला है) की जमीन नगर पालिका चेयर मैन प्रवीन अग्रवाल ने बस स्टेशन स्थापित करने का प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा है। उक्त बस अड्डे के स्थानांतरित हो जाने से जहां नगर को भीषण जाम से मुक्ति मिलेगी, वहीं अयोध्या, प्रयागराज, लखनऊ, वाराणसी, बलिया, आजमगढ़ जाने वालों के लिए काफी आसानी हो जायेगी। क्षेत्र के निवासियों ने उक्त पहल के लिए सौरमऊ, नारायन पुर वार्ड सभासद अखिलेश मिश्रा व नगर पालिका चेयर मैन प्रवीन अग्रवाल का आभार माना है।

# खरीफ सीज़न के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं गुणवत्ता युक्त बीज

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पाण्डेय ने बताया कि खरीफ 2024-25 में बुआई के लिए जनपद में पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता युक्त बीज उपलब्ध है। श्री पाण्डेय ने बताया कि जनपद में कृषि विभाग के पास अब तक धान एनडीआर-2064 आधारीय, एनडीआर-2065 आधारीय/ प्रमाणित, पन्त-26 आधारीय, एनडीआर-993011, सीआर-310 आधारीय, सरयू-52 आधारीय, धान एचयूआर-917 प्रमाणित, बीपीटी-5204 प्रमाणित, उर्द एवं मूंग प्रमाणित, मूंगफली आधारीय प्रजाति के बीज जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर कृषकों हेतु बिक्री के लिए उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी श्री पाण्डेय ने बताया कि खरीफ 2024-25 हेतु धान मोटा (समस्त प्रजाति) प्रमाणित बीज के लिए रू. 4193=00 व आधारीय के लिए रू. 4330=00, धान महीन (समस्त प्रजाति) प्रमाणित बीज के लिए रू. 4223=00 व आधारीय के लिए रू. 4360=00, धान बासमती (समस्त प्रजाति) प्रमाणित बीज के लिए रू. 6534=00 व आधारीय के लिए रू. 6780=00, उर्द (समस्त प्रजाति) प्रमाणित बीज के लिए रू. 13765=00 व आधारीय के लिए रू. 14450=00, मूंग (समस्त प्रजाति) प्रमाणित बीज के लिए रू. 14314=00 व आधारीय के लिए रू. 15040=00 तथा मूंगफली (समस्त प्रजाति) प्रमाणित बीज के लिए रू. 10406=00 व आधारीय के लिए रू. 11370=00 प्रति कुण्टल बिक्री दर निर्धारित की गयी है। उक्त बीज़ों की बिक्री पर अधिकतम 50 प्रतिशत का अनुदान अनुमन्य है। जिला कृषि अधिकारी ने कृषकों को सलाह दी है कि खरीफ 2024-25 में अपने खेतों की बुआई/रोपाई के लिए बीज प्राप्त करने हेतु अपने ब्लाक के प्रभारी राजकीय कृषि बीज भण्डार से आधार कार्ड से पीओएस मशीन के माध्यम से बीज पर देय अनुदान (ऐटसोर्स सब्सिडी) कृषक अंश का भुगतान कर गुणवत्तायुक्त बीज प्राप्त करें तथा बीज क्रय की रसीद राजकीय कषि बीज भण्डार प्रभारी से अवश्य प्राप्त करें। इस प्रकार किसान भाई अनुदान का लाभ तत्काल प्राप्त करें। श्री पाण्डेय ने बताया कि बीज़ों की बिक्री पर सरकार द्वारा देय अनुदान अधिकतम 50 प्रतिशत अथवा 10 वर्ष से अधिक की प्रजाति पर रू. 1300=00 प्रति कुण्टल अनुमन्य है। श्री पाण्डेय ने कृषकों को सुझाव दिया है कि अधिक पैदावार प्राप्त करने हेतु जनपद के राजकीय कृषि बीज भण्डारों से गुणवत्तायुक्त बीज कय कर खेतों की बुआई/रोपाई करें। बुआई से पूर्व खेत की गर्मी की जुताई अवश्य की जाय तथा बीज की बुआई से पूर्व बीज शोधन अवश्य किया जाय। इसके लिये ट्राइकोडर्मा 05 ग्राम प्रति किग्रा0, कार्बन्डाजिम 50 प्रतिशत 02 ग्राम प्रति किग्रा0, थीरम 2.5 ग्राम प्रति किग्रा0 बीज के साथ मिलाकर बीज शोधन अवश्य किया जाय। माह में अधिक तापमान होने के कारण किसान भाई धान बीज की नर्सरी सायं को ही डालें तथा उसकी सिंचाई सायं को ही करें। धान नर्सरी की सिंचाई दिन मे कदापि न की जाये क्योंकि नर्सरी में पानी भरे होने से तापमान के कारण पानी गर्म होने की दशा में नर्सरी गलने की सम्भावना अधिक रहती है। जिस कारण किसान भाई को नर्सरी गलने के कारण क्षति का सामना करना पड़ सकता है।

# 24 घंटे के अंदर ही पुलिस ने किया लूट का खुलासा, तीन बदमाश गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**राठ (हमीरपुर)** विगत दो दिन पहले साथी के साथ घर जा रहे ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के साथ बाइक सवार तीन बदमाशों ने तमंचा लगाकर रुपये व मोबाइल लूट लिया था। जिसमें कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बीती शाम गस्त के दौरान बाइक सवार बदमाशों को तमंचा व लूट के सामान सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

राठ कोतवाली प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह ने बताया कि बताया कि विगत 27 मई को जब महोबा जनपद के थाना चरखारी के ग्राम अनघौरा निवासी ग्राहक सेवा केंद्र संचालक शिवराम सोनी पुत्र पुत्र बारेलाल अपने मित्र रमेश राजपूत के साथ गौरहरी बैंक से रुपये निकाल बाइक में सवार हो घर जा रहे थे। तभी बदनपुरा के पास बसवाहा नाला के पास अपाचे गाड़ी में सवार तीन बदमाशों ने तमंचा अडाकर उनसे लूट पाट की और भाग गये। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर आज सुबह जब वह पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में अपराधियों की धर पकड़ हेतु एसआई दिनेश चंद्र त्रिपाठी, एसआई मनोज पांडेय, एसआई यूटी सुरेंद्र कुमार व सिपाही विजय प्रताप यादव के साथ गस्त पर जा रहे थे। तभी मल्होंवां गांव के चौराहे के पास अपाचे गाड़ी सवार तीन युवक संदिग्ध हालत में खड़े दिखाई दिये। जो पुलिस को देखकर भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने दौड़ लगाकर पकड़ लिया। जिनकी जामा तलाशी में पुलिस को लूटे गए मोबाइल, रुपए तथा एक तमंचा बरामद हुआ। जिन्होंने पूंछताछ में अपना नाम मनीष राजपूत पुत्र राजेश निवासी ग्राम लींगा, दशरथ प्रजापति पुत्र दुर्जन निवासी थाना व कस्बा मटौंधा जनपद बांदा व खेमचंद राजपूत पुत्र अवध निवासी ग्राम नौसारा थाना चरखारी जनपद महोबा बताया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को अपनी हिरासत में ले जेल भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मनीष राजपूत पुत्र राजेश व खेमचंद राजपूत पुत्र अवध के ऊपर जानलेवा हमला करना,घर के अंदर घुस मारपीट सहित कई मामले दर्ज हैं।

# अज्ञात करण के चलते बिजली लाइनमैन की मौत

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जरिया थाना क्षेत्र के खेड़ाशिलाजीत गांव में सब स्टेशन में तैनात लाइनमैन की अज्ञात कारण के चलते मौत हो गई। बुधबार सुबह लाइनमैन परिसर के पुराने कंट्रोल रूम में अचेतावस्था में पड़ा था। जिसे एंबुलेंस की मदद से सरीला सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उसकी मौत की पुष्टि कर दी। जिस कंट्रोल रूम में लाइनमैन निवास बनाकर रहता था वहां गर्मी से बचाव के लिए कूलर-पंखा तक नहीं था। पुलिस से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सुल्तानपुर जनपद के थाना चंदौर के दत्तक गांव निवासी जगदीश पुत्र किशोरीलाल ने बताया कि उसका 52 वर्षीय भाई ओमप्रकाश निषाद मृतकाश्रित कोटे के तहत विद्युत विभाग में सरकारी लाइनमैन के पद पर तैनात था। उसकी पिछले 13 वर्ष से खेड़ा गांव के सब स्टेशन में तैनाती थी। सब स्टेशन में तैनात कर्मचारियों के मुताबिक ओमप्रकाश पुराने कंट्रोल रूम में अकेले रहता था। मंगलवार की सुबह 11 बजे गांव से आने के बाद अपने कमरे में चला गया। रात में वही सो गया। बुधवार की सुबह काफी देर तक जब ओमप्रकाश बाहर नहीं निकला अगला स्टाफ के लोग उसके कमरे पहुंचे, जहां वह अचेतावस्था में लेटा था। स्टाफ ने इसकी सूचना विभागीय अधिकारियों, पुलिस और परिजनों को दी। मौके पर एसडीओ ललित बाजपेई, उपनिरीक्षक रमाकांत शुक्ल पहुंच गए।लाइनमैन ओमप्रकाश जिस पुराने कंट्रोल रूम में निवास बनाकर रहता था वहां गर्मी से बचाव को लेकर कूलर, पंखा तक नहीं था। पुलिस के अनुसार हीट स्ट्रोक और शराब के अत्यधिक सेवन से मौत होने की आशंका है। एसडीओ ललित बाजपेयी ने बताया कि ओमप्रकाश निषाद 2011 से खेड़ा सब स्टेशन में तैनात था। मृतक की पत्नी सविता निषाद अपने दो बच्चों सुजीत व मुस्कान को लेकर मायके में रहती है।

# अटल भूजल योजना से भूजल स्तर में होगा सुधार

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** भौगोलिक रूप से जनपद बाँदा में जल की समस्या सदियों से चली आ रही है, इसी समस्या के निदान हेतु समय-समय पर जल संरक्षण हेतु तालाबों/पोखरों आदि का निर्माण कार्य कराया जाता रहा है। सिंचाई जल की समस्या के कारण जनपद बाँदा के कतिपय क्षेत्रों में कृषकों द्वारा मात्र एक फसल का ही उत्पादन किया जाना सम्भव हो पाता है। जनपद बाँदा जैसे जल की समस्या से जूझ रहे देश विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा जल संचित कर भूगर्भ जल स्तर को बढ़ाने व कृषकों को सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता बढाने हेतु भारत सरकार द्वारा अटल भूजल योजना संचालित की गयी है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ÷अटल भूजल योजना÷ के अंतर्गत जनपद बाँदा में अटल भूजल योजना हेतु चनित 95 ग्राम पंचायतो में रुफ टॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की 95 परियोजनाओं में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त जनपद के 03 विकास खण्डों बडोखरखुर्द, तिन्दवारी एवं जसपुरा की कुल 10 ग्राम पंचायतो में 11 तालाबों का निर्माण कार्य अटल भूजल योजना के अर्न्तगत कराया जा रहा है।

वर्तमान समय में अटल भूजल योजना के अन्तर्गत जनपद के विकासखण्ड बड़ोखरखुर्द की ग्राम पंचायत चमरहा में सितहुवा तालाब, ग्राम पंचायत इटवां में लहुरवा तालाब, विकास तिन्दवारी की ग्राम पंचायत माचा में परपत तालाब माचाहार व बडा तालाब, ग्राम पंचायत बिछ्वाही में दिखितन तालाब, ग्राम पंचायत पलरा में चबूतरा तालाब एवं विकास खण्ड जसपुरा की ग्राम पंचायत सिन्धनकला में कनी तालाब, ग्राम पंचायत जसपुरा में बड़े सिद्ध बाबा का तालाब, ग्राम पंचायत रामपुर में कुमान तालाब, ग्राम पंचायत गौरीकला में जमुनिया तालाब एवं ग्राम पंचायत नारायण में मॉडल तालाब में कार्य तेजी के साथ प्रगति पर है। यह सभी कार्य वर्षा ऋ़तु से पूर्व पूर्ण कराने हेतु युद्ध स्तर पर वर्तमान में कार्य गतिमान है। अटल भूजल योजना से कियान्वित परियोजनाओं से भूजल स्तर में सुधार होगा साथ ही कृषि, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संतुलन हेतु अच्छा माहौल उत्पन्न होगा, जो स्थायीभूजल प्रबन्धन को प्रदर्शित करेगा और जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रो में सुधार परिलक्षित होगा।

जनपद में वर्षा जल संचय एवं भूजल संवर्द्धन से कम जल खपत वाली फसलों को बढ़ावा मिलेगा। सिचाई का उत्तम साधन मिलने से जनपद में अन्य फसलों की खेती की सम्भावनायें बढ़ जायेगी। अटल भूजल योजना से जनपद के जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रों में भूजल संरक्षण के प्रबन्धन में भी सुधार होने की पूरी सम्भावनायें है।

इस प्रकार उपरोक्त कार्य पूर्ण होते ही बाँदा जनपद के इन क्षेत्रों में भूगर्भ जल के संस्थागत ढ़ाचे सुदृढ़ होंगे और सतत भूजल प्रबन्धन के लिये समुदाय स्तर पर भी व्यवहार परिवर्तन होगा जिससे भूजल स्तर में बढ़ोत्तरी होगी एवं बेहतर फसलों, वृक्षारोपण के द्वारा फलोत्पादन से कृषकों की आय भी दो गुना किया जाना सम्भव हो सकेगा।

# भाजपा सरकार बनी तो पुलिस की भी भर्ती हो जाएगी 3 साल की

- अंतिम चरण में सोनभद्र वासी इतिहास बनाने जा रहे हैं
- हमारी सरकार बनी तो आटा के साथ डाटा भी मिलेगा फ्री: अखिलेश



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिला मुख्यालय स्थित रावटसगंज हाइडल मैदान में सभा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा सभा को संबोधित करते हुए बताया गया कि सुबह के 10ः00 बजे से कार्यक्रम लगातार दूर दराज से चल कर आए है और अभी तक आपने पूरा का पूरा गर्मी का भी सामना कर लिया है यह तपती हुई दुपहरी गर्मी वहां जहां पंडाल में कुछ तपती हुई गर्मी से तो आराम है लेकिन गर्मी वहां भी बहुत है उमस भी होगी जहां पर कहीं कुछ ढकने को नहीं है पंडाल नहीं उसके बावजूद मैं देख रहा हूं अपने गमछा से शिर बचाते हुए धूप को बचाते हुए दाएं तरफ से लेकर से बाई तरफ और बड़ी संख्या में हमें सड़क पर लोग दिखाई दे रहे हैं इस बार सोनभद्र के लोग इतिहास बनाने जा रहे हैं मैं यहां कई बार चुनावी जनसभा में इसी मैदान में आ चुका हूं मुझे याद है हमारे आपके संकट के दिन खत्म होने जा रहे हैं संकट के दिनों के लिए केवल एक हफ्ता बचा है 4 जून को प्रणाम दूसरा आने वाला है प्रधान मंत्री को 4 जून को परिवर्तन का परिणाम आने वाला है हमारा आखरी जिला उत्तर प्रदेश का है भाई हमें बहुत उम्मीद है इसलिए पर इस बार न केवल जिले पर विधानसभा तो हम लोग जीती रहे हैं लेकिन इस बार हम लोकसभा के लिए भी आपसे बहुत निवेदन अपील करने हैं क्या यह देश का चुनाव हमारे आपके भविष्य का चुनाव तो है लेकिन इसके साथ-साथ यह चुनाव हमारे आपके आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनावी है और जो लोग साथी जान रहे होंगे वह जानते होंगे कि आज भारतीय जनता पार्टी ने संविधान को भी खतरा पैदा कर दिया है इसलिए मैं आप सबसे निवेदनकरने आया यह संविधान वही है जो हमें अधिकार मिलना है यह संविधान वही है जो हमें न्याय दिलाता है यह संविधान समय-समय पर हमें आगे बढ़ने का मौका देता है और सच्चाई तो यह है कि यह संविधान हमारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर क्या दिया हुआ हमारे और आपके लिए संजीवनी है इसलिए इसको बढ़ाने का भी चुनाव है जहां तक हम लोगों ने 10 साल का बीजेपी का कार्यकाल देखा है हमारे लोगों ने अब तो जान लिया होगा कि 10 साल में उनकी हर बार झूठी निकली है हर वादा इनका झूठा निकला और जब हम पीछे मुड़कर के देखते हैं तो पाते हैं कि 10 साल में हमारे किसानों को कोई लाभ सरकार ने नहीं पहुंचा जो लोग कहते थे कि किसानों की आयु दोगुनी हो जाएगी लेकिन हमारे किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई ना खेत को पानी दे पाए ना समय पर खाते पे और लकी का सच दवाइयां दी और जब कभी भी हमारा किसान अगर खाद और डीएवी के लिए क्या है तो डीएपी तभी मिली जब उसे नैनो उड़िया खरीद वाली की क्या आज हमारे किसान के सामने महंगाई की वजह से संकट पैदा हो गया है।

# लेखा रजिस्टर मिलान में अनुपस्थित प्रत्याशी को नोटिस

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं दुद्धी विधान सभा उप निर्वाचन-2024 में निर्वाचन अवधि के दौरान आज तृतीय बार व्यय लेखा रजिस्टर का निरीक्षण किया गया, इसी क्रम में मा0 व्यय प्रेक्षक असलम हसन (आई0आर0एस0) की मौजूदगी में सर्किट हाउस चुर्क में लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 80-राबर्ट्सगंज एवं दुद्धी विधान सभा उप निर्वाचन,2024 के प्रत्याशियों के दैनिक लेखा रजिस्टर का मिलान किया गया, मिलान के दौरान व्यय प्रेक्षक असलम हसन के निर्देशन में प्रत्येक अभ्यर्थियों के व्यय रजिस्टर का निरीक्षण किया गया और एक अनुसूची तैयार की गयी। व्यय प्रभारी वरिष्ठ कोषाधिकारी इन्द्रभान सिंह ने अवगत कराया है कि व्यय रजिस्टर के मिलान के दौरान लोकसभा सामान्य निर्वाचन,2024 राबर्ट्सगंज के प्रत्याशी प्रभु दयाल राष्ट्रीय समाज दल (आर0) के तृतीय व्यय रजिस्टर के मिलान के दौरान अनुपस्थित रहें, जिससे उनके व्यय रजिस्टर का मिलान नहीं हो सका, व्यय रजिस्टर मिलान के दौरान अनुपस्थित रहने पर प्रभु दयाल को नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जा रही है। इस मौके पर सहायक व्यय प्रेक्षक बृजभूषण तिवारी, लाईजिनिंग आफिसर ईश्वर चन्द्र शर्मा, लेखाधिकारी अजय कुमार यादव पार्टी के प्रत्याशी व प्रतिनिधिगण सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## संक्षिप्त समाचार

### लोगों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए विद्युत विभाग कर रहा है भरकश प्रयास



**राठ (हमीरपुर)** नगर के पावर हाउस में लगे ट्रांसफार्मरों से लोगों को बिजली उपलब्ध कराने के लिए विद्युत विभाग कड़ी मेहनत कर भरपूर प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद भी इस भीषण गर्मी में लोगों को पर्याप्त मात्रा में बिजली न मिल पाने के कारण उनमें रोष व्याप्त है। विद्युत विभाग के ठेकेदार अनूप कुमार हिंगवासिया ने बताया कि इस भीषण गर्मी में लोगों को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराने के लिए नगर के पावर हाउस में लगे 10 एमबीए के दोनों ट्रांसफार्मर अत्याधिक लोड के कारण ओवर हीट पकड़ लेते हैं। जिससे उन्हें बंद कर ठंडा करने का कार्य किया जाता है। जिससे विद्युत व्यवस्था बाधित हो जाती है। इसके लिए विभाग ने इन ट्रांसफॉर्मरों को हीटिंग से बचने के लिए उनके पास बड़े-बड़े कलर लगा रखे हैं साथ ही समय-समय पर कर्मचारी पानी डालकर उन्हें ठंडा करने का भी प्रयास कर रहे हैं। ताकि लोगों को इस भीषण गर्मी में पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराई जा सके।

### छात्र को लाठियों से पीटकर किया लहुलुहान



**राठ (हमीरपुर)** पेपर देकर कालेज से बाहर आ रहे एग्रीकल्चर के छात्र को गुट बनाकर आधा दर्जन छात्रों ने लाठी डंडों से मारपीट कर लहुलुहान कर दिया। छात्र के सिर पर गंभीर चोटें होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया है। घायल छात्र के भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी दिव्यांशु नगाइच पुत्र राकेश नगाइच ने बताया कि सुधांशु नगाइच बुधवार की सुबह बीएनवी डिग्री कालेज में बीएससी एग्रीकल्चर के पेपर देने गया था। तभी साढ़े आठ बजे वह पेपर देकर बाहर निकला। बाहर निकलने को लेकर वहां मौजूद कुछ छात्रों से कहासुनी हो गई। जिस पर छात्रों ने अपने चार साथियों को बुला लिया। बताया कि उक्त युवकों ने उसके भाई को लाठी डंडों से जमकर मारा-पीटा। जिससे वह बेहोश होकर गिर गया। बताया कि उसके भाई के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। जिसे मेडिकल कालेज झांसी रेफर कर दिया गया है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### लकड़ी की अवैध कटाई जारी



**कुरारा, हमीरपुर।** विकास खंड क्षेत्र से लकड़ी की अवैध कटान जारी है। वही रात में टैक्टर ट्राली से लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। कस्बे से होकर निकल रही है लकड़ी लदी ट्रॉली। क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों से लकड़ी का अवैध कटान जारी है। कटान करने के बाद टैक्टर ट्राली में लकड़ी भरकर कस्बा से होकर निकल रही है। लकड़ी कारोबारी अपना स्टॉक कस्बे में कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली लकड़ी को इकट्ठा कर ट्रक द्वारा बाहर भेजी जा रही है। दिन रात टैक्टर ट्राली लकड़ी भरकर निकल रहे हैं। इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

# दबंगों ने सरकारी चकरोड पर जेसीबी चलाकर किया कब्जा

अवधानामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** थाना ललपुरा क्षेत्र के ग्राम स्वासा खुर्द में गांव के दबंग किसानो ने रातोरात सरकारी चकरोड में जेसीबी और ट्रैक्टर चलाकर उसपर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है अब दर्जनों किसानो को उनके खेतो तक जाने का कोई रास्ता नहीं बचा है किसानो ने थाना ललपुरा और एसडीएम से कार्यवाही करने की गुहार भी लगाई किंतु कोई सुनवाई संभव नहीं हो सकी है। जिससे गरीब मजदूर किसान परेशान हैं।तुलसा देवी, गणेश, सर्वेश, सुशीला, कमला, लाला भैया रामदास हरिश्चंद्र, सुधाकर, मातादीन , शुकदेव , रमेश दर्जनों किसानो ने अवगत कराया है कि उनके खेत कुवाँखेडा और कलौलीजार मौजा में स्थित है। कुवाँ खेडा व कलौली जार मौजे के बीच सरकारी चकरोड़ बना था 15 मई की रात को जेसीबी और ट्रैक्टर द्वारा चकरोड़ को जोतकर खेत बना दिया गया, सुबह खेतो में जाने पर इसकी जानकारी हुई, किसानो का आरोप है कि जब इसकी शिकायत लेकर वे लोग साहब सिंह और उनके पुत्र अमरसिंह, आशुतोष सिंह व अश्वनी सिंह के पास जाकर इसका कारण पूछा तो गाली-ग?लौज करते हुए जनमाल की धमकी दी, उन्होंने इसकी शिकायत थाना ललपुरा में की 18 मई को एसडीएम से शिकायत की मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई है, वे सभी किसान गरीब मजदूर है। चकरोड खत्म होने की वजह से उन्हें अपने खेतो तक जाना मुश्किल हो गया है।

# पूरे सोनभद्र में तेजी से विकास को रफ्तार दी जाएगी: शाह

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/चोपन।** जिले में अंतिम चरण में एक जून को होने जा रहे मतदान के लिए बुधवार को स्थानीय रेलवे मैदान में पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने लोस प्रत्याशी रिंकी कोल व दुद्धी विस उपचुनाव प्रत्याशी श्रवण गोंड़ के लिए समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने सपा और कांग्रेस पर हमला बोलते हुए दलित व पिछड़ा विरोधी बताया।



- गृहमंत्री अमित शाह ने लोस प्रत्याशी रिंकी कोल व दुद्धी विस उपचुनाव प्रत्याशी श्रवण गोंड़ के लिए समर्थन मांगा

केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि यह चुनाव राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है। उन्होंने कहा कि पहले आतंकियों को संरक्षण दिया जाता था अब पीएम मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक करते हुए आतंकवाद को समाप्त करने का काम किया है। शाह ने कहा कि कश्मीर हमारा हैए पाक अधिकृत कश्मीर को हम लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी में अगर ताकत है तो दलितों व पिछड़ों का आरक्षण छीन कर दिखाएं। कांग्रेस पार्टी मुसलमानोंए पिछड़ों और दलितों को आरक्षण देना चाह रही है। जब तक सदन में भाजपा का एक भी सांसद रहेगा कांग्रेस के मंसूबे को कामयाब नहीं होने देंगे। उन्होंने सपा.कांग्रेस गठबंधन को अपने निशाने पर रखते हुए कहा कि सपा कांग्रेस का ये गठबंधन परिवारवादियों का जमावड़ा है। गठबंधन के सभी नेता अपने बेटे भतीजों को मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आपका भला वो ही कर सकता है जिसका परिवार 130 करोड़ का भारत है। मोदी ने वन रैंक वन पेंशन दिया। कहा कि चार जून को बीजेपी जीतने वाली है। रिजल्ट आने के बाद इंडिया गठबंधन के लोग प्रेस कांफ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि हम ईवीएम के कारण हारे हैं। आप मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बना दोए अगले चुनाव के पहले सबको वन अधिकार पट्टा अपने घर पर मिल जायेगा। कहा कि सपा ने यहां अवैध खनन करके आदिवासियों का हक छीना। मोदी ने डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड बनाया जिसका एक हिस्सा हमारे आदिवासी भाइयों.बहनों के लिए रिजर्व किया। अमित शाह ने सोनभद्र में रहे नक्सलवाद का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी ने सोनभद्र ही ने पूरे देश से नक्सलवाद को काबू करने में कामयाबी पाई है। उन्होंने सोनभद्र को लेकर भी कई वायदे करते हुए कहा कि जिस तरह से खनन माफियाओं पर शिकंजा करने के साथ ही सोनभद्र के आदिवासियों के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड की व्यवस्था की गई है।

# मुख्यमंत्री के मंच पे ही देखे जा रहे माफिया: अखिलेश

- सोनभद्र में जितनी लूट कभी नही हुई वह अब हो रही
- चुनावी सभा मे भाजपा सरकार पर जम कर बरसे पूर्व मुख्यमंत्री




अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/दुद्धी।** पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी के नेता बड़े बड़े भाषण दे रहे है लेकिन 10 सालों में आदिवासियों के जीवन शैली में कितना बदलाव हुआ है ये यहां के लोग भली भांति जानते हैं।इस सरकार ने गरीब आदिवासियों व किसान भाइयों को धोखा देने का काम किया है। वे बुधवार की दोपहर को दुद्धी राजकीय इंटर कालेज के मैदान पर सपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे,उन्होंने बिना नाम लिए योगी आदित्यनाथ पर चुटकी लेते हुए कहा कि सुनने में आया है कि अभी लखनऊ वाले आये थे जो आदिवासियों पर बड़ी चिंता व्यक्त कर रहे थे ,बताओ इन्होंने महंगाई बढ़ाई है कि नही ,इनसे 10 साल नहीं 17 साल का हिसाब लेना है ,उन्होने लोगों से पूछा क्या 17 साल की सरकार में किसी किसानो की आय दुगनी हुई है ?हमारे नौजवान जानते हैं कि उन्हें रोजगार नही मिला । इन्होंने किसानों की जमीन पर कब्जा करने के लिए जो काले कानून लाया अगर वे लागू हो जाते तो किसानों को अपनी जमीन गवानी पड़ती। मैं यहां नौजवानों को सावधान करने आया हूँ । उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में नौजवान मेहनत से तैयारी करता है और परीक्षा देकर आया तो तो पेपर लीक करा दिया। मुख्यमंत्री गरीबों को बुलडोजर से डराते है ,किसी पेपर लीक कराने वाले को अगर डराया हो तो बता देना।

अखिलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री यहां आए थे तो कह रहे थे की खनन माफिया को प्रदेश से खत्म कर दिया और जब बोल रहे थे तो मिर्जापुर ,चन्दौली व बनारस के माफिया उनके साथ मंच पर बैठे थे ।उन्होंने कहा कि आज जितने भी माफिया थे सब भाजपा में छुपे हुए है।उन्होंने दावा किया कि जितनी लूट सोनभद्र में कभी नही हुई वह अब हो रही है।

कहा कि यहां बिजली बन रही है और उसे यहां के लोगों के लिए महंगी कर दी।इससे पूर्व मुख्यमंन्त्री अखिलेश यादव के मंच पे पहुँचते ही सपाइयों ने फूलों की हार पहनाकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया।

# मतगणना कर्मियों को बताई सावधानियां और निदान

अवधानामा संवाददाता

**बाँदा।** बाँदा में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतगणना कार्मिकों का प्रशिक्षण पं0 जेएनपीजी कॉलेज में आयोजित किया गया, जिसमें 90 मतगणना पार्टी का प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें 360 कार्मिकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। एक मतगणना पार्टी में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, अतिरिक्त मतगणना सहायक एवं माइक्रोआब्जर्वर तैनात रहते हैं। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को संपूर्ण मतगणना प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई, जिसमें सभी को अवगत कराया गया कि स्ट्रांग रूम से मशीन, काउंटिंग टेबल पर आने पर सर्वप्रथम मतगणना अभिकर्ताओं को दिखाएं, कि यह मशीन उसी बूथ की है जिस पर मतदान हुआ है। कंट्रोल यूनिट की सभी सील को तोड़ने से पहले मतगणना अभिकर्ताओं को अवश्य दिखाएं, इसके उपरांत टोटल का बटन दबाकर मशीन के टोटल को मतपत्र लेखा 17 सी से मिलान करें तथा स्वयं संतुष्ट होने के बाद अभिकर्ताओं को भी दिखाएं। इसके उपरांत रिजल्ट सेक्शन में जाकर रिजल्ट का बटन दबाए तथा उम्मीदवार वार परिणाम 17सी भाग 2 पर नोट करें एवं सभी उम्मीदवारों के मतों का टोटल करने के उपरांत इस टोटल को मतपत्र लेखा से मिलान करें।

# वकीलों ने वित्त मंत्री से किया विचार विमर्श



अवधनामा ब्यूरो

- वित्त मंत्री सुरेश खन्ना को मांगों का ज्ञापन सौंपा
- सोनभद्र मुख्यालय पर विश्व विद्यालय खोलने की उठाई मांग

**सोनभद्र।**रॉबर्ट्सगंज कचहरी परिसर स्थित सोनभद्र बार एसोसिएशन भवन में बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना से विभिन्न समस्याओं पर वकीलों ने विचार विमर्श किया। सोनभद्र मुख्यालय पर विश्व विद्यालय खोले जाने के लिए मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया। सोनभद्र बार एसोसिएशन की अध्यक्ष पूनम सिंह एडवोकेट ने कहा कि जनपद का भौगोलिक स्थिति अन्य जिलों से अलग है। 35 वर्ष जिला बनने के बाद भी जनपद न्यायालय का भवन निर्माण नहीं हो सका है, जिसकी वजह से न्यायिक कार्य का संचालन अस्थाई भवन में हो रहा है। वकीलों और वादकारियों के बैठने का समुचित प्रबंध नहीं है। एसबीए के पूर्व अध्यक्ष विनोद कुमार चौबे एडवोकेट ने जिले की विभिन्न समस्याओं पर वित्त मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराया। एसबीए महामंत्री राजीव कुमार सिंह गौतम एडवोकेट ने जिले के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए सोनभद्र मुख्यालय पर विश्व विद्यालय खोले जाने की मांग उठाई और मांगों का ज्ञापन वित्त मंत्री को सौंपा। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से विचार कर विश्व विद्यालय खोलवाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर एसबीए के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक, अधिवक्ता दिनेश दत्त पाठक, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र शरण रॉय, अंकित सिंह गौतम, राजेश कुमार सिंह, राकेश अरिमर्दन, अजीत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# निगाही खदान व 50 मेगावाट सोलर पावर प्लांट का किया मुआयना

- सीवीओ, कोल इंडिया लिमिटेड ने बुधवार को एनसीएल की निगाही परियोजना का किया दौरा

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली।** एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के सीवीओ ब्रजेश कुमार त्रिपाठी एनसीएल के दौरे पर हैं। बुधवार को सीवीओ सीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने एनसीएल की निगाही परियोजना का दौरा किया। उन्होंने निगाही में खदान क्षेत्र का निरीक्षण किया एवं संचालन गतिविधियों को देखा। साथ ही उन्होंनें निरंतर कोयला उत्पादन एवं प्रेषण हेतु मानसून तैयारियों विशेषकर सड़कों का जायजा लिया। उन्होंनें कोयला उत्पादन हेतु आवश्यक विस्फोटक भंडारण और संचालन से संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर उचित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करते रहने एवं एसओपी के पालन हेतु आह्वान किया। निगाही के दौरे पर उन्होंनें एनसीएल की परियोजना/इकाईयों के अधिकारियों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की एवं उपस्थित सभी को सतर्कता संबंधी विषयों पर संबोधित कर जागरूक किया। इस दौरान एनसीएल के निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, सीवीओ, एनसीएल रविंद्र प्रसाद, महाप्रबंधक (निगाही), सतर्कता विभाग के विभागाध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित रहे। निगाही दौरे के दौरान सीवीओ, सीआईएल, एनसीएल के 50 मेगावाट सोलर पावर प्लांट भी गए एवं मुआयना किया। उन्होंनें एनसीएल द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा की दिशा में उठाए जा रहे कदमों की सराहना की। बुधवार को सीवीओ सीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, सीएमडी एनसीएल बी. साईराम, एवं निदेशकमंडल, सीवीओ, एनसीएल के साथ एक बैठक में शामिल हुए। बैठक में एनसीएल के क्षेत्रीय महाप्रबंधक, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष भी शामिल हुए। बैठक में कंपनी के कार्यों की विस्तृत रूप रेखा रखी गई एवम् समीक्षा की गई।

### मुख्यमंत्री योगी ने बांसगांव लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित

# धुरियापार में नया औद्योगिक क्षेत्र करेंगे विकसित: योगी

## सरकारें पहले भी थीं, पैसा पहले भी था मगर विकास की सोच केवल अपने परिवार के लिए थी: मुख्यमंत्री

- हमारे अंदर जनता की खुशहाली के लिए जूझने का जज्बा'
- आज दुनिया में कहीं भी संकट आता है तो सभी भारत की ओर देखते हैं



अवधनामा ब्यूरो

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है देश में बीते 10 साल में व्यापक बदलाव हुए हैं। सरकारें पहले भी थीं, पैसा पहले भी था, देश और प्रदेश भी वही था, मगर तब विकास की सोच नहीं थी, केवल अपने परिवार के विकास की सोच ही हावी थी। मगर, हमारे अंदर जनता की खुशहाली के लिए जूझने का जज्बा है। उन्होंने कहा कि गीडा की तर्ज पर धुरियापार में भी नया औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा, जिसके बाद पूरी दुनिया यहां नौकरी मांगने आएगी। योगी आदित्यनाथ बुधवार को कौड़ीराम में बांसगांव लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी कमलेश पासवान के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो पसीना आप कमल फूल के लिए बहा रहे हैं, इस कर्ज को यहां का विकास करके चुकाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार अंतिम चरण में आ चुका है। शुरू ही से पूरे देश में उत्साह देखने को मिला है। शुरू में मौसम ठीक था, मगर ये गर्मी बताती है कि बरसात अच्छी होगी और वोट भी अच्छे पड़ने वाले हैं। आज पूरे देश में एक ही नारा गूंज रहा है, कि फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार चार सौ पार। इस नारे से सपा और कांग्रेस को चक्कर आने लगा है, क्योंकि ये 400 सीटों पर चुनाव भी नहीं लड़ रहे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज कौड़ीराम से गोरखपुर 10 मिनट की दूरी पर है। वाराणसी दो घंटे की दूरी पर है। कनेक्टिविटी अच्छी हो चुकी है। कांग्रेस के समय में धुरियापार में चीनी मिल लगी थी, जो एक दिन भी नहीं चली आज वहां कम्प्रेस्ड बायोगैस प्लांट लग गया है। अभी तो हमारा प्रयास है कि हम गीडा के तर्ज पर एक नया क्षेत्र वहां विकसित करने जा रहे हैं। एक सीमेंट फैक्ट्री भी लगाने जा रहे हैं। गोरखपुर के दक्षिणांचल के लोगों ने 100 साल पहले सिंगापुर, लाओस और दक्षिण पूर्व एशिया के देशों में जाकर काम किया। अब आपको बाहर नहीं जाना होगा, अब दुनिया यहां नौकरी मांगने आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले कौड़ीराम का क्या हाल था, हर कोई जानता है।

आज यहां बाईपास बन चुका है। एक तरफ विकास, सुरक्षा और सम्मान पर काम हुआ है, तो वहीं कांग्रेस और सपा के शासनकाल में गरीब भूख से मरता था, बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। इन्सेफलाइटिस से बच्चे दम तोड़ते थे और कोई पूछने वाला नहीं था। आज किसी गरीब का बच्चा नहीं मरता, क्योंकि इन्सेफलाइटिस को समाप्त कर दिया गया है। कोई किसी बेटी और व्यापारी को तंग नहीं कर सकता, क्योंकि माफिया को समाप्त कर दिया गया है। 80 करोड़ जनता को फ्री राशन दिया जा रहा है। इस अवसर पर राजेश त्रिपाठी, विमलेश पासवान, देवेन्द्र यादव, नित्यानंद मिश्र, मार्कण्डेय राय, महंत सिंह, मनोज शुक्ला सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## ख्वाजा बशीरुल्लाह शाह अनायती का 30वां सालाना उर्स संपन्न

**लखनऊ।** ख्वाजा बशीरुल्लाह शाह अनायती का 30वां सालाना उर्स माल एवेन्यू स्थित दादा मियां के कब्रिस्तान में बुधवार सुबह सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय उर्स के दौरान मजार पर कुरानख्वानी, महफिल-मीलाद शरीफ और जिक्र फजाएले औलिया-अल्लाह के अलावा महफिले समां का आयोजन किया गया। उर्स के आखिरी दिन मंगलवार रात को इशा और बुध की सुबह फज्र की नमाज के बाद कुरानख्वानी हुई और सुबह 10:30 बजे कुल शरीफ और रंग-ए-महफिल का आयोजन किया गया। इस मौके पर अकीदतमंदों को तबर्रुक बांटा गया। दादा मियां की मजार के सज्जादानशीन सबाहत हसन शाह की सरपरस्ती में आयोजित उर्स में मुख्य अतिथि के तौर पर शाहमीना शाह की मजार के सज्जादानशीन राशिद अली मीनाई और जमील अहमद शाह बशीरी शामिल हुए। उर्स के समापन पर देश-प्रदेश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे, तरक्की और खुशहाली की दुआएं की गयीं।

# मोदी गरीबों के आशीर्वाद से देश के प्रधानमंत्री बने: केशव

- प्रधानमंत्री गरीब परिवार में पैदा हुए, जानते हैं गरीबों का दर्द: केयरप
- 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन की सुविधा मिल रही है



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सपा नेता अखिलेश यादव और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सोने, चांदी की चम्मच लेकर पैदा हुए है। यह लोग गरीबों के दर्द को नहीं जानते है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब परिवार में पैदा हुए, इसलिए वह गरीबों की समस्या को समझते हैं। मोदी गरीबों के आशीर्वाद से देश के प्रधानमंत्री बने और मोदी ने सरकार की प्रत्येक योजना को गरीब कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। मोदी सरकार ने चार करोड़ गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास, बारह करोड़ गरीबों के घर शौचालय, दस करोड़ से अधिक उज्ज्वला योजना के गैस कनेक्शन तथा साठ करोड़ लोगो को आयुष्मान कार्ड से निःशुल्क इलाज की सुविधा दी और अस्सी करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन की सुविधा मिल रही है। श्री मौर्य कुशीनगर के खड्डा, राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्र के चकिया, गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र के जमनियां में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कांग्रेस के समय में केन्द्र से भेजे गए 100 रूपए में से गरीब के पास सिर्फ 15 रूपया पहुंचता था। मोदी ने सारी कमीशनखोरी व दलाली बंद करके गरीब के हक का 100 फीसदी गरीब तक पहुंचाने का काम किया है। मोदी ने हर गरीब का बैंक में खाता खोला और 34 लाख करोड़ रूपये लाभार्थियों के सीधे खाते में पहुंचा दिए।

# 81.37 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 28 मई, 2024 तक कुल 50555.29 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये।

इसमें 9064.90 लाख रुपये नकद धनराशि, 5668.69 लाख रुपये कीमत की शराब, 24077.11 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2830.42 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 6090.32 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2823.86 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# भाजपा सरकार का घोटाला इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में आया

- भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई और इंकम टैक्स का डर दिखाती है



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी/लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद एसबीआई को इलेक्टोरल बॉण्ड का खुलासा करना पड़ा जिससे भारतीय जनता पार्टी चन्दा घोटाले में पकड़ी गयी। इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में 13 हजार रुपये की वसूली में एक साल की वसूली शामिल नहीं है। श्री तिवारी वाराणसी में इंडिया गठबंधन उम्मीदवार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ईडी, सीबीआई और इंकम टैक्स का डर दिखा कर हफ्ता वसूली या डोनेशन वसूली करती है, जिसका खुलासा इलेक्टोरल बॉण्ड के रूप में सामने आया। तमाम कम्पनियों को इलेक्टोरल बॉण्ड के पुरस्कार स्वरूप ठेके दिये और तमाम कम्पनियों ने प्रोजेक्ट मिलने के बाद चन्दा देकर अपना एहसान चुकाया। उन्होंने कहा कि भाजपा में साहस है तो प्रेस कांफ्रेंस कर बताए कि किस-किस से कितना और कब-कब चन्दा लिया और श्वेत पत्र जारी करे। उन्होंने कहा कि भाजपा अगर इसका स्रोत न बताए तो सर्वोच्च न्यायालय इसकी जांच और मॉनीटरिंग करे कि किस-किस दिन सरकारी एजेंसियों ने रेड की और कितना इलेक्टोरल बॉण्ड खरीदा गया या किन्हें ठेके दिये गये और उसके पहले और बाद में कितना इलेक्टोरल बॉण्ड दिया।

देश की जनता के सामने सब आना ही चाहिए। प्रधानमंत्री को इसकी नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पूरे देश से क्षमा याचना करना चाहिए। वार्ता के दौरान राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, प्रदेश मीडिया चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय, नेशनल मीडिया कोआर्डिनेटर गरिमा मेहरा दसौनी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी सहित अन्य नेतागण उपस्थित थे। भाजपा का नारा बना बलात्कारी बचाओ-बलात्कारी भगाओ: आराधना मिश्रा वहीं कांग्रेस नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने देशवासियों को मातृत्व दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी-बिष्ट सरकार में अगर सबसे अधिक कोई प्रताड़ित है तो वह मातृ शक्ति, महिलाएं हैं। भाजपा सरकार का नारा बन गया है कि बलात्कारी बचाओ-बलात्कारी भगाओ। भाजपा में अत्याचारियों, व्यभिचारियों, भ्रष्टाचारियों सबको शरण दी जाती है और जो बेटियां गुहार लगाती हैं उन्हें सजा दी जाती है। आराधना मिश्रा ने कहा कि आज देश के कोने-कोने से भाजपा राज में महिलाओं की चीख-चीत्कार सुनाई दे रही है।

## प्रवास कार्यक्रम

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह

**लखनऊ।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह गुरूवार 30 मई को कुशीनगर व चन्दौली के प्रवास पर रहेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सुबह 11 बजे जूनियर हाईस्कूल खेल का मैदान, रामकोला, कुशीनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02 बजे गांधी स्मारक इंटर मीडिएट कॉलेज प्रांगण, शाहबगंज, चकिया, चन्दौली में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सायं 04 बजे अमर शहीद इंटर कॉलेज, धानापुर, सैयदराजा, चन्दौली में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार 30 मई को हिमाचल प्रदेश व पंजाब के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हिमाचल प्रदेश के मंडी एवं हमीरपुर लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात पंजाब के आनंदपुर साहिब तथा लुधियाना लोकसभा क्षेत्रों में जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश मोहन यादव गुरुवार 30 मई को कुशीनगर व सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव सुबह 11 बजे कुशीनगर जिले में फाजिलनगर नगर पंचायत से तमकुहीराज नगर, टाउन एरिया से होते हुए सेवरही नगर तक रोड-शो करेंगे। इसके पश्चात सोनभद्र में दुद्धी से प्रारम्भ होकर महुली से होते हुए विण्ढमगंज तक रोड-शो करेंगे।

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार 30 मई को वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे मंगलम वाटिका, पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस के पीछे, नदेसर, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01 बजे लालचन्द्र कुशवाहा का आवास, छितुपुर, वाराणसी तथा दोपहर 03 बजे महात्मा जे.एफ. पब्लिक स्कूल, मडुआडीह, वाराणसी में आयोजित विशिष्ठजनों के साथ बैठकों में संवाद करेंगे।

### मंत्री ओमप्रकाश राजभर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री ओम प्रकाश राजभर गुरुवार 29 मई को गाजीपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री ओमप्रकाश राजभर सुबह 11 बजे नेशनल इंटर कॉलेज, कसीमाबाद मैदान, जहूराबाद, गाजीपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### देश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी गुरूवार 30 मई को मऊ के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी लोकसभा चुनाव कार्यालय, मऊ में विभिन्न संगठनात्मक बैठकों में मार्गदर्शन करेंगे।

### मंत्री संजय निषाद

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद गुरुवार 29 मई को मीरजापुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री संजय निषाद सुबह 10 बजे गंगापुर चुनार, मीरजापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01 बजे जौसरा भटौलीघाट मझवां, मीरजापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 03 बजे बसुहरा छानबे, मीरजापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह गुरुवार 30 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे तथा सोनभद्र के राबर्ट्सगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल गुरुवार 30 मई को गोरखपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नरेन्द्र कश्यप गुरुवार 30 मई को गाजीपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री संजीव गौंड

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री संजीव गौंड गुरुवार 30 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे तथा सोनभद्र के राबर्ट्सगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम गुरुवार 30 मई को बलिया जिले में जनसम्पर्क करेंगी।

### मंत्री धर्मवीर प्रजापति

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति गुरुवार 29 मई को मीरजापुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मवीर प्रजापति सुबह 10 बजे गंगापुर चुनार, मीरजापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01 बजे जौसरा भटौलीघाट मझवां, मीरजापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 03 बजे बसुहरा छानबे, मीरजापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### मंत्री दानिश आजाद अंसारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी गुरुवार 29 मई को गाजीपुर के प्रवास पर रहेंगे। प्रदेश सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी सुबह 11 बजे नेशनल इंटर कॉलेज, कसिमाबाद के मैदान में, जहूराबाद, गाजीपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

## शेफ्ता सिद्दीकी आल इंडिया उलमा बोर्ड के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर नियुक्त

**लखनऊ।** आल इंडिया उलमा बोर्ड के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री मोहम्मद राशिद नसीम एडवोकेट ने लखनऊ निवासी शेफ्ता सिद्दीकी को बोर्ड का राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर नियुक्त होने के बाद शेफ्ता सिद्दीकी ने मकनपुर शरीफ जिन्दा शाह मदार में पहुंच कर हाजिरी दी और देश में अमन-चैन, खुशहाली-तरक्की और भाईचारे की दुआएं की। मकनपुर के सज्जादानशीन नुरूल अरफाज ने शेफ्ता सिद्दीकी का स्वागत कर साफा पहनाया। इस मौके पर शेफ्ता सिद्दीकी ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उसे निभाते हुए संगठन को मजबूत करने में बेहतर काम करूंगी। इस मौके पर मेडिकल विंग के प्रदेश कोआर्डिनेटर मोहम्मद सैम, यूथ विंग के मोहम्मद आकिब, यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहनवाज खान, प्रशान्त वर्मा, देवराज शीनू खान सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# एलडीए ने अवैध निर्माण के खिलाफ चलाया अभियान



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने चिनहट में अवैध रो-हाउसेस भवनों को सील कराया। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि मयंक त्रिपाठी व अन्य की ओर से चिनहअ के निजामपुर मल्हौर में शुक्ला भट्ठे के पास लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर अवैध रूप से रो-हाउसेस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराए बिना कराये जा रहे अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय ने पुनः सीलिंग के आदेश दिये थे। बुधवार को सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता आशीष श्रीवास्तव ने निर्माणाधीन भवनों को पुनः सील कराया।

# ईरानी राष्ट्रपति को ईरानी लोगों सहित पूरी दुनिया में प्यार था: मौलाना सैयद हैदर अब्बास

अवधनामा ब्यूरो

**बहराइच/लखनऊ।** कुछ दिन पहले एक हवाई दुर्घटना में ईरानी राष्ट्रपति समेत इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के उच्च अधिकारियों की शहादत के बाद पूरी दुनिया में शोक छा गया।

इस सिलसिले में भारत के अलग-अलग हिस्सों में शोक सभाएं और शोक सभाएं आयोजित की जा रही हैं. बीती रात नानपारा के सज्जादिया इमाम बाड़े में शोक सभा का आयोजन किया गया. इसकी शुरुआत पवित्र कुरान की तिलावत से हुई उसके बाद कवियों द्वारा रसात्मक भक्ति की प्रस्तुति की गई।

शोक सभा को संबोधित करने के लिए प्रसिद्ध युवा उपदेशक मौलाना सैयद हैदर अब्बास रिज़वी आए। मौलाना रिज़वी ने पवित्र कुरान की आयतें सूरह अहजाब और सूरह मरियम पर सारगर्भित बातचीत की।



मौलाना सैयद हैदर अब्बास ने कहा कि आलोचना का सामना करने वाले ईरानी राष्ट्रपति अल्लाह के इतने लोकप्रिय थे कि उनके अंतिम संस्कार में लाखों की संख्या में ईरानी लोग शामिल हुए और दुनिया के लगभग सत्तर देशों के प्रतिनिधियों ने ईरान आकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

खतीब मजलिस मौलाना रिज़वी ने कहा कि ईरानी राष्ट्रपति अयातुल्ला इब्राहिम रायसी या ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर अब्द अल्लाहियन, या अन्य शहीदों की पहचान लोगों की सेवा से की गई थी। आपको बता दें कि कार्यक्रम से पहले पत्रकारों से बात करते हुए मौलाना हैदर अब्बास ने कहा कि ईरान और भारत की संस्कृति में समानता है और ईरान की लोकतांत्रिक व्यवस्था के बीच संबंध बहुत पुराने हैं पास होने से ईरान की नीति पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है, उम्मीद है कि अगला ईरानी राष्ट्रपति उसी मिशन को आगे बढ़ाने का काम करेगा जिस पर डॉ. इब्राहिम रईसी थे। अंत में कार्यक्रम के संयोजक कलीम ने उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया।

# भारतीय लोकतन्त्र को जीवन्त रखने हेतु शत प्रतिशत मतदान करें: अली जफर

अवधनामा ब्यूरो

**घोसी/लखनऊ।** लोकसभा मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के मार्गदर्शक डा. इंद्रेश कुमार जी के निर्देशन में मंच के कार्यकर्ता व पदाधिकारी देश के सर्वांगीण विकास के साथ साथ आपसी भाईचारा बना रहे। हमारी संस्कृति सुरक्षित रहे राष्ट्र का विकास निरंतर गति से होता रहे और भविष्य में ना रुके इस निमित्त संपूर्ण जिलों में भ्रमण कर रहे हैं। उसी क्रम में आज जनपद मऊ की घोसी लोकसभा के मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र मोहम्मदाबाद में पूर्व न्यायाधीश शमशाद अहमद साहब के आवास पर इनकी अध्यक्षता में एक जन चौपाल का कार्यक्रम हुआ जिसमें मुख्य वक्ता प्रान्त सह संयोजक डा. अली जफर जी रहे और विशिष्ट वक्ता



डॉ. अनील सिंह अवध प्रांत प्रभारी रहे संचालन की जिम्मेदारी सलमान अबरार जी ने निभाई। बुनकर नेता ऐनुल मुजफ्फर साहब ने भी राष्ट्रहित में लोगो से मतदान की अपील की। खैराबाद के प्रधान अबू हुरैरा जी ने भी शत प्रतिशत मतदान पर जोर दिया इस कार्यक्रम में अनेकों मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों के साथ आने वाले मतदान पर्व को लेकर विचार संगोष्ठी हुई। डा .अनिल कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आने वाली 1 जून को शत प्रतिशत मतदान कराना हमारा दायित्व होना चाहिए।

## उत्तर प्रदेश मदरसा का परिणाम आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा परिषद की सेकेण्ड्री (मुंशी-मौलवी), सीनियर सेकेण्ड्री (आलिम), कामिल और फाजिल परीक्षाओं का परिणाम 30 मई को जारी होगा। बोर्ड के प्रशासनिक अधिकारी ए.के. तिवारी ने बताया कि परीक्षा परिणाम बोर्ड की वेबसाइट www.madarsaboard.ups dc.gov.in पर उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।

# निवेश ही नहीं रोजगार पर भी अदाणी का जोर

- 20 सालों में भारत में बेरोजगारी 30 फीसदी बढ़ी
- कॉर्पोरेट क्षेत्र में युवाओं को मिल रहें है बेहतर मौके

अवधनामा ब्यूरो

**नई दिल्ली/लखनऊ।** अपनी डिग्री पूरी करने के बाद अपने सपनों की नौकरी पाना एक ऐसी चीज है जिसकी आप में से लगभग सभी ने चाहत की होगी। लेकिन आज की दुनिया में एक अच्छी नौकरी पाना सिर्फ़ शिक्षा और अनुभव से कहीं ज़्यादा है। मौजूदा कॉर्पोरेट क्षेत्र में रोज़गार पाने के लिए आपको एकेडमिक्स से आगे बढ़कर कुछ एम्प्लॉयमेंट स्किल हासिल करने की ज़रूरत है। आपको यह नहीं सोचना चाहिए कि नौकरी में आपकी भूमिका से जुड़े टेक्निकल स्किल और सॉफ्ट स्किल्स ही महत्वपूर्ण हैं। मुद्दा यह है कि प्रतिस्पर्धी कॉर्पोरेट दुनिया में आगे बढ़ने के लिए सॉफ्ट स्किल्स तकनीकी जानकारी होना भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना एकेडमिक्स।

भारत सबसे ज्यादा युवा आबादी वाले देशों में से एक है और इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़े लाभ के रूप में देखा जाता है लेकिन साल 2024 की अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट में इस बात को लेकर चिंता जताई गई है कि अधिकतर युवाओं में जरूरी स्किल की कमी है। हालाकिं, रोजगार की स्थिति सूचकांक के अनुसार, पिछले कुछ सालों में रोजगार की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हुआ है। हालाँकि, कोविड-19 महामारी ने रोजगार की स्थिति में चुनौतियों को उजागर किया। 'द इंडिया इंपलॉयमेंट रिपोर्ट 2024 के मुताबिक पिछले करीब 20 सालों में भारत में युवाओं के बीच बेरोजगारी लगभग 30 प्रतिशतबढ़ चुकी है। भारत युवा रोजगार के मामले में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है क्योंकि आबादी का एक बड़ा हिस्सा कामकाजी आयु वर्ग में आता है, इसलिए भारत को जनसांख्यिकीय लाभांश से फायदा मिल सकता है। उद्योग जगत को इस मामले में बढ़त लेने की जरूरत है।

अदाणी समर इंटर्न प्रोग्राम 2024 एक ऐसा मौका है जहां युवाओं के सपने आकार ले रहें हैं। इस साल अदाणी ने देश भर में 87 इंटर्न को काम पर रखा है। सख्त सिलेक्शन प्रोसेस और 70 पैनलिस्टों के 800 घंटे की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता के साथ 22 कॉलेजों के तीन हजार से ज्यादा कैंडिडेट में से सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को रोजगार देने का प्रयास किया गया है। इस साल 10 प्रतिशतआवेदकों की भर्ती की गई है। पीजी डिग्री के साथ 10 कार्यात्मक क्षेत्रों में ट्रेनी नियुक्त किए गए है। साल 2024 के बैच में 71 इंजीनियर और 16 गैर-इंजीनियर हैं।

## एस.के.यू.ए.एस.टी एण्ड टेक्नोलॅजी आफ कश्मीर के बीच एमओयू

**लखनऊ।** शेरे कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी ऑफ कश्मीर (SKUAST-KASHMIR) के बीच एक समझौता ज्ञापन (MOU) पर हस्ताक्षर किए गए, जो भारत के अग्रणी कृषि विश्वविद्यालयों में से एक है जो उत्तर-पश्चिमी हिमालयी पहाड़ी और पर्वतीय कृषि को पूरा करता है और शिक्षा, नवाचार, ज्ञान, तकनीकी विकास, अनुसंधान, प्रबंधन कार्यक्रमों और कौशल विकास के नियमित आदान-प्रदान के लिए एरा विश्वविद्यालय (ईयू), लखनऊ, जो एरा विश्वविद्यालय और स्कास्ट-कश्मीर के पारस्परिक लाभ में योगदान देगा। एमओयू पर प्रोफेसर (डॉ.) नजीर आह गनई, कुलपति, स्कास्ट-कश्मीर, और प्रो. (डॉ.) अब्बास अली महदी, कुलपति, एरा विश्वविद्यालय, लखनऊ ने हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम का समन्वय जैव प्रौद्योगिकी विभाग, एरा विश्वविद्यालय, लखनऊ से एमओयू के नोडल अधिकारी डॉ. तबरेज जाफ़र और डॉ. अजमत आलम खान ओएसडी कुलपति विभाग, स्कास्ट-कश्मीर के द्वारा किया गया।

# सपा और कांग्रेस गरीब के नाम का पैसा खुद डकार जाते थे

- मोदी जी ने हर गरीब का जनधन अकाउंट खोला
- 2024 का ये चुनाव जाति और धर्म से ऊपर: स्वतंत्र देव



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बुधवार को सपा-कांग्रेस के गठबंधन को स्वार्थी और नापाक बताते हुए कहा कि सपा और कांग्रेस गरीब के नाम का पैसा खुद डकार जाते थे। मोदी जी ने हर गरीब का जनधन अकाउंट खोला, और लाभार्थियों के खाते में सीधे पैसे भेजने शुरू किए। ना तो बीच में दलाल आएगा और ना ही जनता के पैसे खाएगा। जलशक्ति मंत्री ने रॉबर्ट्सगंज लोकसभा के दुद्धी विधानसभा उपचुनाव में रामनगर दुद्धी में नुक्कड़ सभा व घर घर सम्पर्क किया। उन्होंने कहा कि अब बस आख़री चरण शेष है। प्रदेश में डबल इंजन को सरकार को गति देने के लिए कमल निशान पर ही बटन दबाना है। श्री सिंह ने विपक्ष पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि सपा-कांग्रेस के मन में बेईमानी रहती है, इसीलिए उन्होंने अपने कार्यकाल में किसी को राशन नहीं दिया। मोदी जी के मन में देश की आम जनता रहती है, इसीलिए वो सबकी चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि सपा-कांग्रेस भ्रष्टाचार के लिए काम करती है, हमारे प्रधानमंत्री दिन रात काम में इसलिए लगे रहते हैं ताकि हमें बिजली-सड़क-पानी-राशन मिले, और मुफ्त शिक्षा से हमारे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो, देश-विदेश में भारत का मान बढ़े।